कल्पना करो कि उदयास्तसूत्र और याम्योत्तर का सम्पात अ है तो अ विन्दु को मूलविन्दु, याम्योत्तर सूत्र को य अक्ष और उदयास्त सूत्र को र अक्ष कल्पना करने से (१)समीकरण का परवलय जो क्षितिज के धरातल में उत्पन्न होगा उसको आधार मान उस पर एक समखात ऐसा बनावो जिस का पृष्ठसूत्र सब ऊर्ध्वाधरसूत्र के समानान्तर हो। इसी तरह अ को मूल मान और याम्योत्तर सूत्र को, य अक्ष, ऊर्ध्वाधर सूत्र को र अक्ष के ऐसा ल अक्ष मान याम्योत्तरवृत्त के धरातल में जो (२) समीकरण से चक्रालद बनेगा इस को आधार मान एक समखात बनावो जिस का सब पृष्ठ-सूत्र उदयास्त-सूत्र के समानान्तर हों तो ऐसे दो समखातों के आपस में कटने से जो वक्र की आकृति होगी वही वक्र ऊपर के दोनों समीकरणों से अपेक्षित है।

इस लिये यहाँ $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} = \sqrt{\frac{\text{अ}}{\text{य}}}$, $\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}} = \sqrt{\left(\frac{२\text{ग}-\text{य}}{\text{ग}}\right)}$

और $\frac{\text{ताचा}}{\text{ताय}} = \sqrt{\{१ + \left[\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right]^२ + \left[\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}\right)^२\}} = \sqrt{(१ + \frac{\text{अ}}{\text{य}} + \frac{२\text{ग}}{\text{य}} - १)}$

$= \sqrt{\left(\frac{२\text{ग}+\text{अ}}{\text{य}}\right)}$

इसलिये चा $= \int \sqrt{\left(\frac{२\text{ग}+\text{अ}}{\text{य}}\right)}$ ताय $= \sqrt{२\text{ग}+\text{अ}} \int$ ताय $\text{य}^{-\frac{१}{२}}$

$= २\sqrt{(२\text{ग}+\text{अ})}\sqrt{\text{य}}$

यदि मूल विन्दु से चाप की गणना करें तो स्थिराङ्क की कुछ आवश्यकता नहीं।

९९। इसी तरह यदि य, र, और ल किसी "का" चल के फल हों तो चलन-कलन की युक्ति से सिद्ध कर सकते हो कि

$$\frac{\text{ताचा}}{\text{ताका}} = \sqrt{\left\{\left[\frac{\text{ताय}}{\text{ताका}}\right]^२ + \left[\frac{\text{तार}}{\text{ताका}}\right]^२ + \left[\frac{\text{ताल}}{\text{ताका}}\right]^२\right\}}$$

इस लिये चा $= \sqrt{\left\{\left[\frac{\text{ताय}}{\text{ताका}}\right]^२ + \left[\frac{\text{तार}}{\text{ताका}}\right]^२ + \frac{\text{ताल}}{\text{ताका}}\right]^२\}}$ ताका

जैसे यदि य = अकोज्याका, र = अज्याका, ल = ग का

तो $\frac{\text{ताय}}{\text{ताका}} = -$ अज्याका, $\frac{\text{तार}}{\text{ताका}} =$ अकोज्याका, $\frac{\text{ताल}}{\text{ताका}} =$ ग

इस लिये चा $= \int \sqrt{(\text{अ}^२\text{ज्या}^२\text{का} + \text{अ}^२\text{कोज्या}^२\text{का} + \text{ग}^२)}$ ताका

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$= \int (\text{अ}^2 + \text{ग}^2)^{\frac{1}{2}} \text{ताका} = \sqrt{(\text{अ}^2 + \text{ग}^2)}\text{का} + \text{स्थि} \text{ ।}$$

१००। यदि य = श्रुज्याषकोज्याष$_1$, र = श्रुज्याषज्याष$_1$, ल = श्रुकोज्याष ऐसा अक्षीय समीकरण हो, तो जब वक्र दो समीकरण से विदित है अर्थात् य, र, ल में से कोई दो तीसरे के फल हैं तब स्पष्ट है कि श्रु, ष, ष$_1$ इन में भी कोई दो तीसरे के फल होंगे। इस लिये ष के वश से

$$\frac{\text{ताय}}{\text{ताष}} = \text{ज्याषकोज्याष}_1 \frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}} + \text{श्रुकोज्याषकोज्याष}_1 - \text{श्रुज्याषज्याष}_1 \frac{\text{ताष}_1}{\text{ताष}}$$

$$\frac{\text{तार}}{\text{ताष}} = \text{ज्याषज्याष}_1 \frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}} + \text{श्रुकोज्याषज्याष}_1 + \text{श्रुज्याषकोज्याष}_1 \frac{\text{ताष}_1}{\text{ताष}}$$

$$\frac{\text{ताल}}{\text{ताष}} = \text{कोज्याष} \frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}} - \text{श्रुज्याष}$$

इस लिये $\left[\frac{\text{ताय}}{\text{ताष}}\right]^2 + \left[\frac{\text{तार}}{\text{ताष}}\right]^2 + \left[\frac{\text{ताल}}{\text{ताष}}\right]^2$

$$= \left[\frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}}\right]^2 + \text{श्रु}^2\text{ज्या}^2\text{ष} \left[\frac{\text{ताष}_1}{\text{ताष}}\right]^2 + \text{श्रु}^2$$

और $\text{चा} = \int \sqrt{\left\{\left[\frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}}\right]^2 + \text{श्रु}^2\text{ज्या}^2\text{ष} \left[\frac{\text{ताष}_1}{\text{ताष}}\right]^2 + \text{श्रु}^2\right\}} \text{ ताष}$

इसी तरह र, और ष$_1$ के वश से

$$\text{चा} = \int \sqrt{\left\{\text{श्रु}^2 \left[\frac{\text{ताष}}{\text{तार}}\right]^2 + 1 + \text{श्रु}^2\text{ज्या}^2\text{ष} \left[\frac{\text{ताष}_1}{\text{तार}}\right]^2\right\}} \text{ ताश्रु}$$

$$\text{वा, चा} = \int \sqrt{\left\{\text{श्रु}^2 \left[\frac{\text{ताष}}{\text{ताष}_1}\right]^2 + \left[\frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}_1}\right]^2 \text{श्रु}^2\text{ज्या}^2\text{ष}\right\}} \text{ ताष}_1$$

१०१। इसी तरह अन्तरिक्ष में जो वक्र हो उस के किसी विन्दु पर जो स्पर्शरेखा हो उस पर मूलविन्दु से पड़ा लम्ब यदि ल कहो तो ७५ प्रक्रम के

(६) समीकरण से $\text{चा} = \int \frac{\text{श्रुताश्रु}}{\sqrt{(\text{श्रु}^2 - \text{ल}^2)}}$ ऐसा होगा।

यह समीकरण यद्यपि एकधरातलगत वक्र में सिद्ध होता है तथापि जब दो एकधरातलीय वक्रों के योग ही से यह वक्र उत्पन्न हुआ है तब योगविन्दु में इस में भी यही धर्म रहेगा। अथवा जब चलनकलन से सिद्ध है कि

$\frac{\text{ताचा}}{\text{ताश्रु}}, \frac{\text{श्रु}}{\sqrt{(\text{श्रु}^2 - \text{ल}^2)}}$ यह दोनों अन्तरिक्षस्थ वक्र के स्पर्शरेखा और श्रुति से

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

उत्पन्न कोण की छेदन रेखा है तब $\frac{\text{ताचा}}{\text{ताश्रु}}$

$= \frac{\text{श्रु}}{\sqrt{(\text{श्रु}^2 - \text{ल}^2)}}$ ∴ चा $= \int \frac{\text{श्रुताश्रु}}{\sqrt{(\text{श्रु}^2 - \text{ल}^2)}}$ ।

अभ्यास के लिये प्रश्न

१। यदि वक्र का समीकरण $4(\text{य}^2 + \text{र}^2) - \text{अ}^6 = 3\text{अ}^4\text{र}^{\frac{2}{3}}$ यह हो तो इस के परिधि का मान बताओ। परि॰ $= 6\text{अ}^3$

२। सिद्ध करो कि त्रीतर का चा $= \pm$ गलार + स्थि।

३। सिद्ध करो कि किसी त्रिच्छेद (Trochoid) का चाप

$= \text{स्थि} - \int \sqrt{\left\{(\text{ग} - \text{क})^2 \text{ज्या}^2 \frac{\text{अ}'}{2} + (\text{ग} + \text{क})^2 \text{कोज्या}^2 \frac{\text{अ}'}{2}\right\}}$ ताअ'

जहाँ अ' $= \pi -$ अ

चलनकलन के २८६ प्रक्रम का (१२) वक्र देखो

४। किसी वक्र में यदि य $=$ ज्याष $(2\text{ष} + 3\text{ष}^2) +$ कोज्याष $(2 + 6\text{ष})$

र $=$ कोज्याष $(2\text{ष} + 3\text{ष}^2) -$ ज्याष $(2 + 6\text{ष})$

तो सिद्ध करो कि चा $= \text{ष}^3 + \text{ष}^2 + 6\text{ष} + 2$।

५। सिद्ध करो कि किसी वक्र में यदि

य $=$ ज्याषफ'(ष) + कोज्याषफ''(ष)

र $=$ कोज्याषफ'(ष) — ज्याषफ''(ष)

तो चा $= \text{फ}'(\text{ष}) + \text{फ}''(\text{ष})$।

६। सिद्ध करो कि यदि वक्र का समीकरण र $= \text{य}^4 + \frac{3}{2}\text{य}^2$ हो तो यदि मूलविन्दु से चाप की गणना करें तो चा $= \text{य}(\text{य}^2 + 1)^{\frac{3}{2}}$।

७। $\text{र}^3 = \text{अय}^2$ इस समीकरण के वक्र का चापस्पार्शिकसमीकरण कैसा होगा।

उ॰ चा $= \frac{8\text{अ}}{9}(\text{छे}^3\text{व}_1 - 1)$।

८। सिद्ध करो कि परवलय के चापस्पार्शिकसमीकरण में

$\frac{\text{ताचा}}{\text{ताव}_1} = \frac{2\text{अ}}{\text{कोज्या}^3\text{व}_1}$। वा, वा $= \frac{\text{अ}}{2}$ ला $\frac{1 + \text{ज्याव}_1}{1 - \text{ज्याव}_1} + \frac{\text{अज्याव}_1}{1 - \text{ज्या}^2\text{व}_1}$।

९। सिद्ध करो कि यदि वक्र का $(\text{य} + \text{र})^{\frac{2}{3}} - (\text{य} - \text{र})^{\frac{2}{3}} = \text{अ}^{\frac{2}{3}}$ यह समीकरण हो तो

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$\text{चा} = \frac{१}{२\sqrt{२}} \left\{ (य+र)^{\frac{२}{३}} + (य-र)^{\frac{३}{३}} \right\}^{\frac{३}{२}}।$$

१०। सिद्ध करो कि अपचक्रालद का अवलूत एक अपचक्रालद ही होगा जिस के स्थिरवृत्त का व्यासार्द्ध $= \frac{अ^२}{अ+२क}$ और चलितवृत्त का व्यासार्द्ध $= \frac{अ.क}{अ+२क}$ होगा।

११। $\text{श्रु}^म = अ^म$कोज्यामप इस समीकरण के वक्र में यदि $\frac{१}{म}$ यह कोई अभिन्नसंख्या हो तो चाप का मान जान सकते हैं।

१२। सिद्ध करो कि यदि वक्र का समीकरण $इ^र = \frac{इ^य+१}{इ^य-१}$ ऐसा हो तो $\frac{\text{ताचा}}{\text{ताय}} = \frac{इ^{२य}+१}{इ^{२य}-१}$ होगा।

१३। यदि वृत्त का व्यासार्द्ध $= १$ इस के चाप का प्रमाण $= प$ हो और इसके अनवलूत का चाप $= प_१$, अनवलूत के अनवलूत का चाप $= प_२$, इस के अनवलूत का चाप $= प_३$ इस तरह अनवलूतपरम्पराओं के चाप मान $प_४$, $प_५$ इत्यादि मानो तो सिद्ध करो कि

$$प + प_१ + प_२ + प_३ + \quad \cdot \cdot \cdot \cdot \cdot = इ^प - १$$ होगा।

अनवलूत और वृत्त के योग विन्दु से चाप की गणना समझो।

१४। यदि किसी इलामूलक (The Lamniscate) का $\text{श्रु}^२ = अ^२$ कोज्या२प ऐसा समीकरण हो (चलनकलन के २८६ प्रक्रम का (१०) वक्र देखो)

तो सिद्ध करो कि उस के परिधि का मान

$$= २\pi अ \left(१ - \frac{१}{२^२} + \frac{१^२.३^२}{२^२.४^२} - \frac{१^२.३^२.५^२}{२^२.४^२.६^२} + \cdot \cdot \cdot\right)$$ यह होगा।

१५। यदि एक विन्दु से दीर्घवृत्त पर दो स्पर्शरेखा खींची जायँ तो दो स्पर्शरेखा दो भुज और उन के अन्तर्गत दीर्घवृत्त का चाप आधार मानो तो दो सरल और एक वक्ररेखा इस से एक त्रिबाहु उत्पन्न हुआ इस त्रिबाहु के अन्तर्गत जो वृत्त बनेगा वह वक्राधार को जहाँ स्पर्श करेगा उस से जो दो भाग वक्राधार के होंगे उन का अन्तर त्रिभुज के दोनों भुजों के अन्तर तुल्य होता है। इसे सिद्ध करो।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

१६। जिस वक्र का $र = \frac{य^२}{२अ}$, $ल = \frac{य^३}{६अ^२}$ ये समीकरण हैं उस के मूल विन्दु से चाप का मान बतावो। उ०, चा = य + ल।

१७। सिद्ध करो कि यदि वक्र के समीकरण पर से $\left(\frac{तार}{ताय}\right)^२ = २\frac{ताल}{ताय}$ तो चा = य + ल + स्थि।

१८। वक्र का एक समीकरण र = फ(य) यह दिया हुआ है और यह जानते हैं कि इस के चाप का मान य + ल + स्थि यह है तो वक्र का दूसरा समीकरण क्या होगा। उ०, $ल = \frac{१}{२}\int \{ फ(य) \}^२ ताय$।

१९। वक्र का एक समीकरण र = ज्याय यह है और इस के चाप का मान = य + ल तो दूसरे समीकरण का मान बताओ।

उ० $ल = \frac{अ^२}{२}\left(य + \frac{ज्या२य}{२}\right)$

२०। किसी वक्र में $र = २\sqrt{अय} - य, ल = य - \frac{३}{अ}\sqrt{\frac{य^३}{अ}}$ तो चाप का क्या मान होगा। उ० चा = य + र − ल

२१। यदि वक्र के $\frac{य^२}{अ^२} - \frac{र^२}{क^२} = १, य = \frac{अ}{२}\left[इ^{\frac{ल}{अ}} + इ^{-\frac{ल}{अ}}\right]$ ये समीकरण हों तो चाप का क्या प्रमाण होगा।

उ०, य, र अक्ष के धरातल में जहाँ पर वक्र मिला है इस बिन्दु से यदि चाप की गणना करें तो $चा = \frac{(अ^२ + क^२)^{\frac{१}{२}}}{अ}(य^२ - अ^२)^{\frac{१}{२}}$

२२। ८५ प्रक्रम के (१) क्षेत्र में त विन्दु पर जो स्पर्शरेखा होगी उस पर न से पड़े लम्ब का मान यदि नल' रक्खो तो सिद्ध करो कि

(१) नल × नल' = नअ × नक। (२) नव^२ + नल'^२ = नअ^२ + नक^२।

२३। एक दीर्घवृत्त के परिधि चतुर्थांश का ऐसा द्विभाग करो कि उनका अन्तर व्यासार्द्धान्तर तुल्य हो।

८५ प्रक्रम का (१) क्षेत्र देखो यहाँ त और ब दोनों एक ही स्थान में हो जायंगे। और $नल = \sqrt{नअ \times नक}$ और वल = नअ − नक

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

२४। २३ वें प्रश्न में द्विभागकारी विन्दु जो है उस पर दीर्घवृत्त में जो स्पर्शरेखा होगी वह दोनों अक्षों में द्विभागकारी विन्दु से क्रम से व्यासार्द्ध तुल्य अन्तर पर लगेगी अर्थात् र अक्ष में बृहद्व्यासार्द्धतुल्य अन्तर पर और य अक्ष में लघुव्यासार्द्धतुल्य अन्तर पर। इस को सिद्ध करो।

२५। यदि ८५ प्रक्रम के (१) क्षेत्र में (२२) प्रश्न के अनुसार लम्ब नल डालें तो सिद्ध करो कि बल, तल बढ़ाने से जिस विन्दु पर कटेंगे वह विन्दु दीर्घ वृत्त के उस ऐकनाभिक अतिपरवलय में होगी जो कि (२३) प्रश्न में द्विभागकारी जो विन्दु है उस पर जायगा। यहाँ पर यह भी सिद्ध करो कि अ और क विन्दुगत स्पर्शरेखाओं के योग विन्दु पर भी वह अतिपरवलय जायगा।

२६। एक ही स्थान से तीन लड़के दौड़े पहला सरल मार्ग में और बाकी दो वक्रमार्ग में। पहला जिस स्थान पर पहुँचता था वहाँ पर यदि उस की गमन दिशा पर लम्ब करें तो यह लम्ब दूसरे और तीसरे के तात्कालिक स्थान पर जाता है। यदि पहला १० कोश चल कर ठहर जाय तो उस समय दूसरा और तीसरा कितना कितना चल चुके होंगे। इस प्रश्न में हम इतना जानते हैं कि किसी समय में पहले से दूसरे के स्थान का अन्तर $= \sqrt{४अय}$, और पहले से तीसरे के स्थान का अन्तर $= अय^{\frac{3}{2}}$।

यहाँ किसी समय में पहले के चल चुकने का प्रमाण य है

उ० दूसरे का चलना $= \sqrt{१०० + १०अ + \frac{अ}{२}ला\left\{\frac{२० + अ + २\sqrt{१०० + १० अ}}{अ}\right\}}$

तीसरे का चलना $= अ\left\{\left[\frac{४}{९अ^{२}} + १०\right]^{\frac{3}{2}} - \frac{८}{२७अ^{३}}\right\}$

इति षष्ठाध्याय।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अथ सप्तमाध्याय।

वक्र क्षेत्रों का फलानयन।

१०२। जिस वक्र में कोटि, भुज का कोई फल है वहाँ चलनकलन से सिद्ध है कि $\frac{\text{ताफ}}{\text{ताय}} = \text{र}$ (चलनकलन का १५६ वाँ प्रक्रम देखो)

इस लिये फ $= \int$ रताय इस में कोटि के स्थान में $\text{र}_१$ और $\text{र}_२$ का उत्थापन देकर सान्त चलानयन से



वम $\text{म}_१\text{व}_१$ वक्रचतुर्भुज का फल $\int_{\text{र}_१}^{\text{र}_२}$ रताय यह होगा।

यहाँ यदि अक्ष तिर्यक् हो तो

यही फल ज्याअ $\int_{\text{र}_१}^{\text{र}_२}$ रताय ऐसा होगा। यहाँ अ $= \angle$ रअय।

१०३। इस की व्याप्ति के लिये कुछ वक्रों का फलानयन करते हैं।

केन्द्र को मूल मान वृत्त का $\text{र} = \sqrt{\text{अ}^२ - \text{य}^२}$ यह समीकरण है इस के फल का मान जानना है।

यहां १०२ प्रक्रम से फ $= \int \sqrt{\text{अ}^२ - \text{य}^२}$ ताय

$= \frac{\text{य}\sqrt{(\text{अ}^२ - \text{य}^२)}}{२} + \frac{\text{अ}^२}{२}$ ज्या$^{-१}\frac{\text{य}}{\text{अ}}$ + स्थि, यदि प्रथम र को र अक्ष में मिला समझें तो उस समय य $= ०$ होगा और फल भी शून्य इसलिये स्थि $= ०$ तब फल

$$\int \sqrt{(\text{अ}^२ - \text{य}^२)}\text{ताय} = \frac{\text{य}\sqrt{(\text{अ}^२ - \text{य}^२)}}{२} + \frac{\text{अ}^२}{२}\text{ज्या}^{-१}\frac{\text{य}}{\text{अ}}।$$

इस में यदि य $=$ अ तो वृत्त के चतुर्थांश का फल $= \frac{\text{अ}^२}{१} \times \frac{\pi}{४}$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

इस लिये समग्रवृत्तफल = अ × अ$^{\pi}$ = अ$^{१+\pi}$ = $\frac{२अ \times २अ^{\pi}}{४}$ = $\frac{२अ \times परि}{४}$

अर्थात् परिधि, व्यास के घात की चौथाई वृत्त का फल होता है। इस को भास्कराचार्य भी जानते थे इन से भी प्राचीन ब्रह्मगुप्तादिकों ने भी यह जान लिया था। परन्तु इस की उपपत्ति वे लोग नहीं दिखाये।

१०४। दीर्घवृत्त के फल का आनयन।

यहाँ र^{२} = $\frac{क^{२}}{अ^{२}}$ (अ^{२}—य^{२}) इस लिये

फ = $\frac{क}{अ}\int\sqrt{}$ (अ^{२}—य^{२})ताय। परन्तु १०३ प्रक्रम से $\int\sqrt{}$(अ^{२}–य^{२})ताय यह अ,व्यासार्द्ध से उत्पन्न वृत्त का फल है इस लिये उस वृत्त का सम्पूर्ण फल जो हो उसे लघुव्यासार्द्ध से गुण कर वृहद्व्यासार्द्ध का भाग देने से दीघवृत्त का क्षेत्र फल होता है।

१०५। परवलय के फल का आनयन।

यहाँ र^{२} = ४अय। इस लिये

फल = $\int\sqrt{}$ (४अय)ताय = $\frac{४\sqrt{अ}}{३}$य$^{\frac{३}{२}}$ + स्थि।

यहाँ यदि य = ० तो फ = ० इस लिये स्थि = ०।

तब फ = $\frac{४\sqrt{अ}}{३}$ × य$^{\frac{१}{२}}$ × य = $\frac{२यर}{३}$ अर्थात् भुज और कोटि से जो आयत बने उस का दो तृतीयांश परवलय का फल होता है।

१०६। जिस वक्र का र = अय^{न} ऐसा समीकरण है उस के फल का आनयन।

यहाँ फ = $\int$ अय^{न}ताय = अ $\int$ य^{न}ताय = $\frac{अ\cdot य^{न+१}}{न+१}$ + स्थि।

यदि मूल स्थान से फल की प्रवृत्ति मानें तो स्थि = ० इस लिये

फ = $\frac{अ\cdot य^{न+१}}{न+१}$ = $\frac{अय^{न} \times य}{न+१}$ = $\frac{र \times य}{न+१}$ यह फल जानने के लिये ऐसे वक्र में एक साधारण सिद्धान्त उत्पन्न हो गया। इस में न के स्थान में यदि $\frac{१}{२}$ का उत्थापन दो तो परवलय का फल आ जायगा।

१०७। अतिपरवलय के फल का आनयन।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

केन्द्र को मूल मानने से इस का समीकरण $र = \frac{क}{अ}\sqrt{(य^२ - अ^२)}$

इस लिये $फ = \frac{क}{अ}\int\sqrt{(य^२ - अ^२)}$ ताय

$$= \frac{क}{अ}\left\{\frac{य\sqrt{(य^२ - अ^२)}}{२} - \frac{अ^२}{२}\text{ ला }(य + \sqrt{(य^२ - अ^२)})\right\} + \text{स्थि}$$

यदि $य = अ$ तो $फ = ०$ इस लिये

$$० = \frac{क}{अ}\left\{-\frac{अ^२}{२}\text{ लाअ}\right\} + \text{स्थि} \quad \therefore \text{स्थि} = \frac{कअ^२}{२अ}\text{ लाअ}$$

इस लिये

$$फ = \frac{क}{अ}\left\{\frac{य\sqrt{य^२ - अ^२}}{२} - \frac{अ^२}{२}\text{ ला}\left[\frac{य + \sqrt{य^२ - अ^२}}{अ}\right]\right\}$$

$$= \frac{यर}{२} - \frac{अक}{२}\text{ ला}\left[\frac{य}{अ} + \frac{र}{क}\right]$$

केन्द्र से वक्र के प विन्दु तक एक रेखा कर दो तो भुज, कोटि, श्रुति से जो जात्यत्रिभुज होगा उस का फल $\frac{यर}{२}$ यह होगा। इस लिये श्रुति, अतिपरवलय का चाप और केन्द्र और शिरःस्थान का अन्तर अ से जो वक्र त्रिवाहु होगा उस का फल $= \frac{अक}{२}\text{ ला}\left(\frac{य}{अ} + \frac{र}{क}\right)$ . . . . . (१)

(चलनकलन का १११ वाँ प्रक्रम देखो)

१०८। चक्रालद के फल का आनयन।

चक्रालद में $य = अ\,(१ - \text{कोज्याष})$। $र = अ\,(ष + \text{ज्याष})$।

इस लिये ताय = अज्याष·ताष।

और रताय $= अ^२(\text{ज्या}^२ष + ष\text{ज्याष})$ ताष

$$= अ^२ष\text{ज्याषताष} + \frac{अ^२}{२}(१ - \text{कोज्या}२ष)\text{ताष}$$

इसलिये $\int$रताय $= अ^२\int ष\text{ज्याषताष} + \frac{अ^२}{२}\int(१ - \text{कोज्या}२ष)\text{ताष}$

$$= अ^२(-ष\text{कोज्याष} + \text{ज्याष}) + \frac{अ^२}{२}\left(ष - \frac{\text{ज्या}२ष}{२}\right)$$

यदि ० और π के बीच प के मान में फल साधन करें तो चक्रालद

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

के आधे का फल = $अ^२ \pi + \frac{अ^२\pi}{२} = \frac{३अ^२\pi}{२}$ = चलितवृत्त के फल का डेढ़गुना इस लिये चलितवृत्त के फल को तीन गुना करने से सम्पूर्ण चक्रालद का फल होता है (चलनकलन में २८६ प्रक्रम का (११) वां वक्र देखो और वहाँ क = अ, और अ = ष मान लो)

इसी वक्र में यदि र = अष तो पूर्वयुक्ति से $\int$ रताय = $अ^२ \int$ षज्यायताय

= $अ^२$(—षकोज्याष + ज्याष) यह चक्रालद के साथी का फलसमीकरण हुआ। इस में ष के ० और π के बीच यदि फल साधन करें तो आधे वक्र का फल = $अ^२ \pi$। इस लिये चलितवृत्त का दूना इस का फल होगा।

१०९। कातन्वली के फल का आनयन।

यहाँ र = $\frac{ग}{२}$ ($इ^{\frac{य}{ग}} + इ^{-\frac{य}{ग}}$)

इस लिये फ = $\int$ रताय = $\frac{ग}{२}\int$ ($इ^{\frac{य}{ग}} + इ^{-\frac{य}{ग}}$)ताय = $\frac{ग}{२}^२$ ($इ^{\frac{य}{ग}}$—$इ^{-\frac{य}{ग}}$)

= ग $\left\{ \frac{ग^२}{४} (इ^{२\frac{य}{ग}} - २ + इ^{-\frac{२य}{ग}} \right\}^{\frac{१}{२}}$

= ग $\left\{ \frac{ग^२}{४}(इ^{२\frac{य}{ग}} + २ + इ^{-\frac{२य}{ग}}) — ग^२ \right\}^{\frac{१}{२}}$ = ग $(र^२ — ग^२)^{\frac{१}{२}}$

११०। $\left(\frac{य}{अ}\right)^{\frac{२}{२म+१}} + \left(\frac{र}{क}\right)^{\frac{२}{२न+१}}$ = १ इस समीकरण के वक्र का फलानयन।

यहाँ यदि य = अज्या$^{२म+१}$ष, और र = क कोज्या$^{२न+१}$ष,

तो ताय = अ (२म + १) कोज्याष, ज्या^{२म}ष, ताष,

इस लिये फ = $\int$ रताय = अक(२म + १) $\int$ कोज्या$^{२न+१}$ष, ज्या^{२म}ष, ताष,

३५ प्रक्रम के (१) समीकरण से इस का चल ला सकते हो।

वा खण्डचलानयन से

$\int$ कोज्या$^{२न+१}$ष, ज्या^{२म}ष, ताष,

$= \frac{कोज्या^{२न+१}ष, ज्या^{२म+१}ष,}{२म+१} + \frac{२न+१}{२म+१}\int ज्या^{२म+२}ष, कोज्या^{२न}ष, ताष,$

$= \frac{कोज्या^{२न+१}ष, ज्या^{२म+१}ष,}{२म+१}$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$+\frac{२न+१}{२म+१}\int ज्या^{२म}ष_१(१-कोज्या^{२}ष_१)कोज्या^{२न}ष_१ताष_१$$

$$=\frac{कोज्या^{२न+१}ष_१ज्या^{२म+१}ष_१}{२म+१}$$

$$+\frac{२न+१}{२म+१}\int ज्या^{२म}ष_१कोज्या^{२न}ष_१ताष_१$$

$$-\frac{२न+१}{२म+१}\int ज्या^{२म}ष_१कोज्या^{२न+२}ष_१ताष_१$$

पक्षान्तरानयन कर $\frac{२म+२न+२}{२म+१}$ का भाग दे देने से

$$\int ज्या^{२म}ष_१कोज्या^{२न+२}ष_१ताष_१$$

$$=\frac{कोज्या^{२न+१}ष_१ज्या^{२म+२}ष_१}{२(म+न+१)}+\frac{२न+१}{(२म+न+१)}\int ज्या^{२म}ष_१कोज्या^{२न}ष_१ताष_१$$

$$\cdots\cdots(१)$$

यदि ० और $\frac{\pi}{२}$ के बीच ष$_१$ के मान में सान्तचल का मान लावें तो सम्पूर्ण वक्र का फल (१) से स्पष्ट है कि

$$\frac{१.३.५.७\cdots\cdots(२न+१)\cdot १.३.५.७\cdots\cdots(२म+१)}{२.४.६.८\cdots\cdots\cdots२(म+न+१)}\text{ २अक}^{\pi},$$ यही होगा। न, म के स्थान में भिन्न भिन्न संख्याओं का उत्थापन देकर अनेक वक्र और उनके क्षेत्रफल जान सकते हो।

जैसे यदि वक्र का $\left(\frac{य}{अ}\right)^{\frac{२}{३}}+\left(\frac{र}{क}\right)^{\frac{२}{३}}=१$ ऐसा समीकरण हो तो यहाँ म = १ और न = १ इस लिये २न + १ = ३, और २म + १ = ३, २(म + न + १) = ६। फल में इन का उत्थापन देने से वक्र का संपूर्ण फल $=\frac{१.३.१.३}{२.४.६}$ अक$^{\pi}$ $=\frac{३}{८}$२अक $\pi=\frac{३}{८}$ अक π

इस वक्र को चलनकलन से सिद्ध कर सकते हो कि दीर्घवृत्त का अवलूत है।

१११। कभी कभी दो सीमाओं के भीतर फलानयन में बड़ा धोखा पड़ जाता है। क्योंकि ऊपर के प्रक्रमों से जो फलानयन किया है किसी स्थान में र के धनत्व वा ऋणत्व का विचार नहीं किया है सर्वत्र र को एक ही प्रकार का मान लिया है। परन्तु फलानयन में र के स्थान में य के फल में जो उस का रूप होता है उस का उत्थापन देकर फल साधन किया है इस लिये संभव है कि इस फल

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

में ऋणात्मक र संबन्धी य का उत्थापन देने से वही मान आवे जो कि धनात्मक र में आता हो ऐसी दशा में अवश्य धोखा खाने की सम्भावना है।

जैसे यदि किसी वक्र का $र = ग ज्या \frac{य}{अ}$ ऐसा समीकरण हो तो यहाँ फल का समीकरण $\int र ताय = ग \int ज्या \frac{य}{अ} ताय = - ग अ कोज्या \frac{य}{अ}$ मानो कि जब $य = य_१$ तो $र = र_१$ और जब $य = य_२$ तब $र = र_२$ इस लिये $र_१$ और $र_२$ कोटि मान के बीच में क्षेत्रफल $ग \int_{य_१}^{य_२} ज्या \frac{य}{अ} ताय$

$= ग अ \left[कोज्या \frac{य_१}{अ} - कोज्या \frac{य_२}{अ} \right]$ यह हुआ। इस में पहले मानो कि $य_१ = ०$, $य_२ = अ\pi$, तो फल $= २ग अ$ यह होगा। फिर मानो कि $य_१ = ०$, $य_२ = २अ\pi$ तो $ग अ \left[कोज्या \frac{य_१}{अ} - कोज्या \frac{य_२}{अ} \right]$ इस का मान शून्य होगा जो कि क्षेत्र की आकृति से असम्भव है क्योंकि जब तक य, ० से $\frac{अ\pi}{२}$ के ऊपर आवेगा तब तक र का धनमान बढ़ता रहेगा फिर आगे धनमान घटने लगेगा जब $य = अ\pi$ तब शून्य हो जायगा इस लिये वक्र फिर य अक्ष में मिलेगा इस लिये $य_१ = ०$ और $य_१ = अ\pi$ के बीच का पहले जो फल २अग आया है वह एक ही चाल के र में सिद्ध हुआ ठीक आया। अब य का मान $अ\pi$ के आगे बढ़ेगा तब र का मान ऋण होगा और बराबर य के $२अ\pi$ मान तक ऋण ही ऋण चला जायगा ऐसी दशा में य अक्ष से नीचे वक्र बनेगा जैसा कि नीचे की आकृति से स्पष्ट है। यहाँ $अ_१ग_१ = अ\pi$ और $अ_१च = २अ\pi$



और $कम = ग = म_१घ$। और वक्र के धन कोटि मान में $अ_१कग_१$ खण्ड और ऋण कोटि मान में $ग_१घच$ खण्ड है। इस लिये ० और $२अ\pi$ के बीच य के मान में $अ_१कग_१घच$ का फल वक्र के समीकरण से $अ_१कग_१$ का अर्थात् २ग·अ का दूना ४गअ होगा परन्तु फल के समीकरण से शून्य आया इस लिये वह असम्भव है। ऐसी स्थिति

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

में चाहिये कि ग,घच के फल के लिये र का मान ऋण मानो तब इस का फल = $\int$(—र)ताय = ग $\int$(—ज्या $\frac{य}{अ}$)ताय = अग कोज्या $\frac{य}{अ}$ + स्थि

इस लिये सम्पूर्ण फल = ग $\int_{०}^{अ\pi}$ ज्या $\frac{य}{अ}$ताय + ग $\int_{अ\pi}^{२अ\pi}$ (—ज्या $\frac{य}{अ}$)ताय

= २गअ + २गअ = ४गअ यह ठीक होगा।

ऐसे ऐसे स्थानों में र के धनत्व वा ऋणत्व का बिना विचार किये फलानयन ठीक न होगा।

११२। जब कहीं सीमितवक्र के फल साधन में $\int$रताय के मान में य के स्थान में क्या क्या उत्थापन दें जिस में सम्पूर्ण वक्र का फल आ जाय इस में संशय जान पड़े तो $\int$रताय स्थान में $\int$ र $\frac{ताय}{ताचा}$ ताचा इस का उत्थापन देने से सुगमता हो जायगी इस में चा के स्थान में वक्र के परिधि का वा तत्सम्बन्धी और कोई चल का उत्थापन देने से सम्पूर्ण फल तुरन्त आ जायगा।

जैसे दीर्घवृत्त में ७७ वें प्रक्रम से

$\frac{ताचा}{ताष}$ = अ$\sqrt{(१—इ^२ज्या^२ष}$ और $\frac{ताय}{ताष}$ = अकोज्याष इस लिये

$\frac{ताय}{ताचा}$ = $\frac{कोज्याष}{\sqrt{१—इ^२ज्या^२ष}}$ और र · $\frac{ताय}{ताचा}$ · ताचा = कअकोज्या^२ष ताष

इस लिये $\int$ र $\frac{ताय}{ताचा}$ताचा = अक $\int$ कोज्या^२ष ताष

= $\frac{अक}{२}$ (१ + कोज्या२ष) ताष = $\frac{अक}{२}$ (ष − $\frac{ज्या२ष}{२}$) अब सम्पूर्ण दीर्घवृत्त की परिधि में ष, चार समकोण अर्थात् २π होगा इस लिये इस का उत्थापन देने से सम्पूर्ण दीर्घवृत्त का फल = अकπ = $\frac{क}{अ}$ अ^२π । यही पहले भी सिद्ध हुआ था।

कहीं कहीं य को कोटि और र को भुज मान कर भी दो भुजों के बीच वक्रीय फल का साधन कर सकते हो।

जैसे परवलय में र^२ = ४अय ∴ $\frac{र^२}{४अ}$ = य इस लिये

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$\int$यतार = $\frac{१}{४अ}\int$र^{२}तार = $\frac{र^{३}}{१२अ}$ = $\frac{र^{२}\times र}{४अ\times ३}$ = $\frac{य\times र}{३}$ यह फल वक्र के विन्दु से र अक्ष पर जो य के तुल्य लम्ब पड़ा उस से और लम्बमूल और वक्र के शिरःस्थान अ तक जो रेखा और वक्र के चाप से जो वक्रत्रिवादु हुआ उस का है।

११३। २, और ४० वें प्रक्रम से स्पष्ट है कि दो कोटियों ($र_{०}$, $र_{न}$) के बीच वक्र का फल = $\int_{य_{०}}^{य_{न}}$ रताय = $र_{०}च_{१} + र_{१}च_{२} + \cdots + र_{न-१}च_{न}$

यही है। जहाँ र = फ(य), $र_{०}$ = फ($य_{०}$), $र_{१}$ = फ($य_{१}$) $\cdots$

$र_{न}$ = फ($य_{न}$) इस लिये ६३ प्रक्रम की युक्ति से श्रेढीरूप फल के पदों का मान र$\triangle$य इस साँचे से अथवा फ(य)$\triangle$य इस साँचे से प्रकाश कर सकते हैं।

यहाँ भी ठीक वैसा ही अर्थ समझना चाहिये और च का सूचक जैसा कि चलनकलन में प्रसिद्ध है$\triangle$य है।

इस लिये दो कोटियोंके बीच वक्र का फल यौर$\triangle$य इस से प्रकाश कर सकते हैं र$\triangle$य के पहले जो यौ है उस से यह समझना चाहिये कि$\triangle$य के स्थान में $च_{१}$, $च_{२}$, $\cdots$ $च_{न}$ का और र के स्थान में $र_{०}$, $र_{१}$ $र_{२}$ $\cdots$ $र_{न-१}$ का उत्थापन देने से जितने पद होंगे उन सबों का योग किया हुआ है।

५ वें प्रक्रम से स्पष्ट जान पड़ेगा कि यदि अअ$_{१}$, अ$_{१}$अ$_{२}$ इत्यादि को (जो अत्यल्प मान है) $\triangle$य से प्रकाश करें और क$_{२}$अ$_{१}$क$_{१}$अ$_{२}$ इत्यादि को र से, तो पास की दो कोटि, तदन्तर्गत भुजान्तर = $\triangle$य और वक्र चापान्तर से जो चतुर्भुज बनेगा उस का फल = र$\triangle$य यह होगा।

और र, के स्थान में $र_{०}$, $र_{१}$ इत्यादि का $\triangle$य के स्थान में अअ, अ$_{१}$अ$_{२}$ इत्यादि का उत्थापन देने से श्रेढी के प्रत्येक पद क्रम से प्रत्येक वक्रचतुर्भुज के फल होंगे।

वक्र क्षेत्र के फल ही से धीरे धीरे चलराशिकलन का प्रचार हुआ। क्षेत्र का छोटा छोटा खण्ड कर के पृथक् पृथक् खण्डों के फलों के योग से फल का ले आना भास्कर के गोलाध्याय के पृष्ठ फल देखने से जान पड़ता है कि भास्कर को समझ पड़ा था परन्तु इन से पहले भारतवर्ष में इस प्रकार से फल ले आने की कहीं भी चर्चा नहीं है।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

११४। दो वक्रों के चाप और उन के कोट्यन्तर से जो क्षेत्र बनेगा उस का फलानयन ।



कल्पना करो कि काव१प१त१ एक वक्र का चाप और कवपत दूसरे वक्र का चाप, काक प्रथम कोट्यन्तर और त१त दूसरा कोट्यन्तर इन से काकतत१ वक्र क्षेत्र जो बना है उस का फल जानना है ।

र अक्ष के समानान्तर और य अक्ष के समानान्तर अनेक रेखा जिन में दो दो का अन्तर बहुत ही अल्प हो खींचने से देखो अनेक, क्षेत्र के भीतर आयत बन गये हैं जिन में किसी एक दट का फल (यदि अल = य, दल = र और अम = य + △य, मट = र + △र) △य△र यही होगा । अब, वव१प१प वक्रचतुर्भुज के बीच जितने छोटे छोटे दट के ऐसे चतुर्भुज हैं उन के फलों का योग यौ△य△र यही होगा । यहाँ क्षेत्र के देखने से स्पष्ट है कि △य सर्वत्र एक ही है इस लिये

$$\text{यौ}\triangle य\triangle र = \int_{\text{लव}}^{\text{लव}_1} \triangle य \text{तार} = \triangle य \int_{\text{लव}}^{\text{लव}_1} \text{तार}$$

इस में △र का मान अत्यल्प मानने से अर्थात् तार मानने से वव१ प१प वक्र चतुर्भुज के विलक्षण खण्ड हैं उन का लोप हो जायगा ।

इस लिये $\text{वव}_1\text{प}_1\text{प} = \triangle य \int_{\text{फ}(य)}^{\text{फा}(य)} \text{तार} = \triangle य \{ \text{फा}(य) - \text{फ}(य) \}$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यहाँ फा(य) = व,ल = ऊपर के वक्र की कोटि और

फ(य) = वल = नीचे के वक्र की कोटि।

इस प्रकार सब स्तम्भरूप वक्रचतुर्भुजों का योग $\triangle$ य { फा(य)−फ(य) } इस सांचे से निकाल सकते हो अर्थात् यदि अगा = गा, अच, = चा तो कका त,त = यौ$\triangle$य { फा(य) — फ(य) } = $\int_{\text{गा}}^{\text{चा}}$ { फा(य)−फ(य) } ताय

यदि द्विगुणचलानयन की रीति से इस फल को लिखें तो इस का मान $\int_{\text{गा}}^{\text{चा}} \int_{\text{फ(य)}}^{\text{फा(य)}}$ तार ताय ऐसा होगा।

११५। यदि जिन दो वक्रों के य = फा(र)। य = फ(र) ऐसे समीकरण हों और उन से सीमितक्षेत्र का फल जानना हो तो स्पष्ट है कि ऊपर के मान में य र को बदल देना होगा। अर्थात् तब क्षेत्र का फल $\int_{\text{गा}}^{\text{चा}} \int_{\text{फ(र)}}^{\text{फा(र)}}$ ताय तार ऐसा होगा।

११६। ऊपर के दोनों प्रक्रमों की व्याप्ति दिखलाने के लिये एक उदाहरण दिखलाते हैं।



कल्पना करो कि कलघ वृत्त, और अलग परवलय में न मूलबिन्दु, नल = २अ = वृत्त का व्यासार्द्ध, नअ = कअ = अ, तो यदि न बिन्दु से घ की ओर भुज-

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

गणना करें तो वृत्त का समीकरण $र^२ = ४अ^२ — य^२$ और परवलय का समीकरण $र^२ = ४अ(अ + य)$ होगा। क्योंकि इस स्थिति में न परवलय की नाभी होगी।

अब यहाँ यह इच्छा है कि घल वृत्त का चाप, गल परवलय का चाप, गघ परवलय की कोटि इन से जो गघल वक्र त्रिबाहु होगा उस का फल निकालें।

११४ वें प्रक्रम में जो ऐसे क्षेत्रों के लिये फल का $\int_{गा}^{चा}\int_{फ(य)}^{फा(य)}$ तार ताय यह समीकरण है इस में $फा(य) = \sqrt{४अ(अ+य)}$, $फ(य) = \sqrt{४अ^२ — य^२}$, चा = नघ = २अ, । और गा = ० मानने से घलग का फल

$$= \int_{०}^{२अ} \{ फा(य) — फ(य) \} ताय$$

$$= \int_{०}^{२अ} \{ (४अ^२ + ४अय)^{\frac{१}{२}} — (४अ^२ — य^२)^{\frac{१}{२}} \} ताय$$

$$= \int_{०}^{२अ} (४अ^२ + ४अय)^{\frac{१}{२}} ताय — \int_{०}^{२अ} (४अ^२ — य^२)^{\frac{१}{२}} ताय$$

परन्तु $= \int (४अ^२ + ४अय)^{\frac{१}{२}} ताय = \frac{४}{३}\sqrt{अ}\,(अ+य)^{\frac{३}{२}}$

और $\int_{०}^{२अ} (४अ^२ + ४अय)^{\frac{१}{२}} ताय = \frac{४}{३}अ^{\frac{१}{२}}(३अ)^{\frac{३}{२}} - \frac{४}{५}अ^{\frac{१}{२}}अ^{\frac{३}{२}}$

$$= \frac{४}{३}\{ (३)^{\frac{३}{२}}अ^२ — अ^२ \} = \frac{४अ^२}{३}(\sqrt{२७} — १)$$

और $\int (४अ^२ — य^२)^{\frac{१}{२}} ताय = २अ^२ ज्या^{-१}\frac{य}{२अ} + य\sqrt{(४अ^२ — य^२)}$

इस लिये $\int_{०}^{२अ} (४अ^२ — य^२)^{\frac{१}{२}} ताय = अ^२ \pi$

ऊपर फल मान में इन का उत्थापन देने से

$$फ = \int_{०}^{२अ} \{ (४अ^२ + ४अय)^{\frac{१}{२}} ताय = (४अ^२ — य^२)^{\frac{१}{२}} \} ताय$$

$$= \frac{४अ^२}{३}(\sqrt{२७} — १) — अ^२\pi।$$

यदि परवलय में भुज की गणना अ विन्दु से करें तो १०५ प्रक्रम से अलन परवलयखण्ड का फल $= \frac{अ \times २अ \times २}{३} = \frac{४अ^२}{३}$ और अगघ परवलयखण्ड

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

का फल $= \frac{२अघ \times गघ}{३} = \frac{२ \times ३अ(१२अ^२)^{\frac{१}{२}}}{३} = ४अ^२\sqrt{३}$ । इन दोनों का अन्तर नघगल वक्रचतुर्भुज का फल $= ४अ^२\sqrt{३} - \frac{४अ^२}{३} = \frac{४अ^२}{३}(\sqrt{२७}-१)$

इस में वृत्त के चतुर्थांश घनल को अर्थात् $अ^२\pi$ इस को घटा देने से गलघ वक्र क्षेत्र का फल $= \frac{४अ^२}{३}(\sqrt{२७}-१) - अ^२\pi$ । यही पहले भी सिद्ध हुआ था।

इसी जगह यदि अल परवलय का चाप, कल, वृत्त का चाप, और कअ भुजान्तर से जो क्षेत्र है इस का फल अपेक्षित हो तो क्षेत्र से स्पष्ट है कि न से यदि क की ओर भुजगणना करें और भुज ही को कोटि मान लें तो यहाँ वृत्त का समीकरण $र^२ = ४अ^२ - य^२$ यह जो है उस से $य^२ = ४अ^२ - र^२$ और परवलय का समीकरण $र^२ = ४अ(अ - य)$ जो यह होगा उस से $य = अ - \frac{र^२}{४अ}$

अब ११५वें प्रक्रम से $फा(र) = \sqrt{४अ^२ - र^२}$। $फ(र) = अ - \frac{र^२}{४अ}$

चा $= २अ$, गा $= ०$ और क्षेत्र का फल $= \int_{गा}^{चा} \int_{फ(र)}^{फा(र)}$ ताय तार

$$= \int_{०}^{२अ} \{ फा(र) - फ(र) \} तार = \int_{०}^{२अ} \{ \sqrt{४अ^२ - र^२} - अ + \frac{र^२}{४अ} \} तार$$

परन्तु $\int \sqrt{४अ^२ - र^२}$ तार $= २अ^२ ज्या^{-१} \frac{र}{२अ} + र\sqrt{(४अ^२ - र^२)}$

और $\int (अ + \frac{र^२}{४अ})$ तार $= अर - \frac{र^३}{१२अ}$

इस लिये

$$\int_{०}^{२अ} \{ \sqrt{(४अ^२ - र^२)} - (अ - \frac{र^२}{४अ}) \} तार = अ^२ग - २अ^३ + \frac{३}{३} अ^३$$

$$= अ^२\pi - \frac{४}{३} अ^३ यही फल हुआ।$$

इसे परवलयखण्ड नअल और वृत्तचतुर्थांश नकल के अन्तर पर से भी निकाल सकते हो। इस तरह से जहाँ पर जिन सीमाओं के भीतर फल अपेक्षित

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

हो वहाँ पर क्षेत्र की आकृति से उन सीमाओं को अच्छी तरह से जाँच कर तब उन के उत्थापन से फल का साधन करो।

जहाँ दोनों वक्रात्मक भुज एक ही वक्र के शाखा हों वहाँ पर ११४ और ११५ प्रक्रम की युक्ति बहुत ही काम की है जैसे किसी वक्र का यदि $(र—मय—ग)^२ = अ^२—य^२$ यह समीकरण हो तो इस पर से र का एक मान $र = मय + ग + \sqrt{(अ^२—य^२)}$ यह दूसरा मय + ग—$\sqrt{(अ^२—य^२)}$ यह होगा।

यहाँ फा(य) = मय + ग + $\sqrt{(अ^२—य^२)}$ और फ(य) = मय + ग—$\sqrt{(अ^२—य^२)}$ मान लें तो फा(य) — फ(य) = २$\sqrt{(अ^२—य^२)}$ इस लिये वक्रशाखा और कोट्यन्तर से उत्पन्न फल २ $\int_{गा}^{चा} \sqrt{(अ^२—य^२)}$ताय यह होगा। यहाँ य का परमाल्प मान—अ और परमाधिक २अ मान लें तो पहले वक्र का सम्पूर्ण फल = २$\int_{-अ}^{अ} \sqrt{(अ^२—य^२)}$ताय = $\pi अ^२$ यही होगा।

११७। अक्षीय भुजयुग्म पर से वक्र का फलानयन।



सपच वक्र में मान लो कि ना ध्रुवस्थान नाय नियत रेखा नाप = थ्रु। ∠यनाप = प और थ्रु = फ(प)। तो यदि नासप वक्रत्रिवाहु का फल = आ हो तो चलनकलन के १५८ वें प्रक्रम से

$$\frac{ताआ}{ताप} = \frac{थ्रु^२}{२} = \frac{\{फ(प)\}^२}{२}$$

इस लिये आ = $\frac{१}{२}\int \{फ(प)\}^२$ताप + स्थि। यहाँ वक्र में स विन्दु को कोई निश्चित विन्दु समझो।

मानो कि $\int \frac{\{फ(प)\}^२ताप}{२}$ = फा(प)

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

तो $आ = फा(ष) + स्थि$ . . . . . (१)

कल्पना करो कि जब $ष = ष_१$ तब $आ = आ_१$ और जब $ष = ष_२$ तब $आ = आ_२$ इस लिये (१) समीकरण से

$$आ_२ - आ_१ = फा(ष_२) - फा(ष_१) = \frac{१}{२}\int_{ष_२}^{ष_२} \{ फ(ष) \}^२ ताष$$

यदि श्रुति और स्पर्शरेखा से उत्पन्न कोण का मान भ रक्खो और ध्रुवस्थान से स्पर्शरेखा पर पड़े हुए लम्ब का मान ल मानो तो त्रिकोणमिति से

$$ज्याभ = \frac{लं}{श्रु} = श्रु \frac{ताष}{ताचा} \text{ (चलनकलन के १५५ वें प्रक्रम से)}$$

इस लिये $आ = \frac{१}{२}\int श्रु^२ ताष = \frac{१}{२}\int श्रु^२ \frac{ताष}{ताचा} \cdot ताचा$

$$= \frac{१}{२}\int \frac{श्रु \cdot ल}{श्रु} ताचा = \frac{१}{२}\int ल\, ताचा \quad . . . . . (२)$$

यहाँ ल का मान चा के फल रूप में वा $\frac{ताचा}{ताल}$ का मान ल के फल रूप में जानने से आ का मान चा वा ल के फल रूप में जान सकते हो।

$$आ = \frac{१}{२}\int ल\, ताचा = \frac{१}{२}\int ल \frac{ताचा}{ताश्रु} ताश्रु = \frac{१}{२}\int \frac{लश्रु\, ताश्रु}{\sqrt{(श्रु^२ - ल^२)}} \quad . . . \quad (३)$$

७५ प्रक्रम के (६)वें समीकरण से।

ऊपर दिखलाये हुए तीनों समीकरण पर से अनेक वक्र का फल जान सकते हैं।

११८। सामान्यिक सर्पिल का फलानयन (जिस वक्र के समीकरण वा नाम इत्यादि में संशय पड़े तो चलनकलन का २८६ प्रक्रम देखना चाहिये)।

यहाँ $श्रु = अ\, इ^{\frac{ष}{क}}$ इस लिये ११७ प्रक्रम के (१) समीकरण से

$$आ = \frac{१}{२}\int अ^२ इ^{\frac{२ष}{क}} = \frac{अ^२क}{४} इ^{\frac{२ष}{क}} + स्थि।$$

$$और\ आ_२ - अ_१ = \frac{अ^२क}{४}\left[इ^{\frac{२ष_२}{क}} - इ^{\frac{२ष_१}{क}} \right] = \frac{क}{४}(श्रु_२^२ - श्रु_१^२)$$

इस लिये $श्रु_२$, $श्रु_१$ ये दो भुज और तदन्तर्गत वक्र का चाप इन से जो क्षेत्र होगा उस का फल $\frac{क}{४}(श्रु_२^२ - श्रु_१^२)$ यही होगा।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

११९। अक्षीय भुजयुग्म पर से परवलय का फलानयन।

चलनकलन के १०८ प्रक्रम से।

यहाँ $\text{श्र} = \frac{\text{अ}}{\text{कोज्या}^2 \frac{\text{ष}}{2}}$ इस लिये

$$\text{आ} = \frac{\text{अ}^2}{2} \int \frac{\text{ताष}}{\text{कोज्या}^4 \frac{1}{2}\text{ष}} = \text{अ}^2 \int (1 + \text{स्प}^2 \tfrac{1}{2}\text{ष})\, \text{तास्प}\, \tfrac{1}{2}\text{ष}$$

$$= \text{अ}^2 (\text{स्प}\tfrac{1}{2}\text{ष} + \frac{\text{स्प}^3 \frac{1}{2}\text{ष}}{3}) + \text{स्थि}।$$

इस लिये $\text{आ}_2 - \text{आ}_1 = \text{अ}^2 (\text{स्प}\tfrac{1}{2}\text{ष}_2 + \frac{\text{स्प}^3 \frac{1}{2}\text{ष}}{3}) - \text{अ}^2 (\text{स्प}\tfrac{1}{2}\text{ष}_1 - \tfrac{1}{3}\text{स्प}^3 \tfrac{1}{2}\text{ष}_1)$

इस में यदि $\text{ष}_1 = 0$ और $\text{ष}_2 = \frac{\pi}{2}$ तो

$\text{आ}_2 - \text{आ}_1 = \text{अ}^2 (1 + \frac{1}{3}) = \frac{4}{3}\text{अ}^2 = \frac{2}{3} \frac{\text{अ} \times 2\text{अ}}{1}$ अर्थात् परवलय के नाभिग कोटि, तत्सम्बन्धि शिरःस्थान से भुज और परवलय का चाप इन से बने क्षेत्र का फल $\frac{2}{3}$ अ × २अ यह वही सिद्ध हुआ जो १०५ वें प्रक्रम से सिद्ध होता है।

१२०। जिस वक्र का अक्षीय समीकरण $\text{श्रु} = \text{अ}(\text{ष} + \text{ज्याष})$ यह है उस का फलानयन।

यहाँ $\text{आ} = \frac{1}{3}\text{अ}^2 \int (\text{ष} + \text{ज्याष})^2 \text{ताष} = \frac{\text{अ}^2}{2} \int (\text{ष}^2 + 2\text{ष}\ \text{ज्याष} + \text{ज्या}^2\text{ष}) \text{ताष}$

परन्तु $\int \text{ष}\ \text{ज्याष} = -\text{षकोज्याष} + \text{ज्याष}।$

और $\int \text{ज्या}^2\text{ष}\ \text{ताष} = \frac{1}{2} \int (1 - \text{कोज्या}2\text{ष})\ \text{ताष} = \frac{1}{2}(\text{ष} - \frac{\text{ज्या}2\text{ष}}{2})$

इस लिये

$$\text{आ} = \frac{\text{अ}^2}{2} \left\{ \frac{\text{ष}^3}{3} - 2\text{ष}\,\text{कोज्याष} + 2\,\text{ज्याष} + \frac{\text{ष}}{2} - \frac{1}{4}\text{ज्या}2\text{ष} \right\} + \text{स्थि}$$

यहाँ यदि ० और $\frac{\pi}{2}$ के बीच ष के मान में फल लावें तो

$$\text{फल} = \frac{\text{अ}^2}{2} \left(\frac{\pi^3}{24} + \frac{\pi}{4} + 2\right)।$$

१२१। यदि वक्र का अक्षीय समीकरण $\text{श्रु} = 2\,\text{अ} \frac{\text{कोज्याष} - \sqrt{(\text{कोज्या}2\text{ष})}}{\text{ज्या}^2\text{ष}}$

ऐसा हो तो

$$\text{आ} = 2\,\text{अ}^2 \int \frac{\text{कोज्या}^2\text{ष} + \text{को ज्या}2\text{ष} - 2\,\text{को ज्याष}\sqrt{(\text{कोज्या}2\text{ष})}}{\text{ज्या}^4\text{ष}}\ \text{ताष}$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$= २ अ^२ \int \frac{कोज्या^३ष + कोज्या२ष}{ज्या^४ष} ताष - ४अ^२ \int \frac{कोज्याष \sqrt{कोज्या२ष)}}{ज्या^४ष} ताष$$

परन्तु $\int \frac{कोज्या^३ष + कोज्या२ष}{ज्या^४ष} ताष = \int (२कोस्प^२ष - १) कोछे^२ष ताष$

$= कोस्पष - \frac{२}{३} कोस्प^३ष।$

और $\int \frac{कोज्याष \sqrt{(कोज्या२ष)}}{ज्या^४ष} ताष = \int \frac{\sqrt{(१ - २ ज्या^२ष)} ताज्याष}{ज्या^४ष}$

इस में मानो कि ज्याष $= \frac{१}{द}$ तो

$$\int \frac{\sqrt{(१ - २ ज्या^२ष)}}{ज्या^४ष} ताष = - \int \sqrt{(द^२ - २)} दताद$$

$$= -\frac{१}{३} (द^२ - २)^{\frac{३}{२}} = -\frac{१}{३} \left(\frac{१}{ज्या^२ष} - २\right)^{\frac{३}{२}}$$

$= -\frac{१}{३} (कोछे^२ष - २)^{\frac{३}{२}}$ इन का उत्थापन आ में देने से

$$आ = २अ^२ कोस्पष - \frac{४अ^२}{३} कोस्प^३ष + \frac{४अ^२}{३} (कोछे^२ ष - २)^{\frac{३}{२}} + स्थि$$

$$= २अ^२ कोस्पष + \frac{४अ^२}{३} \left\{ (कोछे^२ष - २)^{\frac{३}{२}} - कोस्प^३ ष \right\} + स्थि$$

$$= २अ^२ कोस्पष + \frac{४ अ^२}{३} \left\{ \frac{(१ - २ज्या^२ष)^{\frac{३}{२}} - ज्या^३ष कोस्प^३ष}{ज्या^३ष} \right\} + स्थि$$

$$= २अ^२ कोस्पष + \frac{४ अ^२}{३} \frac{(कोज्या२ष)^{\frac{३}{२}} - कोज्या^३ष}{ज्या^३ष} + स्थि$$

१२२। जिस सर्पिल का अक्षीयसमीकरण श्रु $= अष^न$ यह है उस का फलानयन।

यहाँ आ $= \frac{१}{२} \int श्रु^२ ताष = \frac{१}{२} \int अ^२ ष^{२न} ताष = \frac{अ^२}{२} \int ष^{२न} ताष$

$$= \frac{अ^२}{२(२न + १)} ष^{२न+१} + स्थि = \frac{अ^२ ष^{२न} \times ष}{२(२न + १)} + स्थि = \frac{श्रु^२ \times ष}{२(२न + १)} + स्थि$$

$$= \frac{श्रु^२ \times (\frac{श्रु}{अ})^{\frac{१}{न}}}{२(२न + १)} + स्थि = \frac{श्रु^{\frac{२न+१}{न}}}{२अ^{\frac{१}{न}} (२न + १)} + स्थि$$

यहाँ क्षेत्र के लक्षण से जब ष $= ०$, श्रु $= ०$ और फल $= ०$ इस लिये स्थिराङ्क शून्य होगा। इस में यदि न $= १$ तो सर्पिल आर्किमिडिज़ का हो जायगा इस की

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

आकृति चलन कलन के २८६ प्रकम में लिखी है यहाँ भी बोध के लिये नीचे लिखा है।

इस में अ, ध्रुव, अय स्थिर रेखा जिस से ष की गणना है। य से त की ओर धन गणना है। जब ष = ० तब श्रु = अ·ष = ०। जब ष = $\frac{\pi}{२}$। तब श्रु = $\frac{अ\pi}{२}$ = अड। जब ष = π, तब श्रु = अग = अथ।



इसी तरह जब ष = २π तब श्रु = २ अ π = अक। इस लिये अ के चारो ओर श्रुति के एक बार घूमने में अडलपटथ ड़ प़ क खण्ड उत्पन्न हुआ।

इस खण्ड और अक श्रति से जो क्षेत्र बना है उस का फल ऊपर फल के समीकरण में अर्थात् $\frac{श्रु^{\frac{२न+१}{न}}}{२अ^{\frac{१}{न}}(२न+१)}$ इस में न के स्थान में १ और श्रु के स्थान में २ अ π का उत्थापन देने से $\frac{श्रु^३}{६अ} = \frac{८अ^३ \times \pi^३}{६अ} = \frac{४अ^३\pi^३}{३} = \frac{\pi \times (२अ\pi)^२}{३}$ $= \frac{\pi श्रु^२}{३}$ ऐसा होगा यदि श्रु = २ अπ। और जब श्रुति का दो फेरा होगा तब श्रु = ४ अ π = २श्रु इस का फल में उत्थापन देने से $\frac{\pi(२श्रु)^२}{३श्रु}$ यह मान जो आवेगा इस में अ के चारो ओर श्रुति के दो वार घूम जाने के कारण अडलपट थड़ प़क दो वार आजायगा इस लिये श्रुति के दो वार फेरा करने से सर्पिल का ठीक फल = $\frac{\pi(२श्रु)^३}{३श्रु} - \frac{\pi श्रु^२}{३} = \frac{७\pi श्रु^२}{३}$ यह होगा और

Funding by KS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

दोनों फेरों के चापों के अन्तर में $\frac{७\pi श्रु^२}{३} - \frac{\pi श्रु^२}{३} = \frac{६\pi श्रु^२}{३}$

$= २\pi श्रु^२$ यह फल होगा।

इसी तरह श्रति के न वार फेरा करने में श्रु = नश्रु और न—१ वार फेरा करने में श्रु = (न—१) श्रु ।

इस लिये श्रु के न वार फेरा करने में फल = $\frac{\pi}{३} \frac{(नश्रु)^३ - (न-१)^३ श्रु^३}{श्रु}$

$= \frac{\pi श्रु^२}{३} \left\{ न^३ — (न—१)^३ \right\}$

और न + १ वार फेरा करने में फल = $\frac{\pi श्रु^२}{३} \left\{ (न+१)^३ — न^३ \right\}$

इस लिये न और न + १ वार फेरा करने में दोनों चापों के अन्तर में

फल = $\frac{\pi श्रु^२}{३} \left\{ (न+१)^३ + (न—१)^३ — २न^३ \right\} = \frac{\pi श्रु^२}{३} \times ६न = २न\pi श्रु^२$

= प्रथम और दूसरे फेरे के चापों के अन्तर सम्बन्धी फल का न गुना यह सिद्ध होता है।

इस सर्पिल के विषय में आगे कुछ और विचार किया जायगा।

१२३। इलामूलक के फल का आनयन।

यहाँ $श्रु^२ = २ क^२$ कोज्या२ष

इस लिये आ = $क^२ \int$ कोज्या २ ष ताष = $\frac{क^२}{२}$ ज्या२ष + स्थि।

यहाँ वक्र के लक्षण से जब ष = ० तब आ = ० इस लिये स्थि = ०।

तब आ = $\frac{क^२}{२}$ ज्या२ष इस में ष के स्थान में $\frac{\pi}{४}$ का उत्थापन देने से

चतुर्थांश फल = $\frac{क^२}{२}$ इस को ४ से गुणने से संपूर्ण इलामूलक का फल = $२ क^२$

१२४। दो वक्र के चाप और श्रुत्यन्तर से बने क्षेत्र का फलानयन। कल्पना करो कि अ ध्रुवस्थान और अय, अर अक्ष से जो काव१प१त१ कवपत वक्र के चाप और काक, तत१श्रत्यन्तर से क्षेत्र है उस के फल का ज्ञान करना है।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.



अवव₁, अपप₁ अत्यन्त निकट दो श्रुति रेखा खींचो। अव = श्रु, अप = श्रु + △श्रु। अव₁ = श्रु₁। अप₁ = श्रु₁ + △श्रु₁। और

∠व₁ अप₁ = △ष। और कवपत वक्र का समीकरण श्रु = फ(ष) और का व₁प₁त₁ का समीकरण श्रु₁ = फा(ष) समझो तो पव और प₁व₁ को अत्यल्प होने के कारण सरल रेखा मान लेने से

अकव, अकप वक्र त्रिभुज का अन्तर = △अवप = $\frac{1}{2}$△ष श्रु (श्रु + △श्रु) और काअव₁ काअप₁ का अन्तर = △अव₁प₁ = $\frac{1}{2}$△ष श्रु₁(श्रु₁ + △श्रु₁)

इस लिये दोनों का अन्तर = काकपप₁−काकवव₁ = व₁वपप₁ = △आ = $\frac{1}{2}$△ष { श्रु₁(श्रु₁ + △श्रु₁)—श्रु(श्रु + △श्रु) }

इस लिये $\frac{\triangle आ}{\triangle ष}$ = $\frac{1}{2}$ { श्रु₁(श्रु₁ + △श्रु₁)—श्रु(श्रु + △श्रु) }

इस में ष मान शून्य मानने से श्रु₁ = ०, श्रु = ०, इस लिये

$\frac{ताआ}{ताष}$ = $\frac{1}{2}$ (श्रु₁²—श्रु²) = $\frac{1}{2}$ [{ फा(ष) }²— { फ(ष) }²]

इस लिये आ = $\frac{1}{2}\int$ [{ फा(ष) }²— { फ(ष) }²]ताष

यदि ∠यअका = अ₁, ∠यअत₁ = क₁ तो काकवपतत₁प₁व₁का का फल आ =

$$\frac{1}{2}\int_{अ_1}^{क_1} [\{ फा(ष) \}^2 — \{ फ(ष) \}^2] ताष \quad \cdots\cdots\cdots\cdots \quad (१)$$

जब $\int$श्रु ताश्र = $\frac{श्रु^2}{2}$ ± स्थि इस लिये $\int \frac{फा(ष)}{फ(ष)}$ श्रु ताश्र

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$= \frac{१}{२}[\{फा(ष)\}^{२} - \{फ(ष)\}^{२}]$ इस पर से (१) समीकरण को द्विगुण चलानयन की रीति से $\int_{अ_१}^{क_१}\int_{फ(ष)}^{फा(ष)}$ श्रु ताश्रु ताष ऐसे लिख सकते हो।

१२५। इसी जगह यदि ष = फ(श्रु), $ष_१$ = फा(श्रु) ऐसे दो समीकरण के वक्र के चापों से और श्रु = अ, $श्रु_१$ = क ऐसे समीकरण के दो वृत्तों के चापों से बने क्षेत्र का फल जानना हो तो मान लो कि कक'क'$_१$का, तत'त'$_१$त$_१$ दो वक्र के चाप और कवपत, काव$_१$प$_१$त$_१$ दो वृत्त के चाप हैं जिन का अ केन्द्र है। अ केन्द्र से दक'व'प'त', और द$_१$क'$_१$व'$_१$प'$_१$त'$_१$ वृत्त का चापखण्ड बनावो जिनके व्यासार्द्ध श्रु, श्रश्रु + श्रु हैं। तो चलनकलन के १५९ वें प्रक्रम से त'त'$_१$प'$_१$व'$_१$क'$_१$क'व'प'त' का फल = आ

$$= \frac{\{श्रु(ष_१ - ष) + (श्रु + \triangle श्रु)(ष_१ - ष)\}\triangle श्रु}{२}$$ । $\triangle$श्रु का भाग दे देने से

$$\frac{आ}{श्रु} = \frac{श्रु(ष_१ - ष) + (श्रु + \triangle श्रु)(ष_१ - ष)}{२}$$

इस लिये

$$\frac{ताआ}{ताश्रु} = श्रु(ष_१ - ष) = श्रु\{फा(श्रु) - फ(श्रु)\}$$

इस लिये अभीष्ट क्षेत्र का फल

$$= \int_{अ}^{क} श्रु\{फा(श्रु) - फ(श्रु)\}\, ताश्रु = आ \quad \cdots\cdots\cdots\cdots (१)$$

जब $\int$ श्रुताष = श्रु $\int$ ताष = श्रुष, श्रु को स्थिर मानसे से

इस लिये $\int_{फ(श्रु)}^{फा(श्रु)}$ श्रुताष = श्रु {फा(श्रु) — फ(श्रु)}

इस लिये द्विगुणचलानयन की रीति से ऊपर के फल को

$\int_{अ}^{क}\int_{फ(श्रु)}^{फा(श्रु)}$ श्रुताष ताश्रु ऐसे लिख सकते हो। यदि यहाँ दो वक्रों के चापान्तर्गत सीमित दोनों कर्णों के अनेक विभाग कर ध्रुव विन्दु से प्रत्येक विभाग पर गया ऐसा अनेक वृत्त बना डालो और वक्र चापों का भी अनेक विभाग कर प्रति विभागों में जो रेखा लगा दो तो रेखा और वृत्त के चापखण्डों से अनेक चतुर्भुज होंगे जिन में किसी एक का फल = श्रष यह होगा।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

१२६। जैसे अपक, अपाका वृत्तार्द्ध के चापों से और कका रेखा से बने



क्षेत्र का फल जानाना है तो मानो अक = ग, अका = च ∠काअपा = ष, तो अप = श्रु = गकोज्याष, अपा = श्रु१ = चकोज्याष

इस लिये १२४ प्रक्रम से

$$\text{अभीष्ट फल} = \int_{अ}^{क_१} \int_{फ(ष)}^{फा(ष)} \text{श्रुताश्रु ताष} = \int_{०}^{\frac{π}{२}} \int_{\text{गकोज्याष}}^{\text{चकोज्याष}} \text{श्रुताश्रु ताष}$$

अब यहाँ $\int_{\text{गकोज्याष}}^{\text{चकोज्याष}} \text{श्रुताश्रु} = \frac{१}{२}(च^२ - ग^२)\text{कोज्या}^२ष$

इस लिये अभीष्ट फल $= \frac{१}{२}(च^२ - ग^२) \int_{०}^{\frac{π}{२}} \text{कोज्या}^२ष \text{ ताष}$

इस में $\int \text{कोज्या}^२ष \text{ ताष} = \int \frac{१ + \text{कोज्या}२ष}{२} \text{ ताष} = \frac{ष}{२} + \frac{\text{ज्या}२ष}{४}$

इस लिये $\int_{०}^{\frac{π}{२}} \text{कोज्या}^२ष \text{ ताष} = \frac{π}{४}$ इस का उत्थापन फल में देने से फल = $\frac{π}{८}(च^२ - ग^२)$।

इसी क्षेत्र का यदि अक व्यासार्द्ध से बना कक१ स वृत्त चाप से दो चण्ड करें तो पहले अस, सक, अपक, वृत्त चापों से बने क्षेत्र का फल १२५ वें प्रक्रम से, मान लो कि कपस एक वृत्त का चाप, और दूसरे वृत्त का अ विन्दु रूप चाप, एक वक्र अपक वृत्तार्द्ध चाप, और दूसरा अस बड़े वृत्तार्द्ध का चाप इन से बना हुआ क्षेत्र है। यहाँ श्रु = गकोज्याष। और दूसरी श्रु = चकोज्याष

इस लिये ष = कोज्या$^{-१}\frac{\text{श्रु}}{ग}$, और ष१ = कोज्या$^{-१}\frac{\text{श्रु}}{च}$, क = ग, अ = ०

इन का उत्थापन देने से

$$\int_{क}^{अ} \int_{फ(\text{श्रु})}^{फ^{-१}(\text{श्रु})} \text{श्रुताष ताश्रु} = \int_{०}^{ग} \int_{\text{कोज्या}^{-१}\frac{\text{श्रु}}{ग}}^{\text{कोज्या}^{-१}\frac{\text{श्रु}}{च}} \text{श्रुताषताश्रु}$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यहाँ $\int_{\text{कोज्या}^{-१}\frac{\text{श्रु}}{\text{ग}}}^{\text{कोज्या}^{-१}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}}} \text{श्रुताष} = \text{श्रु}\left[\text{कोज्या}^{-१}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}} - \text{कोज्या}^{-१}\frac{\text{श्रु}}{\text{ग}}\right]$

और $\int \text{श्रुकोज्या}^{-१}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}}\ \text{ताश्रु} = \frac{१}{४}\{(२\text{श्रु}^२ - \text{च}^२)\ \text{कोज्या}^{-१}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}} - \text{श्रु}\sqrt{(\text{च}^२ - \text{श्रु}^२)}\}$ ।

$\int \text{श्रुकोज्या}^{-१}\frac{\text{श्रु}}{\text{ग}}\ \text{ताश्रु} = \frac{१}{४}\{(२\text{श्रु}^२ - \text{ग}^२)\text{कोज्या}^{-१}\frac{\text{श्रु}}{\text{ग}} - \text{श्रु}\sqrt{(\text{ग}^२ - \text{श्रु}^२)}\}$

इस लिये $\int_{०}^{\text{ग}} \text{कोज्या}^{-१}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}}\ \text{ताश्रु}$

$= \frac{१}{४}\{(२\text{ग}^२ - \text{च}^२)\ \text{कोज्या}^{-१}\frac{\text{ग}}{\text{च}} - \text{ग}\sqrt{(\text{च}^२ - \text{ग}^२)} + \text{च}^२\frac{\pi}{२}\}$

और $\int_{०}^{\text{ग}} \text{श्रुकोज्या}^{-१}\frac{\text{श्रु}}{\text{ग}}\ \text{ताश्रु} = \frac{१}{४}\left\{\text{ग}^२\frac{\pi}{२}\right\}$

इस लिये

$$\int_{०}^{\text{ग}}\int_{\text{कोज्या}^{-१}\frac{\text{श्रु}}{\text{ग}}}^{\text{कोज्या}^{-१}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}}} \text{श्रुताषताश्रु}$$

$= \frac{१}{४}\{(२\text{ग}^२ - \text{च}^२)\text{कोज्या}^{-१}\frac{\text{ग}}{\text{च}} - \text{ग}\sqrt{(\text{च}^२ - \text{ग}^२)} + \frac{\pi}{२}(\text{च}^२ - \text{ग}^२)\}$ यह एक खण्ड का फल हुआ।

अब कस वृत्तचाप, कास वृत्तचाप, और कका रेखा से उत्पन्न क्षेत्र के फल साधन में एक वक्र के चाप को कका रेखा समझो और दूसरे वक्र को असका मान लो तो $\text{ष} = ० = \text{फ}(\text{श्रु})$, $\text{ष}_१ = \text{कोज्या}^{-१}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}} = \text{फा}(\text{श्रु})$, $\text{क} = \text{च}$, $\text{अ} = \text{ग}$।

इनका उत्थापन १२५ वें प्रक्रम के (१) समीकरण के दूसरे रूप में देने से

$$\int_{\text{अ}}^{\text{क}}\int_{\text{फ}(\text{श्रु})}^{\text{फा}(\text{श्रु})} \text{श्रुताषताश्रु} = \int_{\text{ग}}^{\text{च}}\int_{०}^{\text{कोज्या}^{-१}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}}} \text{श्रुताषताश्रु}$$

यहाँ भी पहले खण्ड के फल साधन के ऐसा

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$\int_0 \text{कोज्या}^{-१}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}}\,\text{श्रुताष} = \text{श्र कोज्या}^{-१}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}}$$

$$\int \text{श्रुकोज्या}^{-१}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}}\,\text{ताश्रु} = \frac{१}{४}\left\{(२\text{श्रु}^२ - \text{च}^२)\,\text{कोज्या}^{-१}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}} - \text{श्रु}\sqrt{(\text{च}^२ - \text{श्रु}^२)}\right\}$$

इस लिये

$$\int_{\text{च}}^{\text{ग}}\int_0 \text{कोज्या}^{-१}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}}\,\text{श्र ताष ताश्रु}$$

$$= \int_{\text{ग}}^{\text{च}} \text{श्रु कोज्या}^{-१}\frac{\text{श्रु}}{\text{च}}\,\text{ताश्रु}$$

$$= \frac{१}{४}\left\{\text{ग}\sqrt{(\text{च}^२ - \text{ग}^२)} - (२\text{ग}^२ - \text{च}^२)\,\text{कोज्या}^{-१}\frac{\text{ग}}{\text{च}}\right\}$$

यही दूसरे खण्ड का फल हुआ।

अब इन दोनों खण्डों का योग करो तो $\frac{\pi}{८}(\text{च}^२ - \text{ग}^२)$ यह सम्पूर्ण क्षेत्र का फल ठीक पहले ही के तुल्य आया।

१२७। यदि अक्षीय समीकरण पर से ११५ प्रकम के अलक क्षेत्र का फल साधन करें तो यहाँ न को ध्रुव स्थान मानने से परवलय का समीकरण $\text{श्रु} = \frac{\text{अ}}{\text{कोज्या}^२\frac{\text{ष}}{२}}$ जहाँ ष का मान नक रेखा से लिया गया है। और वृत्त का अक्षीय समीकरण श्रु = २ अ। इस लिये पहले श्रु के वश चलानयन करने से अलक का फल $= \int_0^{\frac{\pi}{२}}\int_{\text{अछे}\frac{२\text{ष}}{२}}^{२\text{अ}} \text{श्रु ताश्रु ताष}$

इसी जगह यदि ष के वश से पहले चलानयन करें तो ष१

$= \text{कोज्या}^{-१}\frac{२\text{अ}-\text{श्रु}}{\text{श्रु}}$ मान लेने से अलक का फल $= \int_{\text{अ}}^{२\text{अ}}\int_0^{\text{ष}_१}\int \text{श्रु ताषताश्रु}$।

यदि घलग का फल अपेक्षित हो तो घग का अक्षीय समीकरण

$\text{श्रु} = -\frac{२\text{अ}}{\text{कोज्याष}}$ और नग = ४अ, ∠कनग = $\frac{२\pi}{३}$, और मान लो कि ष१

$= \text{कोज्या}^{-१}\frac{२\text{अ}-\text{श्रु}}{\text{श्र}}$ और $\text{ष}_२ = \left[\frac{-२\text{अ}}{\text{श्रु}}\right]$। अब यहाँ पहले ष के वश

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

चलानयन करने से घलग का फल = $\int_{२अ}^{४अ} \int_{ष_१}^{ष_२}$ श्रु ताषताश्रु । इसी का फल नग रेखा से दो भाग कर पृथक् पृथक् लावें तो पहले उस खण्ड का फल जिस में लग चाप है $\int_{\frac{\pi}{२}}^{\frac{२\pi}{३}} \int_{२अ}^{अछे^{२}\frac{ष}{२}}$ श्रुताश्रुताष

यह होगा फिर दूसरे खण्ड का फल = $\int_{\frac{२\pi}{३}}^{\pi} \int_{२अ}^{२अछेष}$ श्रुताश्रुताष यह होगा और इन दोनों का योग ठीक पहले के बरावर क्षेत्र फल निकल आवेगा। इस तरह से जहाँ पर जैसा सुभीता जान पड़े तहाँ पहले श्रु के वश अथवा ष के वश चलानयन करो।

१२८। १२२ प्रक्रम में जो आर्किमिडिज़ का सर्पिल है उस में व१वम को एक वक्रचाप और भ१ भन को दूसरे वक्र का चापखण्ड मान लो तो १२४ प्रक्रम की युक्ति से व१ भ१ नम का फल = $\int_{ष_१}^{ष_२} \frac{फा(ष)}{फ(ष}$ श्रु ताश्रु ताष

ऐसा होगा। यहाँ फ(ष) = अष और फा(ष) = अ(ष + २π) मानो तो

$\int_{फ(ष)}^{फा(ष)}$ श्रु ताश्रु = $\frac{१}{२}$[{ फा(ष) } ^{२} — { फ(ष) } ^{२}]

$= \frac{१}{२}(अ^{२}ष^{२} + ४अ^{२}षπ + ४अ^{२}π^{२} — अ^{२}ष^{२}) = \frac{अ^{२}}{२}\{(ष+२π)^{२} — ष^{२}\}$

और $\int \frac{अ^{२}}{२}\{(ष+२π)^{२} — ष^{२}\}$ ताष $= \frac{अ^{२}}{२}\left\{\frac{(ष+२π)^{३}}{३} - \frac{ष^{३}}{३}\right\}$

इस लिये

$\int_{ष_१}^{ष_२} \int_{फ(ष)}^{फा(ष)}$ श्रुताश्रुताष $= \frac{अ^{२}}{२}\left\{\frac{(ष_२+२π)^{३}-ष_२^{३}}{३} - \frac{(ष_१+२π)^{३}-ष_१^{३}}{३}\right\}$

$= \frac{अ^{२}}{२}\left\{\frac{× ६ष_२^{२}π + १२ष_२π^{२} + ८π^{३} — ६ष_१^{२}π — १२ष_१π^{२} — ८π^{३}}{३}\right\}$

$= \frac{अ^{२}}{२}\left\{२ष_२^{२}π + ४ष_२π^{२} - २ष_१^{२}π - ४ष_१π^{२}\right\} = \frac{अ^{२}}{२}\left\{२π(ष_२^{२}-ष_१^{२}) + ४π२(ष_२-ष_१)\right\}$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यह फल हुआ। इस में यदि $ष_२ = २नπ$ और $ष_१ = २π(न-१)$ हो तो न और न+१ वार श्रु के फेरा करने में दोनों चापों के अन्तर का फल

$$= \frac{अ^२}{२}\left\{ २π(ष_२^२ - ष_१^२) + ४π^२(ष_२ - ष_१) \right\}$$

$$= \frac{अ^२}{२}\left\{ २π(४न^२π^२ - ४न^२π^२ + (नπ^२ - ४π^२) + ८π^३ \right\}$$

$$= \frac{अ^२}{२}(१६ नπ^३) = ८नअ^२π^३ = २π न \times ४π^२अ^२ = २π नश्रु^२$$

यही ठीक १२२वें प्रक्रम में भी उत्पन्न हुआ था परन्तु इस क्रिया से बहुत ही स्पष्ट रूप से उपपन्न होता है और १२२वें प्रक्रम में जो युक्ति लिखी है वह बड़े गाम्भीर्य विचार करने से तब मन में बैठती है॥

१२९। अपचक्रालद के अक्षीय समीकरण पर से फलानयन। (११७ प्रक्रम का (३) समीकरण देखो) फल = आ = $\frac{१}{२}\int \frac{लश्रुताश्रु}{\sqrt{(श्रु^२ - ल^२)}}$

यहाँ क्षेत्र के लक्षण से $ल = \frac{ग\sqrt{(श्रु^२ - अ^२)}}{\sqrt{(ग^२ - अ^२)}}$ (८२ प्रक्रम देखो)

इस लिये फल = $\frac{१}{२}\int \frac{ग\sqrt{(श्रु^२ - अ^२)}श्रुताश्रु}{अ\sqrt{(ग^२ - श्रु^२)}} = \frac{ग}{२अ}\int \frac{\sqrt{(श्रु^२ - अ^२)}श्रुताश्रु}{\sqrt{(ग^२ - श्र^२)}}$

$$= \frac{ग}{२अ}\int \frac{व^२ताव}{\sqrt{(ग^२ - अ^२ - व^२)}} \text{ यदि } व^२ = श्रु^२ - अ^२$$

अब $\int \frac{व^२ताव}{\sqrt{(ग^२ - अ^२ - व^२)}} = \int \frac{व^२ - (ग^२ - अ^२)}{\sqrt{(ग^२ - अ^२ - व^२)}}$ ताव

$$+ (ग^२ - अ^२)\int \frac{ताव}{\sqrt{(ग^२ - अ^२ - व^२)}} = (ग^२ - अ^२)\int \frac{ताव}{\sqrt{(ग^२ - अ^२ - व^२)}}$$

$$- \int \sqrt{(ग^२ - अ^२ - व^२)}ताव = \frac{ग^२ - अ^२}{२} ज्या^{-१}\frac{व}{\sqrt{(ग^२ - अ^२)}}$$

$$- \frac{व\sqrt{(ग^२ - अ^२ - व^२}}{२} = \frac{ग^२ - अ^२}{२} ज्या^{-१}\frac{\sqrt{(श्रु^२ - अ^२)}}{\sqrt{(ग^२ - अ^२)}}$$

$$- \frac{\sqrt{(श्रु^२ - अ^२)}\sqrt{(ग^२ - श्रु^२)}}{२}$$ इस पर से

श्र = अ और श्रु = ग इस के भीतर का मान = $\frac{ग^२ - अ^२}{२}\frac{π}{२}$ इस

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

को $\frac{ग}{२अ}$ से गुण देने से $\frac{ग}{२अ} \cdot \frac{ग^२ - अ^२}{२} \frac{\pi}{२}$ इस में ग के स्थान में अ + २क का उत्थापन देने से

$\frac{(अ+२क)\,क\,(अ+क)\pi}{२अ}$ इस को दूना करने से चलितवृत्त के एक वार घूम जाने से जो वक्र का अवयव और तत्सम्बन्धी श्रुतियों से उत्पन्न क्षेत्र का फल $= \frac{(अ+२क)\,क\,(अ+क)\pi}{अ}$।

यहां पर दोनों श्रुतियाँ स्थिरवृत्त के व्यासार्द्ध = अ है और तदन्तर्गत स्थिरवृत्त का चाप चलितवृत्त के परिधि २कπ तुल्य है इस लिये उस वृत्तखण्ड का फल = अकπ इस को ऊपर के फल में घटा देने से स्थिरवृत्त के परिधि और वक्र चाप से उत्पन्न फल

$$= \frac{(अ+२क)\,क\,(अ+क)\pi}{अ} - अकπ$$

$$= \frac{क(अ^२ + ३अक + २क^२)\pi - अ^२कπ}{अ} = \frac{\pi क^२}{अ}(३अ + २क)$$

इसी तरह से अतिचक्रालद में यदि अ/क तो क का चिह्न बदल देने से फल $\frac{\pi क^२}{अ}(३अ - २क)$ यह होगा।

१३०। एक वक्र का फ$\left(\frac{य}{अ}, \frac{र}{क}\right)$ = ग · · · · (१) यह समीकरण और दूसरे वक्र का फ(य,र) = ग यह समीकरण है इस को (२) कहो अब इन दोनों वक्रों के किसी साजात्य अवयव के फलों का सम्बन्ध जानना है।

(१) में यदि $\frac{य}{अ} = य'$ और $\frac{र}{क} = र'$ तो (१) में

ताय = अताय' इस लिये (२) का फल = $\int र' ताय' = \int \frac{र}{क} \cdot \frac{ताय}{अ} = \frac{१}{अक} \int रताय$

अर्थात् (२) का फल $= \frac{१}{अक} \times$ (१) का फल

इस लिये अक × (२) का फल = (१) का फल।

जैसे (१) दीर्घवृत्त में यदि केन्द्र को मूल विन्दु मानो तो

$$\frac{य^२}{अ^२} + \frac{र^२}{क^२} = १ \cdot \cdot \cdot \cdot \cdot (१)$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

और वृत्त में $य^२ + र^२ = १$ (ज़िस का व्यासार्द्ध = १ है) · · · (२)

इस लिये (२) का फल × अक = (१) का फल

अर्थात् (१) का समग्र फल = (२) का समग्र फल × अक = अकπ

$= \frac{अ}{क} अ^२\pi$ यही पहले १०४ प्रक्रम में भी उत्पन्न हुआ था

(२) अतिपरवलय में $\frac{य^२}{अ^२} - \frac{र^२}{क^२} = १$ · · · · (१)

और समातिपरवलय में $य^२ — र^२ = १$ · · · · (२)

इस लिये (२) का फल × अक = (१) का फल।

(३) जिस वक्र का $\left[\frac{य^२}{अ^२} + \frac{र^२}{क^२}\right]^२ = \frac{य^२}{त^२} + \frac{र^२}{म^२}$ यह समीकरण है उस के फल को जानना है। इस में यदि $य = अय'$ और $र = कर'$ तो वक्र के समीकरण का रूपान्तर $(य'^२ + र'^२)^२ = \frac{अ^२य'^२}{त^२} + \frac{क^२र'^२}{म^२}$ · · · · · (२)

अब इस के फल को अक से गुण देने से अभीष्ट वक्र का फल ऊपर की युक्ति से हो जायगा।

(२) के फल जानने के लिये इस का अक्षीय समीकरण बनावो तो

$श्रु^४ = \frac{अ^२य'^२}{त^२} + \frac{क^२र'^२}{म^२}$, $श्रु^२$ का भाग दे देने से

$श्रु^२ = \frac{अ^२कोज्या^२ष}{त^२} + \frac{क^२ज्या^२ष}{म^२}$

इस लिये फल $= \frac{१}{२} \int श्रु^२ ताष = \frac{१}{२}\int \frac{अ^२कोज्या^२ष}{त^२} ताष + \frac{१}{२}\int \frac{क^२ज्या^२ष}{म^२} ताष$

$= \frac{अ^२}{२त^२}\int \frac{१ + कोज्या२ष}{२} ताष + \frac{क^२}{२म^२}\int \frac{१ — कोज्या२ष}{२} ताष$

$= \frac{अ^२}{२त^२}\int (\frac{ष}{२} + \frac{ज्या२ष}{४}) + \frac{क^२}{२म^२}(\frac{ष}{२} - \frac{ज्या२ष}{४})$

ष का मान ० और $\frac{\pi}{२}$ मानने से

चतुर्थांश फल $= \frac{अ^२}{२त^२}\frac{\pi}{४} + \frac{क^२}{२म^२}\frac{\pi}{४}$, इस को ४ गुना कर देने से समग्र फल $= \frac{\pi}{२}\left[\frac{अ^२}{त^२} + \frac{क^२}{म^२}\right]$ और इस को अक से गुण देने से अभीष्ट वक्र

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

का समग्र फल $= \frac{\text{अ क ग}}{२}\left[\frac{\text{अ}^२}{\text{त}^२} + \frac{\text{क}^२}{\text{म}^२}\right]$

ऊपर के सिद्धान्त अर्थात् $\text{फ}\left(\frac{\text{य}\ \text{र}}{\text{अ}\ \text{क}}\right) = \text{ग}$। $\text{फ}(\text{य},\text{र}) = \text{ग}$ इस में यदि अ = क तो (१) का फल $= \text{अ}^२ \times$ (२) का फल ऐसा होगा अर्थात् दोनों वक्र सजातीय होंगे और (२) के फल को $\text{अ}^२$ से गुण देने से (१) का फल होगा। देखो ऐसे दो वक्रों में सजातीय भुज वा कोटि में अ:१ का सम्बन्ध रहेगा और फल में $\text{अ}^२$:१ इस का सम्बन्ध। इस लिये रेखा-गणित से जैसा सजातीय ऋजुबहुभुज क्षेत्रों में धर्म्म सिद्ध होता है वैसा ही ऊपर की युक्ति से सजातीय वक्रों में भी सिद्ध हुआ।

१३१। वक्र चाप और वक्र के अवलूत चाप से बने क्षेत्र का फलानयन। ९६ प्रक्रम के (१) और (२) क्षेत्र में $\text{व}_१\text{व}$ को तनिक सा उठावो तो दूसरा वक्र-जातीयव्यासार्द्ध का मान होगा दोनों को बहुत पास होने से यदि तुल्य मानो और $\text{व}_१$ के पास ही चलित विन्दु मानो और इन दोनों व्यासार्द्धों से उत्पन्न कोण का मान $\text{ब}_१$ मान लो तो स्वल्पान्तर से दोनों व्यासार्द्ध, और वक्र का चाप इन से बने वृत्तखण्ड का फल $\triangle$ आ $= \frac{१}{२}\ \text{वव}_१^२ \triangle \text{ब}_१$

और $\frac{\triangle \text{आ}}{\triangle \text{ब}_१} = \frac{१}{२}\ \text{वव}_१^२$ अब इस में $\triangle \text{ब}_१ = ०$ मानो तो ठीक ठीक $\frac{\text{ताआ}}{\text{ताब}_१}$ $= \frac{१}{२}\ \text{वव}_१^२$ यह अभीष्ट क्षेत्र के फल का तात्कालिक सम्बन्ध $\text{ताब}_१$ के वश से उत्पन्न हुआ।

यहाँ यदि आ को अवलूत का चाप, वक्र का चाप, और दो वक्रजातीय-व्यासार्द्ध इन से बने क्षेत्रका क्षेत्रफल समझो और दोनों वक्रजातीयव्यासार्द्ध सम्बन्धी $\text{ब}_१$ का मान $\text{ब}_२$, $\text{ब}_३$ मान लो तो

$$\text{आ} = \frac{१}{२}\int_{\text{ब}_२}^{\text{ब}_३} \text{ववब}_१^२ \text{ताब}_१ \text{ यह होगा}$$

यहाँ $\text{ववब}_१$ वक्रजातीयव्यासार्द्ध के स्थान में $\text{वि} = \frac{\text{ताचा}}{\text{ताब}_१}$ (चलन-कलन के १७१वें प्रक्रम से) इस का उत्थापन दे दें तो

$$\text{आ} = \frac{१}{२}\int \text{वि ताधा} = \frac{१}{२}\int \text{वि}\frac{\text{ताचा}}{\text{ताय}} \text{ताय ऐसा होगा}$$

१३२। कातन्वली उसका अवलूत और वक्रजातीय दो व्यासार्द्ध इन से बने क्षेत्र का फलानयन।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यहाँ चा = ग· स्पव$_१$ (९४ प्रक्रम से)

इस लिये $\frac{\text{ताचा}}{\text{ताव}_१}$ = वि = ग छे^{२}व$_१$

और $\text{आ} = \frac{१}{२}\int_{व_२}^{व_३} \text{वि}^२\text{ता}\, व_१ = \frac{१}{२}\int_{व_२}^{व_३} \text{ग}^२\text{छे}^४\, व_१\, \text{ताव}_१$

$= \frac{\text{ग}^२}{२}\int_{व_२}^{व_३} \text{छे}^४\, व_१\, \text{ताव}_१$

यहाँ $\int \text{छे}^४\, व_१\, \text{ताव}_१ = \text{स्पव}_१ + \frac{१}{३}\,\text{स्प}^३व_१ + \text{स्थि}$

इस पर से व$_३$, व$_२$ का इष्टमान मानने से अभीष्ट क्षेत्र का फल जान सकते हो ।

१३३। वक्र के प्रतिविन्दु सम्बन्धि स्पर्शरेखाओं के ऊपर कोई स्थिर विन्दु से (जो कि उसी धरातल में है जिस में कि वक्र है) लम्ब डालें और इन लम्बमूलों में लगाकर एक वक्र रेखा कर दें तो इस वक्र को पहले वक्र का पाददल कहते हैं ।

जिस स्थिरविन्दु से लम्ब डाले गये हैं इसको पाददल का मूलविन्दु कहते हैं और जिस वक्र का पाददल वक्र बनावोगे उसे पाददल का मूलवक्र कहते हैं ।

१३४। पिछले प्रक्रमों से स्पष्ट है कि मूलविन्दु से पाददल के मूलवक्र के कोई दो स्पर्शरेखाओं पर दो लम्ब डाले जायँ तो पाददल का चाप और इन दोनों लम्बों से बने क्षेत्र का फल = $\frac{१}{२}\int$ ल^{२}ताष (जहाँ कोई नियत रेखा और लम्ब से उत्पन्न कोण = ष है) क्योंकि पाददल में मूल वक्र के स्पर्शरेखा पर जो मूलविन्दु से लम्ब डाला जायगा वह लम्बही श्रुति होगी ।

कल्पना करो कि अ, अ$'$ दो मूलविन्दुओं से दो पाददल एकही मूलवक्र से बने हैं । और मूलवक्र के किसी दो स्पर्शरेखा पर दोनों मूलविन्दुओं से ल, ल$'$ लम्ब डाले गये हैं । नियतरेखा समानान्तर है । अ मूलविन्दु से अ$'$ की श्रुति, श्रु और श्रु$'$ और नियतरेखा से उत्पन्न कोण ष$_१$ है तो ष के दो मानों के भीतर पहले पाददल का फल = आ = $\frac{१}{२}\int$ ल^{२}ताष, और ष के उन्हीं दो मानों के भीतर दूसरे पाददल का फल = आ$'$ = $\frac{१}{२}\int$ ल$'^२$ताष

परन्तु ल$'$ = ल—श्रु कोज्या (ष—ष$_१$)

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

इस लिये $ल'^{२} = ल^{२} + २लश्रु$ कोज्या $(ष—ष_{१}) + श्रु^{२}$कोज्या$^{२}(ष-ष_{१})$

इस लिये $आ' = \frac{१}{२}\int ल^{२}$ताष$-\int$श्रुलकोज्या $(ष-ष_{१})$ताष

$= \frac{१}{२}\int श्रु^{२}$ कोज्या^{२} $(ष-ष_{१})$ताष

$=$ आ$-\int$लश्रुकोज्या $(ष—ष_{१})$ताष $+ \frac{१}{२}\int श्रु^{२}$ कोज्या$^{२}(ष—ष_{१})$ ताष

$=$ आ$-\int$लश्रु (कोज्याष कोज्या$ष_{१}$ + ज्याष ज्या$ष_{१}$) ताष

$+ \frac{१}{२}\int श्रु^{२}$ (कोज्याष कोज्या$ष_{१}$ + ज्याष ज्या$ष_{१})^{२}$ताष

$=$ आ$-\int$ल(यकोज्या$ष_{१}$ + रज्याष) ताष

$+ \frac{१}{२}\int$ (य^{२}कोज्या^{२}ष + यरज्या२ष + र^{२}ज्या^{२}ष) ताष

यदि य $=$ श्रुकोज्या$ष_{१}$। र $=$ श्रुज्या$ष_{१}$ . . . . . (१)

(१) में $\int$लकोज्याषताष $=$ च, $\int$लज्याषताष $=$ ज

$\frac{१}{२}$ कोज्या^{२}ष ताष $=$ त, $\frac{१}{२}\int$ ज्या^{२}षताष $=$ न, $\frac{१}{२}\int$ ज्याषकोज्याषताष $=$ म

इन का उत्थापन दे देवो जहाँ सर्वत्र ष की दोनों सीमायें एकही हैं तो आ$'$ $=$ आ$-$(चय + जर) + तय^{२} + २मयर + नर^{२} . . . . . (२)

१३५। कल्पना करो कि किसी वक्र का अय^{२} + कयर + गर^{२} + घय + चर + फ $=$ ० यह समीकरण है। इच्छा है कि यह पता लगावें कि यह कौन सा वक्र है।

यदि यह वक्र मूलविन्दु में भी गया होगा तो स्पष्ट है कि फ $=$ ०। कल्पना करो कि मूलविन्दु में नहीं गया है तब फ का दोनों पक्षों में भाग देने से लब्धिओं को क्रम से अ$'$, क$'$ इत्यादि मान लेने से ऊपर के समीकरण का रूप

अ$'$ य^{२} + क$'$ यर + ग$'$र^{२} + घ$'$य च$'$र + १ $=$ ०

जिस विन्दु का वक्र के मूलविन्दु से त,द भुज कोटि हैं उसको मूलविन्दु मानने से वक्र का भु $=$ य $=$ य$'$ + त, र $=$ र$'$ + द इनका उत्थापन

अय^{२} + कयर + गर^{२} + घय + चर + फ $=$ ० . . . . . (१)

इस में देने से

अ(य$'^{२}$ + २तय$'$ + त^{२}) + क (य$'$र$'$ + य$'$द + र$'$त + तद) + ग (र$'^{२}$ + २र$'$द + द^{२})
+ घय + घत + चर$'$ + चद + फ

$=$ अय$'^{२}$ + २तअय$'$ + अत^{२} + कय$'$र$'$ + कदय$'$ + कत$'$ + कतद + गर$'^{२}$ + २गदर$'$
+ गद$'^{२}$ + घय$'$ + घत + चर$'$ + चद + फ

$=$ अय$'^{२}$ + कय$'$र$'$ + गर$'^{२}$ + (२तअ + कद + घ)य$'$ + (२गद + कत + च)र$'$ + फ$'$ $=$ ०...(२)

जहाँ फ$'$ $=$ अत^{२} + कतद + घत + चद + फ, ... (३)

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

कल्पना करो कि इस में सम्भव है कि त, और द के ऐसे मान हैं कि $य'$ $र'$ के गुणक शून्य के तुल्य होते हैं तो

$२तअ + कद + घ = ०$ और $२गद + कत + च = ०$

इन परसे $त = \frac{२गघ - कच}{क^२ - ४अग}$, और $द = \frac{२अग - कघ}{क^२ - ४अग}$

इस लिये निश्चय हुआ कि यदि $क^२ - ४अग$ यह शून्य के तुल्य न हो तो त, द का मान ऐसा मान सकते हैं जिस पर से $य'$, $र'$ के गुणक शून्य हों। पहले मानो कि $क^२ - ४अग$ यह शून्य नहीं है तो त, द के मान भी सान्त होंगे। और तब (२) का रूप $अय'^२ + कयर' + गर'^२ + फ' = ०$ . . . . . (४)

अब यह (४) समीकरण दिखलाता है कि धन, $य_१$, $र_१$ के वा, ऋण $य_१$, $र_१$ के मान में फल एक ही होगा इस लिये (१) समीकरण के वक्र का दूसरा मूलविन्दु (जिस का भु = त, को = द प्रथम मूलविन्दु के अभिप्राय से है) केन्द्र होगा।

त, द के मान का उत्थापन (३) में देने से

$फ' = फ + \frac{गघ^२ + अग^२ + कगघ}{क^२ - ४अग}$ ऐसा होगा।

(४) में स्वर चिह्न उड़ा देने से

$अय^२ + कयर + गर^२ + फ = ०$, ... (५)

इस में कल्पना करो कि मूल विन्दु तो वही है परन्तु य अक्ष नया पहले य अक्ष से ष तुल्य कोण बनाने वाली रेखा को माना और इस पर मूल विन्दु पर जो रेखा लम्ब होगी वह नया र अक्ष माना तो इन अक्ष सम्बन्धी भुज = $य'$, को = $र'$ तो पहले अक्ष सम्बन्धी

$य = य'कोज्याष - र'ज्याष$, $र = य'ज्याष + र'कोज्याष$, इन का उत्थापन (५) वें में देने से

$य^२(अकोज्या^२ष + गज्या^२ष + कज्याषकोज्याष)$

$+ र'^२(अज्या^२ष + गकोज्या^२ष - कज्याषकोज्याष)$

$+ य'र' \{ २(ग - अ)ज्याषकोज्याष + क(कोज्या^२ष - ज्या^२ष \} + फ' = ०$, ...(६)

मान लो कि $य'र'$ का गुणक शून्य है तो

$२(ग - अ)ज्याषकोज्याष + क(कोज्या^२ष - ज्या^२ष) = ०$

$= (ग - अ)ज्या२ष + ककोज्या२ष$

इस लिये $स्प२ष = \frac{क}{अ - ग}$, ... ॥

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(७)वाँ दिखलाता है कि सर्वदा ष का मान ऐसा मान सकते हैं जिस में यं रं का गुणक शून्य हो। यं रं के गुणक को शून्य करने से (६) वें का रूप

यं^{२} (अकोज्या^{२}ष + गज्या^{२}ष + कज्याषकोज्याष)

+ रं^{२}(अज्या^{२}ष + गकोज्या^{२}ष—कज्याषकोज्याष) + फं

= आयं^{२} + कारं^{२} + फं = ०, ... (८)

जहाँ आ = $\frac{१}{२}$ { अ + ग + (अ—ग)कोज्या२ष + कज्या२ष }

का = $\frac{१}{२}$ { अ + ग—(अ—ग) कोज्या२ष—कज्या२ष }

परन्तु स्प२ष = $\frac{क}{अ-ग}$ ∴ कोज्या२ष = $\frac{अ—ग}{\sqrt{\{क^{२}+(अ-ग)^{२}\}}}$

और ज्या२ष = $\frac{क}{\sqrt{\{क^{२}+(अ—ग)^{२}\}}}$ इन का उत्थापन देने से

आ = $\frac{१}{२}$[अ + ग + $\sqrt{\{क^{२}+(अ-ग)^{२}\}}$]

का = $\frac{१}{२}$[अ + ग—$\sqrt{\{क^{२}+(अ-ग)^{२}\}}$]

यं रं के स्वर चिह्न को उड़ा देने से और फं का भाग देकर पक्षान्तरानयन से (८) वें का रूप — $\frac{आ}{फं}$ य^{२} — $\frac{का}{फं}$ र^{२} = १ यह समीकरण दिखलाता है कि यदि

(१) आ, का, फं एक ही चिह्न के होंगे तो वक्र असम्भव होगा।

(२) यदि आ, का एक ही चिह्न के हों और उस से विरुद्ध चिह्न फं का हो तो वक्र दीर्घवृत्त होगा जिस के व्यासार्द्ध क्रम से $\sqrt{(-\frac{फं}{आ})}$, $\sqrt{(-\frac{फं}{का})}$ हैं।

(३) यदि आ, का विजातीय चिह्न के हों तो वक्र अतिपरवलय होगा।

(४) यदि आ = का और एक चिह्न के हों और उन से विजातीय फं हो तो वक्र वृत्त होगा।

(५) यदि फं = ० तो (८) वें समीकरण पर से आयं^{२} + कारं^{२} = ० इस लिये वक्र मूलविन्दुरूप होगा यदि आ, का एक ही चिह्न के हों और यदि भिन्न चिह्न के हों तो वक्र दो सरलरेखा रूप होगा जिन का समीकरण र = ±$\sqrt{(-\frac{आ}{का})}$ य यह होगा।

ऊपर जो आ, का का मान ले आये हैं उन का यदि घात करो तो

आ × का = $\frac{(अ+ग)^{२}—क^{२}-(अ-ग)^{२}}{४}$ = $\frac{४अग-क^{२}}{४}$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

इस लिये यदि आ, का भिन्न भिन्न चिह्न के होंगे तो ४अग – क^2 यह ऋणात्मक होगा अन्यथा धन होगा।

इस लिये यदि वक्र असम्भव और विन्दुरूप न हो और वृत्त को भी एक प्रकार का दीर्घवृत्त ही समझें जिस का कि दोनों व्यासार्द्ध तुल्य हैं तो कह सकते हैं कि यदि ४अग–क^2 यह धनात्मक हो तो वक्र दीर्घवृत्त होगा यह सिद्धान्त हुआ। इस में ४अग – क^2 यह जब शून्य के तुल्य होगा तब त, और द के मान अनन्त होंगे इस स्थिति में वक्र का केन्द्र अनन्त दूर पर होगा अर्थात् वक्र परवलय ठहरेगा। इस में और भी अनेक विचार और सिद्धान्त हैं जिन का वर्णन करना चलराशिकलन में व्यर्थ है।

१३६। १३४ प्रक्रम (२) समीकरण में यदि पक्षान्तरानयन करो तो तय^2 + २मयर + नर^2 – चय – जर – (आ' – आ) = ० ऐसा होगा।

इस की यदि १३५ प्रक्रम के (१) समीकरण के साथ तुलना करो तो

अ = त, २म = क, ग = न, घ = —च, च = —ज, फ = —आ'—आ ऐसा होगा। इस लिये

४अग—क^2 = ४तन—४म^2 = ४ (तन—म^2)

= (∫कोज्या^{2}षताष) (∫ज्या^{2}षताष)—(∫ज्याषकोज्याषताष)^2

परन्तु यहाँ दहना पक्ष चतुर्थाध्याय के १९ वें प्रश्न से धनात्मक होगा इस लिये उन पाददलों के मूलविन्दु सब एक दीर्घवृत्त के परिधि में होंगे जो मूलवक्र के नियत दो स्पर्शरेखान्तर्गत लम्ब और अपने चाप से तुल्य फल बनाते हैं। यदि इस दीर्घ वृत्त के भुज कोटि को इस के केन्द्र से गणना करें तो ऊपर के प्रक्रम की युक्ति से य, और र के गुणक शून्य होंगे अर्थात् च = ०, और ज = ०। इस लिये अनुमान कर सकते हो कि कोई पाददल का मूलविन्दु ऐसा भी होगा जिसमें च = ०, ज = ०। कल्पना करो कि अ के बदले इस को प्रथम मूलविन्दु माना तो १३४ प्रक्रम के (१) समीकरण से

आ' = आ + $\frac{१}{२}$∫श्रु^{2}कोज्या^{2} (प—प$_१$)ताष ऐसा होगा

यहाँ दहने पक्ष का दूसरा खण्ड सर्वदा धनात्मक है इस लिये आ' का मान आ से सर्वदा अधिक होगा। इस पर से यह सिद्ध होता है कि जिस पाददल के मूलविन्दु से च = ०, ज = ० हों उस का फल सब से छोटा होगा।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

१३७। निर्दिष्ट लम्बाई की गग' रेखा है इस का एक अग्र ग छोटे वक्र की परिधि पर और दूसरा अग्र बड़े वक्र की परिधि पर घूमता है इस लिये इस तरह से गग' रेखा के घूमने से गग' रेखास्थ व विन्दु भी किसी वक्र में घूमेगा। इच्छा है कि इस ब विन्दु के वक्र का फल ग और ग' विन्दु के वक्रों के फलों से जानें।



कल्पना करो कि गव = ग, वग' = ग' और कोई परस्पर लम्बरूप अक्षों के वश से य$_१$, र$_१$, य, र और य$_२$, र$_२$ क्रम से ग, व, और ग' के भुज कोटि हैं। गग' रेखा और र अक्ष से उत्पन्न कोण ष समझो तो चलनकलन के ११ वें अध्याय से।

य$_१$ = य—गज्याष, र$_१$ = र—गकोज्याष।

य$_२$ = य + ग'ज्याष, र$_२$ = र + गकोज्याष।

इस लिये ताय$_१$ = ताय—गकोज्याषताष

और र$_१$ ताय$_१$ = (र—गकोज्याष) (ताय—गकोज्याषताष)

= रताय—गकोज्याष (रताष + ताय) + ग^२ कोज्या^{२}षताष

इसी तरह र$_२$ताय$_२$ = रताय + ग'कोज्याष (रताष + ताय) + ग'^{२}कोज्या^{२}षताष

पहले को ग' और दूसरे को ग से गुण कर जोड़ देने से

ग'र$_१$ताय$_१$ + गर$_२$ ताग$_२$ = (ग + ग') रताय + (ग + ग') गग' कोज्या^{२}षताष

∴ ग' ∫ र$_१$ ताय$_१$ + ग ∫ र$_२$ ताय$_२$ = (ग + ग') ∫ रताय

+ (ग + ग') गग' ∫ कोज्या^{२}षताष

$$= (ग + ग') \int रताय + (ग + ग') गग' \int \frac{१ + कोज्या२ष}{२} ताष$$

$$= (ग + ग') \int रताय + (ग + ग') गग' \left(\frac{ष}{२} + \frac{ज्या२ष}{४}\right)$$

यदि गग' रेखा एक वार पूरा भ्रमण कर फिर अपने स्थान पर पहुंचे तो स्पष्ट है कि ष, ० और २ π के बीच होगा, इस लिये सान्तचलानयन से

ग' (गा) + ग (गा') = (ग + ग') (वा) + (ग + ग') गग' π

$$= \frac{ग' (गा) + ग (गा')}{ग \times ग'} = (वा) + π गग', \text{ यहाँ (गा), (बा), (गा'), क्रम से ग, ब, ग'}$$

विन्दुसम्बन्धि वक्रों के सम्पूर्ण फल हैं।

यदि ग, ग' रेखा के अग्र एकही वक्र की परिधि पर घूमें तो (गा) = (गा')

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(गा) = (वा) + πगग' और (गा)—(वा) = πगग' इसलिये वक्र की परिधि और ब विन्दूत्पन्न वक्र की परिधि के बीच जो क्षेत्र होगा उस का फल πगग' यह होगा।

ग, ग' विन्दु, घूमने के बदले झूल कर उलटा झलुअे के ऐसा यदि फिर पीछे से अपने स्थान पर पहुँचे तो स्पष्ट है कि (गा') = ०, (गा') = ० इसलिये (वा) = $-\pi$गग'। ऋण चिह्न दिखलाता है कि जिधर गग' रेखा घूमती है उस से विरुद्ध दिशा से फल उत्पन्न हुआ है। यदि घूमने के बदले गग' रेखा ही आगे पीछे चले तो (वा) = ० इस से सिद्ध होता है कि व विन्दु से दो तुल्य फन्दे के ऐसे वक्र होंगे जिन में एक धनात्मक दूसरा इस से उलटा ऋणात्मक होगा।

१३८। जिन वक्रों में भुज का कौन फल कोटि है इस का ज्ञान न हो वा $\int$ र ताय इस के मान का ठीक ठीक पता न लगे वहाँ स्वल्पान्तर से भुज का अनेक समान खण्ड कर प्रति भागों पर लम्ब खड़ा करने से अनेक पास पास में दो दो कोटि और तदन्तर्गत भुजखण्ड और वक्र की पूर्णज्या से समलम्ब चतुर्भुज बनाकर पृथक् पृथक् फल साधन कर सब का योग करो तो वक्रक्षेत्र का आसन्न फल होगा। (५)वें प्रक्रम से स्पष्ट है कि भुज का जितनाही अधिक विभाग करोगे उतनाही सूक्ष्म फल होगा।

(१) कल्पना करो कि भुज का न खण्ड जो समान कर डाला उसका मान = च और कोटियों का मान $र_०, र_१, र_२, र_३, \cdots\cdots र_न$,

तो स्पष्ट है कि जितने समलम्बचतुर्भुज होंगे सभों में आद्यन्त कोटियों को छोड़ और सब कोटियाँ एक वार आधार दूसरे वार मुख होंगी और लम्ब सर्वत्र च यही रहेगा।

इस लिये $र_०, र_न$ दो कोटि, तदन्तर्गत भुजान्तर, और वक्र का चाप इन से बने क्षेत्र का आसन्न फल = $च\left\{\frac{र_० + र_न}{२} + र_१ + र_२ + र_३ + \cdots\cdots र_{न-१}\right\}$ यह होगा।

इस पर से यह फल जानने के लिये क्रिया उत्पन्न होती है कि आद्यन्त कोटि के योगार्द्ध में और बीचवाली सब कोटियों को जोड़ दो योग को भुजखण्ड च से गुणदेने से वक्र का स्वल्पान्तर से फल होगा।

(२) कल्पना करो कि एक ऐसा परवलय है जिसका मूलविन्दु $र_१$ कोटि का मूल, और समीकरण $र = अ + कय + गय^२$ यह है और यह, वक्र

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

के $र_0$, $र_1$, $र_2$,कोट्यग्र पर होके जाता है तो $र_0 = अ — कच + गच^2$, $र_1 = अ$, $र_2 = अ + कच + गच^2$

और पहली और तीसरी कोटि के बीच फल $= \int_{-च}^{च} (अ + कय + गय^2) ताय$

$$= २ च \left(अ + ग \frac{च^2}{३} \right)$$

परन्तु $र_0 + र_2 = २र_1 + २गच^2$ इस लिये

$$फल = \frac{च}{३} \{ र_0 + ४र_1 + र_2 \}$$

अब समझो कि न का मान सम है अर्थात् $र_0$, $र_न$ कोटि के बीच भुजान्तर का सम विभाग किया है तो ऊपर की युक्ति से तीन तीन कोट्यग्र पर गये हुए परवलयों के फल

$\frac{च}{३} \{ र_2 + ४र_3 + र_4 \}$, $\frac{च}{३} \{ र_4 + ४र_5 + र_6 \}$, $\frac{च}{३} \{ र_6 + ४र_7 + र_8 \}$ ...इत्यादि होंगे

इस लिये इन सब फलों का योग

$$\frac{च}{३} \{ र_0 + र_न + ४(र_1 + र_3 + र_5 + \cdots) + २(र_2 + र_4 + र_6 + \cdots) \}$$

यह स्वल्पान्तर से वक्र का फल हुआ।

इस पर से यह क्रिया उत्पन्न होती है कि $र_0$, $र_न$ के बीच य अक्ष का समान भाग कर कोटियों का मान जानलो फिर आद्यन्त कोटियों के योग में चौगुना अवशिष्ट विषम कोटियों का योग और दूना बाकी कोटियों का योग मिला कर तीन से भाग देदो लब्धि को च से अर्थात् दो कोटियों के बीच के अन्तर से गुण दो तो गुणनफल स्वल्पान्तर से वक्र का फल होगा।

इस रीति को सिम्पशन ने सन् १७४३ में निकाला है इसी लिये इसे सिम्पशन की रीति (Simpson's Rule) कहते हैं (See Simpson's mathematical Dissertations 1743, page 109)

इस के लिये एक उदाहरण दिखाते हैं। कल्पना करो कि जिस वक्र का $र = \frac{१}{१ + य^2}$ यह समीकरण है उस का फल सिम्पशन की रीति से जानना है $र_0 = १$, $र_न = \frac{१}{२}$ इस के बीच में।

यहाँ $र_0 = १$ तब $य = ०$, और $र_न = \frac{१}{२}$, तब $य = १$, मानो कि $न = १०$

इस लिये $च = \frac{१}{१०} = ·१$, और

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$r_1 = \frac{१}{१·०१} = ·९९००९९०१$, $r_2 = \frac{१}{१·०४} = ·९६१५३८४५$

$r_3 = \frac{१}{१·०९} = ·९१७४३११९$, $r_4 = \frac{१}{१·१६} = ८६२०६८९६$, $r_5 = \frac{१}{१·२५} = ·८०००००००$

$r_6 = \frac{१}{१·३६} = ·७३५२९४१२$, $r_7 = \frac{१}{१·४९} = ·६७११४०९४$, $r_8 = \frac{१}{१·६४} = ·६०९७५६१०$

$r_9 = \frac{१}{१·८१} = ·५५२४८६१९$, $r_{10} = \frac{१}{१+१} = ·५०००००००$

	१·०००००००० ·५००००००० १·५००००००० ·९९००९९०१ ·९१७४३११९ ·८००००००० ·६७११४०९४ ·५५२४८६१९ ३·९३११५७३३ ४ १५·७२४६२९३२ ·९६१५३८४५ ·८६२०६८९६ ·७३५२९४१२ ·६०९७५६१० ३·१६८६४९१८ २ ६·३३७२९८३६ = २($r_2 + r_4 + r_6 + r_8$) १५·७२४६२९३२ = ४($r_1 + r_3 + r_5 + r_7 + r_9$) १·५०००००००० = $r_0 + r_{10}$ यो = २३·५६१९२७६८
इस लिये $r_0 + r_{11}$ =	
r_1 =	
r_3 =	
r_5 =	
r_7 =	
r_9 =	
सब का योग =	
४($r_1 + r_3 + r_5 + \cdots$) =	
r_2 =	
r_4 =	
r_6 =	
r_8 =	

$= r_0 + r_{10} + ४(r_1 + r_3 + r_5 + r_7 + r_9) + २(r_2 + r_4 + r_6 + r_8)$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

फल $= \frac{\text{च} \times \text{यो}}{३.} = ·७८५३९७५८९$ इस में यदि ६ स्थान तक ग्रहण करें तो ·७८५३९८ यह मान होगा

परन्तु $\frac{१}{१+\text{य}^२} = \text{र}$ इस वक्र का य के ० और १ के बीच मान में चलानयन की रीति से ठीक फल $\int_०^१ \frac{\text{ताय}}{१+\text{य}^२} = \frac{\pi}{४} = \frac{३·१४१५९२६५\cdots}{४} = ·७८५३९८\ldots$

यह हुआ इस लिये यदि यहाँ भी दशमलव का मान ६ स्थान तक लें तो सिम्पशन की रीति से बहुत ही ठीक ठीक फल आया यह प्रत्यक्ष देखने में आता है।

(३) प्रत्येक दो कोटियों के बीच में जो भुजान्तर च माना है उसे २ ज के तुल्य मानें और कल्पना करें कि एक प्रकार के परवलय का $\text{र} = \text{अ} + \text{कय} + \text{गय}^२ + \text{घय}^३$ यह समीकरण है जो कि $\text{र}_०, \text{र}_१, \text{र}_२, \text{र}_३$ इन चार कोट्यग्र पर होकर जाता है और जिसका मूलविन्दु य अक्ष में $\text{र}_१, \text{र}_२$ कोटियों के बीच में है तो

$$\text{र}_० = \text{अ} - ३\,\text{कज} + ९\,\text{गज}^२ - २७\,\text{घज}^३$$
$$\text{र}_१ = \text{अ} - \text{कज} + \text{गज}^२ - \text{घज}^३$$
$$\text{र}_२ = \text{अ} + \text{कज} + \text{गज}^२ + \text{घज}^३$$
$$\text{र}_३ = \text{अ} + ३\,\text{कज} + ९\,\text{गज}^२ + २७\,\text{घज}^३$$

इस लिये $\text{र}_० + \text{र}_३ = २(\text{अ} + ९\,\text{गज}^२)$, $\text{र}_१ + \text{र}_२ = २\,(\text{अ} + \text{गज}^२)$

$$\therefore \text{अ} + ९\,\text{गज}^२ = \frac{\text{र}_० + \text{र}_३}{२} \quad \ldots\ldots\ldots\ldots \quad (१)$$

$$\text{अ} + \text{गज}^२ = \frac{\text{र}_१ + \text{र}_२}{२} \quad \ldots\ldots\ldots\ldots \quad (२)$$

$\text{अ} + ५\text{गज}^२ = \frac{\text{र}_० + \text{र}_३ + \text{र}_१ + \text{र}_२}{४}$। (१) और (२) को जोड़कर २का भाग देने से

इस लिये $२\text{अ} + ६\text{गज}^२ = \frac{\text{र}_० + \text{र}_३ + ३\text{र}_१ + ३\text{र}_२}{४} \quad \ldots\ldots \quad (३)$

परंतु परवलयका $\text{र}_०\text{र}_३$ कोटिसीमा से फल $= \int_{-३\text{ज}}^{३\text{ज}} (\text{अ} + \text{कय} + \text{गय}^२ + \text{घय}^३)\text{ताय}$

$= ३\text{ज}(२\text{अ} + ६\text{गज}^२) = \frac{३\text{ज}}{४}\{\text{र}_० + \text{र}_३ + ३(\text{र}_१ + \text{र}_२)\}$,ज के स्थान में $\frac{\text{च}}{२}$ का उत्थापन देने से फल $= \frac{३\text{च}}{८}\{\text{र}_० + \text{र}_३ + ३(\text{र}_१ + \text{र}_२)\}$

इसी तरह $\text{र}_३, \text{र}_५, \text{र}_५, \text{र}_६$ के अग्र पर गये परवलय का $\text{र}_३, \text{र}_६$ कोटि के बीच

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

में फल $\frac{३च}{८}\{र_३+र_६+३(र_७+र_५)\}$ इसी तरह चार चार कोट्यग्र पर गये हुए परवलयों के फल, $\frac{३च}{८}\{र_६+र_९+३(र_७+र_८)\}$,

$\frac{३च}{८}\{र_९+र_{१२}+३(र_{१०}+र_{११})\}$ इत्यादि होंगे। यदि अभीष्ट वक्र के फल को इन परवलयों के फल योग तुल्य स्वल्पान्तर से मान लो तो वक्र का फल

$=\frac{३च}{८}\{र_०+र_{न}+२(र_३+र_६+र_९+र_{१२}+\cdots)+३(र_१+र_२+र_४+र_५+\cdots)\}$

यह हुआ। इस पर से यह रीति उत्पन्न होती है कि आद्यन्त कोटि योग में $र_०$ के आगे तीसरी तीसरी कोटियों का दूना योग और बाकी कोटियों का तिगुना योग मिला दो। योग को च के $\frac{३}{८}$ से गुण देने से वक्र का फल हो जायगा।

इस को भी सिम्पशन की रीति कहते हैं परन्तु वास्तव में यह न्यूटन का निकाला हुआ है (See Opusula, method. Diff., Prop. 6 Scolium) ऊपर की रीतियों में कोटि की संख्या ज्यों ज्यों बढ़ाते जायंगे त्यों त्यों फल सूक्ष्म आवेगा।

१३९। किसी वक्र में सिद्ध है कि य = श्रु कोज्याष, र = श्रु ज्याष इस लिये

स्पष $=\frac{र}{य}$ और तास्पष $=\frac{\text{ताष}}{\text{कोज्या}^२\text{ष}}=\frac{\text{यतार}-\text{रताय}}{\text{य}^२}$।

इस लिये $\text{श्रु}^२\text{ताष}=\text{यतार}-\text{ताय}$

और $\frac{१}{२}\int \text{श्रु}^२\text{ताष}=\frac{१}{२}\int(\text{यतार}-\text{रताय})$

इस पर से सिद्ध होता है कि $\frac{१}{२}\int \text{श्रु}^२\text{ताष}$ इस के स्थान में

$\frac{१}{२}\int(\text{यतार}-\text{रताय})$ इस को लेकर भी उचित सीमाओं के भीतर फल साधन कर सकते हैं।

१४०। वक्र रेखा से घिरे हुए किसी क्षेत्र के फल जानने के लिये बुद्धिमानों ने यान्त्रिक विद्या के बल से यन्त्र बनाये हुए हैं इस यन्त्र को धरातलमापक (Planimeters) कहते हैं यह कई प्रकार के हैं उन में प्रोफेसर आमस्टलर (Porfessor Amstler of Schaffhausen) का सब से सहज और उत्तम है। इस में दो भुज ऐसे जुटे हुए हैं कि स्वतन्त्र एक धरातल में घुस सकते हैं। एक भुज के अग्र पर एक विन्दु स्थिर बनी हुई है जिस के चारो ओर यन्त्र फिरा

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

करता है इस लिये इस विन्दु को यन्त्र का केन्द्र कहते हैं। इस यन्त्र में एक पहिये के ऐसा चक्र भी लगा हुआ है जो दूसरे भुज में सटा हुआ इस भुज पर लम्बरूप फिरा करता है और उन वक्रों के क्षेत्रफल के मान भी इस में अङ्कित हैं जो कि दूसरे भुज किसी विन्दु के चलने से उत्पन्न होते हैं। इस चक्र की रचना से स्पष्ट है कि यह दूसरे भुज पर जो लम्ब है उस के गमनमान को केवल बताता है जिस के ज्ञान से वक्र का फल भी जान सकते हैं।

जिस वक्र का फल जानना हो उस की परिधि के एक विन्दु पर दूसरे भुज का क अग्र रक्खो फिर इस में लगे हुए चक्र को जो कि पहले दोनों भुजों के सम्पात विन्दु अ पर था क की ओर घसकाते और आगे बढ़ाते जाओ जिस में इस के साथ साथ गअ और अक भुज ऐसा घूमें कि क विन्दु अभीष्टवक्र की परिधि पर ही सर्वदा रहे इस प्रकार से जब वक्र के सब परिधि पर क विन्दु घूम कर फिर अपने पहले स्थान पर आवे उस समय चक्राङ्कित संख्या जो सामने में हो वही वक्र का फल समझना।



इस में पहले यह दिखलाते हैं कि सर्वदा अ विन्दु पर चक्र के स्थिर रहने से जो लम्ब के गमन का प्रमाण होगा वही चाहे अक में चक्र जहाँ रहे सर्वत्र होगा।

कल्पना करो कि चक्र का केन्द्र व विन्दु पर पहुँचा और जब अक की क विन्दु चल कर बहुत ही पास के क' विन्दु पर पहुँची उस समय यन्त्र के भुज गअ, अ'क' रूप हुए और तब चक्र का केन्द्र व' विन्दु पर पहुँचा। अक, अ'क' को बहुत ही पास पास समझो, अ और व विन्दु से अ'क' रेखा पर अन', वन लम्ब और अ विन्दु से अ'क' के समानान्तर अट रेखा खींचो तो अक, अ'क' के अत्यन्त पास होने के कारण अन' = ताचा = अ स्थान से लम्ब की गति, ∠वअट = ताष, और वन = ताचा' = व स्थान से लम्ब की गति, अब = ग, इस लिये

वन = ताचा' = वट + टन = ताचा + गताष

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अब, जब क वक्र की परिधि में घूमते घूमते फिर अपने पहले स्थान पर पहुँचे गा उस समय ताष, के जितने मान होंगे सब का योग धन ऋण के तुल्य होने से शून्य हो जायगा क्योंकि अक रेखा का एक ओर जितने झुकाव से चलना होगा फिर उतने ही झुकाव से विरुद्ध दिशा में चलना होगा। इस लिये वक्र के चारो ओर घूमने में यौ ताचा = यौ ताचा अर्थात् अ विन्दु पर चक्र के केन्द्र को स्थिर रखने से जो लम्ब के गमन का प्रमाण होगा वही अक रेखा में कहीं केन्द्र रहने से होगा।

अब कल्पना करो कि यन्त्र के केन्द्र अर्थात् प्रथम भुज के ग विन्दुगत लम्बरूप अक्ष युग्म के अभिप्राय से क के भुज = य, कोटि = र हैं, और अग = अ, अक = क, ∠अगय = ष, और कल्पना करो कि अक रेखा बढ़ाने से य अक्ष से $ष_१$ कोण बनाती है तो सरलत्रिकोणमिति से

$$य = अकोज्याष + ककोज्याष_१,\ र = अज्याष + कज्याष_१$$

इस लिये $ताय = —अज्याषताष—कज्याष_१ताष_१,$

$$तार = अकोज्याषताष + ककोज्याष_१ताष_१$$

और $यतार = अ^२कोज्या^२षताष + अककोज्याषकोज्याष_१ताष_१$

$+ अककोज्याषकोज्याष_१ताष + क^२कोज्या^२ष_१ताष_१$

$रताय = —अ^२ज्या^२षताष—अकज्याषज्याष_१ताष_१$

$—अकज्याषज्याष_१ ताष—क^२ज्या^२ष_१ताष_१$

इस लिये $यतार—रताय = अ^२ताष + अककोज्या(ष—ष_१)ताष_१$

$+ अककोज्या(ष—ष_१)ताष + क^२ताष_१$

$= अ^२ताष + अककोज्या(ष—ष_१)ता(ष + ष_१) + क^२ताष_१$

और $ताचा = अन' = अअ'ज्याअअ'न = अताषकोज्या(ष—ष_१)$

परन्तु $ष + ष_१ = २ष—(ष—ष_१)$

इस लिये $अककोज्या(ष—ष_१)ता(ष + ष_१)$

$= २अककोज्या(ष—ष_१)ताष—अककोज्या(ष—ष_१)ता(ष—ष_१)$

$= २कताचा—अककोज्या(ष—ष_१)ता(ष—ष_१)$

इस के उत्थापन से

$यतार—रताय = अ^२ताष + क^२ताष_१$

$+ २कताचा—अककोज्या(ष—ष_१)ता(ष—ष_१)$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

परन्तु १३९वें प्रक्रम से क विन्दु के भ्रमण से उत्पन्न निर्दिष्ट वक्र का फल $= \frac{1}{2}\int$(यतार—रताय) यह होगा।

अब निर्दिष्ट वक्र के परिधि पर क विन्दु के पूरा भ्रमण करने में कुछ आगे पीछे घसकते घसकते अक, अग फिर अपने पहले स्थान पर पहुँचेंगे इस लिये ऊपर की युक्ति से $\int$अ^{2}ताय, $\int$क^{2}ताय$_1$,

$\int$अककोज्या(ष—ष$_1$) ता(ष—ष$_1$) ये शून्य के तुल्य हो जायँगे इस लिये वक्र का पूरा फल $= \frac{1}{2}\int$(यतार—रताय) = क.$\int$ताचा = कचा

जहाँ चा लम्ब के गमन का प्रमाण है जो कि चक्र स्वयं बतलाता है। इस लिये चक्र में पहले ही से लम्ब के गमन के प्रमाण को क गुना कर अङ्कन कर डालें तो जो उस समय चक्र में अङ्कन की संख्या होगी वही वक्र का समग्र फल होगा।

अभ्यास के लिये प्रश्न

१। समातिपरवलय में जिसका य^2—र^2 = १ यह समीकरण है

यदि केन्द्राभिप्राय से भुज, श्रुति, वक्र का चाप, इन से उत्पन्न वक्रत्रिभुज का फल = स हो तो सिद्ध करो कि

$$\text{य} = \frac{\text{इ}^{\text{स}} + \text{इ}^{-\text{स}}}{2} \text{ और र} = \frac{\text{इ}^{\text{स}} - \text{इ}^{-\text{स}}}{2}$$

२। जिस वक्र का अ^{2}र^3 = य^3 (२ अ–य) यह समीकरण है उसका सम्पूर्ण फल क्या होगा। उ० πअ^2

३। जिस वक्र का य^3 = र^2 (अ—य) यह समीकरण है उसके चाप और असीमपथ और य अक्ष से बने क्षेत्र का फल बताओ। उ० $\frac{3}{8}\pi$ अ^2

४। जिस वक्र का अ^{3}र^5 = य^8 (क + य) यह समीकरण है उसकी आकृति नीचे लिखी हुई है इसमें अ क ग घ अ फन्दे का फल बताओ।



उ० $\frac{8\text{क}^{\frac{7}{2}}}{3.5.7\text{अ}^{\frac{3}{2}}}$

५। 

इस वक्र में अक = अ,

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अग = क और इस का समीकरण ग $र^२ = (य—अ)(य—क)^२$ यह है। ग क के बीच जो फन्दा है उस का फल बताओ। उ० $\frac{८(क—अ)^{\frac{५}{२}}}{३·५ग^{\frac{१}{२}}}$

६। $य र^३ = ४ अ^३ (२ अ—य)$ यह एक विटचरी (Witch) का समीकरण है इसके और ससीमपथ के बीच क्षेत्र का फल बताओ।

उ० $४ \pi अ^२$

७। जिस दीर्घवृत्त का $\frac{य^२}{अ^२} + \frac{र^२}{क^२} = १$ यह समीकरण है उसके अवलूत का सम्पूर्ण फल क्या होगा। उ० $\frac{३\pi(अ^२—क^२)^२}{८ अ क}$

८। सिद्ध करो कि जिसका अक्षीय समीकरण श्रुष = अ यह है उसके कोई दो श्रुति और चाप से बने क्षेत्रों के फलों में वही सम्बन्ध होगा जो उस काल की दो दो श्रुतियों के अन्तर में होगा।

९। $य^३ + र^३ = ३ अ य र$ इस समीकरण के वक्र में जो एक फन्दा होगा उसका क्या फल होगा। यहाँ अक्षीय समीकरण बनावो तो

$श्रु = \frac{३ अ कोज्याष ज्याष}{ज्या^३ष + कोज्या^३ष}$ ऐसा होगा फिर

$फल = \frac{९ अ^२}{२} \int_{०}^{\frac{\pi}{२}} \frac{ज्या^२ष कोज्या^२ष}{(ज्या^३ष + कोज्या^३ष)^२}$ ताष

इसके जानने के लिये मानो कि स्पष = च तो

इस का रूप $\frac{९ अ^२}{२} \int_{०}^{\infty} \frac{च^२ ता च}{(१ + च^३)^२} = \frac{३अ^२}{२}$

१०। सिद्ध करो कि जिस वक्र का $र(य^२ + अ^२) = ग^३ (अ—य)$ यह समीकरण है उसका फल य = ० से य = अ तक $ग^२(\frac{\pi}{४} — \frac{१}{२} ला २)$ यह है।

११। $र^३ = \frac{य^२(अ + य)}{अ—य}$ इस समीकरण के वक्र में जो फन्दा होगा उसका फल क्या होगा। उ० $२ अ^२(१— \frac{\pi}{४})$

१२। $श्रु^३ कोज्याष = अ^३ ज्या ३ष$ इस समीकरण के वक्र में एक फन्दे का फल बतावो। उ० $\frac{३अ^२}{४} - \frac{अ^२}{२} ला २$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

१३। यदि वक्र में श्रु = (कोज्या २ ष + ज्या २ ष) तो सम्पूर्ण फल क्या होगा। उ० π अ^२

१४। जिस वक्र का $(य^२ + र^२)^३ = ४\frac{अ^२}{क^२} - य^२ र^२$ यह समीकरण है उसके एक फन्दे का फल बतावो। उ० $\frac{\pi अ^२}{८ क^२}$

१५। जहाँ $(य^२ + र^२)^२ = ४अ^२य^२ + ४क^२ र^२$ ऐसा समीकरण है उस वक्र का सम्पूर्ण फल क्या होगा। उ० २π(अ^२ + क^२)

१६। जिस वक्र का $\frac{य^२}{अ^२} + \frac{र^२}{क^२} = \frac{१}{ग^२}\left[\frac{य^२}{अ^२} + \frac{र^२}{क^२}\right]^२$ यह समीकरण है उस का फल सम्पूर्ण क्या होगा उ० $\frac{\pi ग^२}{२अक}$(अ^२ + क^२)

(१३०) प्रक्रम का ३ उदाहरण देखो)

१७। जहाँ श्रु कोज्याष = अकोज्या २ ष उस वक्रके फन्दे का फल बतावो उ० $(२ - \frac{\pi}{२})अ^२$

१८। यदि अ > क तो श्रु = $\frac{अ^२}{\sqrt{(अ^२ - क^२ कोज्या^२ ष)}}$ + ककोज्याष इस समीकरण के वक्र का क्या फल होगा। उ० $\frac{\pi अ^२}{\sqrt{(अ^२ - क^२)}} + \frac{\pi क^२}{२}$

१९। दो श्रुति और कर्णच्छेद (Conchoid) के चाप से बने क्षेत्र के फल का मान बतावो। जहाँ कर्णच्छेद का श्रु = अ + क कोछेष यह समीकरण है।

२०। दीर्घवृत्त के केन्द्र से दो श्रुति जो दीर्घवृत्त के परिधिस्थ दो विन्दुओं तक खींची गई हैं उन से और दीर्घवृत्त के चाप से बने क्षेत्र का फल बतावो।

२१। परवलय का चाप और शिरःस्थान से दो श्रुति इन से बने क्षेत्र का फल कैसा होगा।

२२। यदि वक्र का समीकरण श्रु = अ(छेष + स्पष) और इस के असीमपथ का समीकरण श्रु कोज्याष = २ अ यह हो तो वक्र और असीमपथ के भीतर का क्षेत्रफल क्या होगा।

२४। सिद्ध करो कि श्रु = अ (१ + २ कोज्याष) इस समीकरण के वक्र का सम्पूर्ण फल अ^२ $\left[२\pi + \frac{३\sqrt{३}}{२}\right]$ यह और इस के भीतरी फन्दे का फल

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$अ^२ \left[\pi - \frac{३\sqrt{३}}{२} \right]$ यह होगा।

२५। लघुरिक्थिक सर्पिल में दो श्रुति और चाप से बने क्षेत्र का फल बतावो।

२६। यदि वक्र की श्रुति श्रु, मूलविन्दु से किसी स्पर्शरेखा पर पड़े लम्ब का मान ल और इस लम्ब और नियत रेखा से उत्पन्न कोण = ष, और सीमितवक्र का सम्पूर्ण फल स और इस के सीमित पाददल का सम्पूर्ण फल $स_१$ हो तो सिद्ध करो कि $२ स_१ = स + \frac{१}{३} \int श्रु^३$ ताष जहाँ वक्र और पाददल का एक ही मूलविन्दु है।

२७। सिद्ध करो कि पाददल का मूल स्थान दीर्घवृत्त के भीतर ही दीर्घवृत्त के केन्द्र से ग दूरी पर है उसका सम्पूर्ण फल $= \int (अ^२ + क^२ + ग^२)$ यह होगा।

२८। श्रु = अकोज्यानष + कज्यानष इस समीकरण के वक्र में एक फन्दे का फल बतावो। उ० $\frac{\pi}{न} (अ^२ + क^२)$

२९। $श्रु^२ = अ^२ कोज्यानष + क^२ ज्यानष$ इस समीकरण के वक्र में एक फन्दे का फल बतावो। उ० $\frac{\sqrt{(अ^४ + क^४)}}{न}$

३०। $अ^२ र^४ = य^४ (अ^२ - य^२)$ इस समीकरण के वक्र का सम्पूर्ण फल क्या होगा। उ० $\frac{८अ^२}{५}$

३१। अ = अकोज्यानष इस समीकरण के वक्र में एक फन्दे का फल बतावो। उ० $\frac{\pi अ^२}{न}$

३२। श्रु = अज्यानष इस समीकरण के वक्र में सब फन्दों का फल बतावो।

उ फल $= \begin{cases} \frac{\pi अ^२}{४} & \text{यदि न विषम} \\ \frac{\pi अ^२}{२} & \text{यदि न सम} \end{cases}$

३३। दीर्घवृत्त के एक नाभि से जितनी श्रुतियाँ हैं उन्हें अपनी सीध में बढ़ा

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

कर ग तुरंत काट उन पर एक वक्र रेखा कर दिया। इस से और दीर्घवृत्त की परिधि से उत्पन्न जो क्षेत्र हुआ उसका फल बतावो।

उत्तर $^{\pi}$ग (२क + ग)

जहाँ क = दीर्घवृत्त का लघुव्यासार्द्ध।

३४। $श्रु^{म} = अ^{म}$ कोज्यामष इस समीकरण के वक्र में एक फन्दे का फल यदि आ और वक्र के मूलविन्दु ही इस के पाददल की मूलविन्दु जहाँ है वैसे पाददल का सम्पूर्ण फल $आ_१$ तो सिद्ध करो कि

$$आ_१ = आ\left(१ + \frac{म}{२}\right)$$

३५। नाभि से जो परवलय में दो श्रुतियाँ हों उन से और परवलय के चाप से जो क्षेत्र बना उसका फल सिद्ध करो कि।

$$\frac{अ^{\frac{१}{२}}}{३}\left\{\left(\frac{श्रु + श्रु^{-१} + ग}{२}\right)^{\frac{३}{२}} - \left(\frac{श्रु + श्रु^{-१} - ग}{२}\right)^{\frac{३}{२}}\right\}$$

जहाँ परवलय की कोटि $र = \sqrt{४ अ य}$ और परवलय के चाप की पूर्णज्या ग है।

३६। दीर्घवृत्त के केन्द्र न से वृहद्व्यासार्द्ध से जो वृत्त बनाया गया उसको सहायक वृत्त कहो और न को नाभि। दीर्घवृत्त की परिधि में व विन्दु लेकर इस के कोटि को अपनी सूथ में बढ़ा कर मानो कि सहायक वृत्त की परिधि में प विन्दु पर लगी, और दीर्घवृत्त के व्यासार्द्धाग्र अ अक्ष में अ विन्दु पर मानो तो यदि ∠अ न प = ज तो सिद्ध करो कि अनाव दीर्घवृत्तखण्ड का फल = $\frac{अक}{२}$ (ज—इज्याज) यह होगा।

जहाँ अ, क वृहल्लघुव्यासार्द्ध हैं।

३७। $४अ^{४}र^{२} = क^{२}य^{२}(अ^{२} - २अय)$ इस समीकरण के वक्र में फन्दे का फल बतावो। उ० $\frac{अ^{२}क}{१५}$

३८। जिन दो वक्रों के $र^{२} - ४अय = ०$, $य^{२} - ४अर = ०$ ये समीकरण हैं उनके चापों से बने क्षेत्र का फल बतावो। उ० $\frac{१६ अ^{२}}{३}$

३९। जिस वक्र का $र = ग$ ज्या $\frac{य}{अ}$ ला ज्या $\frac{य}{अ}$ यह समीकरण है उसका फल० से लेकर $अ^{म}$ तक य के मान में क्या होगा। उ० २अग (१-ला२)

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

४०। जिस दीर्घवृत्त का $अय^२ + २कयर + गर^२ = १$ यह समीकरण है उसका फल क्या होगा। उ० $\frac{\pi}{\sqrt{(अग - क^२)}}$

(११६ प्रक्रम का अन्तिम वाक्य देखो)

४१। जिस दीर्घवृत्त का $अय^२ + २कयर + गर^२ + २घय + २चर + फ = ०$ यह समीकरण है उसका क्षेत्रफल क्या होगा।

उ० $\frac{\pi\,(अच^२ + गघ^२ + फक^२ - २\,चजक - अगफ)}{(अग - क^२)^{\frac{३}{२}}}$

४२। जिस वक्र का $४\,र^२(अ^२ + य^२) - ८अर(अ^२ - य^२) + २\,(अ^२ - य^२)^२ = ०$ यह समीकरण है उसका सम्पूर्ण फल क्या होगा। उ० $अ^२\pi\left\{४ - \frac{५\sqrt{२}}{२}\right\}$

४३। केन्द्र से दीर्घवृत्त की कोटियों पर बने अर्द्धवृत्त पर स्पर्शरेखा कर देने से स्पर्श विन्दुओं पर जानेवाला जो वक्र हो उसका फल क्या होगा।

दीर्घवृत्त का समीकरण $\frac{य^२}{अ^२} + \frac{र^२}{क^२} = १$ यह है

उ० वक्र का अक्षीय समीकरण दीर्घवृत्त के केन्द्र को

ध्रुवस्थान मान $ध्रु^२ = \frac{अ^२क^२}{क^२ + ४अ^२स्प^{२ग}_{२}}$

और $फल = \frac{\pi(अ^२ \times क)}{२(२अ + क)}$

४४। जिस परवलय का $र^२ = ४अय$ यह समीकरण है उसके भीतर स्थिर (२ ग) पूर्णज्या घूमती है। उसके दोनों प्रान्तों पर परवलय में जो दो स्पर्शरेखा हैं उनके योगविन्दु के गमन से जो वक्र होगा उसके और परवलय के भीतर समग्र फल क्या होगा। उ० $\frac{ग^{२\pi}}{२}$

(परवलय के तिर्यक्भुजकोटि का समीकरण देखो)

४५। एक लड़के ने सात हाथ डंडे के दोनों शिरों को एक दीर्घवृत्त की परिधि पर रखकर चारो ओर घुमाने लगा। उस डंडे के वीच में नीचे एक लोहे की नोखदार कील लगी थी। इसके कारण डंडे के चारों ओर घूम जाने से दीर्घवृत्त के भीतर एक नया वक्र वन गया। लड़के ने हँसकर अपने गुरु से जो कि उसे हिसाव पढ़ाता था पूछा कि गुरुजी दीर्घवृत्त और नये वक्र के भीतर एक

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

वर्गहस्त पत्थर की कितनी पटिया फर्श के लिये लगेंगी। वताओ गुरु ने क्या उत्तर दिया। यहाँ बृहद्व्यास १४ हाथ का समझो।

यदि व्यास परिधि का सम्बन्ध $\frac{२२}{७}$ मानो तो पत्थर के पटिये की संख्या $३८\frac{१}{२}$

इति सप्तमाध्याय।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अथ अष्टमाध्याय।

वक्र के पृष्ठफल और घनफल का आनयन।

१४१। कल्पना करो कि अर, अय लम्बरूप अक्ष, आ स्थिरविन्दु



चा = आव, व विन्दु का भु = य, को = र है। व के पास प एक और विन्दु लो और आवप वक्र को अ य अक्ष के चारो ओर घुमा दो तो एक घनक्षेत्र वन जायगा जिसके आव चाप के घूमने से जो पृष्ठफल होगा उसके गति का सम्बन्ध चाप के गति के वश से $\frac{\text{ता पृ}}{\text{ताचा}} = २\pi\text{र}$ (चलनकलन का १६० वाँ प्रक्रम देखो)

इस लिये $\text{पृ} = \int २\pi\text{र ता चा}$ . . . . . (१)

इसी तरह से $\text{पृ} = \int २\pi\text{र} \frac{\text{ताचा}}{\text{ताय}} \text{ताय}$ . . . . . (२)

$$\text{पृ} = \int २\pi\text{र} \frac{\text{ताच}}{\text{तार}} \text{तार} \quad . \quad . \quad . \quad . \quad . \quad . \quad (३)$$

$$\text{पृ} = \int २\,\text{र ता चा} = \int २\pi\,\text{र} \frac{\text{ताचा}}{\text{ताष}} \text{ताष} = \int २\pi \text{श्रुज्या ष} \frac{\text{ताचा}}{\text{ताष}} \text{ताष} \quad (४)$$

$$\text{जहाँ} \frac{\text{ताचा}}{\text{ताष}} = \sqrt{\left\{\text{श्रु}^२ + \left[\frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}}\right]^२\right\}}$$

किसी स्थान में पृष्ठफल के लिये इन चारो समीकरणों में से गणितलाघव समझ कर एक को चुन सकते हो। जहाँ सहज में र, चाप के फल रूप में आ सके वहाँ (१) पहले को जहाँ $\frac{\text{ताचा}}{\text{तार}}$ सहज में र के फलरूप में आ सके वहाँ (३) को और जहाँ अक्षीयसमीकरण मालूम हों वहाँ (४) को ले सकते हो। प्रायः (२) वहुत ही कामका है क्योंकि वक्र के समीकरण से र और

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$\frac{\text{ताच}}{\text{ताय}}$ दोनों प्रायः सहज में य के फलरूप में आजाते हैं इस लिये इसी को बहुधा लोग लेते हैं।

प्रत्येक समीकरणों से उचित सीमा के भीतर चाप से बने पृष्ठ का फल मालूम हो जायगा।

१४२। अ य अक्ष से अ दूरी पर अ य के समानान्तर अ य के चारो ओर यदि एक अपरिमित रेखा घूमे तो स्पष्ट है कि समतलमस्तकरूप एक शङ्कु बन जायगा इस लिये $य_२$, $य_१$ भुज के भीतर इस शङ्कु का पृष्ठ-फल (२) समीकरण लेने से $(र = अ, \frac{\text{ताचा}}{\text{ताय}} = \sqrt{१ + (\frac{\text{तार}}{\text{ताय}})^२} = १)$

$$\int_{य_१}^{य_२} २\pi \text{ अ ताय} = २ \pi \text{ अ } (य_२ — य_१)$$ यह होगा।

इस से यह सिद्ध होता है कि इस शङ्कु के आधार परिधि को ऊँचाई के अन्तर से गुण देने से दोनों उचाइयों के भीतर का पृष्ठफल हो जायगा।

१४३। अ विन्दु पर अ य अक्ष से अ तुल्य कोण बनाने वाली रेखा यदि अ य के चारो ओर घूमे तो स्पष्ट है कि समसूची का पृष्ठ उत्पन्न हो जायगा जहाँ किसी विन्दु का भु = य और को = र = य स्प अ

इस लिये $\frac{\text{ताचा}}{\text{ताय}} = \sqrt{\{१ + (\frac{\text{तार}}{\text{ताय}})^२\}} = \sqrt{(१ + \text{स्प}^२\text{अ})} = \text{छे अ}$।

इस लिये १४१ प्रक्रम का (२) समीकरण लेने से

$$\text{पृ} = २\pi \int \text{स्प अ छे अ य ताय} = \pi \text{ स्प अ छे अ } य^२ + \text{स्थि}$$

और $य_२$, $य_१$ के भीतर पृष्ठफल $= \pi$ स्प अ छे अ $(य_२^२ — य_१^२)$ यही पृष्ठफल उस घनक्षेत्र का भी होगा जिसे भास्कराचार्य ने अपनी लीलावती में वापी क्षेत्र कहा है।

इस में यदि $य_१ = ०$ और मूलस्थान से $य_२$ दूरी पर अ य अक्ष पर लम्बरूप धरातल से सूचीपृष्ठसूत्रों को काटें तो कटे हुए परिधि का व्यासार्द्ध = त्रि = $य_२$ स्पअ इसलिये समसूच्याकारशङ्कु का पृष्ठफल $= \pi$कोछेअत्रि^{२} इसी में यदि परिधि = प = २π त्रि और सूची का पृष्ठसूत्र = पृ सू = को छे अ त्रि तो पृष्ठफल $= \frac{\text{प} \times \text{पृ सू}}{२}$। इस का साधन हमने अपने चलनकलनके १५९वें प्रक्रम में केवल क्षेत्रयुक्ति ही से किया है।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

१४४। गोल के पृष्ठफल का आनयन।

कल्पना करो कि वृत्त का समीकरण $र^२ = अ^२ — य^२$ यह है और यह वृत्त य अक्ष के चारो ओर घूमकर एक गोल को बनाया है तो $\frac{तार}{ताय} = -\frac{य}{र}$

और $\frac{ताच}{ताय} = \sqrt{\{१ + \left(\frac{तार}{ताय}\right)^२\}} = \sqrt{(१ + \left[\frac{य^२}{र^२}\right]} = \frac{अ}{र}$

इस लिये १४१ प्रक्रम का (२) समीकरण लेने से

$पृ = २\pi \int र\frac{अ}{र} ताय = २\pi अ \int ताय = २\pi अ य + स्थि$

कल्पना करो कि मूलविन्दु से $य_१$, $य_२$ दूरी पर य अक्ष पर लम्बरूप जो दो धरातल हैं उन से गोल को काटा तो कटे हुए खण्ड का पृष्ठफल $= २\pi अ (य_२ — य_१) = प (य_२ — य_१)$, (यदि प = गोल की परिधि।) इस पर से सिद्ध होता है कि कटे खण्ड का पृष्ठफल $य_२ — य_१$ इसके अर्थात् उसके उँचाई के वश से घटता बढ़ता है अर्थात् खण्डों की उँचाइयों में जो सम्बन्ध है वही उनके पृष्ठफल में सम्बन्ध होता है।

यहाँ यदि य = अ और $य_२ = -अ$ तो गोल का समग्र पृष्ठफल $= ४\pi अ^२$ $= ४ \times$ वृत्तफल।

अर्थात् वृत्त के फल को चार गुना कर देने से वृत्त से बने गोल का पृष्ठफल होता है। भारतवर्ष में सब से पहले इस गोल के पृष्ठफल को भास्कराचार्य ने निकाला है और यद्यपि उन से इस की सच्ची उपपत्ति न हुई तथापि गोल का बहुत सा खण्ड कर और प्रत्येक खण्डों का फल साधन कर उनके योग पर से अटकर से सच्चा ही पृष्ठफल निकाला और लल्ल ने जो अशुद्ध पृष्ठफल का साधन किया था उसका खण्डन किया।

भास्कराचार्य ने अपने गोलाध्याय में यह भी दिखलाया है कि गोल के परिधि के आधे को व्यास मान एक कपड़े का वृत्त बनाया जाय और इस से यदि गोल को ढाँके तो गोल का आधे से अधिक खण्ड ढँक जाता है इस लिये कपड़े के वृत्त का जो फल उसके दूने से गोल का पृष्ठफल अल्प ही होगा और गणित से निश्चय है कि गोल के वृत्त के फल से कपड़े के वृत्त का दूना फल पांच गुना के आसन्न है इस लिये वृत्त के फल को पांच गुना करने से गुणनफल गोल के पृष्ठफल से अधिक होगा इस लिये लल्लने जो अपने गणित में लिखा है कि

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(वृत्तफलं परिधिघ्नं समन्ततो भवति गोलपृष्ठफलम्) वृत्तफल को परिधि से गुण देने से पृष्ठफल होता है यह बहुत ही अशुद्ध है।

१४५। वृहद्व्यास के चारो ओर दीर्घवृत्त के घूमने से जो घनक्षेत्र हो उसको दीर्घगोल कहो तो इस के पृष्ठफल के आनयन के लिये कल्पना करो कि दीर्घवृत्त का समीकरण $अ^२र^२ + क^२य^२ = अ^२क^२$ यह है

तो यहाँ $\frac{ताr}{ताय} = -\frac{क^२य}{अ^२र}$ और $\frac{ताचा}{ताय} = \sqrt{\left[१ + \frac{क^४य^२}{अ^४र^२}\right]}$

$= \frac{क(\sqrt{(अ^२ - इ^२य^२)}}{अर}$

इस लिये १४१ प्रक्रम के (२) समीकरण से

$पृ = \frac{२\pi क}{अ}\int \sqrt{(अ^२ - इ^२य^२)}\, ताय = \frac{२\pi कइ}{अ}\int \sqrt{\left(\frac{अ^२}{इ^२} - य^२\right)}\, ताय \cdots (१)$

$= \frac{\pi कइ}{अ}\left\{य\sqrt{\left[\frac{अ^२}{इ^२} - य^२\right]} + \frac{अ^२}{इ^२} ज्या.^{-१}\frac{इय}{अ}\right\}$

यदि ०, अ के भीतर य के मान में पृष्ठफल का साधन करें तो दीर्घगोल का आधा पृष्ठफल $= \pi अक\left\{\sqrt{(१ - इ^२)} + \frac{ज्या^{-१}इ}{इ}\right\}$

(दीर्घवृत्तलक्षण देखो)

यदि $य_२$, $य_१$ के भीतर चलानयन करें तो (१) से

$पृ = \frac{२\pi कइ}{अ}\int_{य_१}^{य_२}\sqrt{\left(\frac{अ^२}{इ^२} - य^२\right)}\, ताय$

यह दिखलाता है कि जिस दीर्घवृत्त का $\frac{अ}{इ}$ वृहद्व्यासार्द्ध और क लघुव्यासार्द्ध है उसका $य_२$, $य_१$ सम्बन्धि द्विगुण कोटियों के भीतर जो खण्ड है उसे π से गुण देने से $य_२$, $य_१$ भुज सम्बन्धि अपने दीर्घवृत्त का पृष्ठफल हो जायगा।

इसी तरह यदि दीर्घवृत्त लघुव्यास के चारो ओर घूम कर घनक्षेत्र बनावे तो उसका पृष्ठफल भुज और कोटि को बदल देने से

$पृ = २\pi\int य\, ताचा = २\pi\int\left[अ^२ + \frac{अ^४इ^२}{क^४}र^२\right]^{\frac{१}{२}} तार$

$= २\pi\frac{अ^२इ}{क^२}\int\left[र^२ + \frac{क^४}{अ^२इ^२}\right] तार$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$= २\pi\frac{अ^२इ}{क^२}\left\{\frac{र}{२}\sqrt{(र^२+\frac{क^४}{अ^२इ^२})}+\frac{क^४}{अ^२इ^२}\text{ला}\left\{र+\sqrt{\left[र^२+\frac{क^४}{अ^२इ^२}\right]}\right\}\right\}$$

$$= \pi\frac{अर}{क^२}(अ^२इ^२र^२+क^४)^{\frac{१}{२}}+\pi\frac{क^२}{इ}\text{ला}\frac{अइर+\sqrt{(अ^२इ^२र^२+क^४)}}{अइ}$$

०, क के बीच में चलानयन करने से और उसको दूना कर देने से

समग्र पृष्ठफल $= २\pi अ^२+\pi\frac{क^२}{इ}\text{ला}\frac{१+इ}{१-इ}$

यदि $\frac{य^२}{अ^२}-\frac{अ^२इ^२र^२}{क^२}=१$ इस अतिपरवलय का $य_१$, $य_२$ के भीतर फल साधन करो तो स्पष्ट होगा कि इस फल से π गुना ऊपर के घनक्षेत्र का $य_१, य_२$ भुजसम्बन्धी पृष्ठफल होगा।

१४६। परवलय का चाप य अक्ष के चारो ओर घूम कर जो घनक्षेत्र बनाता है उसके पृष्ठफल का आनयन।

कल्पना करो कि परवलय का समीकरण $र^२ = ४अय$ यह है तो

$$\frac{तार}{ताय}=\frac{२अ}{र}\cdot\frac{ताचा}{तार}=\sqrt{१+\frac{र^२}{४अ^२}}$$

$$=\frac{\sqrt{(४अ^२+र^२)}}{२अ}$$ इस लिये १४१ प्रक्रम के (३) समीकरण से

$$पृ=\int २\pi र\frac{ताचा}{तार}तार=\frac{\pi}{अ}\int र\sqrt{(४अ^२+र^२)}\,तार$$

$$=\frac{\pi}{२अ}\int\sqrt{(४अ^२+र^२)}\,२र\,तार=\frac{\pi}{२अ}\times\frac{२}{३}(४अ^२+र^२)^{\frac{३}{२}}$$

$$=\frac{\pi}{३अ}(४अ^२+र^२)^{\frac{३}{२}}+\text{स्थि}$$

०, और $र_१$ के भीतर पृष्ठफल $=\frac{\pi}{३अ}\left\{(४अ^२+र_१^२)^{\frac{३}{२}}-८अ^३\right\}$

१४७। कातन्वली (Catenary) का पृष्ठफलानयन।

इस का $र=\frac{\pi}{२}(इ^{\frac{य}{\pi}}+इ^{-\frac{य}{\pi}})$ यह समीकरण है

और जहाँ य = ० वहाँ से गणना करने से चा $=\frac{\pi}{२}(इ^{\frac{य}{ग}}-इ^{-\frac{य}{ग}})$

(७३वाँ प्रक्रम देखो) इस लिये यदि य अक्ष के चारो ओर वक्र के घूमने से घनक्षेत्र बना हो तो उसका पृष्ठफल १४१ प्रक्रम के (२) समीकरण से

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$\int २\pi र \frac{ताचा}{ताय}$ ताय यह होगा परन्तु यहाँ वक्र के लक्षण से

$$र^२ = \frac{ग^२}{४}(इ^{\frac{२य}{ग}} + इ^{-\frac{२य}{ग}} + २) = \frac{ग^२}{४}(इ^{\frac{२य}{ग}} - २ + इ^{-\frac{२य}{ग}} + ४) = चा^२ + ग^२$$

इस लिये र तार = चा· ताचा। $\frac{र}{चा} = \frac{ताचा}{ता}$ और $\frac{तार}{ताय} = \frac{१}{२}(इ^{\frac{य}{ग}} - इ^{-\frac{य}{ग}})$

$= \frac{चा}{ग}$ इस लिये $\frac{ताचा}{ताय} = \frac{र}{ग}$।

$$\therefore पृ = २\pi \int र \frac{ताचा}{ताय} ताय = २\pi \int \frac{र^२ ताय}{ग} = \frac{२\pi}{ग} \int \frac{ग^२}{४}(इ^{\frac{२य}{ग}} + इ^{\frac{२य}{ग}} + २) ताय$$

$$= \frac{\pi ग}{२} \int (इ^{\frac{२य}{ग}} + इ^{\frac{२य}{ग}} + २) ताय = \frac{ग^२ \pi}{४}(इ^{\frac{२य}{ग}} - इ^{-\frac{२य}{ग}}) + ग \pi य$$

$= \pi (र चा + ग य)$

इस से यह सिद्ध होता है कि चाप और कोटि के घात में ग गुणित भुज जोड़ कर उसको व्यास मानो तो इस व्यास पर से जो परिधि हो वही कात-न्वली घनक्षेत्र का पृष्ठफल होगा।

इसी स्थान में यदि र अक्ष के चारो ओर घूमने से घनक्षेत्र बना हो तो पृष्ठफल =

$$२\pi \int य ताचा = २\pi \int \frac{यर ताय}{ग} = \pi \int य(इ^{\frac{य}{ग}} + इ^{-\frac{य}{ग}}) ताय$$

परन्तु $\int यइ^{\frac{य}{ग}} ताय = गयइ^{\frac{य}{ग}} - ग \int इ^{\frac{य}{ग}} ताय = गयइ^{\frac{य}{ग}} - ग^२ इ^{\frac{य}{ग}}$

और $\int यइ^{-\frac{य}{ग}} ताय = -गयइ^{-\frac{य}{ग}} + ग \int इ^{-\frac{य}{ग}} ताय = -गयइ^{-\frac{य}{ग}}$

$-ग^२ इ^{-\frac{य}{ग}}$ खण्डचलानयन से।

इस लिये

०, य के बीच में $पृ = \pi \int_०^{य} य इ^{\frac{य}{ग}} ताय + \pi \int_०^{य} य इ^{-\frac{य}{ग}} ताय$

$= \pi (गयइ^{\frac{य}{ग}} - ग^२ इ^{\frac{य}{ग}} + ग^२ - गयइ^{-\frac{य}{ग}} - ग^२ इ^{-\frac{य}{ग}} + ग^२)$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$= २\pi \left\{ ग^२ + य[\frac{ग}{इ}(इ^{\frac{य}{ग}} - इ^{-\frac{य}{ग}})] - ग[\frac{ग}{इ}(इ^{\frac{य}{ग}} + इ^{-\frac{य}{ग}})] \right\}$$

$$= २\pi (ग^२ + यचा - गर)।$$

१४८। कल्पना करो कि कवपग पर्व क एक ऐसा सीमितवक्र है जिस का कग रेखा के दोनों ओर तुल्य अवयव है। कग रेखा अय अक्ष के समानान्तर और अय अक्ष क्षेत्र के बाहर है।



अय अक्षके चारो ओर इस क्षेत्र के घूमने से जो घनक्षेत्र होगा उस का पृष्ठफल १४१ प्रक्रम से यदि व, प और व'प' को बहुत ही पास पास समझो और अय अक्ष पर व न लम्ब को र, व'न लम्ब को र' और क ग के दोनो ओर सब तरह से क्षेत्र के समान भाग होने से वप चाप = व'प' चाप तो $२\pi \int (र + र')$ ताचा $= ४\pi$ क ताचा यहाँ क = तन इस लिये यदि समग्र वक्र की लम्बाई अर्थात् परिधि कवपगपव क का मान संचा हो तो समग्र पृष्ठफल = २πक × संचा।

इस से यह सिद्ध होता है कि ऐसे क्षेत्रों का पृष्ठफल उन के परिधि और य अक्ष से समानान्तर रेखा का अन्तर जो हो उस को व्यासार्द्ध मानने से जो वृत्त की परिधि हो इन के घात के तुल्य होता है।

जैसे यदि वृत्त का समीकरण $(य-च)^२ + (र-ज)^२ - ग^२ = ०$ ऐसा हो तो स्पष्ट है कि य अक्ष के समानान्तर केन्द्रगामिनी रेखा जो होगी उस का य अक्ष से अन्तर ज होगा इस लिये य अक्ष के चारो ओर वृत्त के घूमने से गोलमुद्रिका होगी उस का पृष्ठफल = गोलपरिधि × ज व्यासार्द्ध की परिधि = २πग × २πज

यहाँ यदि १४१वें प्रक्रम से समानान्तर रेखा के ऊपरी भाग का पृष्ठफल साधन करो तो $पृ = २\pi \int [ज + \sqrt{\{ग^२ - (य-च)^२\}}]$ ताचा

$$= २\pi \int ज \text{ ताजा} + २ग \int \sqrt{\{ग^२ - (य-च)^२\}} \text{ ताचा}$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$= २\pi जचा + २\pi \int \sqrt{\{ ग^२ - (य - च)^२ \}}\, ताचा = २\pi जचा + २\pi गय$$

लघुरूप करने से।

इसी प्रकार रेखा के नीचे के भाग का पृष्ठफल = २πजचा—२πगय ऐसा होगा।

इस लिये समग्र घनफल = २πज × २चा = २πगज × गो· प·

१४९। जिस वक्र का अक्षीय समीकरण श्रु = अ(१ + कोज्याष) यह है, स्थिर रेखा के चारो ओर उस के घूमने से जो घनक्षेत्र होगा उस के पृष्ठफल का ज्ञान करना हो तो १४१वें प्रक्रम के (४) समीकरण से

$$पृ = २\pi \int श्रुज्याष \frac{ताचा}{ताष} ताष।$$

$$परन्तु \frac{ताचा}{ताष} = \sqrt{\{ श्रु^२ + \left[\frac{ताश्रु}{ताष}\right]^२ \}} = अ\sqrt{\{ (१ + कोज्याष)^२ + ज्या^२ष \}}$$

$$= अ\sqrt{(२ + २कोज्याष)} = २अ\, कोज्या^{\frac{१}{२}}$$

$$इस लिये पृ = ४\pi अ^२ \int (१ + कोज्याष) कोज्या^{\frac{१}{२}} ज्याष\, ताष$$

$$= १६\ \pi अ^२ \int कोज्या^{५\frac{१}{२}} ज्या^{१\frac{१}{२}} ताष = -\frac{३२\pi अ^२}{५} कोज्या^{५\frac{१}{२}} + स्थि।$$

०, π के भीतर ष के मान में समग्र घनक्षेत्र का पृष्ठफल = $\frac{३२\pi अ^२}{५}$

१५०। कल्पना करो कि परस्पर लम्बरूप तीन धरातलों के योग रेखाओं के वश से किसी घनक्षेत्र के पृष्ठ का फ(य, र, ल) = ० यह समीकरण है (९८वाँ प्रक्रम देखो) तो इस पर से स्पष्ट है कि
ल = फा (य,र) ऐसा होगा। जिस पृष्ठविन्दु का भु = य, को = र, शं = ल है उस विन्दु पर घनक्षेत्र में स्पर्शधरातल करने की इच्छा है।

स्पर्शधरातल उसे कहते हैं जिस के और वक्र के पृष्ठ के बीच दूसरा धरातल न बन सके। इस धरातल के जानने के लिये पहले साधारण किसी धरातल का समीकरण बनाते हैं।

कल्पना करो कि किसी इष्टधरातल में प कोई विन्दु है जिस के शङ्कु ल का मूल यर धरातल में म और यर धरातल और इष्ट धरातल की योगरेखा कग है।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

म विन्दुसे अय और अर अक्ष पर क्रम से मन, मत लम्ब डाल कर बढ़ा दो और मान लो कि कग रेखा में इन दोनों लम्बों का योग न', और त' विन्दु में हैं।

प विन्दु से कग रेखा पर लम्ब पम' है।



अब यहाँ घनक्षेत्रमिति से शं = ल = पम, भु = य = अन और कोटि = र = मन। ∠ मम'प = यर धरातल और इष्टधरातल से उत्पन्न कोण = इ, ∠ क = क, ∠ ग = ग।

नग = अग−अन = अग—य ∴ नन' = नग कोस्प न' = (अग−य) कोस्पक और न'म = न'न−मन = (अग—य) कोस्पक—र. ∴ मम' = न'म ज्यान' = (अग—य) कोज्याक—रज्याक परन्तु मम' = पम कोस्प ∠ पम'म = लकोस्पइ। इस लिये

(अग−य)कोज्याक−रज्याक = अगज्याग—यज्याग—रज्याक = लकोस्पइ

वा य ज्याग + रज्याक + लकोस्पइ—अगज्याग = ०, ... (१)

इस में ज्याग, ज्याक, कोस्पइ, और—अगज्याग इन स्थिराङ्कों को इन के महत्तमापवर्त्तन से भाग दे कर इन के स्थान में क्रम से आ, का, खा, गा का उत्थापन देवो तो धरातल का समीकरण

आय + कार + खाल + गा = ० . . . . . (२) यह हुआ

कल्पना करो कि पृष्ठ के उस विन्दु पर गये धरातल का समीकरण

आय + कार + खाल + गा = ० यह है तो इस के दूसरे विन्दु के भु = य', को = र', शं = ल' से आय' + कार' + खाल' + गा = ० ऐसा समीकरण होगा। इस लिये दोनों के अन्तर से आ(य'—य) + का(र'—र) + खा(ल'—ल) = ०

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

इसलिये $\dot{ल}$—ल = $\dot{आ}$ △ य + $\dot{का}$ △ र जहाँ— $\frac{\dot{आ}}{\dot{खा}} = \dot{आ} - \frac{का}{खा} = -\dot{का}$

परन्तु य + △ य, र + △ र भुजकोटि के वश से घनवक्र के पृष्ठ का शङ्कु

$$= ल + \frac{ताल}{ताय} △ य + \frac{ताल}{तार} △ र$$

$$+ \frac{१}{२}\left\{\frac{ता^२ल}{ताय^२}(△ य)^२ + २\frac{ता^२ल}{ताय\ तार} △ य\ △ र + \frac{ता^२ल}{तार^२}(△ र)^२\right\} + \cdots$$

(चलनकलन का ६८वाँ प्रक्रम देखो) इस लिये घनक्षेत्र के पृष्ठ के शङ्कु में धरातल के शङ्कु को घटा देने से

$$\text{अन्तर} = अं = \left(\frac{ताल}{ताय} - \dot{आ}\right) △ य + \left(\frac{ताल}{तार} = \dot{का}\right) △ र$$

$$+ \frac{१}{२}\left\{\frac{ता^२ल}{ताय^२}(△ य)^२ + २\frac{ता^२ल}{ताय\ तार} △ य\ △ र + \frac{ता^२ल}{तार^२}(△ र)^२\right\} + \cdots$$

यर धरातल में जिन विन्दुओं का य, र और य + △ य, र + △ र भुजकोटि हैं उन पर गई रेखा य अक्ष से यदि व कोण बनावे तो △ र = यस्पव अन्तर में इन का उत्थापन देने से

$$\dot{अं} = \left\{\left[\frac{ताल}{ताय} - \dot{आ}\right] + \left[\frac{ताल}{तार} - \dot{का}\right] स्पव\right\} △ य$$

$$+ \left[\frac{ता^२ल}{ताय^२} + २\frac{ता^२ल}{ताय\ तार} स्प\ व + \frac{ता^२ल}{तार^२} स्प^२ व\right\}\frac{(△ य)^२}{२} + \cdots\Big]$$

इस लिये

$$\frac{\dot{अं}}{△ य} = \left[\frac{ताल}{ताय} - \dot{आ}\right] + \left[\frac{ताल}{तार} - \dot{का}\right] स्प\ व$$

$$+ \left\{\frac{ता^२ल}{ताय^२} + २\frac{ता^२ल}{तायतार} स्प\ व + \frac{ता^२ल}{तार^२} स्प^२ व\right\}\frac{△ य}{२}$$

यह समीकरण दिखलाता है कि △ य अत्यल्प लेने से $\frac{\dot{अं}}{△ य}$ यह

$\left(\frac{ताल}{ताय} - \dot{आ}\right) + \left(\frac{ताल}{तार} - का\right)$ स्प व इस के तुल्य हो सकता है इस में यदि △ य, △ र ऐसे हों कि स्प व = $-\frac{\frac{ताल}{ताय} - \dot{आ}}{\frac{ताल}{तार} - \dot{का}}$ तो स्पष्ट है कि एक दिशा में परमाल्प अन्तर शून्य के लगभग होगा।

परन्तु यदि $\frac{ताल}{ताय} = \dot{आ}$ और $\frac{ताल}{तार} = \dot{का}$ तो सब दिशाओं में परमाल्प अन्तर शून्य के लग भग होगा और △ य के स्थान में ताय रखने से ठीक ही ठीक शून्य के तुल्य होगा ऐसी दशा में वह धरातल स्पर्शधरातल होगा

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

और उस का समीकरण अ', क' के स्थान में $\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}$, $\frac{\text{ताल}}{\text{तार}}$ का उत्थापन देने से

$$ल'-ल = \frac{\text{ताल}}{\text{ताय}} (य'-य) + \frac{\text{ताल}}{\text{तार}} (र'-र) \text{ यह होगा} \quad \cdots \quad (३)$$

(१) समीकरण का रूपान्तर करने से

ल = अग स्प इ ज्या ग—य स्प इ ज्या ग—र स्प इ ज्या क

और ल' = अ ग स्प इ ज्या ग—य' स्प इ ज्या ग—र' स्प इ ज्या क

इस लिये ल'-ल = —स्प इ ज्या ग (य'—य)—स्प इ ज्या क(र'—र), ··(४)

(३) और (४) का तुलना करने से

$\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}$ = —स्पइज्याग, $\frac{\text{ताल}}{\text{तार}}$ = — स्पइज्याक = — स्पइकोज्याग

इस लिये $\left(\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}\right)^२ + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{तार}}\right)^२ = \text{स्प}^२ \text{ इ}$

इस लिये $\text{छे इ} = \sqrt{\{१ + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}\right)^२ + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{तार}}\right)^२\}} \quad \cdots \quad \cdots \quad (५)$

मैं यहाँ पर घनक्षेत्रमिति के सिद्धान्तों का वर्णन नहीं करता हूँ किन्तु घनक्षेत्रमिति के बल से कुछ चलराशि के सिद्धान्त को दिखलाया चाहता हूँ। हिन्दी भाषा में घनक्षेत्रमिति के न होने से उपयोगी सिद्धान्तों का कुछ वर्णन कर दिया है। डिमार्गन (Demorgan) साहब ने चलनकलन और चलराशिकलन के १५ वें अध्याय मे इस विषय पर बहुत बढ़ाकर लिखा है। चलराशिकलन में घनक्षेत्रमिति के सिद्धान्तों का लिखना मैं अनावश्यक समझता हूँ।

१५१। कल्पना करो कि यर धरातल से जो इष्टधरातल इ तुल्य कोण बनाता है उसमें ख प व भ म त द ध ख एक कोई क्षेत्र है इसके सीमा के प्रतिबिन्दु से यर धरातल पर लम्ब डाल लम्बमूलों में रेखा कर देने से यर धरातल में एक नया क्षेत्र ख₁प₁व₁द₁ध₁प'₁ख₁ उत्पन्न हुआ इस का फल जानना हो तो पहले क्षेत्र में कोई ख बिन्दु लेकर धरातलों के योगरेखा क ग के समानान्तर खद रेखा खींचो।



इस का छोटा छोटा च के समान बहुतसा विभाग कर प्रति भागों पर पप',

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

वव', भभ', इत्यादि लम्ब खड़ा कर दो इस तरह से इस क्षेत्र का समानलम्ब-चतुर्भुज रूप बहुत खण्ड हो गये जिन में किसी एक पप' व' व चतुर्भुज का फल = च $\left[\frac{\text{पप'} + \text{वव'}}{२}\right]$ और इस चतुर्भुज के वश से यर धरातल में नये क्षेत्र में भी लम्बमूल के वश से एक समान लम्ब प,प',व',व, चतुर्भुज उत्पन्न होगा जिस में प, प', = कोज्याइ × प प', व',व, = कोज्याइ × व व' और इस में लम्ब मान वही च के तुल्य होगा इस लिये इस का फल = च $\left[\frac{\text{प,प'}_१ + \text{व,व'}_१}{२}\right]$ = च $\left[\frac{\text{प प'} + \text{व व'}}{२}\right]$ कोज्या इ = पहले चतुर्भुज का फल × कोज्या इ ॥ इसी तरह सब पहले चतुर्भुजों के फल को कोज्याइ से गुण देने से नये क्षेत्र के चतुर्भुजों का सब फल होगा इस लिये सब चतुर्भुजों का योग नये क्षेत्र का फल = पहले क्षेत्र के चतुर्भुजों का योग × कोज्याइ = पहले क्षेत्र का फल × कोज्याइ।

इस से यह सिद्ध होता है कि जिस धरातल में जो कोई क्षेत्र हो उसके प्रान्त से दूसरे धरातल में लम्ब डाल इस क्षेत्र को दूसरे धरातल में परिणामन करें तो परिणत क्षेत्र का फल पहले क्षेत्र के फल को धरातलों के झुकाव की कोटिज्या से गुण देने से होगा।

१५२। कल्पना करो कि किसी घनक्षेत्र के पृष्ठ का फ (य, र, ल) = ० यह समीकरण है। पृष्ठ के प विन्दु का भु = य, को = र, —श = ल और प विन्दु के बहुत ही पास जो व विन्दु है उस का भु = य + △य, को = र + △र, शं = ल + △ल। प, विन्दु पर एक स्पर्शधरातल बना लो और प और व विन्दुओं में लगा कर य ल, र ल, धरातलों के समानान्तर धरातलों को बनावो तो समानान्तर धरातलों से जो स्पर्शधरातल में अवयव उत्पन्न हुआ उसके प्रान्त से य र धरातल पर यदि लम्ब डालें तो उस का परिणत रूप एक आयत होगा जिसका भुज = △य, को = △र इस लिये स्पर्शधरातल के अवयव का फल = $\frac{\text{△य} \times \text{△र}}{\text{कोज्या इ}}$। १५१ प्रक्रम से इस में स्पष्ट है कि △य के स्थान में यदि ताय को रख दें तो स्पर्शधरातल का अवयव घनक्षेत्र के पृष्ठ का अवयव हो जायगा। परन्तु जब य = ताय तो र = तार इस लिये रल धरातल के समानान्तर दोनों

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

धरातलों के बीच का पृष्ठफल = ताय $\int \frac{\text{तार}}{\text{कोज्याइ}}$ और समग्र पृष्ठफल

$= \int \text{ताय} \int \frac{\text{तार}}{\text{कोज्याइ}} = \int\int \sqrt{\left\{१ + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}\right)^२ + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{तार}}\right)^२\right\}}$ तार ताय

१५० प्रक्रम और द्विगुण चलानयन से

यहाँ यदि पहले तार को स्थिर मान चलानयन करो तो यल धरातल के समानान्तर धरातल जो हैं उन के बीच का पहले पृष्ठफल आवेगा फिर इस पर से तार के वश से समग्र पृष्ठफल आ जायगा।

पृष्ठ के समीकरण के वश से $\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}, \frac{\text{ताल}}{\text{तार}}$ के मान विदित हो जायँगे फिर य, और र के उचित सीमाओं पर से अभीष्ट पृष्ठखण्ड का फल $\int\int \sqrt{\left\{१ + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}\right)^२ + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{तार}}\right)^२\right\}}$ तार ताय इस पर से विदित हो जायगा।

जैसे (१) जिस गोल के पृष्ठ का $य^२ + र^२ + ल^२ = अ^२$ यह समीकरण है उस के अष्टमांश का पृष्ठफल जानना है तो यहाँ

$$\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}} = -\frac{य}{ल}, \frac{\text{ताल}}{\text{तार}} = -\frac{र}{ल}$$

इसलिये पृ $= \int\int \sqrt{(१ + \frac{य^२}{ल^२} + \frac{र^२}{ल^२})}$ तार ताय

$= \int\int \frac{\text{अतार ताय}}{\sqrt{(अ^२ - य^२ - र^२)}}$

$= अ\int\int \frac{\text{तार ताय}}{\sqrt{(अ^२ - य^२ - र^२)}} = अ\int\int \frac{\text{तार ताय}}{\sqrt{(र_१^२ - र^२)}}$ यदि $अ^२ - य^२ = र_१^२$

परन्तु $\int \frac{\text{तार}}{\sqrt{(र_१^२ - र^२)}} = \text{ज्या}^{-१}\frac{र}{र_१}$

यहाँ यदि ल = ० तो यर धरातल में जो गोलपृष्ठ का अवयव लगा है उस का समीकरण $अ^२ - य^२ = र^२ = र_१^२$ ऐसा होगा इस में यदि र = ०, और र = $र_१$ मानें तो अय अक्ष के ऊपर से य र धरातल और गोलपृष्ठ के सम्पात तक रल धरातल के समानान्तर धरातलों के बीच का

पृष्ठफल $= \int_०^{र_१} \frac{\text{तार}}{\sqrt{(र_१^२ - र^२)}} = \frac{\pi}{२}$

इसलिये पृ $= \frac{अ\pi}{२}\int$ ताय इस में यदि ० और अ के बीच य के मान

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

में चलानयन करें तो गोल के अष्टमांश पृष्ठ का फल $= \frac{\pi अ^२}{२}$ इस लिये समग्र पृष्ठफल $= ४\pi अ^२$।

इसी स्थान में यदि पहले ताय और फिर तार के वश से चलानयन करें तो ऊपर की युक्ति से अष्टमांश पृष्ठ का फल

$$= \int_{०}^{अ} \int_{०}^{य_१} \frac{\text{अताय तार}}{\sqrt{(अ^२ - र^२ - य^२)}} \text{। जहाँ } य_१^२ = अ^२ - र^२$$

(२) जिस घनक्षेत्र के पृष्ठ का $ल^२ + (\text{य कोज्याअ}_१ + \text{रज्याअ}_१)^२ - अ^२ = ०$ यह समीकरण है उस के पृष्ठ फल का क्या मान होगा।

यहाँ $\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}} = -\frac{\text{कोज्याअ}_१(\text{यकोज्याअ}_१ + \text{रज्याअ}_१)}{ल}$

$$\frac{\text{ताल}}{\text{तार}} = -\frac{\text{ज्याअ}_१(\text{यकोज्याअ}_१ + \text{रज्याअ}_१)}{ल}$$

इसलिये $पृ = \int\int \frac{\text{अतारताय}}{ल} = \int\int \frac{\text{अतार ताल}}{\sqrt{\{अ^२ - (\text{यकोज्याअ}_१ + \text{रज्याअ}_१)^२\}}}$

यर धरातल घनपृष्ठ को जहाँ काटता है उस का समीकरण

$अ = \pm (\text{यकोज्याअ}_१ - \text{रज्याअ}_१)$ यह है। यहाँ धनचिह्न ग्रहण करने से धन पद में $र = (अ - \text{यकोज्याअ}_१)$ कोछेअ$_१$

अब $\int \frac{\text{तार}}{\sqrt{\{अ^२ - (\text{यकोज्याअ}_१ + \text{रज्याअ}_१)^२}}$

$= \frac{१}{\text{ज्याअ}_१} \text{ज्या}^{-१} \frac{\text{य कोज्याअ}_१ + \text{रज्याअ}_१}{अ}$ इस का $र = ०$ और

$र = (अ - \text{य कोज्याअ}_१)$कोछेअ$_१$ के भीतर का मान

$= \frac{१}{\text{ज्याअ}_१} (\frac{\pi}{२} - \text{ज्या}^{-१} \frac{\text{यकोज्याअ}_१}{अ})$

इस लिये $पृ = \frac{अ}{\text{ज्याअ}_१} \int (\frac{\pi}{२} - \text{ज्या}^{-१} \frac{\text{यकोज्याअ}_१}{अ})$ ताय

इस में यदि $\text{ज्या}^{-१} \frac{\text{यकोज्याअ}_१}{अ} = स$, तो $\frac{\text{अज्यास}}{\text{कोज्याअ}_१} = य$ और

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$\frac{\text{अकोज्यासतास}}{\text{कोज्याअ}_१} = \text{ताय}$$

इसलिये

$$\int \text{तायज्या}^{-१} \frac{\text{यकोज्याअ}_१}{\text{अ}} = \int \frac{\text{असकोज्यासतास}}{\text{कोज्याअ}_१} = \frac{\text{अ}}{\text{कोज्याअ}_१} \int \text{सकोज्यासतास}$$

$$= \frac{\text{अ}}{\text{कोज्याअ}_१} (\text{सज्यास} + \text{कोज्यास})$$

अब ० और $\frac{\text{अ}}{\text{कोज्याअ}_१}$ के भीतर य के मान में

$$\text{पृ} = \frac{\text{अ}}{\text{ज्याअ}_१} \int \frac{\text{अ}}{\text{कोज्याअ}_१} \left(\frac{\pi}{२} - \text{ज्या}^{-१} \frac{\text{यकोज्याअ}_१}{\text{अ}}\right) \text{ताय}$$

$$= \frac{\text{अ}}{\text{ज्याअ}_१} \left(\frac{\pi}{२} \frac{\text{अ}}{\text{कोज्याअ}_१} + \frac{\text{अ}}{\text{कोज्याअ}_१} - \frac{\pi}{२} \frac{\text{अ}}{\text{कोज्याअ}_१}\right) = \frac{\text{अ}^२}{\text{ज्याअ}_१ \text{कोज्याअ}_१}$$

यह पृष्ठफल धन पद में जो घनक्षेत्र का खण्ड है उस का हुआ।

यदि ध्यान दे कर विचार करो तो जिस घनक्षेत्र के पृष्ठ का समीकरण ऊपर लिख कर दिखाया है वह एक समतलमस्तक रूप शङ्कु है जिस के अक्ष का समीकरण ल = ०, य कोज्याअ$_१$ + र ज्याअ$_१$ = ० ऐसा होगा।

१५३। बहुत से घनक्षेत्र के पृष्ठ ऐसे होते हैं जिन के पृष्ठ का अवयव जो १५२ प्रक्रम में देखा गया है एक ही होते हैं। जैसे जिस पृष्ठ का २अल = य^२ + र^२ यह समीकरण है उस में

$$\left(\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}\right)^२ + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{तार}}\right)^२ = \frac{\text{य}^२ + \text{र}^२}{\text{अ}^२}$$ और जिस के पष्ठ का समीकरण

अल = यर यह है उस में भी $\left(\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}\right)^२ + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{तार}}\right)^२ = \frac{\text{य}^२ + \text{र}^२}{\text{अ}^२}$

वही सिद्ध होता है इस लिये दोनों में पृष्ठ का परमाल्पमान अर्थात् तात्कालिकी गति एक ही है। ऐसे पृष्ठों का यूलर (Euler) ने Congruent नाम रक्खा है मैं इन्हें समगतिक पृष्ठ कहता हूँ।

इसी प्रकार (ल—ग)^२ = { (य—अ)^२ + (र—क)^२ } स्प^{२}इ इस शङ्कु और

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यकोज्याअ$_१$ + र कोज्याक$_१$ + ल कोज्याइ = घ इस धरातल में भी पृष्ठ का अवयव एक ही है । जहाँ कोज्या^{२}अ$_१$ + कोज्या^{२}क$_१$ + कोज्या^{२}इ = १ इसी तरह

$$२अल = य^२ + र^२$$

$$२अल = (य^२ — र^२)ग + २यर\sqrt{(१ — ग^२)}$$

$$२अल = \{ (य^२ + र^२)^२ — ४कयर + २ग(य^२ — र^२) + क^२ + ग^२ \}^{\frac{१}{२}}$$

इत्यादि सब पृष्ठ समगतिक पृष्ठ हैं ।

१५४। यदि स्पर्शधरातल में ऐसा एक अवयव लें जिस का यर धरातल में परिणत मान श्रुताश्रुताष यह हो तो

$$पृ = \int\int \sqrt{\{ १ + \left(\frac{ताल}{ताय}\right)^२ + \left(\frac{ताल}{तार}\right)^२ \}} \text{ श्रुताश्रु ताष}$$

जैसे जिस घनक्षेत्र के पृष्ठ का यर = अल यह समीकरण है वह $य^२ + र^२ = ग^२$ इस वृत्त से काटा गया तो कटे खण्ड का पृष्ठफल जानना हो तो यहाँ

$$छेइ = \sqrt{\left(१ + \frac{य^२}{अ^२} + \frac{र^२}{अ^२}\right)} = \frac{\sqrt{(अ^२ + श्रु^२)}}{अ} \text{ क्योंकि } य^२ + र^२ = श्रु^२$$

$$\text{इस लिये } पृ = \int_{०}^{२π}\int_{३}^{ग} \frac{\sqrt{(अ^२ + श्रु^२)}}{अ} \text{ श्रुताश्रु ताष}$$

$$\text{परन्तु } \int \frac{\sqrt{(अ^२ + श्रु^२)}}{अ} \text{ श्रुताश्रु} = \frac{१}{३अ}(अ^२ + श्रु^२)^{\frac{३}{२}}$$

$$\text{इस लिये } \int_{०}^{ग} \frac{\sqrt{(अ^२ + श्रु^२)}}{अ} \text{ श्रुताश्रु} = \frac{१}{३अ}\left\{(अ^२ + ग^२)^{\frac{३}{२}} — अ^३\right\}$$

$$\text{और } \int \frac{१}{३अ}\left\{(अ^२ + ग^२)^{\frac{३}{२}} — अ^३\right\} \text{ ताष} = \frac{ष}{३अ}\left\{(अ^२ + ग^२)^{\frac{३}{२}} — अ^३\right\}$$

$$\text{इस लिये अभीष्ट पृष्ठफल} = \int_{०}^{२π}\int_{०}^{ग} \frac{\sqrt{(अ^२ + ग^२)}}{अ} \text{ श्रुताश्रुताष}$$

$$= \frac{२π}{३अ}\left\{(अ^२ + ग^२)^{\frac{३}{२}} — अ^३\right\}$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

१५५। यदि पृष्ठ का अक्षीय समीकरण लें अर्थात्

य = श्रुज्याष कोज्याष$_१$, र = श्रुज्याषज्याष$_१$, ल = श्रु कोज्याष

और इन पर से ताय, तार इत्यादि का मान बना कर

$$पृ = \int\int \sqrt{\left\{ १ + \left[\frac{ताल}{ताय}\right]^२ + \left[\frac{ताल}{तार}\right]^२ \right\}} \text{ तार ताय}$$

इस में उत्थापन दें तो

$$पृ = \int\int \sqrt{\left\{ श्रु^२ ज्या^२ष + \left[\frac{ताश्रु}{ताष}\right]^२ ज्या^२ष + \left[\frac{ताश्रु}{ताष_१}\right]^२ \right\}} \text{ श्रुताष ताष}_१$$

ऐसा सिद्ध होगा। जहाँ सुभीता समझ पड़े तहाँ इस पर से भी उचित सीमाओं के भीतर पृष्ठफल जान सकते हो विस्तार के भय से बहुत बढ़ाना नहीं चाहते। २५० प्रक्रम के (३) उदाहरण तक पहुँचोगे तो स्पष्ट घनक्षेत्र हो जायगा।

वक्र का घनफलानयन।

१५६। कल्पना करो कि आ, वक्र में नियत विन्दु और प कोई विन्दु है जिस का भु = अम = य, को = पम = र और मान लो कि आ के भुज से य बड़ा है।



कल्पना करो कि आपव वक्र य अक्ष के चारो ओर घूम कर घनक्षेत्र बनाता है तो यदि आ और प विन्दु में गये और य अक्ष पर लम्बरूप ऐसे दो धरातलों से घनक्षेत्र को काटें और इन दोनों धरातलों के बीच में के घनफल को घ कहें तो चलनकलन के १६० वें प्रक्रम से

$$\frac{ताघ}{ताय} = \pi र^२$$

इस लिये $घ = \int \pi र^२$ ताय

वक्र के समीकरण से र का ज्ञान य के फल के रूप में आजायगा। समझ लो कि $\int \pi र^२$ ताय = फा(य) तो

$$घ = फा(य) + स्थि$$

कल्पना करो कि जिस विन्दु का भु = य$_१$ उस का घनफल = घ$_१$ और जिस विन्दु का भु = य$_२$ उस का घनफल = घ$_२$ है तो

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$घ_१ = फा(य_१) + स्थि$$

$$घ_२ = फा(य_२) + स्थि$$

इस लिये $घ_२ - घ_१ = फा(य_२) - फा(य_१) = \int_{य_१}^{य_२} \pi र^२ ताय = \pi \int_{य_१}^{य_२} र^२ ताय$

१५७। समसूच्याकार शङ्कु का घनफलानयन।

कल्पना करो कि एक सरल रेखा अ मूल विन्दु में हो कर गई है और य अक्ष से अ तुल्य कोण बनाती है तो य अक्ष के चारो ओर इस के घूमने से समसूची उत्पन्न होगी (१४३वाँ प्रक्रम देखो) इस लिये यहाँ $र = य \cdot स्पअ$

$$घ = \int \pi स्प^२ अ \, य^२ ताय = \frac{\pi स्प^२ अ \cdot य^३}{३} + स्थि$$

और $घ_२ - घ_१ = \frac{\pi स्प^२ अ}{३} (य_२^३ - य_१^३)$

कल्पना करो कि $य_१ = ०$ और $त्रि = य_२ स्पअ$ अर्थात् $य_२ = \frac{त्रि}{स्पअ}$ तो समसूच्याकार शङ्कु (जिसके आधार परिधि का व्यासार्द्ध त्रि है) का

$$घनफल = \frac{\pi स्प^३ अ}{३} \times \frac{त्रि^३}{स्प^३ अ} = \frac{\pi त्रि^३}{३ स्पअ} = \frac{\pi त्रि^२ य_२}{३}$$

इस से यह सिद्ध होता है कि समखात फल की तिहाई सूची का घनफल होता है। इस को भास्कराचार्य ने भी अपनी लीलावती में लिखा है।

१५८। गोल का घनफलानयन।

यहां $र^२ = अ^२ - य^२$

इस लिये $घ = \int \pi र^२ ताय = \pi \int (अ^२ - य^२) ताय$

$= \pi (अ^२ य - \frac{य^३}{२}) + स्थि$। $य = ०$ और $य = अ$ मानने से आधे गोल का घनफल $= \frac{२ \pi अ^३}{३}$ इस लिये सम्पूर्ण घनफल $= \frac{४ \pi अ^३}{३} = \frac{४ \pi अ^२ \times २अ}{६}$

$= \frac{पृफ \times व्या}{६}$ अर्थात् पृष्ठफल को व्यास से गुण कर छ का भाग देने से गोल का घनफल होता है। इस को भी भास्कराचार्य ने अपनी लीलावती में लिखा है।

१५९। जिस परवलय का $र^२ = ४अय$ यह समीकरण है य अक्ष के चारो ओर उस के घूमने से जो घनक्षेत्र होगा उस का

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$घ = \int \pi र^२ ताय = \pi \int ४अय \ ताय = ४अ\pi \int य ताय = २अ\pi य^२ + स्थि$$

इस लिये $घ_२ - घ_१ = २अ\pi(य_२^२ - य_१^२)$ इस में यदि $य_१ = ०$ तो क्षेत्र के समीकरण से $घ_१ = ०$ इस लिये $र_२$ कोटि से बने वृत्त और शिरः स्थान के भीतर का घनफल $= २अ\pi य_२^३ = \frac{४अय_२\pi य_२}{२} = \frac{\pi र_२^२ य_२}{२}$

अर्थात् जिस समतलमस्तकपरिधि शङ्कु का आधार $र_२$ त्रिज्या से उत्पन्न परिधि हो और उँचाई $य_२$ हो उस के घनफल के आधे के बराबर उसी उँचाई और उसी आधार से जो परवलय का घनक्षेत्र होगा उस का घनफल होगा।

१६०। चलनकलन के ३८८ पृष्ठ में जो चक्रालद (Cycloid) का समीकरण $र = क(अ + ज्याय)$, $य = क(१ - कोज्याअ)$ यह लें तो य अक्ष के चारो ओर इस के घूमने से जो घनक्षेत्र होगा उस का

$$घ = \int \pi र^२ ताय = \pi क^३ \int (अ + ज्याअ)^२ ज्याअताअ$$

$$= \pi क^३ \int (अ^२ + २अज्याअ + ज्या^२अ) ज्याअताअ$$

यहाँ खण्डचलानयन से

$$\int अ^२ ज्याअताअ = - अ^२ कोज्याअ + २\int अकोज्याअताअ$$

$$= - अ^२ कोज्याअ + २अज्याअ + २कोज्याअ।$$

$$\int २अज्या^२अताअ = \int अ(१ - कोज्या२अ)ताअ$$

$$= \frac{अ^२}{२} - \frac{अज्या२अ}{२} - \frac{कोज्या२अ}{४}।$$

और $$\int ज्या^३अताअ = \frac{कोज्याअज्या^२अ}{३} + \frac{२}{३}\int ज्याअताअ$$

$$= - \frac{कोज्याअज्या^२अ}{३} - \frac{२कोज्याअ}{३}$$ (१२ वें प्रक्रम के १५ वें उदाहरण से)।

अब आधे चक्रालद के घूमने से जो घनक्षेत्र होता है उस के घनफल का ज्ञान करना हो तो $य = ०$ और $य = २क$ वा $अ = ०$, $अ = \pi$ के भीतर ऊपर के चलों का मान ले आने से

$$\int_०^{\pi} अ^२ ज्याअताअ = \pi^२ - २ - २ = \pi^२ - ४$$

$$२\int_०^{\pi} अज्या^२अताअ = \frac{\pi^२}{२} - \frac{१}{४} + \frac{१}{४} = \frac{\pi^२}{२},$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

और $\int_0^{\pi}$ ज्या^{3}अताअ $= \frac{2}{3} + \frac{2}{3} = \frac{4}{3}$,

इस लिये अभीष्टघनफल

$= \pi क^3 \left\{ \pi^2 - 4 + \frac{\pi^2}{2} + \frac{4}{3} \right\} = \pi क^3 \left(\frac{3\pi^2}{2} - \frac{8}{3} \right)$।

१६१। यदि वक्र र अक्ष के चारो ओर घूम कर घनक्षेत्र बनावे तो स्पष्ट है कि उस का घनफल य और र को बदल देने से $\int \pi य^2$तार यह होगा। इस लिये $घ_2 - घ_1 = \pi \int_{र_1}^{र_2} य_2$तार ऐसा होगा।

१६२। परवलय का $र^2 = 4अय$ यह समीकरण है और यह र अक्ष के चारो ओर घूम कर घनक्षेत्र बनाता है तो इस का घन फल ऊपर के प्रक्रम से

$$घ = \int \pi य^2 तार = \pi \int \frac{र^4}{16अ^2} तार = \frac{\pi र^5}{80अ^2} + स्थि$$

इस लिये $घ_2 - घ_1 = \frac{\pi(र_2^5 - र_1^5)}{80अ^2}$। इस में यदि $र_1 = 0$ तो क्षेत्र के समीकरण से $घ_1 = 0$ इस लिये $र_2$ त्रिज्या से बने वृत्त और शिरः स्थान के भीतर का घनफल $= \frac{\pi र_2^5}{80अ^2}$।

१६३। यदि दो वक्र य अक्ष के चारो ओर घूम कर दो घनक्षेत्र बनाते हों तो जो धरातल य अक्ष पर लम्ब है ऐसे दो धरातलों से दोनों घनक्षेत्रों के काटने से उन के भीतर जो घनफल होंगे उन के अन्तर को घ कहो और पहले वक्र का $र = फ(य)$ यह और दूसरे का $र = फ(य)$ यह समीकरण हो तो पिछले प्रक्रमों से स्पष्ट है कि $घ = \pi \int [\{फ(य)\}^2 - \{फ(य)\}^2]$ताय यह होगा।

जिन दोनों लम्बरूपी धरातलों से दोनों घनक्षेत्रों को काटा है उन का समीकरण क्रम से यदि $य = य_1$, $य = य_2$ ऐसे हों तो ऊपर के चल में $य_1$, $य_2$ के भीतर जो मान होगा वही घनफलों का अन्तर होगा।

कल्पना करो कि एक सीमित वक्र ऐसा है कि एक सरल रेखा जिस का समीकरण $र = क$ है उस के सब कोटि खण्डरूपी पूर्णज्याओं का समान द्विभाग करती है (१४८वें प्रक्रम का क्षेत्र देखो) तो पूर्णज्या का मान यदि फि(य) हो तो रेखा के नीचे वक्र के भाग का समीकरण $र = अ - फि(य) = फा(य)$ और ऊपर

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

के भाग का समीकरण र = क + फि(य) = फ(य) ऐसा होगा । इस लिये दोनों भागों से उत्पन्न घनक्षेत्र का फल = घ = $\pi\int$[{ फ(य) } ^{२} — {फा(य)}^{२}]ताय

= ४πक $\int$ फि(य)ताय

कल्पना करो कि सीमित वक्र के दोनों प्रान्त के जहाँ कोटि वक्र की स्पर्शरेखा हो जाती है भुज क्रम से य$_{१}$, य$_{२}$ हैं तो य अक्ष के चारो ओर सीमित वक्र के घूमने से जो घनक्षेत्र उत्पन्न होगा उस का घन—

फल = ४πक $\int_{य_{१}}^{य_{२}}$ फि(य)ताय यह होगा ।

यह अक्ष के चारो ओर वक्र के घूमने से जो घनक्षेत्र होगा इस वाक्य का तात्पर्य यह है कि य, और र अक्ष से जितने जितने अन्तर पर वक्र के प्रत्यवयव हैं उतने ही उतने ही अन्तर पर सर्वत्र रहें ऐसा वक्र को चारो ओर घुमाने से वक्र के आकार के वश से आकाश में जो घनाकृति उत्पन्न हो वही वक्रजन्य घनक्षेत्र है ।

ऊपर के घनफल में अर्थात् $\pi\int$[{ फ(य) } ^{२} — { फा(य) } ^{२}]ताय इस में यदि फ(य) के स्थान में र और फा(य) के स्थान में $\frac{१}{र}$ रख दें तो

घ = $\pi\int$($र^{२}-\frac{१}{र^{२}}$)ताय = $\pi\int$ $(र+\frac{१}{र})$ $(र-\frac{१}{र})$ताय = २πक $\int$ $(र-\frac{१}{र})$ताय ऐसा होगा परन्तु $\int$ $(र-\frac{१}{र})$ताय यह पिछले अध्याय से सीमित वक्र का फल है।

इस लिये यदि सम्पूर्ण वक्र का फल आ हो तो सम्पूर्ण घनक्षेत्र का फल २πक × आ होगा। यहाँ भी १४८ प्रक्रम के ऐसा समझ लेना चाहिये कि वक्र का सब भाग य अक्ष के ऊपर है। यदि वक्र का कुछ भाग य अक्ष के नीचे भी हो तो सहज में दिखला सकते हो कि २πक × आ यह य अक्ष के नीचे और ऊपर के घनक्षेत्र विभागों के घन फलों का अन्तर होगा।

जैसे १४८ प्रक्रम में जो $(य-च)^{२}+(र-ज)^{२}-ग^{२}=०$ इस वृत्त के य अक्ष के चारो ओर घूमने से गोलीय मुद्रिका होगी उस का घनफल ऊपर की युक्ति से २$\pi^{२}ग^{२}ज$ यह होगा जहाँ ग वृत्त का व्यासार्द्ध और ज; य अक्ष से वृत्त के केन्द्र का लम्बरूपी अन्तर है।

१६३। इसी तरह यदि दोनों वक्र जिन के समीकरण क्रम से

य = फ(र), य = फा(र)

ये हैं र अक्ष के चारो ओर घूमकर घनक्षेत्र बनावें तो ऊपर के प्रक्रम की युक्ति से घनफलान्तर = घ = $\pi\int$[{ फ (र) } ^{२} — { फा(र) } ^{२}] तार यह होगा।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

फिर इस पर से पूर्ववत् विचार कर सकते हो।

१६४। १५६वें प्रक्रम में घनफल के लिये जो युक्ति लिखी गई है उसी युक्ति से चाहै जैसा घनक्षेत्र हो सब का घनफल जान सकते हैं।

जैसे किसी घनक्षेत्र को य अक्ष पर लम्ब जो धरातल है उस से काटें और कटे क्षेत्र का फल फ(य) कल्पना करें तो स्पष्ट है कि इस लम्बरूपी धरातल के बहुत ही पास जो दूसरा लम्बरूप धरातल है उस से भी जो कट कर दोनों धरातलों के बीच में घनक्षेत्र का घनफल △घ है वह फ(य)△य के समान होगा इस लिये

$\frac{\triangle घ}{\triangle य}$ = फ(य) △ य को शून्य अर्थात् ताय मानने से

$\frac{ताघ}{ताय}$ = फ(य) ∴ घ = ∫फ(य) ताय ऐसा होगा।

१६५। दैर्घवृत्तीय घनक्षेत्र जिसके पृष्ठ का समीकरण

$\frac{य^२}{अ^२} + \frac{र^२}{क^२} + \frac{ल^२}{ग^२}$ = १ यह है उसका घनफलानयन।

यहाँ यदि घनक्षेत्र को य अक्ष पर लम्ब धरातल से काटो जो कि मूल विन्दु से य तुल्य हट कर य अक्ष में लगा है तो घनक्षेत्र के लक्षण से कटा हुआ प्रदेश एक दीर्घवृत्त होगा जिसके दोनों व्यासार्द्ध क्रम से

$क\sqrt{\left[१ - \frac{य^२}{अ^२} \right]}, ग\sqrt{\left[१ - \frac{य^२}{२} \right]}$ ये हैं इस लिये छेदित प्रदेश का

फल = फ(य) = ^{π} क ग$(१ - \frac{य^२}{अ^२})$ यह हुआ और अभीष्ट क्षेत्र का संपूर्ण घनफल

$= \int_{-अ}^{अ} \left[१ - \frac{य^२}{अ^२} \right] ^π$क ग ताय = $\frac{४^π \text{ अ क ग}}{३}$

१६६। किसी सूची क्षेत्र का घनफलानयन।

कल्पना करो कि सूची का आधार कोई बहुभुजक्षेत्र है जिस का फल आ है और सूची का वेध वा उँचाई वे है तो यदि भुज, कोटि शङ्कुओं का मूल विन्दु सूची का शिरःस्थान मानें और य अक्ष को सूची के आधार पर लम्ब रूप मानें तो १६४ प्रक्रम की युक्ति से सूची का घनफल $\int_{०}^{वे}$ फ(य) ताय यह होगा। अब यदि य अक्ष पर लम्बरूपी धरातल से सूची को काटें

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

तो स्पष्ट है कि छेदित प्रदेश आधार का सजातीय होगा इस लिये इस प्रदेश का फल = फ(य) = $\frac{य^२आ}{वे^२}$ इस लिये सूची का घनफल

$$= \int_०^{वे} फ(य)ताय = \int_०^{वे} \frac{य^२आ}{वे^२} ताय = \frac{आ}{वे^२} \int_०^{वे} य^२ताय = \frac{आ \cdot वे}{३}$$

बहुभुज क्षेत्र रूपी आधार के स्थान में यदि कोई सीमित क्षेत्र हो तब भी यही घनफल आवेगा। इस पर से यह सिद्ध होता है कि आधार पर बेध तुल्य बेध में जो समखात का घनफल होता है उसके तृतीयांश के तुल्य सूची का घनफल होता है। इसको भी भास्कराचार्य ने अपनी लीलावती के खातव्यवहार में लिखा है (समखातफलत्र्यंशः सूचीखाते फलं भवति) परन्तु इसकी उपपत्ति कहीं नहीं लिखी है।

१६७। कल्पना करो कि $\frac{य^२}{अ^२} - \frac{र^२}{क^२} - \frac{ल^२}{ग^२} = १$ यह एक आतिपरवलयिक घनक्षेत्र का समीकरण और $\frac{य^२}{अ^२} - \frac{र^२}{क^२} - \frac{ल^२}{ग^२} = ०$ यह एक समसूच्याकार शङ्कु का समीकरण है तो पहले घनक्षेत्र को य अक्ष पर लम्ब और मूल विन्दु से य तुल्य हट कर य अक्ष में लगा हुआ जो धरातल है उस से काटें तो छेदित प्रदेश एक दीर्घवृत्त होगा जिस का फल फ(य) = $π क ग\left[\frac{य^२}{अ^२} + १\right]$ यह होगा और उसी धरातल से शङ्कु का छेदित प्रदेश भी दीर्घवृत्तही होगा जिसका फल = फा(य) = $\frac{π क ग य^२}{अ^२}$ इस लिये दोनों का अन्तर π क ग यह हुआ। इस लिये शङ्कु, आतिपरवलयिक और दो लम्ब रूपी धरातल जो मूल विन्दु से क्रम से $य_१$, $य_२$ तुल्य हट कर य अक्ष में लगे हैं उनके भीतर का घनफल = $\int_{य_१}^{य_२} π क ग ताय$

= π क ग $(य_२ - य_१)$

१६८। जिन समानान्तर धरातलों से घनक्षेत्र को काट कर ऊपर के प्रक्रमों में घनफल साधन की युक्ति दिखाई है वे यदि य अक्ष पर लम्ब न हों किन्तु य अक्ष उन से $अ_१$ तुल्य झुका हो तो स्पष्ट है कि $\int$ फ(य) ताय इस

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

के स्थान में $\int$ फ(य) ज्याअ$_१$ताय इस को लेने से घनफल का मान आ जायगा।

१६९। १६४वें प्रक्रम से सिद्ध है कि घ = $\int$ फ (य) ताय इस लिये फ(य) को कल्पना कर लें कि किसी वक्र की कोटि र है तो १३८वें प्रक्रम की युक्ति से तीन समानान्तर वा चार समानान्तर धरातलों से जिन का परस्पर अन्तर = च है छेदित प्रदेश के फलों से आद्यन्त धरातलान्तर्गत घन फल का स्वल्पान्तर से मान $\frac{च}{३}$ (आ$_०$ + ४ आ$_१$ + आ$_२$) वा $\frac{३च}{८}$ { आ$_०$ + आ$_३$ + ३(आ$_१$ + आ$_२$) } यह होगा जहाँ र$_०$, र$_१$, इत्यादि के स्थान में आ$_०$, आ$_१$ इत्यादि को रख दिया है।

१७०। १५६वें प्रक्रम से सिद्ध है कि घ = $\int$ π र^२ ताय परन्तु

πर^२ = $\int$ २ π र तार इस लिये द्विगुण चलानयन की रीति से घनफल को $\int\int$ २ π र तार ताय = २ π $\int\int$ र तार ताय इस से प्रकाश कर सकते हैं। ११४वें प्रक्रम के क्षेत्र को यदि य अक्ष के चारो ओर घुमावें तो द ट चतुर्भुज से एक वलय उत्पन्न होगा जिसका घनफल स्वल्पान्तर से २ πर △ य △ र यह होगा और एक स्तम्भ में जितने चतुर्भुज हैं सब से उत्पन्न वलयों के घनफल का योग △ य $\int_{फ(य)}^{फा(य)}$ २ π र तार अर्थात्

△ य × २π $\int_{फ(य)}^{फा(य)}$ र तार = π △ य [{ फा(य) } ^{२} − { फ(य) } ^{२}] यह होगा

इस लिये काता कत के घूमने से जो घनक्षेत्र होगा उस का घनफल

= π $\int_{अगा}^{अचा_१}$ [{ फा(य) } ^{२}] − { फ(य) } ^{२}] ताय

= $\int_{य_१}^{य_२}$ $\int_{फ(य)}^{फा(य)}$ २πर तार ताय

= २π $\int_{य_१}^{य_२}$ $\int_{फ(य)}^{फा(य)}$ र तार ताय यदि अचा = य$_२$, अगा = य$_१$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ऊपर के $\pi \int_{\text{अगा}}^{\text{अचा}_1} [\{\text{फा}(\text{य})\}^2 - \{\text{फ}(\text{य})\}^2]$ ताय इस समीकरण में यदि फा(य) के स्थान में फ (य) और फ (य) के स्थान में फा(य) को रख दें तो ठीक १६३वें प्रक्रम का समीकरण हो जायगा।

१७१। यदि जिन वक्रों के क्रम से $\text{य} = \text{फ}(\text{र})$, $\text{य} = \text{फा}(\text{र})$ ये समीकरण हैं उन के चाप से और जिन रेखाओं के क्रम से $\text{र} = \text{र}_1$, $\text{र} = \text{र}_2$ ये समीकरण हैं उन से बना हुआ क्षेत्र य अक्ष के चारो ओर घूम कर घनक्षेत्र बनावे तो ऊपर की युक्ति से उसका घनफल $= 2\pi \int_{\text{र}_1}^{\text{र}_2} \int_{\text{फा}(\text{र})}^{\text{फ}(\text{र})} \text{र}$ ताय तार ऐसा होगा इस का ताय के वश यदि चल बना लो तो

$$\text{घ} = 2\pi \int_{\text{र}_2}^{\text{र}_1} \{\text{फ}(\text{र}) - \text{फा}(\text{र})\} \text{र तार}$$

१७२। ऊपर के प्रक्रमों की व्याप्ति दिखलाने के लिये ११६वें प्रक्रम का क्षेत्र लो। कल्पना करो कि अलक वक्र क्षेत्र य अक्ष के चारो ओर घूम कर जो घन क्षेत्र बनाया उसका घनफल जानना है तो स्पष्ट है कि कनल के घूमने से जो अर्द्ध-गोल होगा और अनल के घूमने से जो परवलय संबन्धि घनक्षेत्र होगा उनके घनफलों के अन्तर के समान अभीष्ट घनफल होगा। इन दोनों घनक्षेत्रों का घन-फल पिछले प्रक्रमों से विदित है इसलिये अभीष्टघनक्षेत्र का घनफल भी इन दोनों के अन्तर पर से विदित होगा इसलिये द्विगुण चलानयन से जो इसका घनफल निकलेगा उसकी जाँच अच्छी तरह से इस उदाहरण में होगी अर्थात् दोनों रीति से फलों का मान एक हो जाने से मन भर जायगा मानो कि न मूल विन्दु और नक य अक्ष में धनात्मक मार्ग है तो अल वक्र का समीकरण $\text{र}^2 = 4\text{अ}(\text{अ} - \text{य})$ और कल का $\text{र}^2 = 4\text{अ}^2 - \text{य}^2$ यह होगा।

इस लिये ऊपर के प्रक्रम की युक्ति से अभीष्ट घनफल

$$= \int_0^{2\text{अ}} \int_{\frac{4\text{अ}^2 - \text{र}^2}{4\text{अ}}}^{\sqrt{(4\text{अ}^2 - \text{र}^2)}} 2\pi \text{र} \text{ ताय तार}$$

इसी जगह यदि यह इच्छा हो कि पहले र के वश से चलानयन करें तो अलक का अफ रेखा से दो विभाग करने से

घ = वृत्त खण्ड का घ· फ + परवलय के खण्ड का घ· फ

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$= \int_{अ}^{२अ} \int_{०}^{\sqrt{(४अ^२-य^२)}} २\pi र \, तार \, ताय$$

$$+ \int_{०}^{अ} \int_{\sqrt{(४अ^२-४अय)}}^{\sqrt{(४अ^२-य^२)}} २\pi र \, तार \, ताय$$

इसी जगह यदि य अक्ष के चारो ओर घलग के घूमने से जो घनक्षेत्र बने उसका घनफल अपेक्षित हो तो मान लो कि य अक्ष की धनात्मक दिशा नघ की ओर है तब न को मूल विन्दु मानने से लग का समीकरण $र^२ = ४ अ (अ + य)$ और लघ का $र^२ = ४ अ^२ - य^२$ यह होगा।

इस लिये अपेक्षित घनफल $= \int_{०}^{२अ} \int_{\sqrt{(४अ^२-य^२)}}^{\sqrt{(४अ^२+४अय)}} २\pi र \, तार \, ताय$

इसी स्थान में यदि पहले य के वश से चल अपेक्षित हो तो लल, रेखा से अभीष्ट क्षेत्र का दो विभाग कर देने से

घ = वृत्तखण्ड का घ फ + परवलयखण्ड का घ फ

$$= \int_{०}^{२अ} \int_{\sqrt{(४अ^२-र^२)}}^{२अ} २\pi र \, ताय \, तार$$

$$+ \int_{\frac{र^२-४अ^२}{४अ}}^{२अ\sqrt{३}} २\pi र \, ताय \, तार$$

१७३। यदि क्षेत्र र अक्ष के चारो ओर घूमने से घनक्षेत्र बनावे तो य, र का परस्पर बदल देने से ऊपर की युक्ति से सहज में सिद्ध हो जायगा कि $घ = \int\int २\pi य \, ताय \, तार$।

१७४। किसी घनक्षेत्र के पृष्ठ में एक प विन्दु और इस विन्दु के बहुत ही पास दूसरी व विन्दु लेकर दोनों विन्दुओं में लगा कर यल, रल धरातलों के समानान्तर दो दो धरातलों को बनावो तो घनक्षेत्र के भीतर एक आयत आधार के ऊपर समखात बन जायगा जिस के आधार का भुज य, कोटि र और वेध, ल होगा इस लिये समखात का घनफल = ल △ य △ र। △ य, △ र को बहुत छोटा मानने से समखात का घनफल = ल तार ताय, इस लिये समग्र घनफल = $\int\int$ ल तार ताय इस में पहले यदि $\int$ ल तार इस का मान निकालो तो स्पष्ट है

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

कि यह य अक्ष पर लम्ब जो धरातल है उस से छेदित प्रदेश का फल होगा इसे यदि फ(य) के बराबर मान लो तो समग्र घनफल = $\int$ फ(य) ताय यही १६४वें प्रक्रम से भी सिद्ध हुआ है।

इसी में यदि पहले $\int$ ल ताय इस का मान निकालो तो यह र अक्ष पर लम्ब रूप धरातल जो होगा उस से छेदित प्रदेश का फल होगा इस लिये इस को यदि फ(र) कहो तो ऊपर की युक्ति से समग्र घनफल = $\int$ फ(र) तार। सर्वत्र सीमाओं का विचार कर घनफल निकालना चाहिये।

१७५। दैर्घवृत्तीय घनक्षेत्र का अष्टमांश घनफल (जिस के पृष्ठ का समीकरण $\frac{य^२}{अ^२} + \frac{र^२}{क^२} + \frac{ल^२}{ग^२} = १$ यह है) जानना हो तो यहाँ

$$ल = ग\sqrt{(१ - \frac{य^२}{अ^२} - \frac{र^२}{क^२})}$$

इस लिये $घ = ग\int\int\sqrt{(१ - \frac{य^२}{अ^२} - \frac{र^२}{क^२})}$ तार ताय

यहाँ पहले $\int\sqrt{(१ - \frac{य^२}{अ^२} - \frac{र^२}{क^२})}$ तार $= क\int\sqrt{(१ - \frac{य^२}{अ^२} - \frac{र^२}{क^२})}\frac{तार}{क}$

$$= क\left\{\frac{र}{२क}\sqrt{(१ - \frac{य^२}{अ^२} - \frac{र^२}{क^२})} + \frac{(१ - \frac{य^२}{अ^२})}{२}\text{ज्या}^{-१}\frac{र}{क\sqrt{(१ - \frac{य^२}{अ^२})}}\right\}$$

इस में र = ० और $र = क\sqrt{१ - \frac{य^२}{अ^२}}$ के भीतर का चल

$= \frac{\pi क}{४}(१ - \frac{य^२}{अ^२})$। इस लिये $घ = \int \frac{\pi\, क\, ग}{४}(१ - \frac{य^२}{अ^२})$ ताय

$= \frac{\pi\, क\, ग}{४}\left[य - \frac{य^३}{३अ^२}\right]$ ० और अ के बीच य के मान में समग्र का $\frac{१}{८}$ घन-फल $= \frac{\pi\, क\, ग}{४}(अ - \frac{अ^३}{३अ^२}) = \frac{\pi\, क\, ग}{४}\cdot\frac{२अ}{३} = \frac{\pi\, अ\, क\, ग}{६}$ इस को ८ से गुण देने से सम्पूर्ण घनफल $= \frac{४\pi अकग}{३}$। यही १६५वें प्रक्रम में भी सिद्ध हुआ है।

१७६। जिसके पृष्ठ का समीकरण य र = अल है उस से यर धरातल से और जिन चारो धरातलों का क्रम से $य = य_१$, $य = य_२$, $र = र_१$, $र = र_२$ ये समी-करण हैं उन से बने हुए घनक्षेत्र का घनफल जानना है।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यहाँ १७४वें प्रक्रम की युक्ति से

$$घ = \int_{य_१}^{य_२} \int_{र_१}^{र_२} \frac{यर}{अ} \text{ तार ताय} = \frac{१}{२अ} \int_{य_१}^{य_२} (र_२^२ - र_१^२) \text{य ताय}$$

$$= \frac{१}{४अ} (र_२^२ - र_१^२)(य_२^२ - य_१^२)$$

$$= \frac{१}{४अ} (य_२ - य_१)(र_२ - र_१) \{ य_१र_१ + य_२र_२ + य_१र_२ + य_२र_१ \}$$

$$= \frac{१}{४} (य_२ - य_१)(र_२ - र_१)(ल_१ + ल_२ + ल_३ + ल_४)$$

जहाँ $ल_१, ल_२, ल_३, ल_४$ ये चारो कोनों के क्रम से शङ्कु हैं

यहाँ पर यह मान लिया गया है कि सीमाओं के भीतर सर्वत्र यर धन है।

१७७। जिस धरातल का समीकरण ल = ०, वृत्त का $(य-च)^२ + (र-ज)^२ = ग^२$ और घन के पृष्ठ का य र = अ ल यह है उन से बने घनक्षेत्र का घनफल जानना है।

यहाँ वृत्त के समीकरण से र की सीमा $ज - \sqrt{\{ ग^२ - (य-च)^२ \}}$ और $ज + \sqrt{\{ ग^२ - (य-च)^२ \}}$ ये होंगी इस लिये १७४वें प्रक्रम की युक्ति से

$$घ = \int\int \frac{यर}{अ} \text{तार ताय} = \frac{१}{अ} \int\int यर \text{ तार ताय}$$

$$= \frac{२ज}{अ} \int य \sqrt{\{ ग^२ - (य-च)^२ \}} \text{ ताय}$$

जहाँ य की सीमा च—ग, च + ग, ये हैं

और $\frac{२ज}{अ} \int य \sqrt{\{ ग^२ - (य-च)^२ \}}$ ताय $= \int (य-च) \sqrt{\{ ग^२ - (य-च)^२ \}}$ ताय

$+ च \int \sqrt{\{ ग^२ - (य-च)^२ \}}$ ताय यदि य—च = त तो ऊपर का घनफल

$$= \frac{२ज}{अ} \int त \sqrt{\{ ग^२ - त^२ \}} \text{ तात} + च \int \sqrt{\{ ग^२ - त^२ \}} \text{तात}$$

यहाँ त की सीमा—ग, + ग है इस लिये सीमाओं के भीतर ऊपर के चल का मान निकालने से अभीष्ट घनफल $= \frac{ज \, च \, ग^२ \pi}{अ}$,

यहाँ भी यह मान लिया गया है कि सीमाओं के भीतर यर धन है अर्थात् $(य-च)^२ + (र-ज)^२ = ग^२$ इस वृत्त का सब भाग प्रथम वा तृतीय पद में है ऐसा समझ कर तब ऊपर का घनफल निकाला गया है।

१७८। यदि घनक्षेत्र को ऐसे धरातलों से काटें जिस में शङ्कु मूल के

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अक्षीय समीकरण के वश श्रुताश्रुताघ यह आधार का फल हो तो समखात का फल लश्रुताश्रुताघ यह होगा इस लिये घ = $\int$ लश्रुताश्रुताघ । यहाँ श्रु^{२} = य^२ + र^२

जैसे जिस धरातल का ल = ०, और दो पृष्ठों का य^२ + र^२ = ४ अ ल,

र^२ = २ गय—य^२ ये समीकरण हैं उन से बने घनक्षेत्र का फल जानना है तो यहाँ $\frac{श्रु^२}{४अ}$ = ल और श्रु, ष की ऐसी सीमा होगी जिस में चल का फैलाव र^२ = २ गय − य^२ इस वृत्त के संपूर्ण फल तक हो तो यहां श्रु$_१$ = २ ग कोज्याष ऐसा मानने से अभीष्ट घनफल

$$= \int_{-\frac{\pi}{२}}^{\frac{\pi}{२}} \int_{०}^{श्रु_१} \frac{श्रु^३}{४अ} \text{ ताश्रु ताय} = \frac{ग^४}{अ} \int_{-\frac{\pi}{२}}^{\frac{\pi}{२}} \text{कोज्या}^५ \text{षताष}$$

$$= \frac{२ ग^५}{अ} \times \frac{३}{४} \times \frac{१}{२} \times \frac{\pi}{२} = \frac{३\pi ग^५}{८ अ} \text{(खण्डचलानयन से)}$$

१७९। जिस पृष्ठ का ल = अ इ $^{-\frac{य^२+र^२}{ग^२}}$ = अइ $^{-\frac{श्रु^२}{ग^२}}$ यह समीकरण है उस से और यर अक्ष से बने घनक्षेत्र का घनफल जानना हो तो यहाँ पृष्ठ के समीकरण से स्पष्ट है कि मूल विन्दु से चारो ओर अनन्त दूर तक पृष्ठ फैला हुआ है इस लिये य की सीमा ०, और २ π होगी

और श्रु की ०, और ∞ होगी इस लिये घ = $\int\int$ अ इ $^{-\frac{श्रु^२}{ग^२}}$ श्रुताश्रुताघ

इस में $\int$ इ $^{-\frac{श्रु^२}{ग^२}}$ श्रुताश्रु इस का मान = $-\frac{इ^{-\frac{श्रु^२}{ग^२}}}{२}$ ग^२ यह होगा

इस लिये $\int_{०}^{\infty}$ इ $^{-\frac{श्रु^२}{ग^२}}$ श्रताश्रु = $\frac{ग^२}{२}$ और तब अभीष्ट घनफल का प्रमाण

$$= \int_{०}^{२\pi} \int_{०}^{\infty} \int \text{अ इ}^{-\frac{श्रु^२}{ग}} \text{ श्रुताश्रुताघ} = अ \int_{०}^{२\pi} \frac{ग^२}{२} \text{ ताय} = \frac{२\pi अग^२}{२} = \pi अग^२$$

१८०। १७४वें प्रक्रम में जो समखात का फल लतायतार यह निकाला है इसका ल अक्ष पर लम्ब जो धरातल है उन से अनन्त विभाग कर डालें तो एक

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

विभाग वा समखात घनफल की तात्कालिकी गति = ताल तार ताय यह होगी इस लिये घनक्षेत्र के घनफल का मान त्रिगुण चलानयन की रीति से $\int\int\int$ ताल तार ताय यह होगा।

१८१। जिस नलक का $य^२ + र^२ - २ अ य = ०$ यह समीकरण है उसके यदि उस खण्ड का घनफल जानना चाहते हो जो कि ल = य स्पअ१, ल = यस्पक१ इन धरातलों से नलक के कटने से उत्पन्न हुआ है तो यहाँ नलक के समीकरण से $र^२ = २ अ य - य^२ = र१^२ \therefore र१ = \sqrt{(२ अ य - य^२)}$

अब १८० प्रक्रम की युक्ति से $घ = \int_{०}^{२अ} \int_{-र१}^{र१} \int_{य स्प अ१}^{य स्प क१}$ तालतारताय

$$= \int_{०}^{२अ} \int_{-र१}^{र१} (यस्पक१ - यस्पअ१) तार ताय$$

$$= \int_{०}^{२अ} (स्पक१ - स्पअ१)\ २य\sqrt{(२अय - य^२)} ताय$$

$$= २(स्पक१ - स्पअ१)\frac{\pi अ^२}{२}।$$

१८२। १७८वें प्रक्रम में समखात का आधार जिस का फल, श्रुता श्रुताष यह है उसे मान लो कि यर के धरातल में है अब इस आधार को स्थिररेखा अर्थात् य अक्ष के चारो ओर घुमावो तो स्पष्ट है कि इस आधार के घूमने से एक घनवलय होगा जिसका घनफल = २ π रश्रुताश्रुताष = २π श्रुज्याष श्रुताश्रुताष यह होगा और पूरा फेरा करने में आधार का धरातल यर धरातल से २π कोण उत्पन्न करेगा इस लिये बहुत पास पास के दो स्थानों में आधार के धरातल के आने में यर धरातल से उत्पन्न कोण का मान क्रम से ष१, ष१ + ताष१ मानो तो घनवलय के घनफल का परमाल्प विभाग वा तात्कालिकी गति = ताष१ श्रुज्यायश्रुताश्रुताय = $श्रु^२$ज्याषताश्रुतायताष१ इस लिये उचित सीमाओं के वश से सम्पूर्ण घनक्षेत्र का घनफल $घ = \int\int\int श्रु^२$ज्याष ताश्रुतायताष१

जैसे जिस गोल का व्यासार्द्ध अ है उसके अष्टमांश का घनफल जानना है तो पहले $\int श्रु^२$ ताश्रु $= \frac{श्रु^३}{३}$ इस में ०, और अ के बीच श्रु के मान

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

में चल $= \frac{अ^३}{३}$

तब $घ = \int\int \frac{अ^३}{३}$ ज्याषताषताष$_१$

इस तरह से पहले र के वश चल ले आने से श्रु^{२}ज्याष श्रु ष ष$_१$,

इन सब अवयवों का योग जो कि एक सूची के (जिसके आधार का फल = अ^{२}ज्याष ष ष$_१$ और वे = अ) समान है आया।

फिर ष के वश चल ज्ञान करने से

$$\int \text{ज्याष ताष} = - \text{कोज्याष},$$

यहाँ ष की सीमा ० और $\frac{\pi}{२}$ मानने से

$$घ = \int \frac{अ^३}{३} \text{ ताष}_१$$

इस तरह यहाँ ष के वश चलानयन से $\frac{अ^३}{३}$ ज्याष △ष △ष$_१$, इस चाल को ष$_१$ और ष + ष$_१$ के भीतर जितनी सूचियाँ हैं उनका योग आया।

फिर सब के पीछे ष$_१$ के वश से चल ज्ञान करने से और ष$_१$ की सीमा ० और $\frac{\pi}{२}$ मानने से गोल के अष्टमांश घनफल का मान = $घ = \frac{\pi अ^३}{६}$

१८३। एक समसूच्याकार शङ्कु का शिरःस्थान एक गोल के पृष्ठ पर है और शिरःस्थान से गोलगर्भ तक जो रेखा गई है वही शङ्कु का अक्ष है। गोल का व्यासार्द्ध अ और शङ्कु का शिरःकोणार्द्ध अ$_१$ है तो शङ्कु के आधार के गोल के पृष्ठ में लगने से शङ्कु पृष्ठ और गोल पृष्ठ के भीतर जो घनक्षेत्र होगा उसका घनफल जानना हो तो शङ्कु के शिरःस्थान को मूलविन्दु मानने से गोल-पृष्ठ का अक्षीयसमीकरण

श्रु = २अकोज्याष यह होगा। इस लिये अभीष्ट

$$\text{घनफल} = \int_०^{२\pi}\int_०^{अ_१}\int_०^{२अकोज्याय} \text{श्रु}^२\text{ज्याषताश्रुताषताष}_१$$

१८४। इसी प्रकार श्रु = अ(१ + कोज्याष) इस वक्र के स्थिर रेखा के चारो ओर घूमने से जो घनक्षेत्र होगा उसका घनफल।

$$घ = \int_०^{२\pi}\int_०^{\pi}\int_०^{अ(१+\text{कोज्याष})} \text{श्रु}^२\text{ज्याषताश्रुताषताष}_१$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$= \int_0^{\pi}\int_0^{2\pi}\int_0^{\text{अ}(1+\text{कोज्याष})} \text{श्रु}^2 \text{ज्याष}\, \text{ताश्रुताष}_1\, \text{ताष}$ (६३वें प्रक्रम से)

$= \frac{2\pi\,\text{अ}^3}{3}\int_0^{\pi}(1+\text{कोज्याष})^3\,\text{ज्याषताष}$ इसका मान १२वें प्रक्रम के १५वें

उदाहरण से वा खण्डचलानयन से $\frac{\pi\,८\,\text{अ}^3}{3}$ यह होगा।

१८५। जिन दो घनक्षेत्रों के पृष्ठ का समीकरण (१) फ $(\frac{\text{य}}{\text{अ}}, \frac{\text{र}}{\text{क}}, \frac{\text{ल}}{\text{ग}}) = 0$

(२) फ(य, र, ल) = ० ये हों तो यदि

$\frac{\text{य}}{\text{अ}} = \text{य}', \frac{\text{र}}{\text{क}} = \text{र}', \frac{\text{ल}}{\text{ग}} = \text{ल}'$ तो

लतायतार = अकग ल' तायं तार'

इस लिये १७४वें प्रक्रम से

(१) का घ $= \int\int$ लतायतार $= \int\int$ अकगल'तायंतार' = अलक × (२)का घ।

जैसे दैर्घवृत्तीय घनक्षेत्र के पृष्ठ का समीकरण $\frac{\text{अ}^2\text{य}^2}{\text{अ}^2} + \frac{\text{अ}^2\text{र}^2}{\text{क}^2} + \frac{\text{अ}^2\text{ल}^2}{\text{ग}^2} - \text{अ}^2 = 0$

और गोल का $\text{य}^2 + \text{र}^2 + \text{ल}^2 - \text{अ}^2 = 0$ यह है इस लिये

दैर्घवृत्तीयघनक्षेत्र का घनफल $= \frac{\text{अकग} \times}{\text{अअअ}}$ गोल का घनफल

$= \frac{४\pi\text{अ}^3 \times \text{अकग}}{३ \times \text{अ}^3} = \frac{४\pi\text{अकग}}{३}$ यही १६५वें प्रक्रम में भी सिद्ध हुआ है।

इस प्रकार से ऊपर कहे हुए सिद्धान्तों से सैकड़ों नये सिद्धान्त उत्पन्न होते हैं जिन के बल से बड़े बड़े कठिन प्रश्नों का उत्तर सहज में निकल सकता है। विद्यार्थियों को चाहिये कि जिस प्रश्न में जिस सिद्धान्त से सहज में उत्तर निकलने की आशा पाई जाय उसका उत्तर बड़ी सावधानी से उसी सिद्धान्त से निकालें। उत्तर निकालने में सीमाओं का विचार बड़ी सावधानी से करना चाहिये क्योंकि सीमा ही से तो क्षेत्र बँधा है और जब सीमा ही बिगड़ गई तो क्षेत्र ही दूसरा हो गया इस लिये जिस का फल अपेक्षित है उस का फल सीमाओं के बिगड़ जाने से कथमपि न निकलेगा। जहाँ कहीं सीमाओं में संशय जान पड़े वहाँ वक्र क्षेत्र की आकृति बनाकर सीमाओं का ज्ञान कर लो।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अभ्यास के लिये प्रश्न।

१। जिस वक्र का $य र = अ^२$ यह समीकरण है उसके चाप के य अक्ष के चारो ओर घूमने से जो घनक्षेत्र होगा उसका क्या पृष्ठफल होगा।

२। $र = \frac{क}{अ} इ^{\frac{य}{ग}}$ यह वक्र य अक्ष के चारो ओर घूमकर जो घनक्षेत्र बनाता है उसका पृष्ठफल क्या होगा।

३। चक्रालद यदि शिरःस्थानगतस्पर्शरेखा के चारो ओर घूमकर घनक्षेत्र बनावे तो उसका सम्पूर्ण पृष्ठफल क्या होगा।

उ० $\frac{३२\pi क^२}{३}$

४। यदि चक्रालद अपने आधार के चारो ओर घूमकर घनक्षेत्र बनावे तो उसका सम्पूर्ण पृष्ठफल क्या होगा। उ० $\frac{६४\pi क^२}{३}$

५। त्रीतर (Tractory) य अक्ष के चारो ओर घूमकर जो घनक्षेत्र बनाता है उसका सम्पूर्ण पृष्ठफल बतावो (९१वाँ प्रक्रम देखो) उ० $४\pi ग^२$

६। एक गोल को दो तुल्य समतलपरिधि रूप शङ्कु से (जो कि गर्भक्षितिज पर लम्ब है और जिन के आधार वृत्त का व्यास गोल के व्यासार्द्ध तुल्य हैं और जिन के अक्ष गोल के उन व्यसार्द्धों का सम द्विभाग करते हैं जिनके योग से गर्भक्षितिज का व्यास बनता है) आर पार छेद डाला तो अवशिष्ट गोल के भाग का पृष्ठफल क्या होगा।

उ० अवशिष्ट भाग का पृष्ठफल गोल व्यास के वर्ग का दूना होगा (१५२ प्रक्रम का (१) उदाहरण देखो। सीमा का विचार अच्छी तरह से करलो)

७। जिस वक्र का $र = अ \pm अ \text{ ला } \frac{य}{अ}$ यह समीकरण है वह यदि य अक्ष के चारो ओर घूमकर घनक्षेत्र बनावे तो य = अ, य = अक इस के भीतर के खण्ड का क्या पृष्ठफल होगा।

$$\text{उ० } ४\pi अ^२ \left\{ \sqrt{(१ + क^२)} - \sqrt{२} + \text{ला} \frac{क\,(१ + \sqrt{२})}{१ + \sqrt{(१ + क^२)}} \right\}$$

८। जिस वक्र के समीकरण पर से $र^२ \text{ताय} = -(अ^२ - र^२)^{\frac{१}{२}} \text{रतार}$ ऐसा सिद्ध हो य अक्ष के चारो ओर उसके घूमने से जो घनक्षेत्र होगा उस का सम्पूर्ण पृष्ठफल क्या होगा। उ० $२\pi अ^२$।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

९। एक गोल को एक समतलमस्तकपरिधि रूप शङ्कु से छेद डाला तो छेदित प्रदेश का क्या पृष्ठफल होगा। इस प्रश्न में इतना जानते हैं कि गोल की परिधि से शङ्कु की आधार परिधि आधी है और शङ्कु का एक पृष्ठसूत्र गोलगर्भ में होकर जाता है।

उत्तर, यदि गोल का व्यासार्द्ध = अ तो अभीष्ट पृष्ठफल = $२\pi अ^२ - ४अ^२$।

१०। एक गोल जिसका व्यासार्द्ध १५ हाथ है उन दो समानान्तर धरातलों से काटा गया केन्द्र से जिनका अन्तर क्रम से ३, ७ हाथ हैं तो धरातलों के बीच में जो गोलखण्ड है उसका पृष्ठफल क्या होगा।

उ० ३७६·९९०८ वर्ग हस्त।

११। पृथ्वी के पृष्ठ से कितनी ऊँचाई पर पृथ्वी के पृष्ठ भाग की तिहाई देख पड़ेगी। उ० पृथ्वी के व्यास के समान ऊँचाई पर।

१२। एक समसूच्याकार शङ्कु के भीतर एक गोल बना हुआ है गोल का व्यासार्द्ध त्रि और गोल के केन्द्र और शङ्कुग्र का अन्तर (अ) है तो शङ्कु और गोल के पृष्ठफलों में क्या सम्बन्ध होगा। उ० $स = \frac{अ^२ - त्रि^२}{४अ\ त्रि}$

१३। अ, क गोल के व्यासार्द्ध क्रम से ३ और ४ हाथ हैं इन के पृष्ठफल के योग के समान ग गोल का पृष्ठफल है तो बतावो कि ग गोल का क्या व्यासार्द्ध होगा। उ० ५ हाथ

१४। यदि एक त्रिभुज जो कि य अक्ष के एकही ओर है य अक्ष के चारो ओर घूमने से घनक्षेत्र बनावे तो उसका पृष्ठफल कैसे निकालोगे। हर एक भुज को बढ़ाकर य अक्ष से मिला दो तो त्रिभुज के घूमने से वर्धित भुज भी घूमकर समसूची बनावेंगे फिर इन सूचियों के पृष्ठसूत्रों की सीमा तीनों भुज क्रम से कल्पना कर सूची खण्ड के पृष्ठफलों के योग से अभीष्ट पृष्ठफल जानलो।

१५। दो समानान्तर धरातलों के काटने से एक गोल खण्ड ऐसा उत्पन्न हुआ कि उसके मुखपरिधि का व्यासार्द्ध (अ) आधार परिधि का व्यासार्द्ध (क) और गोलखण्ड की ऊँचाई (उ) ठीक ठहरी तो उस गोलखण्ड का समग्र पृष्ठफल क्या होगा।

उ० $\left[\pi\left\{२उ\sqrt{अ^२ + \left\{\frac{क^२ - अ^२ + उ^२}{२उ}\right\}^२} + क^२ + अ^२\right\}\right]$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

१६। $र = अ^२(क + य)$ यह वक्र य अक्ष के चारो ओर घूमकर जो घन-क्षेत्र बनाता है उसका घनफल सिद्ध करो कि

$$\frac{\pi अ^४(क+य)^३}{६} + \text{स्थि यह होगा}$$

१७। य अक्ष के चारो ओर घूमकर यदि $र^२(य—अ\ क) = अ_१य(य—गक)$ यह वक्र घनक्षेत्र बनावे तो सिद्ध करो कि

$$घ_२ - घ_१ = \pi अ_१ \left\{ \frac{य_२^३ — य_१^३}{२} + क(अ-ग)(य_२-य_१) + अक^२(अ-ग)ला\frac{य_२-अक}{य_१-अक} \right\}$$

१८। य अक्ष के चारो ओर घूमकर यदि $र^२ = \frac{अय(य-३अ)}{य-४अ}$ यह अक्ष घन-क्षेत्र बनावे तो ० और ३अ, य के मान में क्या घनफल होगा।

उ० $\frac{\pi अ^२}{२}$ (१५—१६ ला २)

१९। शिरः स्थानगत स्पर्शरेखा के चारो ओर घूमकर चक्रालद जो घनक्षेत्र बनाता है उसका क्या घनफल होगा उ० $\pi^२ अ^२$।

२०। यदि आधार के चारो ओर चक्रालद घूमे तो क्या घनफल होगा।

उ० $५\pi अ^३$

२१। अपने असीमपथ के चारो ओर घूमने से जो घनक्षेत्र $र^२ = \frac{य^३}{२अ-य}$ यह वक्र बनाता है उसका घनफल क्या होगा। उ० $२\pi^२अ^३$

२२। अपने असीमपथ के चारो ओर घूमने से जो घनक्षेत्र $र^२ = \frac{४ अ^२ (२ अ—य)}{य}$ यह वक्र बनाता है उसका घनफल क्या होगा।

उ० $४\pi^२अ^३$।

२३। जिस वक्र का $(र—क^२)^२ = १६अ^३ य$ यह समीकरण है वह र अक्ष के चारो ओर घूमकर जो घनक्षेत्र बनाता है उस में चारो ओर से घिरा हुआ जो भाग है उस का घनफल क्या होगा। उ० $\frac{\pi क^५}{३१५अ^६}$

२४। जिस गोलखण्ड में मुखव्यासार्द्ध ($र_१$) आधार व्यासार्द्ध ($र_२$) ऊँचाई (वे) उसका घनफल क्या होगा। उ० $\frac{\pi वे}{६}\left\{ वे^२ + ३(र_१^२ + र_२^२) \right\}$

२४। जिस वक्र का $र^२ = २ मय + नय^२$ यह समीकरण है वह यदि य अक्ष के चारो ओर घूमकर घनक्षेत्र बनावे तो सिद्ध करो कि

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$घ_२ - घ_१ = \frac{\pi(य_२ - य_१)}{२}\left\{ र_२^२ + र_१^२ - \frac{१}{३}(य_२ - य_१)^२ \right\}$$

२५। एक समसूची (जिस का शिरःकोण ६०° है) के भीतर एक गोल है जो कि सूची के आधार और पृष्ठसूत्रों को स्पर्श करता है। यदि गोल का व्यासार्द्ध (त्रि) हो तो गोल और सूची से बने घनक्षेत्र का क्या घनफल होगा।

उ० $\frac{\pi त्रि^३}{६}$

२६। य अक्ष के चारो ओर घूमने से जो घनक्षेत्र $श्रु^४ = अ^२(य^२ - र^२)$ यह वक्र बनाता है उस का क्या घनफल होगा।

उ० $\frac{\pi अ^३}{२}\left\{ \frac{१}{\sqrt{२}} ला\,(१ + \sqrt{२}) - \frac{१}{३} \right\}$

२७। जिस वक्र में $श्रु^४ = अ^२य^२ + क^२र^२$ हैं वह य अक्ष के चारो ओर घूमकर जो घनक्षेत्र बनाता है उस का घनफल निकालो।

इस में अ / क समझो।

उ० $\frac{\pi}{६}(२अ^२ + ३क^२)अ + \frac{\pi क^४}{२\sqrt{(अ^२ - क^२)}} ला \frac{अ + \sqrt{(अ^२ - क^२)}}{क}$.

२८। २७ वें प्रश्न में यदि अ = क तो घनक्षेत्र का क्या फल होगा।

उ० $\frac{४\pi अ^३}{३}$।

२९। २७ वें प्रश्न का वक्र यदि र अक्ष के चारो ओर घूमे तो घनक्षेत्र का क्या घनफल होगा।

उ० $\frac{\pi}{६}(२क^२ + ३अ^२)क + \frac{\pi अ^४}{२\sqrt{(अ^२ - क^२)}}$ ज्या$^{-१}\frac{\sqrt{अ^२ - क^२}}{अ}$

३०। जिस के पृष्ठ का $\frac{य^२}{अ^२} + \frac{र^२}{क^२} + \frac{ल^४}{ग^४} = १$ यह समीकरण है उसका सम्पूर्ण घनफल क्या होगा। उ० $\frac{८\pi अकग}{५}$

३१। जिसके पृष्ठ का $\frac{य^२}{अ^२} + \frac{र^२}{क^२} = २ल$ यह समीकरण है उसे यदि यर धरातल के समानान्तर धरातल (जिसमें ल = ग) से काटें तो कटे खण्ड का क्या घनफल होगा। उ० $\pi अ क ग^३$

३२। जिस के पृष्ठ का $\frac{य^२}{अ^२} + \frac{र^२}{क^२} = \frac{२ल}{ग} - \frac{ल^२}{ग^२}$ यह समीकरण है उसे

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यदि यर धरातल के समानान्तर धरातल (जिसमें ल = च) से काटें तो कटे खण्ड का क्या घनफल होगा।

उ० π अ क $\left\{\frac{च^२}{ग} - \frac{च^३}{३ग^२}\right\}$

३३। जिसके पृष्ठ का $(\frac{य}{अ})^{\frac{१}{२}} + (\frac{र}{क})^{\frac{१}{२}} + (\frac{ल}{ग})^{\frac{१}{२}} = १$ यह समीकरण है उसका प्रथम पद में जो खण्ड है उसका क्या घनफल होगा। उ० $\frac{अकग}{९०}$

३४। जिस के पृष्ठ का $(\frac{य}{अ})^{\frac{२}{३}} + (\frac{र}{क})^{\frac{२}{३}} + (\frac{ल}{ग})^{\frac{२}{३}} = १$ यह समीकरण है उसका सम्पूर्ण घनफल क्या होगा। उ० $\frac{४ अ क ग}{३५}$

३५। जिसके पृष्ठ का $(य^२ + र^२ + ल^२)^३ = २७अ^३यरल$ यह समीकरण है उसका सम्पूर्ण घनफल क्या होगा। उ० $\frac{९अ^३}{२}$

(१८२ प्रक्रम देखो और श्रु का परमाधिक मान समीकरण को अक्षीय समीकरण में बदल $\frac{३अ}{२\sqrt[३]{२}}$ यह जान लो)

३६। जिस त्रिभुज के तीनों भुज क्रम से अ, क, ग हैं वह यदि ग भुज के चारो ओर घूमकर एक घनक्षेत्र बनावे तो उसका क्या घनफल होगा।

यदि स = $\frac{अ+क+ग}{२}$ तो घनफल = $\frac{४\pi}{३} \cdot \frac{स(स-अ)(स-क)(स-ग)}{ग}$

३७। जिसके पृष्ठ का $ल^न = अय^२ + कर^२$ यह समीकरण है उसे यदि यर धरातल के समानान्तर धरातल से काटें (जिस धरातल में ल = $ल_१$) तो कटे खण्ड का क्या घनफल होगा। उ० $\frac{गल_१^{न+१}}{(न+१)\sqrt{अक}}$

३८। जिस वृत्त का व्यासार्द्ध अ है उस में एक पूर्णज्या केन्द्र से ग दूरी पर है इस के ऊपर का चाप इस पूर्णज्या के चारो ओर घूमकर यदि घनक्षेत्र बनावे तो उसका क्या घनफल होगा। चाप को समझो कि परिधि के आधे से छोटा है और कोज्या$_१$ = $\frac{ग}{अ}$। $ष_१$ = कोण का चापीयमान।

उ० अभीष्ट घनफल = २π अ $\left\{\frac{(२अ^२ + ग^२)ज्याष_१}{३} - ग ष_१\right\}$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

३९। य अक्ष पर जो पूर्णज्या (ग) लम्ब है उसके चारो ओर घूमकर यदि परवलय का चाप घनक्षेत्र बनावे तो उसका क्या घनफल होगा।

उ० यदि पूर्णज्या के आधे पर जो लम्ब खड़ा हो वह जहाँ परवलय के चाप में लगे उसका मान पूर्णज्यार्द्ध विन्दु से क मानो तो घनफल = $\frac{८\pi क^२ ग}{१५}$

४० एक गोल जिसका व्यासार्द्ध (अ) है एक धरातल से जो गोल गर्भ से द दूरी पर है काटा गया है। काटने से जो गोल में एक वृत्त बना उसे आधार मान दो समसूची बनाया जिसके वेध क्रम से, अ + द, अ–द हैं तो दोनों के घनफलों का क्या अन्तर होगा। उ० $\frac{२\pi द}{३}(अ^२-द^२)$

४१। एक परवलय के य अक्ष पर केन्द्र कल्पना कर एक वृत्त बनाया तो यह वृत्त परवलय की एक शाखा में दो जगह जहाँ पर लगा उनके कोटियों का लम्ब रूपी अन्तर क ठहरा और यह वृत्त य अक्ष को दो जगह जहाँ काटा वे दोनों विन्दु परवलय के भीतर हैं। अब यदि परवलय और वृत्त दोनों साथही य अक्ष के चारो ओर घूमें तो परवलय और वृत्त के सम्पातान्तर्गत परवलय चाप, और वृत्तचाप के वश से एक घनक्षेत्र होगा। बतावो इसके घनफल का क्या मान होगा। उ० $\frac{\pi क^३}{६}$

४२। जिस गोल का व्यासार्द्ध (अ) है उसे गोल गर्भ से (ग) अन्तर पर जो धरातल है उससे काट डाला। काटने से जो गोलार्द्ध से अल्प खण्ड है उसका क्या घनफल होगा। उ० $\frac{\pi}{३}$ (अ—ग)^२ (२अ + ग)

४३। परवलय का $र^२ = ४$ अय यह समीकरण है। य अक्ष में केन्द्र कल्पना कर परवलय के विन्दु का भु = ३ अ है उसे स्पर्श करते हुए एक वृत्तार्द्ध बनाया जिसके केन्द्र का अन्तर परवलय के शिरःस्थान से (४ अ) दूरी पर भुज की ओर है। यदि परवलय और वृत्तार्द्ध दोनों साथही य अक्ष के चारो ओर घूम कर घनक्षेत्र बनावें तो गोलपृष्ठ और परवलय सम्बन्धी पृष्ठ के भीतर का क्या घनफल होगा। उ० $\frac{१४}{३}$ अ$^३\pi$

४४। लघुव्यासाग्र पर जो दीर्घवृत्त में स्पर्शरेखा है दीर्घवृत्त के परिधि का चतुर्थांश उसके चारो ओर घूमकर जो घनक्षेत्र बनाता है उसका क्या घनफल होगा। उ० $\frac{\pi अ क^२}{६}(१०—३\pi)$

(जहाँ लघुव्यासार्द्ध = क, वृहद्व्यासार्द्ध = अ)

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

४५। एक गोले के नीचे ऊपर छेद कर उसके भीतर एक चौंगे को रख दिया तो यह चौंगा उसके भीतर चौचक बैठ गया यदि चौंगे की ऊँचाई (ग) हो तो चौंगे के पृष्ठ और गोल के पृष्ठ के भीतर जो घनक्षेत्र होगा उसका क्या घनफल होंगा। उ० $\frac{\pi\, ग^३}{६}$

४६। किसी घनक्षेत्र में पृष्ठ के प विन्दु का मूल विन्दु से अन्तर श्रु हो और प विन्दुगत स्पर्शधरातल पर मूलविन्दु से लम्ब = श्रुकोज्याष और पृष्ठफल की तात्कालिकी गति = तापृ तो सिद्ध करो कि

$$घ = \frac{१}{३}\int श्रुकोज्याषतापृ$$

४७। जिस सूची के खण्ड में मुख परिधि का व्यासार्द्ध (त्रि$_१$) आधार-परिधि का व्यासार्द्ध (त्रि$_२$) और ऊँचाई (वे) है उस का घनफल क्या होगा।

उ० $\frac{\pi\, वे}{३}(त्रि_१^२ + त्रि_१\, त्रि_२ + त्रि_२^२)$

४८। समसूचियों का पृष्ठसूत्र (ग) स्थिर है। जिसका सब से अधिक घनफल है उसके शिरःकोण का क्या प्रमाण होगा। उ० कोज्या$^{-१}\frac{१}{\sqrt{३}}$

४९। एक समतलमस्तकपरिधिरूप शङ्कु के एक पृष्ठसूत्र को अक्ष मान एक समसूच्याकार शङ्कु बनाया। यदि दोनों शङ्कुओं का आधार (अ) और वेध (अ × उ) हो तो पहले शङ्कु से सूची के जो दो खण्ड होंगे उनके पृष्ठफल और घनफल क्या होंगे। उ० क्रम से खण्डों के

पृष्ठफल, $\frac{४\pi\sqrt{(१+इ^२)} - ३\sqrt{(३+३इ^२)}}{६}अ^२$, $\frac{२\pi\sqrt{(१+इ^२)} + ३\sqrt{(३+३इ^२)}}{६}अ^२$

और घनफल $\frac{८\pi + २७\sqrt{३} - ६४}{१८}इअ^३$, $\frac{६४ - २७\sqrt{३} - २\pi}{१८}इअ^३$,

५०। जिसके पृष्ठ का $ल^२ + \frac{अ^२र^२}{य^२} - ग^२ = ०$ यह समीकरण है उसे उन दो धरातलों से जिन में य = ०, य = अ है काटा तो दो धरातलों के अन्तर्गत खण्ड का क्या घनफल होगा। उ० $\frac{\pi\, अ\, ग^२}{२}$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

५१। $य^२ + र^२ = गल$, $य^२ + र^२ = अय$, और $ल = ०$ इन तीनों पृष्ठों के अन्तर्गत घनक्षेत्र का क्या घनफल होगा। उ० $\frac{३\pi अ^४}{३२}$

(१७८वाँ प्रक्रम देखो)

५२। जिस पृष्ठ का $\frac{य^२}{अ^४} + \frac{र^२}{क^४} + \frac{ल^२}{ग^४} = १$ यह समीकरण है उसका सम्पूर्ण घनफल क्या होगा। उ० $\frac{४\pi अ^२क^२ग^२}{३}$

(१८५वाँ प्रक्रम देखो)

५३। एक पुजारी ने ठाकुर जी के सामने जलती धूपवत्ती खोंसने के लिये मट्टी की एक समसूची बना रक्खी थी। एक दिन एक धनी ठाकुर जी के दर्शन के लिये आया और चलती वेर उस समसूची के शिरे से आधार तक एक सूत से नापकर कहा कि देखो यह १० अङ्गुल का सूत हुआ इसे मैं याद रखने के लिये जेव में रख लेता हूँ तुम इस सूची को खूब खोखली कर किसी दिन मेरी कोठी में आवो तो मैं उसे सोने से भर दूँगा। प्रातःकाल पुजारी ने एक ज्यौतिषी से आकर निवेदन किया कि महाराज आप एक मट्टी की खोखली समसूची ऐसी बना दीजिये जिसके शिरे से आधार तक सर्वत्र दश अङ्गुल रहे और भीतर सोना भरने के लिये जगह भी खूब खुलासा रहे। ज्यौतिषी ने गणित द्वारा उसके आधार परिधि का मान निकाल पुजारी को बता दिया कि इसी परिधि पर दश अङ्गुल पृष्ठ सूत्र से किसी कोहार के द्वारा समसूची को बनालो। बतावो ज्यौतिषी ने आधार परिधि का क्या मान बतलाया था। उ० यदि व्यास परिधि का सम्बन्ध $\frac{२२}{७}$ हो तो आधार परिधि $= \frac{४४}{७}\sqrt{\frac{२००}{३}} = ५१·२९$

इति अष्टमाध्याय।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अथ नवमाध्याय।

सान्तचलानयन।

१८६। जिस तात्कालिक सम्बन्ध का साधारण रीति से अनन्त चल का ज्ञान हो जाता है उस में दोनों सीमाओं का उत्थापन देने से उस के सान्तचल का भी ज्ञान हो जाता है। इस लिये सान्तचल का मूल अनन्तचल ही ठहरा तथापि बहुत से स्थानों में अनन्तचल का रूप बिना बनाये लाघव से सान्तचल का मान आ जाता है जैसा कि ५७वें प्रक्रम में कुछ उदाहरण दिखा आये हैं और बहुत से स्थानों में जहाँ अनन्तचल का मान ठीक ठीक नहीं जान सकते वहाँ भी इस सान्तचल के नियम से अनेक चमत्कृत सिद्धान्त उत्पन्न होते हैं इस लिये इस अध्याय में कुछ सान्तचलानयन के प्रकार लिखे जाते हैं।

आज तक जितने सान्तचलों का ज्ञान हुआ है D. Bierens de Haan ने सब को एकट्ठा कर के सान्तचलसारणी Tables d' Integrales Definies के नाम से छपवा दिया है। जिन को इच्छा हो उसे देखें हम यहाँ पर कुछ रीतियों को दिखलाते हैं।

१८७। $\int_0^{\pi}$ ज्या मय ज्यानय ताय इस का मान जानना चाहते हैं। जहाँ म, न अभिन्न धनात्मक संख्या है और म ⁄ न।

$$\text{यहाँ ज्यामय ज्यानय} = \frac{\text{कोज्या (म—न) य—कोज्या (म+न) य}}{२}$$

$$\text{इस लिये} \int \text{ज्यामय ज्यानय} = \frac{\text{ज्या (म—न)य}}{२\,(\text{म—न})} - \frac{\text{ज्या (म+न)य}}{२(\text{म+न})}$$

$$\left.\begin{aligned} \text{और} \quad & \int_0^{\pi} \text{ज्यामय ज्यानय ताय} = ० \\ \text{इसी प्रकार} \quad & \int_0^{\pi} \text{कोज्यामय कोज्यानय ताय} = ० \end{aligned}\right\} \quad \ldots\ldots \quad (१)$$

यदि म = न और अभिन्न धनात्मक तो

$$\int \text{ज्यामय ज्यानय ताय} = \int \text{ज्या}^{२}\text{नय ताय} = \int \frac{(१-\text{कोज्या २ नय})}{२} \text{ताय}$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$= \frac{य}{२} - \frac{ज्या२नय}{४न}$।

$\therefore \int_0^{\pi} ज्या^२नय = \frac{\pi}{२}$, इसी तरह $\int_0^{\pi} कोज्या^२नय = \frac{\pi}{२}$।

१८८। $\int_0^{\frac{\pi}{२}} ज्या^म य\ कोज्या^न य$ ताय इस का मान जानना है। जहाँ म और न अभिन्न धनात्मक संख्या हैं।

यहाँ ३५ वें प्रक्रम से

$$\int ज्या^म य\ कोज्या^न य\ ताय = \frac{कोज्या^{न-१} य\ ज्या^{म+१} य}{म+न} + \frac{न-१}{म+न}\int ज्या^म य\ कोज्या^{न-२} य\ ताय$$

वा $$\int ज्या^म य\ कोज्या^न य\ ताय = \frac{म-१}{म+न}\int ज्या^{म-२} य\ कोज्या^न य\ ताय - \frac{ज्या^{म-१} य\ कोज्या^{न+१} य}{म+न}$$

इस लिये दोनों पर से

$$\int_0^{\frac{\pi}{२}} ज्या^म य\ कोज्या^न य\ ताय = \frac{न-१}{म+न}\int_0^{\frac{\pi}{२}} ज्या^म य\ कोज्या^{न-२} य\ ताय$$

$$\int_0^{\frac{\pi}{२}} ज्या^म य\ कोज्या^न य\ ताय = \frac{म-१}{म+न}\int_0^{\frac{\pi}{२}} ज्या^{म-२} य\ कोज्या^न य\ ताय।$$

इस लिये म और न में से कोई विषम हो तो सहज में सान्तचल विदित होगा म के स्थान में २ म + १ का उत्थापन देने से

$$\int_0^{\frac{\pi}{२}} ज्या^{२म+१} य कोज्या^न य\ ताय = \frac{२म}{२म+न+१}\int_0^{\frac{\pi}{२}} ज्या^{२म-१} य\ कोज्या^न य\ ताय$$

इस लिये बार बार क्रिया करने से

$$\int_0^{\frac{\pi}{२}} ज्या^{२म+१} य\ कोज्या^न य\ ताय = \frac{२म(२म-२)(२म-४)...२}{(२म+न+१)(२म+न-१)..(न+३)}\int_0^{\frac{\pi}{२}} ज्याय\ \ कोज्या^न य\ \ ताय$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

परन्तु $\int$ ज्या य कोज्या^{न}यताय

$$= -\frac{\text{कोज्या}^{न+१}\text{य}}{न+१} \quad \therefore \int_{०}^{\frac{\pi}{२}} \text{ज्याय कोज्या}^{न}\text{य ताय} = \frac{१}{न+१}$$

इस लिये

$$\int_{०}^{\frac{\pi}{२}} \text{ज्या}^{२म+१}\text{य कोज्या}^{न}\text{य ताय} = \frac{२.४.६....२\,म}{(न+१)\,(न+३)....(२म+न+१)} \quad \ldots\ldots (२)$$

इसी प्रकार न यदि विषम हो तो न के स्थान में २न + १ का उत्थापन देने से

$$\int_{०}^{\frac{\pi}{२}} \text{ज्या}^{म}\text{य कोज्या}^{२न+१}\text{य ताय} = \frac{२न}{म+२न+१} \int_{०}^{\frac{\pi}{२}} \text{ज्या}^{म}\text{य कोज्या}^{२न-१}\text{य ताय}$$

$$= \frac{२न(२न-२).....२}{(म+२न+१)\,(म+२न-१)\,..\,(म+३)} \int_{०}^{\frac{\pi}{२}} \text{ज्या}^{म}\text{य कोज्या य ताय}$$

$$= \frac{२\cdot४\cdot६\cdots२\,न}{(म+१)\,(म+३)....(म+२न+१)} \quad \ldots\ldots \quad (३)$$

इसी तरह

$$\int_{०}^{\frac{\pi}{२}} \text{ज्या}^{२म}\text{य कोज्या}^{२न}\text{यताय} = \frac{२न-१}{२(म+न)} \int_{०}^{\frac{\pi}{२}} \text{ज्या}^{२म}\text{य कोज्या}^{२न-२}\text{य ताय}$$

$$= \frac{१.३.५.\ldots\ldots(२न-१)}{(२म+२)\,(२म+४)\ldots(२म+२न)} \int_{०}^{\frac{\pi}{२}} \text{ज्या}^{२म}\text{य ताय}$$

$$= \frac{१.३.५.\ldots\ldots(२न-१)\,.\,१.३.५.\ldots(२म-१)}{२.४.६\ldots\ldots\ldots\ldots(२म-२न)} \cdot \frac{\pi}{२} \ldots\ldots \quad (४)$$

बहुत सान्तचलों का रूप ऊपर के आकार में ला सकते हो।

जैसे यदि य = स्पष

$$\text{तो} \int_{०}^{\infty} \frac{\text{ताय}}{(१+\text{य}^{२})^{न}} = \int_{०}^{\frac{\pi}{२}} \text{कोज्या}^{२न-२}\text{ष ताष} = \int_{०}^{\frac{\pi}{२}} \text{ज्या}^{२न-२}\text{ष ताष}$$

(४१) प्रक्रम के (४) समीकरण से)

$$= \frac{१.३.५....(२न-३)}{२.४.६...(२न-२)} \frac{\pi}{२} \text{ (१२ वें प्रक्रम के (१५) उदाहरण से)}$$

इसी तरह य = अ ज्याष मानने से

$$\int_{०}^{\text{अ}} \text{य}^{न}(\text{अ}^{२}-\text{य}^{२})^{\frac{म}{२}} \text{ताय} = \text{अ}^{न+म+१} \int_{०}^{\frac{\pi}{२}} \text{ज्या}^{न}\text{ष कोज्या}^{म+१}\text{ष ताष}$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

और य = अ(१−कोज्याष) मानने से

$$\int_0^{अ}(२अय—य^२)^{\frac{म}{२}}\,ताय = अ^{म+१}\int_0^{\frac{π}{२}}ज्या^{म+१}ष\,ताष$$ इत्यादि।

१८९। $\int_{-\infty फा(य)}^{\infty फ(य)}$ ताय इस का मान जानना है जहाँ जानते हैं कि फा(य) में जो सब से बड़ा य का मान २न हो तो (फ)य में य का सब से बड़ा घात न—२ के समान वा २न—२ से छोटा है और फा(य) = ० इस में य का मान कोई सम्भाव्य संख्या नहीं है। इसलिये यहाँ स्पष्ट हो जायगा कि य के सम्भाव्य मान में $\frac{फ(य)}{फा(य)}$ यह अनन्त के तुल्य नहीं होगा।

मान लो कि फा(य) = ० इस में एक जोड़ा असम्भाव्य मान $अ_१ + क_१\sqrt{—१}$, $अ_१ - क_१\sqrt{—१}$ ये हैं और १७वें प्रक्रम से $\frac{फ(य)}{फा(य)}$ इस का रूप खण्डभिन्नों में ले आवें तो इन दोनों मानों के वश से एक खण्ड—

भिन्न = $\frac{आ_१ + का_१\sqrt{—१}}{य—अ_१ + क_१\sqrt{—१}}$, दूसरा = $\frac{आ_१—का_१\sqrt{—१}}{य—अ_१—क_१\sqrt{—१}}$ है

इस लिये दोनों का योग = $\frac{२आ_न\,(य—अ_१) + २का_१क_१}{(य—अ_१)^२ + क_१^२}$

इस प्रकार से दो दो खण्ड भिन्नों का योग करने से

$$\frac{फ(य)}{फा(य)} = \frac{२आ_१(य-अ_१) + २का_१क_१}{(य-अ_१)^२ + क_१^२} + \frac{२आ_२\,(य—अ_२) + २का_२क_२}{(य—अ_२)^२ + क_२^२}$$

$$+ \cdots + \frac{२आ_न\,(य—अ_न) + २का_नक_न}{(य—अ_न)^२ + क_न^२} \cdots (१)$$

(जहाँ और दो दो असम्भाव्य मानों के वश से $आ_२$, $अ_२$, इत्यादि सिद्ध हुए हैं)

(१) में समच्छेद करने से स्पष्ट है कि दहने पक्ष में $य^{२न-१}$ का गुणक $२(आ_१ + आ_२ + आ_३ + \cdots + आ_न)$ यह होगा परन्तु बायें पक्ष में अर्थात् फ(य) में $य^{२न-१}$ का गुणक ० है क्योंकि मान लिया है कि फ(य) में सब से बड़ा य का घात २न−२ के समान वा २न−२ से छोटा है इस लिये सरूप समीकरण की विधि से $आ_१ + आ_२ + आ_३ + \cdots + आ_न = ०$।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(१) में एक खण्ड का चल साधारण रीति से

$$\int \frac{२आ_१(य—अ_१)ताय}{(य—अ_१)^२+क_१^२} + \int \frac{२का_१क_१ताय}{(य-अ_१)^२+क_१^२} = आ_१ला\left\{(य-अ_१)^२+क_१^२\right\}$$

$$+ २का_१स्प^{-१}\int\left(\frac{य—अ_१}{क_१}\right)$$

इस लिये $\int_{-\infty}^{\infty} \frac{२का_१क_१ताय}{(य-अ_१)^२+क_१^२} = २का_१\pi$

$\int_{-\infty}^{\infty} \frac{२आ_१(य—अ_१)ताय}{(य—अ_१)^२+क_१^२}$ इस में मान लो कि $\infty = \frac{१}{इ_१ए}, -\infty = \frac{—१}{इ_२ए}$

जहाँ ए = ०, अब आ$_१$ला $\{(य—अ_१)^२+क_१^२\}$ इस में य के स्थान में क्रम से $\frac{१}{इ_१ए}, -\frac{१}{इ_२ए}$ का उत्थापन दे कर अन्तर करने से

$$\int_{-\infty}^{\infty} \frac{२आ_१(य—अ_१)\,ताय}{(य—अ_१)^२क+^२_१} = आ_१[\text{ला}\left\{\left(\frac{१}{इ_१ए}-अ_१\right)^२-क_१^२\right\}$$

$$—\text{ला}\left\{\left(-\frac{१}{इ_२ए}—अ_१\right)^२+क_१^२\right\}]$$

$$= आ_१[\text{ला}\left\{\frac{(१-इ_१अ_१ए)^२+इ_१^२क_१^२ए^२}{इ_१^२ए^२}\right\}$$

$$—\text{ला}\left\{\frac{(१+इ_२अ_१ए)^२+इ_२^२क_१^२ए^२}{इ_२^२ए^२}\right\}]$$

$$= आ_१\text{ला}\left\{\frac{इ_२^२}{इ_१^२}\,\frac{(१-इ_१अ_१ए)^२+इ_१^२क_१^२ए^२}{(१+इ_२अ_१ए)^२+इ_२^२क_१^२ए^२}\right\} = आ_१\text{ला}\left[\frac{इ_२^२}{इ_१^२}\right]$$

$= २आ_१\text{ला}\,\frac{इ_२}{इ_१}$, ए का मान शून्य मानने से।

इस प्रकार से (१) में एक खण्डभिन्न सम्बन्धि $\infty, —\infty$ सीमाओं के भीतर का मान $= २आ_१\text{ला}\,\frac{इ_२}{इ_१} + २का_१\pi$ यह सिद्ध हुआ।

इसी तरह (१) के सब खण्डभिन्नों के $= \infty, —\infty$ सीमाओं के भीतर सान्त-चलों का मान ले आ कर योग कर देने से

$$\int_{-\infty}^{\infty} \frac{फ(य)}{फा(य)}\,ताय = २\,(आ_१ + आ_२ + \cdots + आ_न)\,\text{ला}\left[\frac{इ_२}{इ_१}\right]$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$+ २\pi(\text{का}_१ + \text{का}_२ + \cdots + \text{का}_न)$$
$$= २\pi(\text{का}_१ + \text{का}_२ + \cdots + \text{का}_न \cdots\cdots (२)$$

१९०। ऊपर के प्रक्रम संबंधि एक उदाहरण अत्यन्त चमत्कृत दिखाते हैं। मानो कि $\int_{-\infty}^{\infty} \frac{य^{२म}ताय}{१ + य^{२न}}$ इस का मान जानना है जहाँ न और म धन अभिन्न संख्या है और न ⁄ म यहाँ मानो कि $य^{२न} + १ = ०$ इस में एक मान $\text{अ}_१$ है तो २५वें प्रक्रम से $\text{आ}_१ - \text{का}_१\sqrt{-१} = -\frac{\text{अ}_१^{२म+१}}{२न}$ और चलनकलन के ३१७वें प्रक्रम से $\text{अ}_१$, कोज्या $\frac{२क+१}{२न}\pi + \sqrt{-१}$ ज्या $\frac{२क+१}{२न}\pi$ इस चाल का होगा जिस में क कोई धन संख्या न से छोटी है।

इस लिये $\text{अ}_१^{२म+१}$ = (कोज्या $\frac{२क+१}{२न}\pi + \sqrt{-१}$ ज्या $\frac{२क+१}{२न}\pi)^{२म+१}$

= कोज्या $\frac{२क+१}{२न}(२म+१)\pi + \sqrt{-१}$ ज्या $\frac{२क+१}{२न}(२म+१)\pi$

= कोज्या $(२क+१)ष + \sqrt{-१}$ ज्या $(२क+१)ष$, यदि $\frac{(२म+१)\pi}{२न} = ष$

इस लिये असम्भाव्य और सम्भाव्य को समान करने से

$\text{आ}_१ - \text{का}_१\sqrt{-१} = -\frac{\text{कोज्या}(२क+१)ष}{२न} - \frac{\sqrt{-१}\text{ज्या}(२क+१)ष}{२न}$ इस में

$\text{का}_१ = \frac{\text{ज्या}(२क+१)ष}{२न}$, क के स्थान में ०, १, २, ... न − १ का उत्थापन देकर योग करने से

$\text{का}_१ + \text{का}_२ \cdots + \text{का}_न$

$= \frac{१}{२न}\{\text{ज्याष} + \text{ज्या}३ष + \text{ज्या}५ष \cdots + \text{ज्या}(२न-१)ष\}$

इस में यदि स = ज्याष + ज्या ३ष + ··· + ज्या (२न−१)ष

तो २ स ज्याष = $२\text{ज्या}^२ष + २\text{ज्याषज्या}३ष + \cdots + २\text{ज्याषज्या}(२न-१)ष$

= १ − कोज्या२ष + कोज्या२ष − कोज्या४ष + ...

+ कोज्या (२न−२) ष − कोज्या२नष

= १ − कोज्या२नष = $२\text{ज्या}^२नष = २\text{ज्या}^२(२म+१)\frac{\pi}{२} = २$

इस लिये $ष = \frac{१}{\text{ज्याष}} = \frac{१}{\text{ज्या}\frac{२ग+१}{२नग}\pi}$।

इसका उत्थापन ऊपर के मान में देने से

$$\int_{-\infty}^{\infty} \frac{य^{२म}ताय}{१ + य^{२न}} = \frac{१}{२न}\frac{२\pi}{\text{ज्या}\frac{२म+१}{२न}\pi} = \frac{\pi}{न\,\text{ज्या}\frac{२म+१}{२न}\pi}$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$= २\int_{०}^{\infty} \frac{य^{२म}}{१+य^{२न}}$ ताय(चतुर्थाध्यायके (१) अभ्यासार्थ प्रश्न से)

इस लिये $\int_{०}^{\infty} \frac{य^{२म}}{१+य^{२न}}$ ताय $= \frac{\pi}{२न} \cdot \frac{१}{ज्या \frac{२म+१}{२न}\pi}$

१९१। $\int_{०}^{\infty} \frac{य^{२म}}{१-य^{२न}}$ ताय इस का मान जानना है जहाँ न 7 म और दोनों धनात्मक अभिन्न संख्या हैं।

इस के जानने के लिये पहले दिखलाते हैं कि

$$\int_{०}^{\infty} \frac{ताय}{१-य^{२}} = ०$$

क्योंकि $\int_{०}^{\infty} \frac{ताय}{१-य^{२}} = \int_{०}^{१} \frac{ताय}{१-य^{२}} + \int_{१}^{\infty} \frac{ताय}{१-य^{२}}$(४१प्रक्रम के (१)समीकरण से)

परन्तु यदि य $= \frac{१}{र}$ तो $\int_{१}^{\infty} \frac{ताय}{१-य} = \int_{०}^{१} \frac{तार}{१-र^{२}} = -\int_{०}^{१} \frac{तार}{१-र^{२}} = -\int_{०}^{१} \frac{ताय}{१-य^{२}}$

(४१ प्रक्रम के (३) समीकरण की कल्पना से)

इसका उत्थापन देने से

$$\int_{०}^{\infty} \frac{ताय}{१-य^{२}} = \int_{०}^{१} \frac{ताय}{१-य^{२}} + \int_{१}^{\infty} \frac{ताय}{१-य^{२}} = \int_{०}^{१} \frac{ताय}{१-य^{२}} - \int_{०}^{१} \frac{ताय}{१-य^{२}} = ०$$

यह सिद्ध हुआ।

अब $\int_{०}^{\infty} \frac{य^{२म}\,ताय}{१-य^{२न}}$ इस में स्पष्ट है कि $१-य^{२न} = ०$ इस में दो सम्भाव्य मान य के आवेंगे एक $+१$ दूसरा -१ इस लिये खण्डभिन्नों में $+१, -१$ इन दोनों मान के वश से जो दो भिन्न होंगे उन का योग $= \frac{१}{न(१-य^{२})}$ यह होगा। इस लिये ऊपर की युक्ति से

$\frac{१}{न}\int_{०}^{\infty} \frac{ताय}{१-य^{२}} = ०$। बाकी खण्डभिन्नों में न—१ जोड़े असम्भाव्य मान होंगे इस लिये

$$\int_{०}^{\infty} \frac{य^{२म}ताय}{१-य^{२न}} = २\pi\,(का_{१} + का_{२} + \cdots + का_{न+१})$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यहाँ भी ऊपर ही की युक्ति से

$$का_१ + का_२ + \cdots + का_{न-१} = \frac{१}{२न}\{ज्या २ष + ज्या\ ४ष + \cdots + ज्या\ २(न-१)ष\}$$

जहाँ पहले के ऐसा $ष = \frac{(२म+१)}{२न}\pi$

यहाँ पर भी सरलत्रिकोणमिति की युक्ति से सब जीवाओं के योग

$$का\ मान = \frac{कोज्याष — कोज्या(२न-१)ष}{२ज्याष} = कोस्प\ \frac{(२म+१)\pi}{२न}$$

इस लिये $\int_{०}^{\infty} \frac{य^{२म} ताय}{१ — य^{२न}} = \frac{\pi}{२न} कोस्प \frac{२म+१}{२न}\pi$।

इस में और ऊपर के प्रक्रम में यदि $य^{२न} = ल$ और $अ = \frac{२म+१}{२}$ तो

$$\left.\begin{aligned} \int_{०}^{\infty} \frac{य^{२म} ताय}{१ + य^{२न}} &= \int_{०}^{\infty} \frac{ल^{अ-१} ताल}{१ + ल} = \frac{\pi}{ज्याअ\pi}। \\ और \int_{०}^{\infty} \frac{य^{२म} ताय}{१ - य^{२न}} &= \int_{०}^{\infty} \frac{ल^{अ-१}\ ताल}{१ - ल} = \pi कोस्प\ अ\pi \end{aligned}\right\} \quad \cdots \quad (१)$$

यहाँ म, और न के वश से सिद्ध कर सकते हो कि अ सर्वदा धनात्मक और १ से अल्प है।

१९२। ऊपर के दो प्रक्रमों में जो दो सान्तचल आये हैं उनके बल से अनेक रूपान्तर बना सकते हो। जैसे ऊपर के प्रक्रम के (१) समीकरण में यदि $ह = ल^{अ}$ तो

$$\int_{०}^{\infty} \frac{ताह}{१ + ह^{\frac{१}{अ}}} = \frac{अ^{\pi}}{ज्याअ^{\pi}}, \quad \int_{०}^{\infty} \frac{ताह}{१ - ह^{\frac{१}{अ}}} = अ^{\pi} कोस्प\ अ\pi$$

इन में $त = \frac{१}{अ}$ मानने से

$$\int_{०}^{\infty} \frac{ताह}{१ + ह^{त}} = \frac{\pi}{तज्या\frac{\pi}{त}}, \quad \int_{०}^{\infty} \frac{ताह}{१ - ह^{त}} = \frac{\pi}{त} कोस्प\ \frac{\pi}{त} \quad \cdots (१)$$

जहाँ त धन और १ से अधिक है।

$$और \int_{०}^{\infty} \frac{य^{न} ताय}{१ + य^{२}} = \int_{०}^{१} \frac{य^{न}\ ताय}{१ + य^{२}} + \int_{१}^{\infty} \frac{य^{न} ताय}{१ + य^{२}}$$

परन्तु यदि $य = \frac{१}{ल}$ तो $\int_{१}^{\infty} \frac{य^{न} ताय}{१ + य^{२}} = \int_{१}^{०} - \frac{ल^{-न} ताल}{१ + ल^{२}} = \int_{०}^{१} \frac{य^{-न} ताय}{१ + य^{२}}$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$\therefore \int_0^{\infty} \frac{य^{न} ताय}{१+य^{२}} = \int_0^{१} \frac{य^{न}+य^{-न}}{१+य^{२}} \text{ ताय} । \cdots\cdots \quad (२)$$

और १९० प्रक्रम के सान्तचल में यदि न=१, और २ म=न∠१ मान लें तो

$$\int_0^{\infty} \frac{य^{न} ताय}{१+य^{२}} = \frac{π}{२ \text{ को ज्या } \frac{नπ}{२}} \cdots\cdots \quad (३)$$

(३) से (२) का मान

$$= \frac{π}{२ \text{ कोज्या} \frac{नπ}{२}} = \int_0^{१} \frac{य^{न}+य^{-न}}{१+य^{२}} \text{ ताय} = \int_0^{१} \frac{य^{न}+य^{-न}}{य+य^{-१}} \cdot \frac{\text{ताय}}{य} \cdots (४)$$

इसी तरह

$$\frac{π}{२} \text{स्प} \frac{नπ}{१} = \int_0^{\infty} \frac{य^{न} ताय}{१-य^{२}} = \int_0^{१} \frac{य^{न}-य^{-न}}{य-य^{-१}} \cdot \frac{\text{ताय}}{य} \cdots (५)$$

सर्वत्र समझो कि न ∠ १ है

(४) और (५)वें में यदि य=इ$^{-π ल}$ और अ=नπ तो

$$\int_0^{\infty} \frac{इ^{अल}+इ^{-अल}}{इ^{πल}+इ^{-πल}} \text{ताल} = \frac{\text{छे} \frac{अ}{इ}}{२} । \int_0^{\infty} \frac{इ^{अल}-इ^{-अल}}{इ^{πल}-इ^{-πल}} \text{ताल} = \frac{\text{स्प} \frac{अ}{इ}}{२}, \cdots (६)$$

इस तरह से सैकड़ों रूपान्तर कर सकते हो।

१९३। इस सान्तचलानयन की विधि से फल में चाहे जिस वर्ण को स्वतन्त्र मान उसके वश से चाहे जौन सा तात्कालिक सम्बन्ध जान सकते हैं।

जैसे $\int_{अ}^{क} \text{फ}(य) \text{ताय}$ इस का तात्कालिक सम्बन्ध क को स्वतन्त्र मान उस के वश से निकालना है जहाँ यह जानते हैं कि फ(य) में क नहीं है और क और अ यहाँ यदि $\int \text{फ}(य) \text{ताय} = \text{फा}(य) + \text{स्थि}$,

तो $\int_{अ}^{क} \text{फ}(य) \text{ताय} = \text{फा}(क) - \text{फा}(अ)$ दोनों परस्पर स्वतन्त्र हैं।

इस लिये $\frac{\text{तास}}{\text{ताक}} = \frac{\text{ता}}{\text{ताक}} \{ \text{फा}(क - \text{फा} अ) \} = \frac{\text{ताफा}(क)}{\text{ता क}} = \text{फ}(क)$ यह बड़े लाघव से सिद्ध हो जाता है इसके लिये यूरप के लोगों की कल्पना जो टाड् हण्टर इत्यादिकों ने लिखी है सो दिखाते हैं।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

कल्पना करो कि स = $\int_{अ}^{क}$ फ(य)ताय

औ१ जब बदल के क + △क हुआ तब स का मान स + △स हुआ।

इस लिये स + △स = $\int_{अ}^{क+△क}$ फ(य) ताय

इस लिये △स = $\int_{अ}^{क+△क}$ फ(य)ताय — $\int_{अ}^{क}$ फ(य) ताय

= $\int_{अ}^{क+△क}$ फ(य)ताय (४१) प्रक्रम के (१) (समीकरण से)

परन्तु ४०वें प्रक्रम से

$\int_{क}^{क+△क}$ फ(य)ताय = △क फ(क + ष△क)

जहां ष कोई १ से अल्प भिन्नाङ्क है।

इस तरह से $\frac{△स}{△क}$ = फ(क + ष△क), △ क का, मान शून्य मानने से

$\left.\begin{aligned} &\frac{तास}{ताक} = फ(क) \\ और\ &\frac{ता^{न}स}{ताक^{न}} = फ^{(न-१)}(क) \end{aligned}\right\}$ ..... (१)

इसी तरह अ को स्वतन्त्र मानने से यदि फ (य) में अ न हो और अ,क परस्पर स्वतन्त्र हों तो $\frac{तास}{ताअ}$ = — फ(अ)

और $\frac{ता^{न}स}{ताअ^{न}}$ = — $फ^{(न-१)}$(अ) ..... (२)

१९४। स = $\int_{अ}^{क}$ फ (य,ग)ताय यहां पर ग को स्वतन्त्र मानने से $\frac{तास}{ताग}$ का मान जानना है जहां अ और क दोनों ग की अपेक्षा स्वतन्त्र है।

यहां स = $\int_{अ}^{क}$ फ(य,ग) ताय

इस लिये स + △स = $\int_{अ}^{क}$ फ(य, ग + △ग) ताय

और △स = $\int_{अ}^{क}$ फ(य,ग + △ग) ताय — $\int_{अ}^{क}$ फ(य, ग)ताय

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$= \int_{अ}^{क} \{ फ(य,ग+\triangle ग) - फ(य,ग) \} ताय$$

इस लिये $$\frac{\triangle स}{\triangle ग} = \int_{अ}^{क} \left\{ \frac{फ(य,ग+\triangle ग)-फ(य,ग)}{\triangle ग} \right\} ताय$$

$\triangle$ग को शून्य मानने से तात्कालिक सम्बन्ध के धर्म से

$$\frac{तास}{ताग} \int_{अ}^{क} \frac{ताफ(य,ग)}{ताग} ताय$$

इसमें इतना समझ लो कि अ, वा क दोनों में से कोई अनन्त के तुल्य नहीं हैं। क्योंकि चलनकलन की युक्ति से

$$\frac{फ(य,ग+\triangle ग)-फ(य,ग)}{\triangle ग} = \frac{ताफ(य,ग)}{ताग} + इ_१$$ ऐसा होगा।

जहां$\triangle$ग को शून्य मानने से $इ_१$ भी शून्य हो जायगा।

इस लिये $$\frac{\triangle स}{\triangle ग} = \int_{अ}^{क} \frac{ताफ(य,ग)}{ताग} ताय + \int_{अ}^{क} इ_१ ताय$$

अब यहां प्रत्यक्ष देख पड़ता है कि ग को शून्य मानने से यदि क, और अ अनन्त न हों तो $\int_{अ}^{क} इ_१$ ताय यह शून्य के तुल्य हो जायगा।

$$\text{अब जब } \frac{तास}{ताग} = \int_{अ}^{क} \frac{ताफ(य,ग)}{ताग} ताय$$

$$\text{इसलिये } \frac{ता^{न}स}{ताग^{न}} = \int_{अ}^{क} \frac{ता^{न}फ(य,ग)}{ताग^{न}} ताय \quad \Big\} \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots (१)$$

कल्पना करो कि (१) में $\int$ फ (य, ग) ताय = फा (य, ग)

और $$\int \frac{ताफा(य,ग)}{ताग} ताय = फि(य,ग)$$

तो $$\frac{तास}{ताग} = \frac{ताफा(क,ग)}{ताग} - \frac{ताफा(अ,ग)}{ताग} = फि(क,ग) - फि(अ,ग) \quad (२)$$

इसमें मानो कि फ (य, ग) में क नहीं है और अ, क से स्वतन्त्र है तो

(२) से $$\frac{ता\,फा(क,ग)}{ताग} + फि(अ,ग) - \frac{ता\,फा(अ,ग)}{ताग} = \frac{ता\,फा(क,ग)}{ताग} + स्थि$$

$$= फि(क,ग) \ldots\ldots (३)$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

जहां फि (अ, ग)— $\frac{\text{ता फा (अ, ग)}}{\text{ताग}}$ = स्थि = क में स्वतन्त्र स्थिराङ्क।

अब (३) में चाहे क के स्थान में जो उत्यापन दो समीकरण ठीक ही रहेगा मान लो कि क के स्थान में य को रख दिया तो

$$\frac{\text{ता फा (य, ग)}}{\text{ताग}} + \text{स्थि} = \text{फि (य, ग)} \ldots\ldots\ldots\ldots (४)$$

(४) में यदि स्थिराङ्क को छोड़ दें और फा (य, ग) और फि (य,ग) के स्थान में इनका पहला मान रख दें तो

$$\frac{\text{ता}}{\text{ताग}} \int \text{फ (य, ग)} \, \text{ताय} = \int \frac{\text{ता फ (य, ग)}}{\text{ताग}} \text{ताय} \ldots\ldots\ldots\ldots (५)$$

(५) वें से एक के चलज्ञान से दूसरे का चलज्ञान सहज में हो सकता है जैसे

यदि फ (य, ग) = $\frac{१}{१ + ग^२ य^२}$ तो फ (य, ग) ताय = $\int \frac{\text{ताय}}{१ + ग^२ य^२} = \frac{१}{ग} \text{स्प}^{-१} \text{गय}$

और $\frac{\text{ताफा (य,ग)}}{\text{ताग}} = -\frac{२ \text{ गय}^२}{(१ + ग^२ य^२)^२} \frac{\text{ता}}{\text{ताग}} \int \text{फ (य, ग) ताय} = \frac{\text{ता}}{\text{ताग}} \left(\frac{१}{ग} \text{स्प}^{-१} \text{गय} \right)$

$= \frac{१}{ग} \frac{\text{ता}}{\text{ताग}} (\text{स्प}^{-१} \text{गय}) = \frac{१}{ग} \cdot \frac{\text{य}}{१ + ग^२ य^२}$

इस लिये (५) वें से

$$\frac{\text{ता}}{\text{ताग}} \int \text{फ (य, ग) ताय} = \frac{१}{ग} \frac{\text{य}}{१ + ग^२ य^२} = \int \frac{\text{ताफ (य, ग)}}{\text{ताग}} \text{ताय} = -\int \frac{२ \text{गय}^२ \text{ताय}}{(१ + ग^२ य^२)^२}$$

देखो यहां $\int \text{फ (य, ग) ताय} = \int \frac{\text{ताय}}{१ + ग^२ य^२}$ इसके ज्ञान से तात्कालिक सम्बन्ध पर से इससे अधिक कठिन का— $\int \frac{२ \text{गय}^२ \text{ताय}}{(१ + ग^२ य^२)^२}$ इसका ज्ञान सहज में हो गया।

१९५। यदि स = $\int \frac{\text{क}}{\text{अ}} \text{फ (य, ग) ताय}$ इसमें यदि क, और अ दोनों ग के फल हों तो $\frac{\text{तास}}{\text{ताग}}$ का मान जानना।

यहां स्पष्ट है कि तीन चलराशि के वश से अर्थात् अ, क, ग के वश से तात्कालिक सम्बन्ध निकलेगा। इस लिये चलनकलन के प्रक्रम से और ऊपर के प्रक्रमों से $\frac{\text{तास}}{\text{ताग}} = \int \frac{\text{क}}{\text{ग}} \frac{\text{ताफ (य, ग)}}{\text{ताग}} \text{ताय} + \frac{\text{तास}}{\text{ताक}} \cdot \frac{\text{ताक}}{\text{ताग}} + \frac{\text{तास}}{\text{ताअ}} \cdot \frac{\text{ताअ}}{\text{ताग}}$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$= \int_{\text{ग}}^{\text{क}} \frac{\text{ताफ}\,(\text{य},\,\text{ग})}{\text{ताग}}\,\text{ताय} + \text{फ}\,(\text{क},\,\text{ग})\,\frac{\text{ताक}}{\text{ताग}} - \text{फ}\,(\text{अ},\,\text{ग})\,\frac{\text{ताअ}}{\text{ताग}}$$

इसी तरह से

$$\frac{\text{ता}^{2}\text{स}}{\text{ताग}^{2}} = \int_{\text{ग}}^{\text{क}} \frac{\text{ता}^{2}\text{फ}\,(\text{य},\,\text{ग})}{\text{ताग}^{2}}\,\text{ताय}$$

$$+\text{फ}(\text{क},\,\text{ग})\,\frac{\text{ता}^{2}\text{क}}{\text{ताग}^{2}} + \frac{\text{ताफ}\,(\text{क},\,\text{ग})}{\text{ताक}}\left\{\frac{\text{ताक}}{\text{ताग}}\right\}^{2} + 2\,\frac{\text{ताफ}\,(\text{क},\,\text{ग})}{\text{ताग}}\,\frac{\text{ताक}}{\text{ताग}}$$

$$-\text{फ}\,(\text{अ},\,\text{ग})\,\frac{\text{ता}^{2}\text{अ}}{\text{ताग}^{2}} - \frac{\text{ताफ}\,(\text{अ},\,\text{ग})}{\text{ताअ}}\left\{\frac{\text{ताअ}}{\text{ताग}}\right\}^{2} - 2\,\frac{\text{ताफ}\,(\text{अ},\,\text{ग})}{\text{ताग}}\,\frac{\text{ताअ}}{\text{ताग}}$$

इसी तरह $\frac{\text{ता}^{3}\text{स}}{\text{ताग}^{3}}$ इसका और इससे अधिक का भी मान जान सकते हो।

१९६। १९५ प्रकम में जो $\frac{\text{तास}}{\text{ताग}}$ इसका मान दिखलाया है उसे क्षेत्र की रीति से भी दिखा सकते हो।



मान लो कि आपव वक्र का समीकरण $\text{र} = \text{फ}(\text{य},\text{ग})$ और आ'प'व' का समीकरण $\text{र} = \text{फ}(\text{य},\text{ग}+\triangle\text{ग})$ यह है और मानो कि

अम = अ, अ न = क, म म' = △ अ, न न' = △क तो स, पमनव का और स + △स पमनव का क्षेत्रफल होगा। इसलिये

$$\triangle\text{स} = \text{प}'\text{प}_{1}\text{व}_{1}\,\text{व}' + \text{वनन}'\,\text{व}_{1} - \text{पमम}'\text{प}_{1}$$

और $$\frac{\triangle\text{स}}{\triangle\text{ग}} = \frac{\text{प}'\,\text{प}_{1}\text{व}_{1}\,\text{व}'}{\triangle\text{ग}} + \frac{\text{व}\,\text{न}\,\text{न}'\,\text{व}_{1}}{\triangle\text{ग}} - \frac{\text{प}\,\text{म}\,\text{म}'\,\text{प}_{1}}{\triangle\text{ग}}.$$

इस में मन' का मान यदि परमाल्प अर्थात् ताय के तुल्य हो तो

$$\frac{\text{प}'\,\text{प}_{1}\text{व}_{1}\text{व}'}{\text{ग}} = \frac{\text{फ}(\text{य},\text{ग}+\triangle) - \text{फ}(\text{य},\,\text{ग})}{\text{ग}\triangle}\,\text{ताय},\quad \frac{\text{वननव}_{1}}{\triangle\text{ग}} = \text{फ}(\text{क},\text{ग})\,\frac{\triangle\text{क},}{\triangle\,\text{ग},}$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

और $\frac{\text{प म मं प}_1}{\triangle \text{ग}} = \text{फ}(\text{अ}, \text{ग})\frac{\triangle \text{अ}}{\triangle \text{ग}}$। इस पर से $\triangle$ग के स्थान में ताग मानने से

$$\frac{\text{तास}}{\text{ताग}} = \frac{\text{ताफ}(\text{य},\text{ग})}{\text{ताग}} \text{ताय} + \text{फ}(\text{क},\text{ग})\frac{\text{ताक}}{\text{ताग}} - \text{फ}(\text{अ},\text{ग})\frac{\text{ताअ}}{\text{ताग}}$$

यही १९५ प्रक्रम में भी उत्पन्न हुआ था।

१९७। ऊपर के प्रक्रमों में जो सिद्धान्त दिखलाये हैं उनकी व्याप्ति के लिये कुछ उदाहरण दिखलाते हैं।

(१) उस वक्र को जानना है जिस में चाप, य अक्ष, और कोटि से बने क्षेत्र का फल भुजकोटि के घात से न गुणित हो। जहाँ न कोई स्थिराङ्क है। मानो कि वक्र का समीकरण र = फ(य) है तो फलानयन की विधि से

$\int_0^{\text{ग}} \text{फ}(\text{य})$ ताय यह उस खण्ड का फल होगा जो वक्रचाप, य अक्ष, और उस कोटि से जिस में भु = ग, है बना है इस लिये प्रश्न के आलाप से

$$\text{स} = \int_0^{\text{ग}} \text{फ}(\text{य})\,\text{ताय} = \frac{\text{गफ}(\text{ग})}{\text{न}}$$ यह स्थिति चाहे ग का मान जो हो सर्वत्र रहेगी इस लिये ग के वश तात्कालिक सम्बन्ध निकालने से १९३ प्रक्रम के (१) समीकरण से $\frac{\text{तास}}{\text{ताग}} = \text{फ}(\text{ग}) = \frac{\text{फ}(\text{ग}) + \text{गफ}'(\text{ग})}{\text{न}}$

इस लिये (न—१) $\text{फ}(\text{ग}) = \text{गफ}'(\text{ग})$

और $$\frac{\text{फ}'(\text{ग})}{\text{फ}(\text{ग})} = \frac{\text{न}-१}{\text{ग}}$$

चलानयन से ला $\text{फ}(\text{ग}) = (\text{न}-१)$ लाग + स्थि

अर्थात् $\text{फ}(\text{ग}) = \text{आग}^{\text{न}-१}$ जहां आ कोई स्थिराङ्क है।

ग के स्थान में य को रख देने से अभीष्ट वक्र का समीकरण

$\text{फ}(\text{य}) = \text{आय}^{\text{न}-१}$ यह हुआ।

(२) जिस वक्र का र = फ(य) यह समीकरण है उसमें यह जानते हैं कि ग के सब मान में

$$\frac{\int_0^{\text{ग}} \text{य}\{\text{फ}(\text{य})\}^२ \text{ताय}}{\int_0^{\text{ग}} \{\text{फ}(\text{य})\}^२ \text{ताय}} = \frac{\text{ग}}{\text{न}}$$ यह स्थिति है तो फ(य) का स्वरूप कैसा होगा।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यहां प्रश्न के अनुसार छेदगम कर देने से

$$\int_{०}^{ग} य\{फ(य)\}^{२}ताय = \frac{ग}{न}\int_{०}^{ग}\{फ(य)\}^{२}ताय$$ ऐसा होगा ।

ग के वश से तात्कालिक सम्बन्ध निकालने से

$$ग\{फ(य)\}^{२} = \frac{१}{न}\int_{०}^{ग}\{फ(य)\}^{२}ताय + \frac{ग}{न}\{फ(ग)\}^{२}$$

समशोधन से $ग(१-\frac{१}{न})\{फ(ग)\}^{२} = \frac{१}{न}\int_{०}^{ग}\{फ(य)\}^{२}ताय$

इस का ग के वश से फिर तात्कालिक सम्बन्ध निकालने से

$$(१-\frac{१}{न}\{फ(ग)\}^{२} + २ग(१-\frac{१}{न})फ(ग)\,फ'(ग) = \frac{\{फ(ग)\}^{२}}{न},\ फ(ग)$$

का भाग दे कर समशोधन से $(१-\frac{१}{न})फ(ग) + २ग(१-\frac{१}{न})\ फ'(ग) = ०$

इस लिये $\frac{फ'(ग)}{फ(ग)} = \frac{२-न}{२(न-१)}\ \frac{१}{ग}$, चलानयन करने से

$$लाफ(ग) = \frac{२-न}{२(न-१)}\ लाग + स्थि ।$$

इस लिये $फ(ग) = आ\ ग^{\frac{२-न}{२(न-१)}}$ जहां आ कोई स्थिराङ्क है ।

इस तरह से $फ(य) = आ\ य^{\frac{२-न}{२(न-१)}}$ यह सिद्ध हुआ ।

यह उदाहरण स्थिति विद्या में एक चमत्कार कारक है ।

(३) फ(य) का ऐसा स्वरूप जानना है जिसमें $\int_{०}^{म}\frac{फ(य)ताय}{\sqrt{(ग-य)}}$ यह ग से स्वतन्त्र हो जहां जानते हैं कि ग से फ(य) स्वतन्त्र है ।

यहां मानलो कि य = गल तो

$$स = \int_{०}^{ग}\frac{फ(य)ताय}{\sqrt{(ग-य)}} = \int_{०}^{१}\frac{\sqrt{ग}\,फ(गल)\,ताल}{\sqrt{(१-ल)}}$$ अब प्रश्नानुसार स, ग से स्वतन्त्र है इस लिये

$$०=\frac{तास}{ताग}=\int_{०}^{१}\frac{\frac{फ(गल)}{२\sqrt{ग}}+ल\sqrt{ग}\,फ'(गल)}{\sqrt{(१-ल)}}=\int_{०}^{ग}\frac{फ(य)+२यफ'(य)}{२ग\sqrt{(ग-य)}}ताय$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यह सब ग के मान में जब $\frac{\text{तास}}{\text{ताग}} = 0$ है इस लिये अवश्य ४० प्रक्रम के श्रेढी द्वारा सिद्ध कर सकते हो कि

$$\text{फ}(\text{य}) + 2\text{य}\,\text{फ}'(\text{य}) = 0 \quad \therefore \frac{\text{फ}'(\text{य})}{\text{फ}(\text{य})} = -\frac{1}{2\text{य}}$$

इस लिये $\text{ला}\,\text{फ}(\text{य}) = -\frac{1}{2}\text{ला}(\text{य}) + \text{स्थि}$।

इस लिये $\text{फ}(\text{य}) = \frac{\text{आ}}{\sqrt{\text{य}}}$ जहां आ कोई स्थिराङ्क है।

इस वक्र में नीच स्थान से यदि उस विन्दु तक जिसका भु = य है चाप चाहो तो गति विद्या से

$$\frac{\text{ताचा}}{\text{ताय}} = \text{फ}(\text{य}) = \frac{\text{आ}}{\sqrt{\text{य}}} \quad \therefore \text{चा} = 2\text{आ}\sqrt{\text{य}}$$

(७१ वां प्रक्रम देखो) इस पर से कह सकते हो कि ऊपर का वक्र चक्रादल होगा।

(४) $\int_0^\infty \text{इ}^{-\text{अय}}\,\text{ताय} = \frac{1}{\text{अ}}$ तो यहां न वार अ के वश से तात्कालिक सम्बन्ध निकालने से $\int_0^\infty \text{य}^{\text{न}}\,\text{इ}^{-\text{अय}}\,\text{ताय} = \frac{\lfloor \text{न}}{\text{अ}^{\text{न}-1}}$ यह सिद्ध हुआ।

क्योंकि $\int \text{इ}^{-\text{अय}}\,\text{ताय} = \frac{\text{इ}^{-\text{अय}}}{\text{अ}} = -\frac{1}{\text{अइ}^{\text{अय}}}$

इस लिये— $\int_0^\infty \text{इ}^{-\text{अय}}\,\text{ताय} = -\frac{1}{\text{अइ}^\infty} + \frac{1}{\text{अइ}^0} = 0 + \frac{1}{\text{अ}} = \frac{1}{\text{अ}}$

इस तरह से सैकड़ों प्रश्नोत्तर निकाल सकते हो।

१९८। फ्रुलानी का सिद्धान्त (Theorem of Frullani)

इसे सिद्ध करना है कि $\int_0^\infty \frac{\text{फ}(\text{अय}) - \text{फ}(\text{कय})}{\text{य}}\,\text{ताय} = \text{फ}\,(0) \times \text{ला}\left(\frac{\text{क}}{\text{अ}}\right)$

कल्पना करो कि $\text{स} = \int_0^{\text{च}} \frac{\text{फ}(\text{ल}) - \text{फ}(0)}{\text{ल}}\,\text{ताल}$ इस में ल = अय तो

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$स = \int_{०}^{\frac{च}{अ}} \frac{फ(अय) - फ(०)}{य} ताय \quad \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots (१)$$

इस में यदि अ के स्थान में क को रख दें तो

$$स = \int_{०}^{\frac{च}{क}} \frac{फ(कय) - फ(०)}{य} ताय \quad \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots (२)$$

(१) और (२) के अन्तर पर से

$$\int_{०}^{\frac{च}{अ}} \frac{फ(अय)ताय}{य} - \int_{०}^{\frac{च}{क}} \frac{फ(कय)ताय}{य} = फ(०) ला \int_{\frac{च}{क}}^{\frac{च}{अ}} \frac{ताय}{य}$$

$$= \int_{०}^{\frac{च}{अ}} \frac{फ(अय) - फ(कय)}{य} ताय - \int_{\frac{च}{अ}}^{\frac{च}{क}} \frac{फ(कय)ताय}{य} = फ(०) ला \left(\frac{अ}{क}\right) \ldots\ldots (३)$$

यहां यदि च = ∞ तो यदि $\int_{\frac{च}{अ}}^{\frac{च}{क}} \frac{फ(कय)ताय}{य} = ०$

तो $\int_{०}^{∞} \frac{फ(अय) - फ(कय)}{य} ताय = फ(०) \times ला \left(\frac{क}{अ}\right)$

जैसे यदि फ (य) = कोज्याय तो

यहां $\int_{\frac{च}{अ}}^{\frac{च}{क}} \frac{कोज्याकय}{य} ताय = ०$ यदि च = ∞

क्योंकि $\int य^{-१} कोज्याकयताय = \frac{य^{-१} ज्याकय}{क} + \frac{१}{क} \int य^{-२} ज्याकयताय$

(खण्डचलानयन से)

इस लिये य का अनन्त मान मानने से कोज्याकय, और ज्याकय तो सर्वदा १ से कम रहेंगे परन्तु भाजक ∞ के तुल्य होगा।)

इस लिये $\int_{०}^{∞} \frac{फ(अय) - फ(कय)}{य} ताय = \int_{०}^{∞} \frac{कोज्याअय - कोज्याकय}{य} ताय$

$= फ(०) ला\left(\frac{क}{अ}\right) = कोज्या(०) \times ला\left(\frac{क}{अ}\right) = ला\left(\frac{क}{अ}\right)$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

जहाँ कहीं फ (०) = ० तहाँ फ्रुलानी (Frullani) के सिद्धान्त से ठीक मान न आवेगा जैसे $\int_0^\infty \frac{\text{स्प}^{-१}\text{अय}-\text{स्प}^{-१}\text{कय}}{\text{य}}$ताय यहाँ फ(०) = ० इस लिये

(३) समीकरण से

$$\int_0^\infty \frac{\text{स्प}^{-१}\text{अय}-\text{स्प}^{-१}\text{कय}}{\text{य}}\text{ताय} = \int_{\frac{\text{च}}{\text{अ}}}^{\frac{\text{च}}{\text{क}}} \frac{\text{स्प}^{-१}\text{कय}}{\text{य}}\text{ताय, जहाँ च} = \infty$$

दहने पक्ष में स्पष्ट है कि $\frac{\text{च}}{\text{अ}}$, $\frac{\text{च}}{\text{क}}$ भीतर सब अनन्त मान में

स्प$^{-१}$कय = स्प$^{-१}$(∞) = $\frac{\pi}{२}$ इस लिये

$$\int_{\frac{\text{च}}{\text{अ}}}^{\frac{\text{च}}{\text{क}}} \frac{\text{स्प}^{-१}\text{कय}\text{ताय}}{\text{य}} = \frac{\pi}{२}\int_{\frac{\text{च}}{\text{अ}}}^{\frac{\text{च}}{\text{क}}} \frac{\text{ताय}}{\text{य}} = \frac{\pi}{२}\text{ला}\left(\frac{\text{अ}}{\text{क}}\right)$$

इस लिये $\int_0^\infty \frac{\text{स्प}^{-१}\text{अय}-\text{स्प}^{-१}\text{कय}}{\text{य}}\text{ताय} = \frac{\pi}{२}\text{ला}\left(\frac{\text{अ}}{\text{क}}\right)$

१९९। यूलर के चल (Eulerian Integrals)

$\int_0^१ \text{य}^{\text{द}-१}(१-\text{य})^{\text{म}-१}$ताय इस सान्तचल को यूलर का पहला चल कहते हैं।

और इसे हम बी (द,म) इस संकेत से प्रकाश करते हैं। यूरप के लोग ग्रीक वर्णमाला का दूसरा अक्षर बीटा (B) को लेकर इस को बीटा फल (Beta function) कहते हैं। हमने अपने देश के अनुसार इस का नाम बीजफल रखा है।

$\int_0^\infty \text{इ}^{-\text{य}}\text{य}^{\text{न}-१}$ताय इस को यूलर का दूसरा चल कहते हैं और इसे हम गा(न) इस संकेत से प्रकाश करते हैं। यूरप के लोग ग्रीक वर्णमाला का तीसरा अक्षर गामा (G) को लेकर इसे गामा फल (Gmma function) कहते हैं हमने इसका नाम गाढ़फल रखा है।

इन दोनों को यूलर ने निकाला है इसी लिये आदर के लिये उसके नाम सहित इन्हें बोलते हैं।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यूलर का जन्म सन् १७०७ ई० में हुआ था और ७६ वर्ष की अवस्था में इसकी मृत्यु हुई थी बीच में यह अंधा भी हो गया था और घर में आग लग जाने से बहुत से इसके प्रकार भस्म भी हो गये तथापि बहुत से इस के ग्रन्थ अद्यावधि यूरप में प्रसिद्ध हैं जिनका वर्णन मैं इस चलराशिकलन में व्यर्थ समझता हूँ इस लिये अपने कृत्य के ऊपर लौट कर कुछ इन दोनों चलों के सिद्धान्तों को दिखलाता हूँ। नीचे सर्वत्र द, म और न को धन समझो।

२००। ४१ वें प्रक्रम के (४) समीकरण से

$$\int_0^१ य^{द-१}(१-य)^{म-१}\,ताय = \int_0^१ य^{म-१}(१-य)^{द-१}$$

इस लिये बी (द,म) = बी (म,द)

अर्थात् द,म का परस्पर परिवर्त्तन कर देने से मान में कुछ भी अन्तर नहीं होता।

यदि बी (द,म) में $य = \frac{र}{१+र}$ तो

$$\int_0^१ य^{द-१}(१-य)^{म-१}ताय = बी\ (द,म) = \int_0^\infty \frac{र^{द-१}तार}{(१+र)^{द+म}}$$

उसी में यदि $य = \frac{१}{१+र}$ तो

$$\int_0^१ य^{द-१}(१-य)^{म-१}ताय = बी\ (द,म) = \int_0^\infty \frac{र^{म-१}तार}{(१+र)^{द+म}}।$$

२०१। यूलर के दूसरे चल में यदि $इ^{-य} = र$ अर्थात् $य = ला\frac{१}{र}$

तो $\int_0^\infty इ^{-य}य^{न-१}ताय = गा(न) = \int_0^१ \left(ला\frac{१}{र}\right)^{न-१}तार$ यह एक गा(न) का रूपान्तर है।

खण्ड चलानयन से

$$\int इ^{-य}य^{न}ताय = -इ^{-य}य^{न} + न\int इ^{-य}य^{न-१}ताय$$

और $इ^{-य}य^{न}$ शून्य के तुल्य होता है यदि य = ०, य = ∞ हो (चलनकलन का ३६ वाँ प्रक्रम देखो)

इस लिये $\int_0^\infty इ^{-य}य^{न}ताय = न\int_0^\infty इ^{-य}य^{न-१}ताय$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अर्थात् $\text{गा}(\text{न}+१) = \text{न}\,\text{गा}(\text{न})$ . . . . . (१)

और $\int_0^\infty \text{इ}^{-\text{य}}\,\text{ताय} = १$ (१९७ प्रक्रम के (४) उदाहरण से जहाँ अ = १)

इस लिये $\text{गा}(१) = १$, ... (२)

यदि न अभिन्न हो तो (१) और (२) से

$\text{गा}\,(\text{न}+१) = \lfloor\text{न}$

परन्तु यदि न भिन्न और १ से अधिक हो तो यदि गा(म) इसका मान (जहाँ म < १) ज्ञात हो तो (१) समीकरण से बार बार क्रिया करने से गा(न) का मान भी आ जायगा।

२०२। यदि जय = ल तो

$$\int_0^\infty \text{इ}^{-\text{जय}}\,\text{य}^{\text{न}-१}\,\text{ताय} = \frac{१}{\text{ज}^{\text{न}}}\int_0^\infty \text{इ}^{-\text{ल}}\,\text{ल}^{\text{न}-१}\,\text{ताल} = \frac{\text{गा}\,(\text{न})}{\text{ज}^{\text{न}}}।$$

२०३। $\int_0^\infty\int_0^\infty \text{य}^{\text{द}+\text{म}-१}\,\text{र}^{\text{म}-१}\,\text{इ}^{-(१+\text{र})\text{य}}$ ताय तार इस का द्विगुण चलानयन से मान ले आवें तो २०२ प्रक्रम से

$$\text{गा}(\text{द}+\text{म})\int_0^\infty \frac{\text{र}^{\text{म}-१}\,\text{तार}}{(१+\text{र})^{\text{द}+\text{म}}} = \text{गा}\,(\text{द}+\text{म})\;\text{बी}\,(\text{द},\text{म})$$ (२०० वें प्रक्रम)

और ऊपर के द्विगुण चल में यदि पहले य के वश से चलानयन करें तो

$$\text{गा}(\text{म})\int_0^\infty \frac{\text{इ}^{-\text{य}}\,\text{य}^{\text{द}+\text{म}-१}}{\text{य}^{\text{म}}}\,\text{ताय} = \text{गा}\,(\text{म})\int_0^\infty \text{इ}^{-\text{य}}\,\text{य}^{\text{द}-१}\,\text{ताय}$$

= गा(म) गा(द) इस लिये ६३ वें प्रक्रम की अन्तिम युक्ति से

$$\text{गा}(\text{द}+\text{म})\;\text{बी}\,(\text{द},\text{म}) = \text{गा}(\text{म})\;\text{गा}(\text{द})$$

$$\therefore\ \text{बी}\,(\text{द},\text{म}) = \frac{\text{गा}(\text{म})\text{गा}(\text{द})}{\text{गा}\,(\text{द}+\text{म})}$$

इसमें यदि द + म = १ तो गा(द + म) = गा (१) = १ (२०१ प्रक्रम के (२) स॰ से)

इस लिये बी (द,म) = $\int_0^\infty \frac{\text{र}^{\text{म}-१}\text{तार}}{१+\text{र}} = \text{गा}\,(\text{म})\;\text{गा}\,(१-\text{म})$

अब यदि म< १ तो १९१ वें प्रक्रम के (१) समीकरण से

$$\int_0^\infty \frac{\text{र}^{\text{म}-१}\,\text{तार}}{१+\text{र}} = \frac{\pi}{\text{ज्याम}\,\pi}$$ इस लिये।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$\text{गा}(\text{म})\ \text{गा}(१-\text{म}) = \frac{\pi}{\text{ज्याम}\,\pi}$$

इस में यदि $\text{म} = \frac{१}{२}$ तो $\{\text{गा}(\frac{१}{२})\}^२ = \pi \therefore \text{गा}(\frac{१}{२}) = \sqrt{\pi}$

इसे नीचे की युक्ति से भी सिद्ध कर सकते हो ।

२०४। चलनकलन से सिद्ध है कि $\frac{य^च - १}{च} = \text{लाय}$ यदि च = ०

इस लिये कल्पना करो कि $(\text{ला}\frac{१}{य})^{न-१} = \left[\frac{१-य^च}{च}\right]^{न-१} + र$

जहाँ जब च = ० तो र = ० । च के स्थान में $\frac{१}{इ_१}$ रखो तो २०१ प्रक्रम से

$$\text{गा}(\text{न}) = इ_१^{न-१}\int_0^{१}(१-य^{\frac{१}{इ_१}})^{न-१}\text{ताय} + \int_0^{१} र\,\text{ताय}$$

समशोधन से $\text{गा}(\text{न}) = \int_0^{१} र\,\text{तार} = इ_१^{न-१}\int_0^{१}(१-य^{\frac{१}{इ_१}})^{न-१}\text{ताय}$

$$= इ_१^{न}\int_0^{१} ल^{इ_१-१}\,(१-ल)^{न-१}\,\text{ताल}, य = ल^{इ_१}\ \text{मानने से}$$

अब यहां हमें सामर्थ्य है कि $इ_१$ को धनात्मक और चाहे जितना बड़ा कल्पना कर सकें इस लिये यदि $इ_१ = \infty$ तो र = ० इस लिये ५१ प्रक्रम के (१) समीकरण से और $इ_१$, और न को बदल देने से

$$\text{गा}(\text{न}) = \frac{\lfloor इ_१}{\text{न}(\text{न}+१)\cdots(\text{न}+इ_१-१)}\,इ_१^{न-१} \quad \ldots\ldots\ldots\ldots (१)$$

(१) में न के स्थान में न-म, न + म का उत्थापन देने से

$$\text{गा}(\text{न}-\text{म}) = \frac{\lfloor इ_१}{(\text{न}-\text{म})(\text{न}-\text{म}+१)\cdots(\text{न}-\text{म}+इ_१-१)}\,इ_१^{न-म-१} \quad \ldots\ldots (२)$$

$$\text{गा}(\text{न}+\text{म}) = \frac{\lfloor इ_१}{(\text{न}+\text{म})(\text{न}+\text{म}+१)\cdots(\text{न}+\text{म}+इ_१-१)}\,इ_१^{न+म-१} \quad \ldots (३)$$

इस लिये ।

$$\frac{\{\text{गा}(\text{न})\}^२}{\{\text{गा}(\text{न}-\text{म})\}\ \{\text{गा}(\text{न}+\text{म})\}} = \frac{\{\lfloor इ_१\}^२ इ_१^{२न-२}}{\text{न}^२(\text{न}+१)^२\cdots(\text{न}+इ_१-१)^२} \Big/ \frac{\{\lfloor इ_१\}^२ इ_१^{२न-२}}{(\text{न}^२-\text{म}^२)\{(\text{न}+१)^२-\text{म}^२\}\cdots\{(\text{न}+इ_१-१)^२-\text{म}^२\}}$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$= \frac{(न^२-म^२)\{(न+१)^२-म^२\}\cdots\{(न+इ_१-१)^२-म^२\}}{न^२(न+१)^२\cdots\cdots\cdots(न+इ_१-१)^२}$$

$$= \left\{१-\frac{म^२}{न^२}\right\}\left\{१-\frac{म^२}{(न+१)^२}\right\}\left\{१-\frac{म^२}{(न+२)^२}\right\}\cdots\cdots (४)$$

२०५। ऊपर के प्रक्रम के (४) समीकरण में यदि न = १ तो

$$\frac{१}{गा(१-म)गा(१+म)} = (१-\frac{म^२}{१^२})(१-\frac{म^२}{२^२})(१-\frac{म^२}{३^२})\cdots\cdots$$

$$= \frac{ज्यामπ}{मπ} \text{(चलनकलन के २०वें प्रकम के (८)वें उदाहरण से)}$$

इस लिये $गा(१-म)\ गा(१+म) = \frac{मπ}{ज्यामπ}$

परन्तु २०१ प्रक्रम के (१) समीकरण से $गा(१+म) = म\ गा(म)$

इस लिये $गा(१-म)\ गा(म) = \frac{π}{ज्यामπ}$ यह सिद्ध हुआ।

२०६। यदि $या = गा\left(\frac{१}{न}\right)गा\left(\frac{२}{न}\right)गा\left(\frac{३}{न}\right)\cdots गा\left(\frac{न+१}{न}\right)$ जहां न धन अभिन्न है

तो $या = गा\left(१-\frac{१}{न}\right)गा\left(१-\frac{२}{न}\right)\cdots गा\left(\frac{१}{न}\right)$ उलट के लिखने से इस

लिये $या^२ = गा\left(\frac{१}{न}\right)गा\left(१-\frac{१}{न}\right)गा\left(\frac{२}{न}\right)गा\left(१-\frac{२}{न}\right)\cdots गा\left(\frac{१}{न}\right)गा\left(१-\frac{१}{न}\right)$

$$= \frac{π^{न-१}}{ज्या\frac{π}{न}\,ज्या\frac{२π}{न}\cdots ज्या\frac{(न-१)π}{न}} \text{(ऊपर के प्रक्रम से)}$$

परन्तु चलनकलन के ३१६ प्रक्रम के (१) समीकरण से यदि न के स्थान में २न का उत्थापन दो तो

$$\frac{य^{२न}-१}{य^२-१} = (१-२\,यकोज्या\frac{π}{न}+य^२)(१-२यकोज्या\frac{२π}{न}+य^२)\cdots\cdot$$

$(१-२\,यकोज्या\frac{(न-१)}{न}π+य^२)$ इस में क्रम से य = १, य = — १ मान बायें पक्ष में उस का ठीक मान न रख देने से

$$न = (२ज्या\frac{π}{२न})^२(२ज्या\frac{२π}{२न})^२\cdots(२ज्या\frac{(न-१)π}{२न})^२$$

$$न = (२कोज्या\frac{π}{२न})^२(२कोज्या\frac{२π}{२न})^२\cdots(२कोज्या\frac{(न-१)π}{२न})^२$$

दोनों का घात कर मूल लेने से

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$न = २^{न-१} ज्या\frac{\pi}{न} ज्या\frac{२\pi}{न} \cdots ज्या\frac{(न-१)\pi}{न}$$

इस लिये $या^{२} = \frac{(२\pi)^{न-१}}{न}$ और $या = (२\pi)^{\frac{न-१}{२}} न^{-\frac{१}{२}}$

२०७। यदि $फ(य) = \frac{न^{नय} गा(य) गा(य+\frac{१}{न}) गा(य+\frac{२}{न}) \cdots गा(य+\frac{न-१}{न})}{न गा(नय)} \cdots (१)$

तो य के स्थान में य + १ का उत्थापन देने से

$$फ(य+१) = \frac{न^{नय+न} गा(य+१) गा(य+१+\frac{१}{न}) गा(य+१+\frac{२}{न}) \cdots गा(य+१+\frac{न-१}{न})}{न गा(नय+न)}$$

$$= \frac{न^{न} न^{नय} य गा(य)(य+\frac{१}{न}) गा(य+\frac{१}{न})(य+\frac{२}{न}) गा(य+\frac{२}{न}) \cdots (य+\frac{न-१}{न}) गा(य+\frac{न-१}{न})}{न गा(नय+न)}$$

$$= \frac{न^{न} य (य+\frac{१}{न})(य+\frac{२}{न}) \cdots (य+\frac{न-१}{न}) फ(य)}{(न य+न-१)(न य+न-२) \cdots न य} = फ(य+१)$$

$$= \frac{नय(नय+१)(नय+२) \cdots (नय+न-१)}{(नय+न-१)(नय+न-२) \cdots नय} फ(य) = फ(य)$$

इसी तरह $फ(य+२) = फ(य+१) = फ(य) = फ(य+म)$ जहाँ म चाहे जैसा बड़ा मान सकते हैं। इस लिये $फ(य) = फ(इ_{१})$ जहाँ $इ_{१} = \infty$। इस लिये फ(य), य से स्वतन्त्र है अर्थात् फ(य) का मान सर्वदा एक ही होगा चाहे य का कोई मान हो। इस लिये जब $य = \frac{१}{न}$ तो (१) में उत्थान देने से।

$$फ(य) = गा(\frac{१}{न}) गा(\frac{२}{न}) गा(\frac{३}{न}) \cdots गा(\frac{न-१}{न}) = (२\pi)^{\frac{न-१}{२}} न^{-\frac{१}{२}}$$ (२०६ प्रक्रम से)

और जब

$$\frac{न^{नय} गा(य) गा(य+\frac{१}{न}) गा(य+\frac{२}{न}) \cdots गा(+\frac{न-१}{न})}{न गा(नय)} = (२\pi)^{\frac{न-१}{२}} न^{-\frac{१}{२}}$$

इस लिये।

$$गा(य) गा(य+\frac{१}{न}) गा(य+\frac{२}{न}) \cdots गा(य+\frac{न-५}{न}) = गा(नय)(२\pi)^{\frac{न-१}{२}} न^{\frac{१}{२}-नय} \quad \cdots\cdots (२)$$

यह एक साधारण सिद्धान्त उत्पन्न हुआ। इसमें यदि $य = \frac{१}{न}$ तो २०६ प्रक्रम का सिद्धान्त उत्पन्न हो जायगा।

इस (२) समीकरण के सिद्धान्त को गौस (Gauss) ने वर्णन किया है।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

२०८। ऊपर के प्रक्रम में (२) का लघुरिक्थ लेकर य के वश तात्कालिक सम्बन्ध निकालने से।

$$\frac{\text{नगा}'(\text{नय})}{\text{गा}(\text{नय})} = \frac{\text{गा}'(\text{य})}{\text{गा}(\text{य})} + \frac{\text{गा}'(\text{य}+\frac{१}{\text{न}})}{\text{गा}(\text{य}+\frac{१}{\text{न}})} + \cdots + \frac{\text{गा}'(\text{य}+\frac{\text{न}-१}{\text{न}})}{\text{गा}(\text{य}+\frac{\text{न}-१}{\text{न}})} + \text{नलान} \cdots (१)$$

जहाँ $\text{गा}'(\text{नय})$ इत्यादि $\frac{\text{ता}}{\text{ताय}}\{\text{गा}(\text{नय})\}$ इत्यादि के बोधक हैं।

(१) का फिर तात्कालिक सम्बन्ध निकालने से और नय के स्थान में ल को रखने से।

$$\frac{\text{ता}^{२}\text{लागा}(\text{ल})}{\text{ताल}^{२}}$$

$$= \frac{१}{\text{न}^{२}}\left\{\frac{\text{ता}^{२}\text{लागा}(\text{य})}{\text{ताय}^{२}} + \frac{\text{ता}^{२}\text{लागा}(\text{य}+\frac{१}{\text{न}})}{\text{ताय}^{२}} + \cdots + \frac{\text{ता}^{२}\text{लागा}(\text{य}+\frac{\text{न}-१}{\text{न}})}{\text{ताय}^{२}}\right\}$$

यदि न का मान अनन्त कल्पना करें तो दहने पक्ष का मान ४० प्रक्रम के अनुसार

$$\frac{१}{\text{न}}\int_{\text{य}}^{\text{य}+१}\frac{\text{ता}^{२}\text{लागा}(\text{य})}{\text{ताय}^{२}}\text{ताय} = \frac{१}{\text{न}}\left\{\frac{\text{तालागा}(\text{य}+१)}{\text{ताय}} - \frac{\text{तालागा}(\text{य})}{\text{ताय}}\right\}$$

$$= \frac{१}{\text{न}}\left\{\frac{\text{तालाय}+\text{ताला गा}(\text{य})}{\text{ताय}} - \frac{\text{ताला गा}(\text{य})}{\text{ताल}}\right\} = \frac{१}{\text{न}}\left\{\frac{१}{\text{य}}\right\} = \frac{१}{\text{नय}} = ०$$

इस लिये यदि नय अर्थात् ल अनन्त हो तो $\frac{\text{ता}^{२}\text{ला गा}(\text{ल})}{\text{ता}^{२}\text{ल}}$ यह शून्य के तुल्य होगा।

अब २०१ प्रक्रम के (१) समीकरण से।

$$\text{गा}(\text{य}) = \frac{\text{गा}(\text{य}+१)}{\text{य}} = \frac{\text{गा}(\text{य}+२)}{\text{य}(\text{य}+१)} = \frac{\text{गा}(\text{य}+३)}{\text{य}(\text{य}+१)(\text{य}+२)} = \frac{\text{गा}(\text{य}+\text{न})}{\text{य}(\text{य}+१)\cdots(\text{य}+\text{न}-१)}$$, जहाँ

कल्पना करो कि क – अ स्थिर संख्या के भीतर अनन्त स्थानों के डाड़ों का मध्यम मान जानना है तो न का प्रमाण अनन्त और च का मान शून्य हो जायगा ऐसी दशा में २ वा ४० वें प्रकम से डाड़ों का यथार्थ मध्यम मान $\int_{\text{अ}}^{\text{क}} \frac{\text{फ}(\text{य})\,\text{ताय}}{\text{क}-\text{अ}}$ यह होगा क्योंकि औसत में जितने ही स्थानों को बढ़ाते जाते हैं उतना ही औसत सूक्ष्म होता चला जाता है।

इस लिये य के अ, क के भीतर के मानों में यदि फ(य) का मध्यम मान निकालना हो तो $\int \frac{\text{फ}(\text{य})\,\text{ताय}}{\text{क}-\text{अ}}$ इस का अ, क सीमा के भीतर सान्तचल ले आवो।

जैसे किसी ने प्रश्न किया कि जिस वृत्त का व्यासार्द्ध ग है उसके परिधि पर एक स्थिर बिन्दु मान कर वहाँ से वृत्तान्तर्गत प्रत्येक बिन्दुओं की दूरी जो होंगी उनका मध्यम मान क्या होगा।

यहाँ यदि वृत्त के फल का न तुल्य विभाग कर डालें जहाँ न = ∞ तो स्पष्ट है कि हर एक विभाग बिन्दु रूप होंगे इसलिये प्रति विभागों की दूरी स्थिर बिन्दु से क्रम से $\text{श्रु}_१, \text{श्रु}_२, \text{श्रु}_३, \cdots \text{श्रु}_\text{न}$ ये हों तो इन का मध्यम मान $\frac{१}{\text{न}}(\text{श्रु}_१+\text{श्रु}_२+\cdots+\text{श्रु}_\text{न})$ यह होगा।

इसमें अंश हर को श्रु△ष△श्रु से गुण देने से

$$\frac{\{\text{श्रु}_१+\text{श्रु}_२+\cdots+\text{श्रु}_\text{न}\}\,\text{श्रु ष श्रु}}{\text{नश्रु△ष△श्रु}}$$

यहाँ १२५ वें प्रकम से श्रु△ष△श्रु यह क्षेत्रफल के अत्यल्प विभाग का मान होगा यदि, △ष,△श्रु ताष, ताश्रु अर्थात् शून्य के तुल्य हो जायँ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

परन्तु ऐसी दशा में न श्रु△ष△श्रु यह वृत्त का फल हो जायगा इस लिये दूरियों का मध्यम मान = $\frac{\{ \text{श्रु}_१ + \text{श्रु}_२ + \cdots + \text{श्रु}_न \} \text{श्रुताष ताश्रु}}{\text{पग}^२}$

$\int\int \frac{\text{श्रु}^३\text{ताश्रुताष}}{\text{ग}^२}$ (द्विगुण चलानयन की रीति से उचित सीमाओं के भीतर जो मान होगा)

स्थिर बिन्दु से एक व्यास नियत खींच कर उस से और श्रुति से उत्पन्न कोण को ष कहो तो यहाँ द्विगुण चलानयन की रीति से सीमाओं को लेने से

$$\text{मध्यम मान} = \frac{१}{\text{पग}^२} \int_{-\frac{\text{प}}{२}}^{\frac{\text{प}}{२}} \int_{०}^{२\text{गकोज्याष}} \text{श्रु}^३\text{ताश्रु ताष}$$

$$= \frac{१}{\text{पग}^२} \int_{-\frac{\text{प}}{२}}^{\frac{\text{प}}{२}} \frac{८\ \text{ग}^३\text{कोज्या}^३\text{ष ताष}}{३}$$

$$= \frac{८\ \text{ग}^३}{३\text{पग}^२} \int_{-\frac{\text{प}}{२}}^{\frac{\text{प}}{२}} \text{कोज्या}^३\text{ष ताष}$$

$$\text{परन्तु} \int \text{कोज्या}^३\text{षताष} = \int (१ - \text{ज्या}^३\text{ष}) \text{कोज्याषताष}$$

$$= \text{ज्याष} - \frac{\text{ज्या}^३\text{ष}}{३}$$

इस लिये $\int_{-\frac{\text{प}}{२}}^{\frac{\text{प}}{२}} \text{कोज्या}^३\text{षताष} = (१ - \frac{१}{३})२ = \frac{४}{३}$

इस लिये मध्यम मान = $\frac{८\ \text{ग}^३}{३\text{पग}^२} \times \frac{४}{३} = \frac{३२\text{ग}}{९\ \text{प}}$

इस प्रकार सैकड़ों उदाहरण के उत्तर सहज में निकलते हैं।

२४५। लागा – (१ + य) का मान जानने के लिये सारणी।

नीचे दी हुई सारणी को हमने प्रोफेसर डिमार्गन के चलनकलन, और चलराशिकलन से लिया है। प्रोफ़ेसर डिमार्गन ने इसको दैर्घवृत्तीय और यूलर के चल सम्बन्धि पुस्तक और चलराशिकलन के अभ्यासार्थ पुस्तक (जो क्रम से प्यारिस में सन् १८२६, और सन् १८१७ में फ़रासीसी में छपी है) से लिया है (Fraitè des Fonctions Filiptiques et des Intègrales Eulèriennes, Paris, 1826. Also Ezercices de Calcul Intègral, Paris 1817.)

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

य	ला$_{१०}$गा(१ + य)	△(—)	△^{२}+()	△^{३}(–)	९ स्थानोंतक △^{३}जा-नने के लिये अङ्क
.००	००० ००० ००० ०००	२५० ३२४ ५५९	७१३ ३४३	१०३९	८४१ ०४५ ०८४
.०१	९९७ ५२८ ७३० ६५९	२४३ २३७ ५८७	७०३ ०७०	१०१४	८८४ २८८ २२९
.०२	९९५ १२७ ८७१ ९८९	२३६ २५२ १२९	६९३ ०६५	९८५	३२७ ५४१ ७६२
.०३	९९२ ७९६ ४२० ८८९	२२९ ३६५ ५२८	६८३ ३२३	९६१	७६४ ८०५ २२८
.०४	९९० ५३३ ४०० ४०९	२२२ ५७५ २२०	६७३ ८३०	९३५	४०९ ७३२ ८८४
.०५	९८८ ३३७ ८५८ ७९०	२१५ ८७८ ७३८	६६४ ५८०	९११	१८० २२८ ६३३
.०६	९८६ २०८ ८६८ ५५६	२०९ २७३ ७०२	६५५ ५६२	८८७	८६० २८६ ३११
.०७	९८४ १४५ ५२५ ६३५	२०२ ७५७ ८१८	६४६ ७७०	८६६	५३१ ९५५ २१६
.०८	९८२ १४६ ९४८ ५३४	१९६ ३२८ ८७४	६३८ १९७	८४८	३२८ ९६३ ०१८
.०९	९८० २१२ २७७ ५४०	१८९ ९८४ ७३१	६२९ ८२९	८२४	२४९ ६५४ २९७
.१०	९७८ ३४० ६७३ ९३२	१८३ ७२३ ३३०	६२१ ६६७	८०६	४१९ ९५४ २१७
.११	९७६ ५३१ ३१९ ४०९	१७७ ५४२ ६७९	६१३ ६९९	७८७	४३० ९८५ २२०
.१२	९७४ ७८३ ४१५ ०९२	१७१ ४४० ८५३	६०५ ९१९	७६८	६३४ ९९८ ५३२
.१३	९७३ ०९६ १८१ १६५	१६५ ४१५ ९९६	५९८ ३२२	७४९	९७३ ४१९ ८६५
.१४	९७१ ४६८ ८५६ ०८६	१५९ ४६६ ३०९	५९० ९०१	७३२	०१६ ६४४ ०८८
.१५	९६९ ९०० ६९६ ०१२	१५३ ५९० ०५६	५८३ ६५२	७१७	२५१ ७८८ ३३१
.१६	९६८ ३९० ९७४ २१९	१४७ ७८५ ५५६	५७६ ५६७	७००	८७४ ३३९ ९८४
.१७	९६६ ९३८ ९८० ५३९	१४२ ०५१ १८३	५६९ ६४२	६८४	४९० ८७३ ५११
.१८	९६५ ५४४ ०२० ८२८	१३६ ३८५ ३६२	५६२ ८७०	६६६	०५५ २१० ९७६
.१९	९६४ २०५ ४१६ ४५७	१३० ७८६ ५७०	५५६ २४९	६५२	४२८ ९७५ ५२०
.२०	९६२ ९२२ ५०३ ८१४	१२५ २५३ ३३२	५४९ ७७५	६४२	७७७ २५० ००६
.२१	९६१ ६९४ ६३३ ८३९	११९ ७८४ २१७	५४३ ४३९	६२७	५१४ ००६ ८६२
.२२	९६० ५२१ १७१ ५६५	११४ ३७७ ८४१	५३७ २४०	६१३	२०९ ६७५ २४०
.२३	९५९ ४०१ ४९५ ६८७	१०९ ०३२ ८५९	५३१ १७२	६००	८७६ ५२३ १९९
.२४	९५८ ३३४ ९९८ १४४	१०३ ७४७ ९७५	५२५ २३२	५८६	६५३ २२७ १७६
.२५	९५७ ३२१ ०८३ ७१६	९८ ५२१ ९१४	५१९ ४१७	५७५	५२२ १०५ ८६३

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

९ स्थानों तक $\triangle^3$

य	लाःगा(१+य)	△ (∓)	$\triangle^2$(+)	$\triangle^3$(−) जानने के लिये अङ्क	
.२६	९५६ ३५९ १६९ ६४०	९३ ३५३ ४६३	५१३ ७२३	५६३	१११ ७७८ ३३३
.२७	९५५ ४४८ ६८५ २३४	८८ २४१ ४२७	५०८ १४६	५५४	९८८ ९५५ २३३
.२८	९५४ ५८९ ०७१ ५५३	८३ १८४ ६५६	५०२ ६८०	५३९	९८८ ६५२ ४२९
.२९	९५३ ७७९ ७८१ ०२९	७८ १८२ ०२९	४९७ ३२८	५३१	८६८ ५३५ ०३८
.३०	९५३ ०२० २७७ १५०	७३ २३२ ४५७	४९२ ०८१	५१९	९८३ ७२४ १२९
.३१	९५२ ३१० ०३४ १४१	६८ ३३४ ८८३	४८६ ९३७	५०८	९६४ ५६२ ३९८
.३२	९५१ ६४८ ५३६ ६५५	६३ ४८८ २८३	४८१ ८९७	५०१	७७५ ७३२ १४९
.३३	९५१ ०३५ २७९ ४८१	५८ ६९१ ६५६	४७६ ९५१	४८७	०८३ ८४४ ३०४
.३४	९५० ४६९ ७६७ २५४	५३ ९४४ ०३३	४७२ १०२	४८०	६८९ ५४५ ३४९
.३५	९४९ ९५१ ५१४ १९१	४९ २४४ ४७७	४६७ ३४९	४७२	०१० ८४६ ५४०
.३६	९४९ ४८० ०४३ ८११	४४ ५९२ ०६५	४६२ ६८४	४६२	२९९ ८९६ ५४४
.३७	९४९ ०५४ ८८८ ६२२	३९ ९८५ ९०४	४५८ १०६	४५४	२०१ ०९७ ९४५
.३८	९४८ ६७५ ५९० २२३	३५ ४२५ १३१	४५३ ६१५	४४७	३२२ २०९ ०८७
.३९	९४८ ३४१ ६९८ ३६३	३० ९०८ ८९९	४४९ २०५	४३६	६५२ ५२२ ०१८
.४०	९४८ ०५२ ७७१ ४११	२६ ४३६ ३८८	४४४ ८७८	४२९	६८७ ५४३ ४३९
.४१	९४७ ८०८ ३७५ ७८९	२२ ००६ ७२६	४४० ६३०	४२१	२८७ ८८६ ५४४
.४२	९४७ ६०८ ०८५ ८२३	१७ ६१९ ३४३	४३६ ४५७	४१४	०४० ९१८ ८६७
.४३	९४७ ४५१ ४८३ ५४२	१३ २७३ २७२	४३२ ३६०	४०७	४४३ ४२१ ००९
.४४	९४७ ३३८ १५८ ४७४	८ ९६७ ८४४	४२८ ३३६	४००	८५८ ४७२ ५३२
.४५	९४७ २६७ ७०७ ४५२	४ ७०२ ३३८	४२४ ३८२	३९२	००० ८८९ ५७५
.४६	९४७ २३९ ७३४ ४३०	— ४७६ ०५२	४२० ४९८	३८५	३४३ २०१ २८८
.४७	९४७ २५३ ८५० ३०२	+३७११ ६९८	४१६ ६८२	३७८	८८४ ६५४ ४२१
.४८	९४७ ३०९ ६७२ ७२६	७ ८६१ ५८०	४१२ ९३२	३७४	००० ८८० ६६६
.४९	९४७ ४०६ ८२५ ९५८	११ ९७४ २४४	४०९ २४४	३६५	५४३ ३१४ ८२९
.५०	९४७ ५४४ ९४० ६८३	१६ ०५० ३२४	४०५ ६२०	३५९	९७८ ६६६ ४५३

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

य	ला०गा(१+य)	△(+) △²+()△³		९ स्थानों तक △³जा-(-) ननें के लिये अङ्क	
.५१	९४७ ७२३ ६५३ ८६२	२० ०९० ४३९	४०२ ०५७	३५३	२४९ १०० ९८७
.५२	९४७ ९४२ ६०८ ५७५	२४ ०९५ १९३	३९८ ५५४	३४८	७५६ ४४४ ५११
.५३	९४८ २०१ ४५३ ८७५	२८ ०६५ १७५	३९५ १०९	३४२	२०९ ९९८ ७७६
.५४	९४८ ४९९ ८४४ ६४२	३२ ००० ९६१	३९१ ७२०	३३७	४६४ २५१ २२१
.५५	९४८ ८३७ ४४१ ४४७	३५ ९०३ १११	३८८ ३८६	३३१	७२८ ९५९ ६७४
.५६	९४९ २१३ ९१० ४१०	३९ ७७२ १७३	३८५ १०८	३२७	३३६ १३१ २२९
.५७	९४९ ६२८ ९२३ ०७८	४३ ६०८ ६८३	३८१ ८८१	३१९	००७ ७८७ ६५७
.५८	९५० ०८२ १५६ २८९	४७ ४१३ १६५	३७८ ७०५	३१३	४४५ ११३ २०९
.५९	९५० ५७३ २९२ ०५८	५१ १८६ १२६	३७५ ५८३	३११	०७८ ९८५ ७६५
.६०	९५१ १०२ ०१७ ४५०	५४ ९२८ ०६८	३७२ ५०७	३०४	३५४ ३२२ ११०
.६१	९५१ ६६८ ०२४ ४६७	५८ ६३९ ४७८	३६९ ४८१	३०२	९८१ ६८७ ८७४
.६२	९५२ २७१ ००९ ९३८	६२ ३२० ८३०	३६६ ५०१	२९६	५४६ ३१४ ३२०
.६३	९५२ ९१० ६७५ ४०२	६५ ९७२ ५९३	३६३ ५६७	२९१	१०९ १६१ ७५८
.६४	९५३ ५८६ ७२७ ०१२	६९ ५९५ २२१	३६० ६७८	२८७	६६५ ४५३ ४३२
.६५	९५४ २९८ ८७५ ४२८	७३ १८९ १५८	३५७ ८३३	२८३	२९२ ३७८ २९७
.६६	९५५ ०४६ ८३५ ७१२	७६ ७५४ ८४०	३५५ ०३१	२७९	६७८ ५६७ ३५४
.६७	९५५ ८३० ३२७ २३८	८० २९२ ६९३	३५२ २७१	२७४	३३३ १३० ३२९
.६८	९५६ ६४९ ०७३ ५९६	८३ ८०३ १३२	३४९ ५५३	२६९	१९९ ८६८ ७५८
.६९	९५७ ५०२ ८०२ ४९८	८७ २८६ ५६९	३४६ २७३	२६६	५४६ १५५ ३०४
.७०	९५८ ३९१ २४५ ६९२	९० ७४३ ३९६	३४४ २३४	२६१	०२० १०८ ०९७
.७१	९५९ ३१४ १३८ ८७२	९४ १७४ ००७	३४१ ६३५	२६१	६४० ७५६ ५५६
.७२	९६० २७१ २२१ ५९२	९७ ५७८ ७०४	३३९ ०७०	२५२	६१४ ५०२ ३११
.७३	९६१ २६२ २३७ २०६	१०० ९५८ ०९९	३३६ ५४५	२५०	०१८ ००७ ८७८
.७४	९६२ २८६ ९३२ ७४१	१०४ ३१२ ३२०	३३४ ०५८	२४२	४५० ६३४ ६३४
.७५	९६३ ३४५ ०५८ ८७४	१०७ ६४१ ८०३	३३१ ६०२	२४५	२३३ १३१ १०१

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

९ स्थानोंतक $\triangle^3$

य	ला०गा(१+य)	$\triangle(+)$	$\triangle^2[+]\triangle^3[-]$	जानने के लिये अङ्क	
.७६	९६४ ४३६ ३६९ ८१०	११० ९४६ ९०१	३२९ १८२	२४१	९९० ८८९ ७८७
.७७	९६५ ५६० ६२३ २६९	११४ २२७ ९५६	३२६ ७९६	२३७	५७६ ४७४ ४४५
.७८	९६६ ७१७ ५८० ३२२	११७ ४८५ ३०६	३२४ ४४३	२३२	३४२ १४० १११
.७९	९६७ ९०७ ००५ ४१२	१२० ७१९ २८०	३२२ १२४	२३०	००८ ०८८ ९७८
.८०	९६९ १२८ ६६६ २४१	१२३ ९३० २०१	३१९ ८३६	२२६	८५७ ५७५ ३६४
.८१	९७० ३८२ ३३३ ७११	१२७ ११८ ३८६	३१७ ५८०	२२४	३४३ ३२२ २१२
.८२	९७१ ६६७ ७८१ ८६४	१३० २८४ १४६	३१५ ३५४	२२१	०१९ ००९ ९७०
.८३	९७२ ९८४ ७८७ ८१६	१३३ ४२७ ७८४	३१३ १५८	२१७	८८६ ६९४ ७५६
.८४	९७४ ३३३ १३१ ६९९	१३६ ५४२ ५९८	३१० ९९२	२१४	५५४ ४३३ ४३१
.८५	९७५ ७१२ ५९६ ५९९	१३९ ६४९ ८८१	३०८ ८५६	२१४	०२२ ११९ ११८
.८६	९७७ १२२ ९६८ ४९९	१४२ ७२८ ९२०	३०६ ७४७	२१०	९९९ ७८९ ८६५
.८७	९७८ ५६४ ०३६ २२५	१४५ ७८६ ९९५	३०४ ६१७	२०९	५७६ ५५६ ३६३
.८८	९८० ०३५ ५९१ ३८८	१४८ ८२४ ३८४	३०२ ६१२	२०५	३३४ २३३ १२१
.८९	९८१ ५३७ ४२८ ३३३	१५१ ८४१ ३५५	३०० ५८५	२०३	९२० ००१ ७२६
.९०	९८३ ०६९ ३४४ ०८६	१५४ ८३८ १७३	२९८ ५८५	२०१	७९७ ९६८ ५९६
.९१	९८४ ६३१ १३८ ३००	१५७ ८१५ १०१	२९६ ६०८	१९५	७५५ ६४५ ४५३
.९२	९८६ २२२ ६१३ २११	१६० ७७२ ३९१	२९४ ६५९	१९४	३३४ १४१ २२२
.९३	९८७ ८४३ ५७३ ५८६	१६३ ७१० २९६	२९२ ७३३	१८९	४८१ १०८ २७१
.९४	९८९ ४९३ ८२६ ६७६	१६६ ६२९ ०६१	२९० ८३२	१८७	९८९ ८६८ ७८५
.९५	९९१ १७३ १८२ १७२	१६९ ५२८ ९२६	२८८ ९५७	१८७	५७७ ५५४ ५४५
.९६	९९२ ८८१ ४५२ १५६	१७२ ४१० १३१	२८७ १०३	१८४	४३४ ३३३ २२२
.९७	९९४ ६१८ ४५१ ०६३	१७५ २७२ ९०६	२८५ २७३	१८२	२०३ ९२१ ८११
.९८	९९६ १८३ ९९५ ६३२	१७८ ११७ ४८१	२८३ ४६४	१७७	२७१ ६१६ ०६९
.९९	९९८ ३७७ ९०४ ८६८	१८० ९४४ ०७९	२८१ ६७९	१७७	६९४ ९५६ ६६५
१.००	००० ००० ००० ०००	१८३ ७५२ ९२०	२७९ ९१६	१७५	.....

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

इस सारणी में (१) ऊर्ध्वाधर कोष्ठ में ·०१ वृद्धि से य के मान १·०० तक लिखे हैं। दूसरे में उनके वश से लागा (१+य) का मान १० आधार में १२ दशमलव स्थानों तक लिखा है गा(१+य) का मान य के ०,१ के भीतर रूप से अल्प होता है इस लिये इस कोष्ठ में लघुरिक्थ के मान में पूर्णाङ्क को छोड़ दिया है पूर्णाङ्क सर्वत्र अपने मन से—१ वा इस में १० जोड़ कर ९ समझ लेना चाहिये। प्रायः ९ पूर्णाङ्क ही ग्रहण करना उत्तम है जैसा कि त्रिकोणमिति फलों के लघुरिक्थ में किया जाता है।

तीसरे कोष्ठ में एक दशमलव स्थान वर्द्धित संख्याओं के लघुरिक्थों के अन्तर के अन्तिम अङ्क हैं। जैसे य = ·२२ के सामने इस में जो संख्या— ११४ ३७७ ८४१ है इससे समझना चाहिये कि लागा (१·२२१)—लागा(१·२२०)

= — ·००० ११४ ३७७ ८४१।

चौथे और पाँचवें कोष्ठ में जहाँ तीन दशमलव स्थान से अधिक स्थान य में हों वहाँ का लागा(१+य) सूक्ष्म ले आने के लिये दूसरा और तीसरा अन्तर लिखा है (चलनकलन का ८५—८६ प्रक्रम देखो) इसमें भी आदि के दशमलव जो कि ० है छोड़ दिये गये हैं। सर्वत्र बाईं ओर इतने शून्य रख दशमलव का चिह्न रखो जिस में १२ दशमलव स्थान हों। छठवें कोष्ठ में तीसरे दशमलव स्थान के १ से लेकर ९ तक के मान में लघुरिक्थ जानने के लिये क्रम से तीसरे अन्तर का अन्तिम अंक हैं। जो तीसरे अन्तर के अन्तिम स्थानीय अङ्क के स्थान में उत्थापन देने से सभों का तीसरा अन्तर बनाते हैं परन्तु यदि तीसरे अन्तर के अन्तिम अङ्क का मान उसके किसी अङ्क से न्यून हो तो उपान्तिम अङ्क में एक न्यून कर तब उसके आगे इसके उस अङ्क को रख कर तीसरा अन्तर बनाना जैसा कि ·४६८, और ·४६९ में है जैसे लागा(१·४६०), लागा(१·४६१), लागा (१·४६२) · · · लागा(१·४६९) इन का मान जानना हो तो ·४६ के सामने का अङ्क लेने से

३,४,३,२,०,१,२,८,८ ये हुए इन का उत्थापन तीसरे अन्तर (—३८५) के

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$\triangle^3$ के लिये अङ्क	$\triangle^3$	$\triangle^2$	$\triangle$	लागा(१+य)				य
०	−३८५	४२०४९८	−४७६०५२	९४७	२३९	७३४	४३०	·४६०
३	३८३	४२०११३	−५५१५४	९४७	२३९	२५८	३७८	·४६१
४	३८४	४१९७३०	+३६४५१९	९४७	२३९	२०२	८२४	·४६२
३	३८३	४१९३४६	७८४२८९	९४७	२३९	५६७	३८३	·४६३
२	३८२	४१८९६३	१२०३६३५	९४७	२४०	३५१	६७२	·४६४
०	३८०	४१८५८१	१६२२५९८	९४७	२४१	५५५	३०७	·४६५
१	३८१	४१८२०१	२०४११७९	९४७	२४३	१७७	९०५	·४६६
२	३८२	४१७८२०	२४५९३८०	९४७	२४५	२१९	०८४	·४६७
८	३७८	४१७४३८	२८७७२००	९४७	२४७	६७८	४६४	·४६८
८	३७८	४१७०६०	३२९४६३८	९४७	२५०	५५५	६६४	·४६९
		४१६६८२	३७११६९८	९४७	२५३	५५०	३०२	·४७०

अन्तिम अङ्क के स्थान में देने से और अन्त के दो अङ्कों ८, ८ के तीसरे अन्तर के अन्तिम अङ्क, ५ से बड़ा होने के कारण तीसरे अन्तर के उपान्तिम अङ्क ८ में एक कम कर देने से ·४६१, ·४६२, · · · · ·४६९ का तीसरा अन्तर बना फिर इनका संस्कार बीजगणित की रीति से धन ऋण के वश ·४६० के दूसरे अन्तर में करने से नवों का दूसरा अन्तर बन गया फिर इनका संस्कार ·४६० के प्रथम अन्तर में करने से सभों का प्रथम अन्तर बन गया और अन्त में य के ·४६० मान में जो लागा(१+य) है इसमें प्रथम अन्तर का संस्कार करने से सभों का लघुरिक्थ बन गया है। इन सभों का क्रम पूर्वक न्यास ऊपर के चक्र में लिख दिया है। इस पर से सब अन्तरों को लेकर चलनकलन के ८५-८६ प्रक्रम से यदि गा(१+य) के न्यूनतम मान का (जो कि २११ प्रक्रम से य के ·४६१६ · · · · मान में सिद्ध होता है) सूक्ष्म लघुरिक्थ ले आवो तो ९· ९४७२३९१७४३९३४० इतना आता है।

२४६। $\int$ इ$^{-य}$ य$^{न-१}$ताय इस यूलर के दूसरे चल में यदि बड़ी सीमा ∞ के तुल्य न हो किन्तु अ के तुल्य हो तो खण्डचलानयन से

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$\int_0^{अ} इ^{-य} य^{न-१} ताय$$

$$= \frac{अ^{न} इ^{-अ}}{न} \left\{ १ + \frac{अ}{न+१} + \frac{अ^{२}}{(न+१)(न+२)} + \frac{अ^{३}}{(न+१)(न+२)(न+३)} + \cdots \right\}$$

$$\text{वा, } \int_{अ}^{\infty} इ^{-य} य^{न-१} ताय$$

$$= अ^{न-१} इ^{-अ} \left\{ १ + \frac{न-१}{अ} + \frac{(न-१)(न-२)}{अ^{२}} + \frac{(न-१)(न-२)(न-३)}{अ^{३}} + \cdots \right\}$$

यदि अ $<$ १ और न बड़ी भारी संख्या हो तो पहली श्रेढी का और यदि न $<$ १ से और अ बड़ा हो तो दूसरी श्रेढ़ी का आसन्न मान जान सकते हो। १ से न के छोटे होने में दूसरी श्रेढी के सम पद ऋण और विषम पद सब धन होंगे।

$$\text{अब } \int_0^{\infty} इ^{-य} य^{न-१} ताय = \int_{य}^{\infty} इ^{-य} य^{न-१} ताय + \int_0^{य} इ^{-य} य^{न-१} = गा\,(न)$$

$$\text{इस लिये } \int_0^{य} इ^{-य} य^{न-१} ताय = गा(न) - \int_{य}^{\infty} इ^{-य} य^{न-१} ताय$$

$$= गा(न) - इ^{-य} य^{न-१} या \cdots \qquad (१)$$

यदि $\int_{य}^{\infty} इ^{-य} य^{न-१} ताय = इ^{-य} य^{न-१}$ या ऊपर की दूसरी श्रेढी के मान पर से मान लो तो इसका तात्कालिक सम्बन्ध निकालने से

$$इ^{-य} य^{न-१} = -(न-१)\, इ^{-य} य^{न-२} या + इ^{-य} य^{न-१} या - इ^{-य} य^{न-१} यां$$

$इ^{-य} य^{न-१}$ का भाग दे देने से और पक्षान्तरानयन से

$$यर्यां = \{ य - (न-१) \}\, या - य \qquad \cdots \qquad (२)$$

समझो कि $यर्यां = (य - अ_१)\, या - य + क_१ या^{२}$ यह एक (३) समीकरण है। इसमें यदि $या^{२}$ का भाग दे दो और $\frac{१}{या} = १ + \frac{ग_१ या_१}{य}$

$$-य ग_१ \frac{यर्यां_१ - या_१}{य^{२}} = (य - अ_१)\left(१ + ग_१ \frac{या_१}{य}\right) - य\left(१ + ग_१ \frac{या_१}{य}\right)^{२} + क_१$$

$$\text{वा } यर्यां_१ = (य + अ_१ + १)\, या_१ - \frac{क_१ - अ_१}{ग_१} य + ग_१ या_१^{२}$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

कल्पना करो कि $ग_१ = क_१ - अ_१$, $क_२ = ग_१$, $अ_२ = -(अ_१ + १)$ तो

$यया'_१ = (य - अ_२)या_१ - य + क_२या'_१$ यह ठीक पिछले ही समीकरण के ऐसा उत्पन्न हुआ, इसमें फिर $\frac{१}{या'_१} = १ + \frac{ग_२ या_२}{य}$ ऐसा मान पूर्ववत् क्रिया करें और $ग_२ = क_२ - अ_२$, $क_३ = ग_२$, $अ_३ = -(अ_२ + १)$ तो फिर।

$यया'_२ = (य - अ_३)\ या_२ - य + क_३\ या'_२$ ऐसा समीकरण बनेगा। यों बार बार क्रिया करने से

$$या = \frac{१}{१ + ग_१य^{-१}या_१} = \frac{१}{१ + ग_१य^{-१}\frac{१}{१ + ग_२य^{-१}या_२}} = \frac{१}{१ + \frac{ग_१य^{-१}}{१ + ग_२य^{-१}या_२}}$$

$$= \frac{१}{१ + \frac{ग_१य^{-१}}{१ + \frac{ग_२य^{-१}}{१ + ग_३य^{-१}या_३}}} = \frac{१}{१ + \frac{ग_१य^{-१}}{१ + \frac{ग_२य^{-१}}{१ + \frac{ग_३य^{-१}}{१ + ग_४य^{-१}या_४}}}}$$

इस रीति से या का मान एक वितत भिन्न रूप में आता है जिसका मान जगह बचाने के लिये लाघव से।

$$या = \frac{१}{१ +}\ \frac{ग_१य^{-१}}{१ +}\ \frac{ग_२य^{-१}}{१ +}\ \frac{ग_३य^{-१}}{१ + इत्या.} \cdots$$ ऐसा लिखते हैं

अब (३) में यदि $अ_१ = न - १ = न_१$ और $क_१ = ०$ तो यह ठीक (२) समीकरण हो जायगा इस लिये अब जो $ग_१$, $ग_२$, इत्यादि पर से या का विततभिन्न के रूप में मान आवेगा इसका उत्थापन (१) में देने से $\int_०^{य} इ^{-य} य^{न-१}$ इस का मान आ जायगा। यदि अ, क, ग को $अ_१$, $क_१$, $ग_१$ इत्यादि के मान जानने के लिये साँचा मानो तो

$ग_१ = क_१ - अ_१$, $क_२ = ग_१$, $अ_२ = -(अ_१ + १)$ इन पर से

	१	२	३	४	५	६	७	८	इत्या.
अ	$न_१$	$-(न_१ + १)$	$न_१$	$-(न_१ + १)$	$न_१$	$-(न_१ + १)$	$न_१$	$-(न_१ + १)$	इत्या.
क	०	$-न_१$	१	$१ - न_१$	२	$२ - न_१$	३	$३ - न_१$	इत्या.
ग	$-न_१$	१	$१ - न_१$	२	$२ - न_१$	३	$३ - न_१$	४	इत्या.

फिर ग के मान पर से

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$\int_{य}^{\infty} इ^{-य} य^{न_१} \text{ताय} = इ^{-य} य^{न_१} \cfrac{१}{१ - \cfrac{न_१ य^{-१}}{१ + \cfrac{य^{-१}}{१ + \text{इत्या०}}}}$$

$$= इ^{-य} य^{न_१} \cfrac{१}{१ - \cfrac{न_१ य^{-१}}{१ + \cfrac{य^{-१}}{१ + \cfrac{(१ - न_१) य^{-१}}{१ + \text{इत्या०}}}}}$$

इस में यदि य = अ और अ एक बड़ी संख्या हो तो बहुत जल्द आसन्नमान सूक्ष्म आ जायगा फिर $\int_{अ}^{\infty} इ^{-य} य^{न_१}$ ताय इसके मान से (१) समीकरण से $\int_{०}^{अ} इ^{-य} य^{न_१}$ ताय इसका भी आसन्नमान आ जायगा।

अब इतना ही कह कर इस अध्याय को समाप्त करते हैं कि इस सान्तचलानयन से अनेक चमत्कार प्रकार उत्पन्न होते हैं इसी लिये गणितज्ञ लोग आज तक कुछ न कुछ विचार करते ही चले जाते हैं। इसमें प्रवेश होने के लिये जितना हमने दिखलाया है उतना ही बहुत है।

अभ्यास के लिये प्रश्न।

सिद्ध करो कि

१। $\int_{०}^{\frac{\pi}{४}} \frac{\text{ज्याषताष}}{\text{कोज्या}^{२}\text{ष}} = \sqrt{२} - १$

२। $\int_{०}^{अ} \frac{\text{ताय}}{\sqrt{य} + \sqrt{(अ + य)}} = \frac{४}{३} अ^{\frac{१}{२}} \sqrt{(\sqrt{२} - १)}$

३। $\int_{-\infty}^{\infty} \frac{\text{ताय}}{अ + २कय + गय^{२}} = \frac{\pi}{\sqrt{(अग - क^{२})}}$ यदि अग > क^{२}

४। $\int_{०}^{१} य^{३} (१ - य)^{\frac{५}{२}} \text{ताय} = \frac{२^{५}}{३ \cdot ७ \cdot ११ \cdot १३}$

५। $\int_{०}^{१} य^{५} (१ - य)^{\frac{१}{४}} \text{ताय} = \frac{२^{१३}}{५ \cdot ७ \cdot ९ \cdot १३ \cdot १७}$

६। $\int_{०}^{\frac{\pi}{२}} \text{ज्या}^{२ न - १} \text{यकोज्या}^{२ न - १} \text{यताय} = \frac{\lfloor म - १}{न(न + १) \cdots (न + म + १)}$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

७। $\int_0^\infty \frac{य^न ताय}{(अ+कय^२)^{१+\frac{न}{२}}} = \frac{२\cdot४\cdot६\cdots(२न-१)}{३\cdot५\cdot७\cdots न} \frac{१}{\sqrt{(अक^{१+न})}}$

८। $\int_0^१ \left\{ला \frac{१}{य}\right\}^न ताय = \lfloor न$

९। $\int_0^अ \frac{ताय}{(अ^न-य^न)^{\frac{१}{न}}} = \frac{π}{न ज्या \frac{π}{न}}$

१०। $\int_0^\infty \frac{ताय}{(य^२+अ^२)(य^२+क^२)} = \frac{π}{२अक(अ+क)}$

११। $\int_0^\infty \frac{ताय}{१-य^४} = \frac{π}{४}$

१२। $\int_0^{\frac{π}{२}} स्प^न ष ताष = \frac{π}{२कोज्या \frac{नπ}{२}}$ यदि $न < १$

१३। $\int_0^१ \frac{य^म+य^{-म}}{य^न+य^{-न}} \frac{ताय}{य} = \frac{π}{२नकोज्या \frac{मπ}{२न}}$ यदि $न > म$

१४। $\int_0^\infty \frac{(इ^{अय}+इ^{-अय})(इ^{कय}+इ^{-कय})}{इ^{πय}+इ^{-πय}} ताय = \frac{कोज्या\frac{अ}{२} कोज्या\frac{क}{२}}{काज्याअ+कोज्याक}$

यदि $अ+क < π$

१५। $\int_0^\infty \frac{(इ^{अय}+इ^{-अय})(इ^{कय}+इ^{-कय})}{इ^{πय}+इ^{-πय}} ताय = \frac{ज्याक}{कोज्याअ+कोज्याक}$

यदि $अ+क < π$

१६। $\int_0^\infty \frac{इ^{कय}+इ^{-कय}}{इ^{πय}+इ^{-πय}} कोज्याअय ताय = \frac{(इ^{\frac{अ}{२}}+इ^{-\frac{अ}{२}}) कोज्या\frac{क}{२}}{इ^{अ}+२कोज्याक+इ^{-अ}}$

यदि $क < π$

१७। $\int_0^\infty \frac{इ^{कय}-इ^{-कय}}{इ^{πय}-इ^{-πय}} कोज्याअय ताय = \frac{ज्याक}{इ^{अ}+२कोज्याक+इ^{-अ}}$

यदि $क < π$

१८। $\int_0^\infty \frac{इ^{कय}+इ^{-कय}}{इ^{πय}-इ^{-πय}} ज्याअय ताय = \frac{१}{२} \frac{इ^{अ}-इ^{-अ}}{इ^{अ}+२कोज्याक+इ^{-अ}}$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

१९। $\int_0^{१} \frac{य^{अ} - य^{-अ}}{१ - य}$ ताय = π कोस्पअ π − $\frac{१}{अ}$, यदि अ < १

२०। $\int_0^{π} \frac{ला(१ + ज्याअ\ कोज्याय)}{कोज्याय}$ इसका मान क्या होगा

उ० πअ (अ के वश से तात्कालिक सम्बन्ध निकालो)

२१। $\int_0^{∞} \frac{इ^{-अय} कोज्यामय}{य}$ ताय इसका मान बताओ उ० स्प$^{-१}$ ($\frac{म}{अ}$)

२२। $\int_0^{∞} \frac{ला(१ + अ^{२}य^{२})}{१ + क^{२}य^{२}}$ ताय इसका क्या मान होगा।

उ० $\frac{π}{क}$ ला$\left(\frac{अ + क}{क}\right)$

(अ के वश से तात्कालिक सम्बन्ध निकालो)

२३। $\int_0^{∞} \frac{इ^{अय} + इ^{-अय}}{इ^{πय} - इ^{-πय}}$ य ताय = $\frac{१}{४}$ छे^{२} $\frac{अ}{२}$

सिद्ध करो कि

२४। $\int_0^{१} \frac{यअ - १ + य^{-अ}}{१ + य} \frac{ताय}{य}$ = ला (स्प$\frac{अπ}{२}$)

२५। $\int_0^{\frac{π}{२}}$ ला (१ + कोज्याअ कोज्याय) $\frac{ताय}{कोज्याय}$ = $\frac{१}{२}$ ($\frac{π^{२}}{४}$ − अ^{२})

२६। $\int_0^{∞} \frac{य^{अ} लाय\ ताय}{१ + य^{२}}$ = $\frac{π^{२}}{४} \frac{ज्या^{२}\frac{अπ}{२}}{कोज्या^{२}\frac{अπ}{२}}$

२७। $\int_0^{∞} \frac{(य^{२} + अ^{२})\sqrt{३}}{य^{४} + क^{२}य^{२} + क^{४}}$ ताय = $\frac{π}{२} \frac{अ^{२} + क^{२}}{क^{३}}$

२८। $\int_0^{१}$ नय$^{२न-१}$इ^{यन} ताय = १

२९। $\int_0^{\frac{π}{२}}$ २कोज्या (अस्पय) ताय = π इ$^{-अ}$

३०। सिद्ध करो कि $\int_0^{\frac{π}{२}} \frac{छे^{४}य ताय}{(अ^{२} + क^{२}स्प^{२}य)^{२}}$ = $\frac{π}{४}\left[\frac{१}{अक^{३}} + \frac{१}{अ^{३}क}\right]$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

३१। सिद्ध करो कि $\int_0^{\frac{\pi}{४}} \sqrt{(२स्पष)}$ ताष

$= \frac{\pi}{२} + \text{ला}\{\sqrt{२}-१\}$, मान लो कि स्पष $= य^२$

३२। सिद्ध करो कि $\int_0^{\frac{\pi}{४}} \sqrt{(\text{कोस्पष})}$ ताष $= \frac{१}{\sqrt{२}}[\frac{\pi}{२} + \text{ला}\{\sqrt{२}+१\}]$

३३। सिद्ध करो कि कय $इ^{-अ^२य^२} \int_0^{य} इ^{अ^२य^२}$ ताय $= \frac{क}{२अ^२}$, यदि य $= \infty$

३४। यदि फ $(य, \frac{१}{य}) = फ(\frac{१}{य}, य)$ तो सिद्ध करो कि

$$\int_0^{\infty} \frac{\text{ताय}}{यफ(य,\frac{१}{य})} = २\int_१^{\infty} \frac{\text{ताय}}{यफ(य,\frac{१}{य})}$$

३५। सिद्ध करो कि $\int_0^{२\pi} इ^{\text{कोज्याष}}$ कोज्याष (ज्याताष)ष $= २\pi$

(डेमाइवर के सिद्धान्त से कोज्याष, कोज्या२ष, इत्यादि के रूप में इसके मान तुल्य एक श्रेढी बना कर चलानयन करो)

३६। सिद्ध करो कि $\int_0^{\frac{\pi}{२}} ज्या^न षताष = \frac{\sqrt{\pi}}{२} \frac{\text{गा}(\frac{न+१}{२})}{\text{गा}(\frac{न+२}{२})}$

३७। सिद्ध करो कि गा$(\frac{न}{२})$गा$(\frac{न+१}{२}) = \frac{\sqrt{\pi}}{२^{न-१}}$ गा(न)

३८। सिद्ध करो कि $\int_0^{\frac{\pi}{२}} \frac{ज्या^{२म-१}षकोज्या^{२न-१}षताष}{(अज्या^२ष + ककोज्या^२ष)^{म+न}} = \frac{\text{गा}(म)\text{गा}(न)}{२अ^म क^न \text{गा}(म+न)}$

३९। सिद्ध करो कि $\int_0^{\infty} इ^{-अय}$ कोज्याकय$^{म-१}$ ताय

$$= \frac{\text{गा}(म)}{(अ^२+क^२)^{\frac{म}{२}}} \text{कोज्याम}\{स्प^{-१}\frac{क}{अ}\}$$

और $\int_0^{\infty} इ^{-अय}$ ज्याकय $य^{म-१}$ ताय $= \frac{\text{गा}(म)}{(अ^२+क^२)^{\frac{म}{२}}}$ ज्याम$\{स्प^{-१}\frac{क}{अ}\}$

$$\int_0^{\infty} इ^{-\acute{अ}य} य^{म-१} \text{ताय} = \frac{\text{गा}(म)}{\acute{अ}^म},$$

इसमें $\acute{अ} = अ - क\sqrt{-१}$ मान सम्भाव्य, असम्भाव्य को बराबर करो)

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

४०। सिद्ध करो कि $\int_0^\infty \frac{\text{ज्याय}}{\text{य}} = \int_0^\infty \frac{\text{ज्या}^2\text{य}}{\text{य}^2}$

४१। सिद्ध करो कि $\int_0^\infty$ कोज्याकय $\text{य}^{\text{न}-1}$ताय $= \frac{\text{गा(न)}}{\text{क}^{\text{न}}}$कोज्या$\frac{\text{न}\pi}{2}$

$\int_0^\infty$ ज्याकय $\text{य}^{\text{न}-1}$ताय $= \frac{\text{गा(न)}}{\text{क}^{\text{न}}}$ ज्या $\frac{\text{न}\pi}{2}$

४२। सिद्ध करो कि $\int_0^\infty \frac{\text{कोज्याकलताल}}{\text{ल}^{\text{न}}}$

$= \frac{1}{\text{गा(न)}} \int_0^\infty \frac{\text{य}^{\text{न}}\text{ताय}}{\text{क}^2+\text{य}^2} = \frac{\text{क}^{\text{न}-1}}{\text{गा(न)}} \frac{\pi}{2\text{कोज्या}\frac{\text{न}\pi}{2}}$

$\int_0^\infty \frac{\text{ज्याकलताल}}{\text{ल}^{\text{न}}} = \frac{\text{क}^{\text{न}-1}}{\text{गा(न)}} \frac{\pi}{2\text{ज्या}\frac{\text{न}\pi}{2}}$

४३। सिद्ध करो कि $\int_0^\infty \text{इ}^{-\text{र}^2}\text{र}^{-2}\text{तार} = -\sqrt{\pi}$

४४। सिद्ध करो कि $\int_0^\infty (\text{इ}^{-\frac{\text{अ}^2}{\text{य}^2}} - \text{इ}^{-\frac{\text{क}^2}{\text{य}^2}})\text{ताय} = (\text{क}-\text{अ})\sqrt{\pi}$

४५। सिद्ध करो कि $\int_0^\infty \frac{\text{ला}(1-2\text{नकोज्याकय}+\text{न}^2)\text{ताय}}{\text{य}} = 0$

यदि $\text{न} < 1$

४६। सिद्ध करो कि $\int_0^\infty$ ला $\frac{1+2\text{नकोज्याअय}+\text{न}^2}{1+2\text{नकोज्याकय}+\text{न}^2}\frac{\text{ताय}}{\text{य}}$ यह क्रम से

$2\,\text{ला}(1+\text{न})\text{ला}\frac{\text{क}}{\text{अ}}$, $2\text{ला}(1+\frac{1}{\text{न}})$ ला $\frac{\text{क}}{\text{अ}}$ इस के तुल्य होगा

यदि $\text{न} < 1, \text{न} > 1$

(फ़ुलानी का सिद्धान्त देखो)

४७। सिद्ध करो कि $\int_0^\infty \frac{\text{ताय}}{1+\text{य}^2}$ ला$(\text{य}+\frac{1}{\text{य}}) = \pi$ ला(२)

(य = स्पष ऐसा मान कर आगे क्रिया करो)

४८। सिद्ध करो कि $\int_0^\infty \left[\frac{\text{इ}^{-\text{अय}}-\text{इ}^{-\text{कय}}}{\text{य}}\right]^2\text{ताय} = \text{ला}\frac{(2\text{अ})^{2\text{अ}}(2\text{क})^{2\text{क}}}{(\text{अ}+\text{क})^{2(\text{अ}+\text{क})}}$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

४९। सिद्ध करो कि $\int_0^{१} \frac{य^{म}-य^{न}}{लाय} \frac{ताय}{य} = ला \frac{म}{न}$

(लाय = र मान दूसरा रूप बना कर फुलानी का सिद्धान्त लगावो) वा द्विगुण चलानयन $\int_{न}^{म} \int_0^{१} य^{अ-१} ताय \, ताअ$ इसका करो)

५०। सिद्ध करो कि $\int_0^{\frac{π}{४}} \{ \sqrt{(स्पष)} + \sqrt{(कोस्पष)} \} ताष = \frac{π}{२\sqrt{२}}$

५१। सिद्ध करो कि $\int_0^{\frac{π}{२}} \frac{स्प^{न}ष}{अकोज्या^{२}ष + कज्या^{२}ष}$

$$= \frac{π}{३ कोज्या^{२}\frac{१}{२} नπ} \frac{१}{अ^{\frac{१-न}{२}} क^{\frac{१+न}{२}}}$$

यदि $न < १$

५२। सिद्ध करो कि $ला \int \left\{ \frac{इ^{य}+१}{इ^{य}-१} \right\} ताय = \frac{π^{२}}{४}$,

($इ^{य}$ का अंश हर में भाग देकर लघुरिक्थ की श्रेढी से क्रिया करो)

५३। सिद्ध करो कि $\int_0^{\infty} \frac{\sqrt{य} \, लाय}{(१+य)^{२}} ताय = π$

५४। सिद्ध करो कि $\int_0^{१} \frac{य^{द-१}(१-य)^{म-१}}{(क+गय)^{द-म}} ताय$

$$= \frac{गा(द)गा(म)}{गा(द+म)} \frac{१}{क^{म}(क+ग)^{द}}$$

५५। सिद्ध करो कि $\int_0^{π} \frac{ज्या^{न-१}ष \, ताष}{(अ_{१}+क_{१}कोज्याष)^{न}}$

$$= \frac{\{गा(\frac{न}{२})\}^{२}}{गा(न)} \frac{२^{न-१}}{(अ_{१}^{२}-क_{१}^{२})^{\frac{न}{२}}}$$

५६। सिद्ध करो कि $न \int_0^{१} \frac{य^{म-१} ताय}{(१-य^{न})^{\frac{म}{न}}} = \frac{π}{ज्या \frac{मπ}{न}}$

५७। सिद्ध करो कि

$$(१-ग)^{\frac{म}{न}} \int_0^{१} \frac{य^{\frac{म}{न}-१} ताय}{(१+गय)(१-य)^{\frac{म}{न}}} = न \int_0^{१} \frac{य^{म-१} ताय}{(१-य^{न})^{\frac{म}{न}}}$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

५८। सिद्ध करो कि $\int_0^\infty \frac{\text{ज्या अय ज्या}^२\text{गय}}{\text{य}}$ ताय इस का मान अ, और π के वश से ० वा $\pm\frac{\pi}{४}$ अथवा $\pm\frac{\pi}{८}$ होगा।

५९। सिद्ध करो कि $\int_0^\infty \text{इ}^{-(\text{य}^२+\frac{\text{अ}^२}{\text{य}^२})\text{क}}$ ताय $= \sqrt{\frac{१}{\text{क}}}\frac{\sqrt{\pi}}{२}\text{इ}^{-२\text{अक}}$

६०। सिद्ध करो कि

$$\int_0^\infty \text{इ}^{-(\text{य}^२+\frac{\text{अ}^२}{\text{य}^२})} \text{कोज्याष कोज्या}\{(\text{य}^२+\frac{\text{अ}^२}{\text{य}^२})\text{ज्याष}\}\text{ताय}$$

$$= \sqrt{\frac{\pi}{२}}\text{इ}^{-२\text{अ}}\text{कोज्याष कोज्या}\{२\text{अज्याष}+\frac{\text{प}}{२}\}$$

और $\int_0^\infty \text{इ}^{-(\text{य}^२+\frac{\text{अ}^२}{\text{य}^२})}$ कोज्याष ज्या $\{(\text{य}^२+\frac{\text{अ}^२}{\text{य}^२})\text{ज्याष}\}$ ताय

$$= \sqrt{\frac{\pi}{२}}\text{इ}^{-२\text{अ}}\text{कोज्याष ज्या}(२\text{अज्याष}+\frac{\text{प}}{२})$$

(५९वें प्रश्न में क के स्थान में कोज्याष + ज्याष $\sqrt{-१}$ का उत्थापन दे कर सम्भाव्य और असम्भाव्य को अलग अलग बराबर करो)

६१। सिद्ध करो कि $\int_0^\infty \frac{(१-\text{य}^२)\text{ कोज्या गय ताय}}{१+\text{य}^२} = \pi\text{इ}^{-\text{ग}}$

६२। सिद्ध करो कि $१-\frac{\text{य}^२}{२^२}+\frac{\text{य}^४}{२^२.४^२}-\frac{\text{य}^६}{२^२.४^२.६^२}+\cdots$

$$= \frac{२}{\pi}\int_0^{\frac{\pi}{२}} \text{कोज्या}(\text{यज्यार})\text{ तार}$$

६३। सिद्ध करो कि $\int_0^{\frac{\pi}{२}}\int_0^{\frac{\pi}{२}} \text{ज्यायज्या}^{-१}(\text{ज्याय ज्यार})\text{ ताय तार} = \frac{\pi}{२}(\frac{\pi}{२}-१$

६४। सिद्ध करो कि $\int_0^\infty \text{कोज्या}(\text{कय}^{\frac{१}{\text{न}}})\text{ ताय} = \frac{\text{गा}(\text{न}+१)\text{ कोज्या}(\frac{\text{नग}}{२})}{\text{क}^{\text{न}}}$

६५। सिद्ध करो कि $\int_0^१ \frac{\text{लाय ताय}}{१+\text{य}} = -\frac{\pi^२}{८}$

६६। सिद्ध करो कि $\int_0^१ \frac{\text{ताय}(\text{लाय})^{२\text{न}\ १}}{१-\text{य}}$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$= -\frac{|२न-१}{}\left[१ + \frac{१}{२^{२न}} + \frac{१}{३^{२न}} + \cdots\right.$$

६७। सिद्ध करो कि $\int_{०}^{\frac{अ}{इ}} \frac{ताय}{\sqrt{(२अय-य^२)}\sqrt{(अ^२-य^२)}}$

$= \frac{२}{३अ}$ दै$_१$(ग, $\frac{\pi}{२}$), जहाँ ग = $\frac{१}{उ}$

{ ३४ प्रक्रम का (३) और ३७ प्रक्रम का (४) उदाहरण देखो }

६८। जिस वक्र का अक्षीय समीकरण श्रु = गज्याष कोज्याष यह है उसमें ष = ० और ष = $\frac{\pi}{इ}$ के बीच में श्रुति का मध्यम मान निकालो। उ० $\frac{ग}{\pi}$

६९। सिद्ध करो कि

$$\int_{अ}^{\infty} इ^{-य^२} ताय = \frac{इ^{-अ^२}}{२अ} \frac{१}{१+} \frac{क}{१+} \frac{२क}{१+} \frac{३क}{१+} \frac{४क}{१+\cdots}$$ जहाँ $क = \frac{१}{२अ^२}$

७०। सिद्ध करो

$$इ^{य}\int_{य}^{\infty} इ^{-य} लायताय = लाय + \frac{य^{-१}}{१+} \frac{य^{-१}}{१+} \frac{२य^{-१}}{१+} \frac{२य^{-१}}{१+} \frac{३य^{-१}}{१+} \frac{३य^{-१}}{१+} \cdots$$

७१। पचीस अंगुल आधार पर जो वर्गाकार एक रूमाल थी उसके बीच में एक किनारे से दूसरे किनारे तक एक लड़के ने एक टेढ़ी लाल रोशनाई से धारी कर दी। धारी के प्रतिविन्दु से सामने के भुज पर लम्ब डाला तो लम्ब का मान $६\sqrt{य}$ ठहरा तो लम्बों के मध्यम मान तुल्य लम्ब में य का क्या मान होगा। एक कोने से लम्ब मूल का अन्तर य है। उ० य = ११$\frac{१}{२}$ अंगुल

इति नवमाध्याय ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अथ दशमाध्याय।

मिश्रित प्रकीर्णक।

२४७। ६३ वें प्रक्रम के अन्त में सिद्ध हो चुका है कि यदि सीमा स्थिराङ्क हों तो $\int_{अ}^{क}\int_{ग}^{घ} फ(य,र)\,तारताय = \int_{ग}^{घ}\int_{अ}^{क} फ(य,र)\,तायतार$

परन्तु यदि इन सीमाओं में से कोई दो चल हों जैसा कि ६४ वें प्रक्रम में दिखलाया है तब कैसे क्रम को बदल कर चलानयन करना इसके लिये एक उदाहरण दिखलाते हैं।

$\int_{०}^{अ}\int_{०}^{\sqrt{(अ^२-य^२)}} फ\,(य,र)\,तार\,ताय$ इसमें क्रम को बदलने की इच्छा है। अर्थात् जहाँ पहले र के वश से चलानयन किया गया है वहाँ पहले य के वश से किया चाहते हैं।

यहाँ यदि विचारो तो र की सीमा ० और $\sqrt{(अ^२-य^२)}$ है इसलिये कह सकते हो कि जिस वृत्त का केन्द्र मूल स्थान और व्यासार्द्ध अ है उसके परिधि-चतुर्थांश के प्रतिविन्दु तक र के मान में पहले चल निकाला गया है फिर र अक्ष और वृत्त के योग बिन्दु से लेकर य के अ तुल्य मान में चल का मान लाया गया है। इसलिये यदि ल = फ(य,र) यह एक घनपृष्ठ का समीकरण कल्पना करें तो ऊपर का द्विगुण चल १७४ वें प्रक्रम से एक घनक्षेत्र के उस खण्ड के घनफल के समान है जो इस वृत्त पाद के प्रतिविन्दु से लम्ब खड़ा करने से लम्बाग्रों के भीतर है। इसलिये यदि अब क्रम बदलना चाहें तो वृत्तपाद के भीतर पहले य की सीमा ० और $\sqrt{(अ^२-र^२)}$ होगी फिर र की सीमा ० और अ होगी इसलिये।

$\int_{०}^{अ}\int_{०}^{\sqrt{(अ^२-य^२)}} फ(य,र)\,तारताय = \int_{०}^{अ}\int_{०}^{\sqrt{(अ^२-र^२)}} फ\,(य,र)\,तायतार$

ऐसा होगा।

क्रम बदलने से क्या अभिप्राय है इसके समझने के लिये केवल ऊपर उदाहरण दिखलाया गया है इसके लिये कोई विधि नहीं है उदाहरण के वश बुद्धिमानों को चाहिये कि क्रम बदलने में सीमाओं का ज्ञान करें।

२४८। ऊपर के विषय का एक और उदाहरण दिखलाते हैं।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$\int_0^{अ}\int_0^{य}\int_0^{र}$ फ(य,र,ल) ताल तार ताय इसमें क्रम को बदलना है ।

यहाँ सीमाओं के देखने से बोध होता है कि एक सूची के सीमाओं के भीतर चलानयन किया गया है जिसके सीमाओं के धरातल का क्रम से ल = ०, ल = र, र = य, य = अ, ये समीकरण हैं ।

इसलिये क्रम बदलने से

$\int_0^{अ}\int_{र}^{अ}\int_0^{र}$ फ(य,र,ल)तालतायतार

$\int_0^{अ}\int_0^{र}\int_{र}^{अ}$ फ(य,र,ल)तायतालतार

$\int_0^{अ}\int_{ल}^{अ}\int_{र}^{अ}$ फ(य,र,ल) तायतारताल

$\int_0^{अ}\int_0^{य}\int_{ल}^{य}$ फ(य,र,ल) तारतालताय

$\int_0^{अ}\int_{ल}^{अ}\int_{ल}^{य}$ फ(य,र,ल) तारतायताल

ये पाँच भेद होंगे । इन पाँचों से वही चल आवेगा जो कि दिये हुए फल का चल होगा । यदि फ(य,र,ल) के स्थान में १ रख लो तो छओ पर से $\frac{अ^३}{६}$ यही मान प्रतीति के योग्य आ जायगा ।

२४९। $\int\int$ शातारताय इसको व और श के रूप में बदल देना है जहाँ शा, य और र का फल है और

$फ_१(य,र,व,श) = ०, फ_२(य,र,व,श) = ०, \cdots\cdots$ (१)

यहाँ पर इतना समझ लेना चाहिये कि $\int\int$ शातारताय इसमें र के ज्ञात सीमाओं के भीतर चलानयन किया गया है जो सीमायें कि य के फल हैं और य की सीमायें भी ज्ञात हैं और यह भी जानते हैं कि स्थिर हैं ।

(१) इसके दोनों समीकरणों पर से व की उन्मिति जान उनके साम्य से स्पष्ट है कि र = फा(य,श) (२) ऐसा होगा ।

इस पर से तार = फा'(य,श) ताश जहाँ फा(य,श) य को स्थिर मान श के वश से फा'(य,श) का तात्कालिक सम्बन्ध है ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

र, और तार का यह जो मान आया है उसका उत्थापन $\int$ शातार में देने से $\int$ शा$_१$ फा (य,श) ताश ऐसा होगा जहाँ शा$_१$ यह शा के मान में र का उत्थापन देने से शा का रूपान्तर है। इसलिये पहले द्विगुणचलानयन का रूप $\int\int$ शा$_१$ फा(य,श)ताशताय ऐसा होगा जहाँ र के ज्ञात सीमाओं पर से श की भी उचित सीमा (२) समीकरण से विदित हो जायँगी।

आगे अब समझो कि उदाहरण के रूप के वश से जैसा कि २४७-४८ प्रक्रमों में दिखा आये हैं $\int\int$ शा$_१$ फा (य,श) ताश ताय इसमें उचित सीमाओं के भीतर क्रम को बदल कर $\int\int$ शा$_१$ फा (य,श) ताय ताश इसका मान जान लिया अब चाहते हैं कि य और ताय को उड़ा दें और उसके स्थान में व और ताव आ जायँ।

(१) के समीकरणों पर से र की दो उन्मिति जान कर उनके साम्य से य का मान ले आवो तो स्पष्ट है कि य = फि(श,व) ···· (३) होगा फिर इस पर से ताय = फि' (श,व) ताव, जहाँ फि(श,व) व के वश से फि(श,व) का तात्कालिक सम्बन्ध है।

द्विगुणचल का जो $\int\int$ शा$_१$ फा(य,श) तायताश यह रूपान्तर है इसमें य, और ताय के मान का उत्थापन देने से

$\int\int$ शा फा(य,श) फि(श,व) ताव ताश जहाँ शा$_१$ के मान में य के मान का उत्थापन देने से शा आया है और फा(य,श) के मान में य के स्थान में फि(श,व) का उत्थापन दे देना है।

यहाँ य की जानी हुई सीमाओं पर से (३) समीकरण के बल से श के रूप में व की सीमा विदित हो जायगी।

(१) से और चलनकलन के

$$\frac{\text{ताफ}_१}{\text{तार}}\frac{\text{तार}}{\text{ताश}}+\frac{\text{ताफ}_१}{\text{ताव}}\frac{\text{ताव}}{\text{ताश}}+\frac{\text{ताफ}_१}{\text{ताश}}=०,$$

$$\frac{\text{ताफ}_२}{\text{तार}}\frac{\text{तार}}{\text{ताश}}+\frac{\text{ताफ}_२}{\text{ताव}}\frac{\text{ताव}}{\text{ताश}}+\frac{\text{ताफ}_२}{\text{ताश}}=०,$$

$\frac{\text{ताव}}{\text{ताश}}$ की उन्मिति से $\dfrac{\frac{\text{ताफ}_१}{\text{तार}}\frac{\text{तार}}{\text{ताश}}+\frac{\text{ताफ}_१}{\text{ताश}}}{\frac{\text{ताफ}_१}{\text{ताव}}}=\dfrac{\frac{\text{ताफ}_२}{\text{तार}}\frac{\text{तार}}{\text{ताश}}+\frac{\text{ताफ}_२}{\text{ताश}}}{\frac{\text{ताफ}_२}{\text{ताव}}}$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

इस लिये $\frac{\text{तार}}{\text{ताश}} = \text{फ}_1'(\text{य},\text{श}) = \frac{\frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताश}}\frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताव}} - \frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताव}}\frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताश}}}{\frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताव}}\frac{\text{ताफ}_2}{\text{तार}} - \frac{\text{ताफ}_1}{\text{तार}}\frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताव}}}$

तात्कालिक सम्बन्ध लेने के अनन्तर र और व के स्थान में उनका मान जो य और श के रूप में आया है रख देना चाहिये ।

इसी तरह (१) से

$$\frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताय}}\frac{\text{ताय}}{\text{ताव}} + \frac{\text{ताफ}_1}{\text{तार}}\frac{\text{तार}}{\text{ताव}} + \frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताव}} = 0,$$

$$\frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताय}}\frac{\text{ताय}}{\text{ताव}} + \frac{\text{ताफ}_2}{\text{तार}}\frac{\text{तार}}{\text{ताव}} + \frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताव}} = 0,$$

इस पर से $\frac{\text{तार}}{\text{ताव}}$ की उन्मिति जान कर

$$\frac{\text{ताय}}{\text{ताव}} = \frac{\frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताव}}\frac{\text{ताफ}_2}{\text{तार}} - \frac{\text{ताफ}_1}{\text{तार}}\frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताव}}}{\frac{\text{ताफ}_1}{\text{तार}}\frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताय}} - \frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताय}}\frac{\text{ताफ}_2}{\text{तार}}} = \text{फि}_1'(\text{श},\text{व})$$

इस लिये फा$_1'$ (य,श) फि$_1'$ (श,व)

$$= \frac{\frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताश}}\frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताव}} - \frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताव}}\frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताश}}}{\frac{\text{ताफ}_1}{\text{तार}}\frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताय}} - \frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताय}}\frac{\text{ताफ}_2}{\text{तार}}}$$

इन सबका उत्थापन देने से ।

$$\int\int \text{शातारताय} = \int\int \text{शा}\frac{\frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताश}}\frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताव}} - \frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताव}}\frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताश}}}{\frac{\text{ताफ}_1}{\text{तार}}\frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताय}} - \frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताय}}\frac{\text{ताफ}_2}{\text{तार}}}\text{तावताश} \quad (४)$$

यहाँ भी तात्कालिक सम्बन्ध लेने के अनन्तर य और र के मान का उत्थापन दे देना चाहिये जो कि व और श के रूप में आये हैं और शा के मान में भी य, र के इन्हीं मानों का उत्थापन दे दो ।

यदि (१) समीकरण का रूप

$$\text{फ}_1(\text{य},\text{र},\text{व},\text{श}) = \text{य} - \text{फी}_1(\text{व},\text{श}) = 0, \text{र} - \text{फी}_2(\text{व},\text{श}) = 0, = \text{फ}_2(\text{य},\text{र},\text{व},\text{श}) \cdots (५)$$

ऐसा हो तो

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$\frac{\text{ताफ}_{१}}{\text{ताय}} = १, \frac{\text{ताफ}_{१}}{\text{तार}} = ०, \frac{\text{ताफ}_{२}}{\text{ताय}} = ०, \frac{\text{ताफ}_{२}}{\text{तार}} = १,$

इस का उत्थापन (४) में देने से

$$\int\int \text{शा तारताय} = \int\int \text{शा} \left(\frac{\text{ताफी}_{१}}{\text{ताव}} \frac{\text{ताफी}_{२}}{\text{ताश}} - \frac{\text{ताफी}_{१}}{\text{ताश}} \frac{\text{ताफी}_{२}}{\text{ताव}} \right) \text{तावताश}$$

यहाँ (५) वें से य, और र के मान व और श के रूप में जो निकलेंगे उनका उत्थापन शा में दे देना चाहिये।

यदि (५) वें से य, और र के रूप में फी$_{१}$(व,श) और फी$_{२}$(व,श) का मान जानकर तात्कालिक सम्बन्ध निकालो तो ऊपर का समीकरण नीचे लिखे समीकरण के समान होगा।

$$\int\int \text{शा तारताय} = \int\int \text{शा}' \left(\frac{\text{ताय}}{\text{ताव}} \frac{\text{तार}}{\text{ताश}} - \frac{\text{ताय}}{\text{ताश}} \frac{\text{तार}}{\text{ताव}} \right) \text{ताश ताव} \cdots (६)$$

यदि (१) समीकरण का रूप नीचे लिखे के ऐसा हो

$$\text{व} - \text{फु}_{१}(\text{य,र}) = ०, \quad \text{श} - \text{फु}_{२}(\text{य,र}) = ० \quad \cdots\cdots\cdots (७)$$

तो ऊपर ही की युक्ति से

$$\int\int \text{शा तारताय} \int\int \frac{\text{शा ताव ताश}}{\frac{\text{ताफु}_{१}}{\text{ताय}} \frac{\text{ताफु}_{२}}{\text{तार}} - \frac{\text{ताफु}_{२}}{\text{ताय}} \frac{\text{ताफु}_{१}}{\text{तार}}} = \int\int \frac{\text{शा ताव ताश}}{\frac{\text{ताव}}{\text{ताय}} \frac{\text{ताश}}{\text{तार}} - \frac{\text{ताव}}{\text{तार}} \frac{\text{ताश}}{\text{ताय}}} (८)$$

नये चलों के यदि सीमा प्रसिद्ध हो जायँ तो (४), (६), और (८) वें से नये चल राशि के वश से द्विगुण चल का मान सहज में सिद्ध हो जायगा परन्तु $\int$ शा$_{१}$ फा$_{१}$(य,श) ताश ताय पर से क्रम बदलने में जहाँ कठिनता आ पड़ेगी वहाँ पर ये सब बेकाम पड़ जायँगे।

२५०। ऊपर के प्रक्रम की व्याप्ति दिखलाने के लिये कुछ उदाहरण दिखलाते हैं।

(१) $\int_{०}^{ग} \int_{०}^{ग-य}$ शा तार ताय इसको व,श के वश से बदल देने की इच्छा है जहाँ य + र = व, र = वश।

ऊपर के प्रक्रम में जैसा लिखा है वैसी सब क्रिया करने से

$$\text{र} = \frac{\text{शय}}{१-\text{श}} \text{ और } \frac{\text{तार}}{\text{ताश}} = \frac{\text{य}}{(१-\text{श})^{२}}.$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

जब र = ० तब श = ० और जब र = ग − य तब श = $\frac{ग - य}{ग}$ इस लिये पहले र को बदलने से

$$\int_{०}^{ग} \int_{०}^{\frac{ग-य}{ग}} \text{शा}_{१} य(१ - श)^{-२} \text{ताश ताय}$$ ऐसा हुआ।

इस द्विगुणचल का २४७ प्रक्रम के ऐसा यदि स्वरूप विचारो तो ग व्यासार्द्ध से जो वृत्त बनेगा उसके एक व्यास रेखा को य अक्ष मान और उसके एक अग्र से भुज गणना करें तो श का मान, उस कोण की कोटिज्या होगी जो वृत्त के कोट्यग्र पर केन्द्र से गई रेखा और य अक्ष से उत्पन्न होता है। इसलिये एक वृत्तपाद के भीतर श का मान ० और १ के भीतर होगा और य की सीमा ० और ग (१ − श) के भीतर होगी इसलिये यदि ऊपर के द्विगुण चल में क्रम को बदलें तो

$$\int_{०}^{१} \int_{०}^{ग(१-श)} \text{शा}_{१} य(१ - श)^{-२} \text{ताय ताश}$$ ऐसा होगा।

अब इसमें दिये हुए समीकरण से

य = व(१−श) और $\frac{\text{ताय}}{\text{ताव}}$ = १ − श और जब य = ० तब व = ० और जब य = ग(१ − श) तब व = ग इसलिये ऊपर के द्विगुण चल का रूप

$$\int_{०}^{१} \int_{०}^{ग} \int \text{शा}' व \text{ताव ताश}$$ ऐसा हुआ।

(२) $\int\int$ श तार ताय इसको श्रु, और प के साथ बदल देना है जहाँ य = श्रुकोज्याप, र = श्रुज्याप।

यहाँ मान लो कि श = प और व = श्रु है तो २४९ प्रक्रम के (६) वें समीकरण से

$$\frac{\text{ताय}}{\text{ताव}} \frac{\text{तार}}{\text{ताश}} - \frac{\text{ताय}}{\text{ताश}} \frac{\text{तार}}{\text{ताव}} = \text{श्रुकोज्या}^{२}\text{प} + \text{श्रुज्या}^{२}\text{प} = \text{श्रु}$$

इसलिये ऊपर के द्विगुण चल का रूप $\int\int$ शा' श्रुताश्रुताप ऐसा हुआ। इसे यदि विचारो तो १७८ वें प्रक्रम में जो घनफल जानने के लिये अक्षीय समीकरण पर से प्रकार लिखा है उसी के समान है। सीमाओं का विचार अवश्य यहाँ पर कर लेना चाहिये जिसमें य और र के वश से जो अवयव आये हों वेही अवयव व और श के वश से भी आ जायँ।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

इसी में यदि शा = फ(अय + कर) तो ऊपर की युक्ति से बदलने पर द्विगुण चल का रूप

$$\int\int \text{फ}\{\text{ज श्रु कोज्या}(\text{ष} - \text{अ}_1)\}\ \text{श्रु ताश्रुताष}$$ ऐसा होगा,

जहाँ ज कोज्याअ$_1$ = अ और जज्याअ$_1$ = क। इसमें यदि ष − अ$_1$ = ष$'$ तो द्विगुण चल का रूप

$$\int\int \text{फ}(\text{ज श्रु कोज्या ष}')\text{श्रुताश्रु तार}'\text{ष}'$$, फिर इसमें मान लो कि

श्रुकोज्याष$'$ = य$'$ और श्रुज्याष$'$ = र$'$ तो इसका रूपान्तर

$$\int\int \text{फ}(\text{ज य}')\ \text{तार}'\ \text{ताय}'$$ ऐसा होगा।

(एक एक को स्थिर मान कर तात्कालिक सम्बन्ध निकालो जैसा कि २४९ वें प्रक्रम में कहा है)

स्वर चिह्न को उड़ा देने से

$$\int\int \text{फ}\,(\text{अय} + \text{कर})\text{तार ताय} = \int\int \text{फ}(\text{जय})\text{तार ताय}$$

जहाँ ज^2 = $\surd$(अ^2 + क^2) और बायें पक्ष की सीमाओं पर से उदाहरण के स्वरूप से दहने पक्ष में सीमाओं का ज्ञान प्रायः हो सकता है।

(३) १५२ वें प्रक्रम से किसी घनक्षेत्र का पृष्ठफल सिद्ध है कि द्विगुण चल के रूप में $\int\int \surd\{१ + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}\right)^2 + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{तार}}\right)^2\}$ तार ताय ऐसा होगा इसे ताष, ताष$_1$ के वश से बदलना है जहाँ

ल = श्रुकोज्याष, य = श्रुज्याषकोज्याष$_1$, र = श्रुज्याषज्याष$_1$

पृष्ठ के समीकरण से ल, य और र के रूप में आजायगा इसलिये ल के स्थान में य, र का फल रख देने से स्पष्ट है कि ष, ष$_1$ का कोई फल श्रु होगा इसलिये पहले तार ताय बदलने के लिये २४९ वें प्रक्रम की युक्ति से पहले ष$_1$ को फिर ष को स्थिर मान लेने से

$$\frac{\text{ताय}}{\text{ताष}} = \frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}}\text{ज्याष कोज्याष}_1 + \text{श्रुकोज्याष कोज्याष}_1$$

$$\frac{\text{ताय}}{\text{ताष}_1} = \frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}_1}\text{ज्याष कोज्याष}_1 - \text{श्रुज्याष ज्याष}_1$$

$$\frac{\text{तार}}{\text{ताष}} = \frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}}\text{ज्याष ज्याष}_1 + \text{श्रुकोज्याष ज्याष}_1$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$\frac{\text{तार}}{\text{ताष}_१} = \frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}_१}\text{ज्याष ज्याष}_१ + \text{श्रुज्याषकोज्याष}_१$$

इस लिये $\frac{\text{ताय}}{\text{ताष}}\frac{\text{तार}}{\text{ताष}_१} - \frac{\text{ताय}}{\text{ताष}_१}\frac{\text{तार}}{\text{ताष}} = \text{श्रुज्याष}\left(\text{श्रु कोज्याष} + \frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}}\text{ज्याष}\right)$

इसलिये तार ताय को हटा कर उसके स्थान में

$$\text{श्रुज्याष}\left(\text{श्रु कोज्याष} + \frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}}\text{ज्याष}\right)$$ इसे रख दो।

अब $\sqrt{\left\{१ + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}\right)^२ + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{तार}}\right)^२\right\}}$ इसके बदलने के लिये एक एक को स्थिर मानने से चलनकलन के ६६ वें प्रक्रम से

$$\frac{\text{ताल}}{\text{ताष}} = \frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}\frac{\text{ताय}}{\text{ताष}} + \frac{\text{ताल}}{\text{तार}}\frac{\text{तार}}{\text{ताष}}$$

$$\frac{\text{ताल}}{\text{ताष}_१} = \frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}\frac{\text{ताय}}{\text{ताष}_१} + \frac{\text{ताल}}{\text{तार}}\frac{\text{तार}}{\text{ताष}_१}$$

और $$\frac{\text{ताल}}{\text{ताष}} = \frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}}\text{कोज्याष} - \text{श्रुज्याष}$$

$$\frac{\text{ताल}}{\text{ताष}_१} = \frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}_१}\text{कोज्याष}$$

अब इन पर से $\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}$ का मान ले आवो तो एक भिन्न होगा जिसका अंश

$$= \frac{\text{ताल}}{\text{ताष}}\frac{\text{तार}}{\text{ताष}_१} - \frac{\text{ताल}}{\text{ताष}_१}\frac{\text{तार}}{\text{ताष}}$$

$$= \left[\frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}}\text{कोज्याष} - \text{श्रु ज्याष}\right]\left[\frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}_१}\text{ज्याष ज्याष}_१ + \text{श्रुज्याष कोज्याष}_१\right] - \frac{\text{ताल}}{\text{ताष}_१}\frac{\text{तार}}{\text{ताष}}$$

$$= -\text{श्रुज्याष}_१\frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}_१} + \text{श्रुज्याषकोज्याषकोज्याष}_१\frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}} - \text{श्रु}^२\text{ज्या}^२\text{षकोज्याष}_१$$

और हर $= \frac{\text{ताय}}{\text{ताष}}\frac{\text{तार}}{\text{ताष}_१} - \frac{\text{ताय}}{\text{ताष}_१}\frac{\text{तार}}{\text{ताष}}$ जिसका मान अभी ऊपर ले आये हैं।

इस तरह से

$$\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}} = \frac{\text{श्रुज्याषकोज्याषकोज्याष}_१\frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}} - \text{श्रुज्याष}_१\frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}_१} - \text{श्रु}^२\text{ज्या}^२\text{षकोज्याष}_१}{\text{श्रुज्याष}\left(\text{श्रुकोज्याष} + \text{ज्याष}\frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}}\right)}$$

इसी तरह से

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$\frac{\text{ताल}}{\text{तार}} = \frac{\text{श्रुकोज्याष}_१ \frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}_१} + \text{श्रज्याष कोज्याष ज्याष}_१ \frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}} - \text{श्रु}^२\text{ज्या}^२\text{षज्याष}}{\text{श्रुज्याष} \left(\text{श्रुकोज्याष} + \text{ज्याष} \frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}} \right)}$$

इसलिये $१ + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}\right)^२ + \left(\frac{\text{ताल}}{\text{तार}}\right)^२$

$$= \frac{\text{श्रु}^२\text{ज्या}^२\text{ष} + \text{श्रु}^२ \left(\frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}_१}\right)^२ + \text{श्रु}^२\text{ज्या}^२\text{ष} \left(\frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}}\right)^२}{\text{श्रु}^२\text{ज्या}^२\text{ष} \left(\text{श्रुकोज्याष} + \text{ज्याष} \frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}}\right)^२}$$

इस लिये बदले हुए द्विगुणचल का रूप

$$\int\int \sqrt{\left\{ \text{श्रु}^२\text{ज्या}^२\text{ष} + \left(\frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}_१}\right)^२ + \text{ज्या}^२\text{ष} \left(\frac{\text{ताश्रु}}{\text{ताष}}\right)^२ \right\}} \text{श्रुताष ताष}_१$$

ऐसा हुआ।

यही १५५ वें प्रक्रम में भी लिख आये हैं।

२५१। इस प्रकार से द्विगुणचल का जो परिवर्त्तन किया है उसे क्षेत्ररीति से भी दिखा सकते हैं।



कल्पना करो कि $\int\int$ शा तार ताय यह एक द्विगुण चल है जिसका मान आकागाघा सीमा के भीतर जितने य, और र हैं उन सबके वश से निकाला गया

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

है। मानो कि य = फ१ (व,श), र = फ२ (व,श) · · · (१) जहाँ व और श नये चल हैं।

(१) से कल्पना करो कि

व = फा१(य,र), श = फा२(य,र) · · · · · · (२)

अब इसके पहले समीकरण में यदि व के स्थान में कोई स्थिराङ्क रख दें तो कह सकते हैं कि यह एक कोई वक्र का समीकरण होगा इसलिये नये नये स्थिराङ्कों के रखने से इस समीकरण से एक वक्रों की श्रेढी उत्पन्न होगी। मान लो कि ब के स्थान में एक स्थिराङ्क को रख देने से आ प व गा वक्र का समीकरण उत्पन्न हुआ। आ प व गा यह ऐसा वक्र हुआ जिसके प्रतिविन्दु पर फा१(य,र) यह एक स्थिराङ्क के तुल्य होगा। इसी प्रकार से समझो कि व के स्थान में व + △ व के रख देने से दूसरा आ' म भ गा' वक्र हुआ। इसी तरह से (१) में दूसरे समीकरण से समझो कि श से एक वक्र का प म घा और श के स्थान में श + △श के रख देने से दूसरा का' व भ घा' वक्र हुआ। अब मानो कि प विन्दु का भु = य, और कोटि र है जिनके वश से व भ म विन्दुओं के भुज कोटि को जानना है।

वक्र के समीकरण से स्पष्ट है कि श के स्थान में श + △श के रख देने से व विन्दु के भुज कोटि होंगे। इसलिये यदि △ श का मान बहुत ही छोटा मानें तो व के भुज कोटि के मान (१) से क्रम से $य + \frac{ताय}{ताश} △ श$, और $र + \frac{तार}{ताश} △ श$ होंगे।

इसी तरह व के स्थान में व + △ व के रख देने से म के भुज कोटि के मान (१) से और △ श को बहुत ही छोटा मानने से $य + \frac{ताय}{ताव} △ व$ और $र + \frac{तार}{ताव} △ व$ होंगे, व के स्थान में व + △ व और श के स्थान में श + △श को रख देने से भ के भुज कोटि क्रम से $य + \frac{ताय}{ताव} △ व + \frac{ताय}{ताश} △ श$ और $र + \frac{तार}{ताव} △ व + \frac{तार}{ताश} △ श$ के होंगे, । इन चारों विन्दुओं के भुज कोटि के मानों से स्पष्ट होता है कि ये चारो विन्दु एक समानान्तर चतुर्भुज के कोनों पर क्रम से स्थित हैं जो चतुर्भुज अत्यन्त छोटी दशा में वक्र चापीय चतुर्भुज हो जायगा और उसका फल यदि कोणीय भुज, कोटि के वश से ले आवो तो

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$\pm\left(\frac{\text{ताय}}{\text{ताव}}\frac{\text{तार}}{\text{ताश}}-\frac{\text{ताय}}{\text{ताश}}\frac{\text{तार}}{\text{ताव}}\right)\triangle \text{श}\ \triangle \text{व}$$ यह होगा।

इस लिये $\int\int$ शा तार ताय इसके स्थान में

$$\pm\int\int \text{शा}'\left(\frac{\text{ताय}}{\text{ताव}}\frac{\text{तार}}{\text{ताश}}-\frac{\text{ताय}}{\text{ताश}}\frac{\text{तार}}{\text{ताव}}\right)$$ ताश ताव ऐसा रख सकते हैं जैसा कि २४९ वें प्रक्रम के (६) वें समीकरण में है।

इसमें उदाहरण के स्वरूप के वश से जहाँ पर कि सीमाओं को जानते हैं धन ऋण का संशय निकल जायगा।

यहाँ पर पहले व को स्थिर मान श के वश से जो उचित सीमाओं के भीतर चलानयन किया जायगा वह ऊपर दिखाये हुए अनेक चतुर्भुजों के योग के वश से होगा जिनसे एक आआगागा धारी वन जायगी फिर उचित सीमाओं के भीतर व के वश से जो चलानयन किया जायगा वह सब धारियों के योग के वश से अर्थात् आकागाघा सीमाओं के वश से होगा। इस प्रकार से आकागाघा सीमाओं पर जो अनेक लम्ब खड़े किये जायँगे उनके भीतर जो घनक्षेत्र का अवयव होगा उसका घनफल आ जायगा यदि ऊपर के द्विगुणचल में शा = ल मान लें।

२५२। इसी तरह से $\int\int\int$ शा ताल तार ताय इस त्रिगुणचल को तीन नये चल के वश से बदलना हो जहाँ नये चलों का पुराने से सम्बन्ध

$$\text{य} = \text{फ}_1(\text{व}, \text{श}, \text{ह}),\ \text{र} = \text{फ}_2(\text{व}, \text{श}, \text{ह}),\ \text{ल} = \text{फ}_3(\text{व}, \text{श}, \text{ह}) \cdots\cdots\cdots (१)$$

इस तरह का होय तो पहले ल के स्थान में ह को रखने के लिये समझ रखो कि जब ताल का साधन करते हैं उस समय य और र को स्थिर मान लेते हैं इस लिये (१) के पहले दो समीकरणों से व की उन्मिति से श का मान य,र और ह के फल रूप में आवेगा फिर विलोम उत्थापन से व का मान भी य,र और ह के कोई फल के रूप में आवेगा। इसलिये ल में इनका उत्थापन देने से ल का मान भी य,र और ह का कोई फल होगा। इसलिये इस फल में य और र को स्थिर मान जो ताल का मान आवेगा उसका स्वरूप ताह के वश से सिद्ध हो जायगा इसलिये ताल के स्थान में ताह को रख सकते हैं। अथवा (१) से चलनकलन के ६७ वें प्रक्रम से।

$$\frac{\text{ताय}}{\text{ताह}} = 0 = \frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताव}}\frac{\text{ताव}}{\text{ताह}} + \frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताश}}\frac{\text{ताश}}{\text{ताह}} + \frac{\text{ताफ}_3}{\text{ताह}}$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$\frac{\text{तार}}{\text{ताह}} = 0 = \frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताव}}\frac{\text{ताव}}{\text{ताह}} + \frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताश}}\frac{\text{ताश}}{\text{ताह}} + \frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताह}}$$

$$\frac{\text{ताल}}{\text{ताह}} = \frac{\text{ताफ}_3}{\text{ताव}}\frac{\text{ताव}}{\text{ताह}} + \frac{\text{ताफ}_3}{\text{ताश}}\frac{\text{ताश}}{\text{ताह}} + \frac{\text{ताफ}_3}{\text{ताह}}$$

यहाँ $\frac{\text{ताव}}{\text{ताह}}$ और $\frac{\text{ताश}}{\text{ताह}}$ के उन्मितियों पर से

$$\frac{\text{ताल}}{\text{ताह}} = \frac{\text{ना}}{\frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताव}}\frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताश}} - \frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताव}}\frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताश}}}$$

जहां $\text{ना} = \frac{\text{ताफ}_3}{\text{ताह}}\left(\frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताव}}\frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताश}} - \frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताव}}\frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताश}}\right)$

$$+ \frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताह}}\left(\frac{\text{ताफ}_3}{\text{ताव}}\frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताश}} - \frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताव}}\frac{\text{ताफ}_3}{\text{ताश}}\right)$$

$$+ \frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताह}}\left(\frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताव}}\frac{\text{ताफ}_3}{\text{ताश}} - \frac{\text{ताफ}_3}{\text{ताव}}\frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताश}}\right)$$

इस लिये ऊपर के चिगुण चल का रूप

$$\int\int\int \text{शा}_1 \frac{\text{ना}}{\frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताव}}\frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताश}} - \frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताव}}\frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताश}}}$$ ताह तार ताय ऐसा होगा।

जहां शा_1 ल के स्थान में ल का मान जो य, र और ह के फल रूप में आया है उस का उत्थापन दे देने से शा का मान है। और ल के सीमाओं पर से ह सीमायें भी मालूम हो जायंगी।

अब ऊपर के त्रिगुणचल में मान लो कि दो बार क्रम बदलने से

$$\int\int\int \text{शा}_1 \frac{\text{ना}}{\frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताव}}\frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताश}} - \frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताव}}\frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताश}}}$$ तार ताय ताह इस का मान

जान लिया तो २४९ वें प्रक्रम की युक्ति से ऊपर (१) के प्रथम दो समीकरणों से तार ताय के स्थान में

$$\left(\frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताव}}\frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताश}} - \frac{\text{ताफ}_2}{\text{ताश}}\frac{\text{ताफ}_1}{\text{ताश}}\right)$$ ताव ताश इस को रख सकते हैं।

इस लिये त्रिगुण चल का रूप बदलने से

$$\int\int\int \text{शा}$$ ताव ताश ताह होगा।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

जहां य,र और ल के मान जो व,श और ह के फल रूप में आवेंगे उनका शा में उत्थापन देने से शा है।

२५३। इस प्रक्रम में ऊपर के प्रक्रमों का विशेष बोध होने के लिये दो उदाहरण दिखलाते हैं।

(१) $\int\int\int\cdots$फ$(अ_१य_१+अ_२य_२+\cdots+अ_नय_न)$ताय$_न$ताय$_{न-१}\cdots$ताय$_१$

इस अनेक गुणचल को एक गुणचल में बदलना है जहां चलों के प्रतिमानों के वश से (जो कि $य_१^२+य_२^२+य_३^२+\cdots+य_न^२\angle १$ इस नियम से आवेंगे) चलानयन किया गया है।

यहां २५० वें प्रक्रम के (२) उदाहरण के ऐसा बार बार क्रिया करने से अन्त में अनेक गुणचल का रूप

$\int\int\int\cdots$फ$(जय_१\cdots)$ ताय$_न$ ताय$_{न-१}\cdots$ताय$_१$ ऐसा होगा।

जहां ज $=\sqrt{(अ_१^२+अ_२^२+अ_३^२+\cdots+अ_न^२)}$

यहां पर यह जो परिवर्त्तन किया गया है वह सब चलराशियों का वर्गयोग १ से अधिक नहीं है इस नियम को न तोड़ेगा अर्थात् इस में भी सब की वही सीमा रहेंगी जो कि पहले में थीं।

इस लिये $य_१$ को छोड़ और चलराशियों के वश से चलानयन करने में और $य_२^२+य_३^२+\cdots+य_न^२\angle १-य_१^२$ मान लेने से २१४ वें प्रक्रम में यदि द, म, न, इत्यादि को १, प, ब, भ इत्यादि को २ और अ, क, ख इत्यादि को $\sqrt{(१-य_१^२)}$ मान लें तो चलराशियों के सब धन मान में मान

$$\frac{\{\text{गा}(\frac{१}{२})\}^{न-१}}{२^{न-१}\text{गा}\,(\frac{न-१}{२}+१)}(१-य_१^२)^{\frac{न-१}{२}}$$ यह होगा।

परन्तु यदि जैसे चलराशियों के मान सब धन लिये गये वैसे ही ऋण लिये जाते तो सब मान ऊपर के मान का $२^{न-१}$ गुणित होता। इस लिये सब मान $=\frac{\text{गा}^{न-१}(\frac{१}{२})(१-य_१^२)^{\frac{न-१}{२}}}{\text{गा}(\frac{न-१}{२}+१)}$ इस लिये ऊपर के अनेक गुणचल का मान साधारण चल के रूप में $य_१$ के — १ और + १ मान के भीतर

$$\frac{\pi^{\frac{न-१}{२}}}{\text{गा}(\frac{न-१}{२}+१)}\int_{-१}^{१}\text{फ}(जय_१)(१-य_१^२)^{\frac{न-१}{२}}\text{ताय}_१$$ यह होगा।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(२) $\int\int\int \cdots \frac{\text{फ}(\text{अ}_१\text{य}_१ + \text{अ}_२\text{य}_२ + \cdots + \text{अ}_\text{न}\text{य}_\text{न})}{\sqrt{(१ - \text{य}_१^२ - \text{य}_२^२ - \cdots - \text{य}_\text{न}^२)}} \text{ताय}_\text{न}\text{ताय}_{\text{न}-१} \cdots \text{ताय}_१$

इसको साधारण चल के रूप में ले आना है। जहाँ $\text{य}_१^२ + \text{य}_२^२ + \cdots + \text{य}_\text{न}^२ < १$

यहाँ भी २५० वें प्रक्रम के (२) उदाहरण के ऐसा बार बार क्रिया करने से

$\int\int\int \cdots \frac{\text{फ}(\text{जय}_१)}{\sqrt{(१ - \text{य}_१^२ - \text{य}_२^२ - \cdots - \text{य}_\text{न}^२)}} \text{ताय}_\text{न}\text{ताय}_{\text{न}-१} \cdots \text{ताय}_१$ ऐसा होगा।

अब यहाँ $\text{य}_१$ को छोड़ और चलराशियों के वश से चलानयन करने से और $\text{य}_२^२ + \text{य}_३^२ + \cdots + \text{य}_\text{न}^२ < १ - \text{य}_१^२$ इस नियम से चलराशियों के सब धन मान में २१६ वें प्रक्रम से (जैसा कि द, म, न इत्यादि का मान ऊपर (१) उदाहरण में माना है वैसा ही यहाँ भी मान लेने से)

$$\frac{१}{२^{\text{न}-१}} \frac{\{\text{गा}(\frac{१}{२})\}^{\text{न}-१}}{\text{गा}(\frac{\text{न}-१}{२})} \int_०^{१-\text{य}_१^२} (१ - \text{य}_१^२ - \text{च})^{-\frac{१}{२}} \text{च}^{\frac{\text{न}-१}{२}-१} \text{ताय}$$

$$= \frac{१}{२^{\text{न}-१}} \frac{\{\text{गा}(\frac{१}{२})\}^{\text{न}-१}}{\text{गा}(\frac{\text{न}-१}{२})} \frac{\text{गा}(\frac{१}{२})\text{गा}(\frac{\text{न}-१}{२})}{\text{गा}(\frac{\text{न}}{२})} (१ - \text{य}_१^२)^{\frac{\text{न}}{२}-१} \text{(२१२ वें प्रक्रम से)}$$

$$= \frac{१}{२^{\text{न}-१}} \frac{\{\text{गा}(\frac{१}{२})\}^{\text{न}}}{\text{गा}(\frac{\text{न}}{२})} (१ - \text{य}_१^२)^{\frac{\text{न}}{२}-१}$$

परन्तु यदि चलराशियों के मान ऋण भी लिये जायँ तो स्पष्ट है कि ऊपर का मान $२^{\text{न}-१}$ गुणित होगा।

इसलिये ऊपर के अनेक गुण चल का मान $\text{य}_१$ के -१ और $+१$ मान के भीतर साधारण चल के रूप में

$$\frac{\pi^{\frac{\text{न}}{२}}}{\text{गा}(\frac{\text{न}}{२})} \int_{-१}^{+१} \text{फ}(\text{जय}_१) (१ - \text{य}_१^२)^{\frac{\text{न}}{२}-१} \text{ताय}_१$$ ऐसा होगा।

२५४। बहुत से त्रिकोणमिति फलों के रूप चलराशिकलन के बल से श्रेढी में ला सकते हैं। जैसे यह चाहना है कि

$$\text{फ}(\text{य}) = \text{आ}_१\text{ज्याय} + \text{आ}_२\text{ज्या२य} + \text{आ}_३\text{ज्या३य} + \cdots + \text{आ}_\text{म}\text{ज्यामय} \cdots (१)$$

यह समीकरण य के स्थान में ष, २ष, ३ष, ... मष तक उत्थापन देने तक ठीक रहे जहां $\text{ष} = \frac{\pi}{\text{म}+१}$ और $\text{आ}_१, \text{आ}_२ \cdots \text{आ}_\text{म}$ स्थिराङ्क हैं। तो यहां सब स्थिराङ्कों के मान जानने के लिये नीचे लिखे हुए म समीकरण उत्पन्न होंगे

$$\text{फ}(\text{य}) = \text{आ}_१\text{ज्याष} + \text{आ}_२\text{ज्या२ष} + \text{आ}_३\text{ज्या३ष} + \cdots + \text{आ}_\text{म}\text{ज्यामष}।$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$फ(२ष) = आ_१ज्या२ष + आ_२ज्या४ष + आ_३ज्या६ष + \cdots + आ_मज्या२मष।$$

$$\vdots \qquad\qquad \vdots$$

$$फ(मष) = आ_१ज्यामष + आ_२ ज्या२मष + आ_३ज्यामष + \cdots + आ_मज्याममष।$$

इन में पहले को ज्यासष, दूसरे को ज्या२सष, $\cdots$ अन्त को ज्यामसष से गुण कर जोड़ देने से दहने पक्ष में $आ_न$ का गुणक

ज्यासष ज्यानष + ज्या२सष ज्या२नष + $\cdots$ + ज्यामसष ज्यामनष यह होगा। इस गुणक का दूना त्रिकोणमिति से

कोज्या (स−न)ष + कोज्या२(स − न)ष + $\cdots$ + कोज्याम (स − न)ष

—{ कोज्या (स + न)ष + कोज्या२ (स + न)ष + $\cdots$ + कोज्याम(स + न)ष }

यह होगा

इसने ऊपर के श्रेढी का योग त्रिकोणमिति से

$$\frac{ज्या(२म+१)\frac{(स-न)}{२}ष - ज्या\frac{(स-न)ष}{२}}{२\,ज्या\frac{(स-न)ष}{२}}$$

$$= \frac{ज्या\left\{(स-न) - \frac{(स-न)ष}{२}\right\} - ज्या\frac{(स-न)ष}{२}}{२\,ज्या\frac{(स-न)ष}{२}}$$ यह होगा और इसी में न के स्थान में −न का उत्थापन दे देने से नीचे के श्रेढ़ी का योग

$$\frac{ज्या\left\{(स+न)\pi - \frac{(स-न)ष}{२}\right\} - ज्या\frac{(स+न)ष}{२}}{२\,ज्या\frac{(स+न)ष}{२}}$$

यहाँ स्पष्ट है कि यदि स − न यह विषम संख्या होगी तो ऊपर के श्रेढी का योग शून्य होगा और यदि स − न यह सम संख्या होगी तो योग − १ होगा। इसी तरह स + न के विषम संख्या होने से दूसरी का योग शून्य और सम होने से − १ के तुल्य होगा। इस पर से यह एक सिद्धान्त उत्पन्न होता है कि यदि विषम, और सम के वश से जाति का विचार करे तो कह सकते हैं कि यदि न की जाति स से भिन्न हो तो दोनों योग शून्य और एक हो तो —१ होंगे। परन्तु संख्याओं के सिद्धान्त से यदि स—न विषम तो स + न भी विषम होगा और यदि स—न सम तो स + न भी सम होगा इसलिये यदि न,स के समान न हो अर्थात् स से भिन्न हो तो $आ_न$ का गुणक शून्य होगा।

यदि न = स तो $आ_न$ का गुणक

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ज्या^{२}सष + ज्या^{२}२सष + · · · + ज्या^{२}मसष

$= \frac{म}{२} - \frac{१}{२}$ { कोज्या२सष + कोज्या४सष + · · · + कोज्या२मसष }

यह होगा जहाँ ऊपर की युक्ति से कोटिज्याओं का योग — १ के बराबर होगा। इसलिये ऐसी दशा में आ$_{न}$ का गुणक $\frac{म+१}{२}$ यह होगा।

इसलिये

आ$_{न} = \frac{२}{म+१}$ { ज्यासष फ(ष) + ज्या२सष फ(२ष) + · · · + ज्यामसष फ(मष) }

जहाँ स के स्थान में १, २, · · · म का उत्थापन देने से आ$_{१}$, आ$_{२}$ · · आ$_{म}$ इत्यादि स्थिराङ्कों के मान व्यक्त हो जायँगे।

ऊपर अ के मान में यदि म को अनन्त मानें तो श्रेढी के द्वारा जो ४० वें प्रक्रम में चल का स्वरूप दिखलाया है उससे

आ$_{न} = \frac{२}{π}\int_{०}^{π}$ ज्यानशफ(श)ताश ऐसा होगा और ० और π के भीतर अनन्त तुल्यान्तर य के मानों में

फ(य) = आ$_{१}$ ज्याय + आ$_{२}$ ज्या२य + आ$_{३}$ज्या३य + · · · · इत्यादि यह समीकरण ठीक होगा।

लाघव से ऊपर के समीकरण को

फ(य) $= \frac{२}{π}$ यौ $^{\infty}_{१}$ ज्यानय $\int_{०}^{π}$ ज्यानशफ (श)ताश ऐसा लिखते हैं यहाँ यौ $^{\infty}_{१}$ यह दिखलाता है कि न के स्थान में क्रम से १, २, · · · ∞ का उत्थापन देने से जितने मान होंगे उनका योग कर दिया गया है। इस सिद्धान्त को ल्यागरेञ्ज (Lagrange) ने निकाला है। इसके विषय पर प्वाइशन (Poisson) का विशेष दिखलाते हैं।

२५५। २३३ वें प्रक्रम से विदित है कि

$$\frac{१-च^{२}}{१-२\,च\,\text{कोज्या}\frac{π(श-य)}{द}+च^{२}} = १ + २च\text{कोज्या}\frac{π(श-य)}{द}$$

$$+ २च^{२}\text{कोज्या}\frac{२π(श-य)}{द} + २च^{३}\text{कोज्या}\frac{३π(श-य)}{२} + \cdots\cdots\cdots (१)$$

जहाँ च, १ से न्यून है इसलिये श्रेढी का मान सान्त होगा।

(१) के दोनों पक्षों को फ(श) ताश से गुण कर श के वश से चलानयन करो—द, द सीमाओं के भीतर और च को शून्य के समान मान लो तो बायें

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पक्ष का अंश शून्य होगा इसलिये यदि इसका हर शून्य न हो तो श्रेढी द्वारा चलानयन की जो विधि है उससे स्पष्ट है कि बायें पक्ष के चल का मान शून्य होगा परन्तु यदि य का मान—द, और द के भीतर हो तो चलानयन के बीच में हर में च कोज्या $\frac{\pi(श-य)}{द}$ जो यह भाग है उसका मान १ के बराबर होगा इसलिये ऐसी स्थिति में हर का मान $(१—च)^२$ यह होगा तब यह नहीं कह सकते कि बायें पक्ष का चल शून्य होगा। ऐसी दशा में इसका मान जानने के लिये कल्पना करो कि श—य = ल और च = १—इ$_१$

$$तो \int \frac{(१—च^२)फ(श)ताश}{१-२चकोज्या \frac{\pi(श-य)}{द}+च^२} = \int \frac{इ_१(१+च)फ(य+ल)ताल}{इ_१^२+४चज्या^२ \frac{\pi ल}{२द}}$$

इसमें निश्चय है कि श—य इसका मान धन वा ऋण जब बहुत ही छोटा होगा उसी समय के मान का तो विचार ही कर रहे हैं इसलिये ज्या चाप का भेद न मानने से और फ(य + ल) = फ(य) कल्पना करने से

$$\int \frac{इ_१(१+च)फ(य+ल)ताल}{इ_१^२+४चज्या^२ \frac{\pi ल}{२द}} = इ_१(१+च)फ(य) \int \frac{ताल}{इ_१^२+\frac{चπ^२ल^२}{द^२}}$$

$$= २ इ_१फ(य) \int \frac{ताल}{इ_१^२+\frac{\pi^२ल^२}{द^२}} = \frac{२दफ(य)}{\pi} स्प^{-१} \frac{\pi ल}{इ_१द}$$

इसमें मानो कि ल की सीमा अ$_१$, और —क$_१$ है तो मान

$$\frac{२दफ(य)}{\pi}\left\{ स्प^{-१}\frac{\pi अ_१}{इ_१द} + स्प^{-१}\frac{\pi क_१}{इ_१द} \right\} ऐसा होगा।$$

इसमें इ$_१$ को शून्य मान लेने से

२ दफ(य) ऐसा होगा। इसलिये यदि य,—द और द के भीतर हो तो फ(य)

$$= \frac{१}{२द}\int_{-द}^{द} फ(श)ताश + \frac{१}{द} यौ \int_{१}^{\infty}\int_{-द}^{द} फ(श) कोज्या \frac{न\pi(श-य)}{द} ताश \cdots\cdots (२)$$

यदि य = द वा—द तो बायें पक्ष के चल का मान जब श, द और—द के बहुत ही पास होगा श—य = ल $\frac{२दफ(य)}{\pi}$ स्प$^{-१}$ $\frac{\pi ल}{इ_१द}$ इन दोनों समीकरणों से क्रम से द {फ(द) + फ(−द)} यह होगा क्योंकि जब य = द और श = द तब श—य = ल यह समीकरण दिखलाता है कि ल का मान केवल —क$_१$ से ० तक

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पहुँचेगा और जब श = — द और य = — द तब ल का मान केवल ० से अ, तक होगा। इसलिये ऐसे समय में (२) का बायाँ पक्ष $\frac{१}{२}\{फ(द)+फ(—द)\}$ यह होगा।

इस प्रकार से द,— द के बीच वा द,— द के तुल्य य के मान में दहने पक्ष का मान निश्चित हो जाता है।

२५६। २५५ वें प्रक्रम की युक्ति से यदि ० और द के बीच श के मान में सान्तचलानयन करो तो

$$फ(य)=\frac{१}{२द}\int_{०}^{द} फ(श)ताश+\frac{१}{द}यौ_{१}^{\infty}\int_{०}^{द} फ(श)कोज्या\frac{न\pi(श-य)}{द}ताश\cdots(१)$$

यह समीकरण ० और द के बीच कोई य के मान में सत्य होगा परन्तु यदि य = ० तो ऊपर के प्रक्रम की युक्ति से बायाँ पक्ष $\frac{१}{२}$ फ (०) और जब य = द तो बायाँ पक्ष $\frac{१}{२}$ फ(द) होगा।

इसी तरह

$$०=\frac{१}{२}\int_{०}^{द} फ(श)ताश+\frac{१}{द}यौ_{१}^{\infty}\int_{०}^{द} फ(श)कोज्या\frac{न\pi(श+य)}{द}ताश,\cdots\cdots(२)$$

यह ० और द के बीच चाहे जो य का मान मानो समीकरण सत्य होगा। परन्तु जब य = ० तो बायाँ पक्ष $\frac{१}{२}$ फ (०) के तुल्य और जब य = द तो बायाँ पक्ष $\frac{१}{२}$ फ (द) के तुल्य होगा।

(१) और (२) को जोड़ देने से

$$फ(य)=य\frac{१}{द}\int_{०}^{द} फ(श)ताश+\frac{२}{द}यौ_{१}^{\infty}कोज्या\frac{न\pi य}{द}\int_{०}^{द}कोज्या\frac{न\pi श}{द}फ(श)ताश\cdots(३)$$

यह य का मान चाहे ० और द के तुल्य हो वा इनके बीच में हो सर्वत्र सत्य रहेगा।

(१) और (२) के अन्तर से

$$फ(य)=\frac{२}{द}यौ_{१}^{\infty}ज्या\frac{न\pi य}{द}\int_{०}^{द}ज्या\frac{न\pi श}{द}फ(श)ताश\cdots\cdots\cdots\cdots(४)$$

यह य का मान यदि ० और द के बीच में हो तब सत्य होगा और जब य = ० और य = द तो बायाँ पक्ष अवश्य शून्य के समान होगा। यदि देखो तो (४) समीकरण ठीक ठीक ल्याग्राञ्ज के सिद्धान्त से मिल जाता है।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

थोड़ा सा परिवर्त्तन कर देने से (३) से (४) और (४) से (३) समीकरण उत्पन्न हो जाता है।

जैसे यदि (३) में फ(य) के स्थान में यदि ज्या $\frac{\pi य}{द}$ फ(य) रख दो तो

ज्या $\frac{\pi य}{द}$ फ(य) = $\frac{१}{द}\int_{०}^{द}$ ज्या $\frac{\pi श}{द}$ फ (श) ताश

$+\frac{२}{द}$ यौ $\overset{\infty}{_{१}}$ कोज्या $\frac{न\pi य}{द}\int_{०}^{द}$ कोज्या $\frac{न\pi श}{द}$ ज्या $\frac{\pi श}{द}$ फ(श) ताश

इसमें कोज्या $\frac{न\pi श}{द}$ ज्या $\frac{\pi श}{द}$ के स्थान में इसका जो दूसरा

$\frac{१}{२}$ ज्या $\frac{(न+१)\pi श}{द}$ — $\frac{१}{२}$ ज्या $\frac{(न-१)\pi श}{द}$ यह रूपान्तर है इसे रख देने से ज्या $\frac{\pi य}{द}$ फ(य)

$= \frac{१}{द}$ यौ $\overset{\infty}{_{१}}$ { कोज्या $\frac{(न-१)\pi य}{द}$ — कोज्या $\frac{(न+१)\pi य}{द}$ } $\int_{०}^{द}$ ज्या $\frac{न\pi श}{द}$ फ(य)ताश

ऐसा होजायगा। इसमें { } इसके अन्तर्गत दोनों खण्डों का त्रिकोणमिति से २ज्या $\frac{न\pi य}{द}$ ज्या $\frac{\pi य}{द}$ ऐसा रूपान्तर कर दोनों पक्षों में ज्या $\frac{\pi य}{द}$ का भाग दे देने से (४) उत्पन्न हो जायगा। और ऊपर जो क्रिया दिखलाया है उसके विपरीत से (४) से (३) यह उत्पन्न हो जायगा।

२५७। इन ऊपर दिखलाये हुए समीकरण रूपी सिद्धान्तों की व्याप्ति दिखलाने के लिये इस प्रकम में कुछ उदाहरण दिखलाते हैं।

(१) य को जीवा की श्रेढी में ले आना है।

यहाँ २५६ प्रक्रम का (४) समीकरण ग्रहण करो और मान लो कि द = π तो यहाँ फ(य) = य इसलिये फ(श) = श

इसलिये $\int_{०}^{द}$ ज्या $\frac{न\pi श}{द}$ फ(श) ताश = $\int_{०}^{\pi}$ शज्यानश ताश

= $\frac{\pi}{न}$ यदि विषम और — $\frac{\pi}{न}$ यदि न सम इसलिये

य = २ { ज्याय — $\frac{१}{२}$ ज्या२य + $\frac{१}{३}$ ज्या३य — $\frac{१}{४}$ ज्या४य + · · · }

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यह य के ० और π के बीच के मानों में सत्य है और यह भी देख पड़ता है कि यदि य = ० तब भी ठीक है और ऋण मान में भी देखने से स्पष्ट है कि ठीक है इसलिये — π, π के बीच में — π, π को छोड़ और सब मानों में समीकरण ठीक हुआ।

(२) कोज्याय को ज्या की श्रेढी में ले आना है। यहाँ भी २५६ का (४) समीकरण लेने से फ(य) = कोज्याय इसलिये फ(श) = कोज्याश इसलिये यदि द = π तो

$$\int \text{ज्या}\,\frac{\text{न}\pi\text{श}}{\text{द}}\,\text{फ}(\text{श})\ \text{ताश} = \int \text{कोज्याश ज्यानश ताश}$$

$$= \frac{१}{२}\int \{\text{ज्या}(\text{न}+१)\,\text{श} + \text{ज्या}(\text{न}-१)\,\text{श}\}\ \text{ताश}$$

$$= -\frac{१}{२}\left\{\frac{\text{कोज्या}(\text{न}+१)\text{श}}{\text{न}+१} + \frac{\text{कोज्या}(\text{न}-१)\text{श}}{\text{न}-१}\right\}$$

इसलिये $\int_{०}^{\pi}$ कोज्याश ज्यानश ताश = ० यदि न विषम हो

और = $\frac{२\text{न}}{\text{न}^२-१}$ यदि सम।

इसलिये

$$\text{कोज्याय} = \frac{२}{\pi}\left\{\frac{४\text{ज्या}२\text{य}}{२^२-१} + \frac{८\text{ज्या}४\text{य}}{४^२-१} + \cdots + \frac{१+(-१)^{\text{न}}}{\text{न}^२-१}\text{नज्यानय} + \cdots\right\}$$

यह ० और π के बीच, ० और π को छोड़ और य के सब मानों में सत्य है।

(३) (ग) स्थिराङ्क को चाहते हैं कि य की ज्या श्रेढी में ले आवें।

यहाँ भी २५६ प्रक्रम का (४) समीकरण लेने से और फ(य) = ग, और द = π मान लेने से $\int_{०}^{\pi}$ ग ज्यानश ताश = ग $\int_{०}^{\pi}$ ज्यानश ताश = $\frac{२\text{ग}}{\text{न}}$ यदि न विषम, = ०, यदि न सम हो तो

इसलिये

$$\text{ग} = \frac{४\text{ग}}{\pi}\left\{\text{ज्याय} + \frac{१}{३}\text{ज्या}३\text{य} + \frac{१}{५}\text{ज्या}५\text{य} + \cdots\right\}$$

$\frac{४\text{ग}}{\pi}$ का भाग दे देने से

$$\frac{\pi}{४} = \text{ज्याय} + \frac{१}{३}\text{ज्या}\,३\text{य} + \frac{१}{५}\text{ज्या}५\text{य} + \cdots$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यह ० और π के बीच ० और π को छोड़ और य के सब मानों में ठीक होगा। इसी में यदि य के स्थान में $\frac{\pi}{२}-र$ रख लें तो

$\frac{\pi}{४}$ = कोज्यार $-\frac{१}{३}$ कोज्या३र $+\frac{१}{५}$ कोज्या५र $-\frac{१}{७}$ कोज्या७र $+\cdots$

यह र के $-\frac{\pi}{२}$ और $\frac{\pi}{२}$ के बीच $-\frac{\pi}{२}$ और $\frac{\pi}{२}$ को छोड़ और सब मानों में ठीक होगा।

(४) य को इसकी कोटिज्या की श्रेढी में ले आवो।

यहाँ २५६ प्रक्रम का (३) समीकरण ग्रहण करो और द = π मान लो तो

$$\int \text{शकोज्यानशताश} = \frac{\text{शज्यानश}}{\text{न}} + \frac{\text{कोज्यानश}}{\text{न}^२}$$

इस लिये $\int_०^{\pi}$ शकोज्यानशताश $= -\frac{२}{\text{न}^२}$ यदि न, विषम हो।

और $= ०$ यदि न, सम हो।

और $\int_०^{\pi}$ शताश $= \frac{\pi^२}{२}$ इसलिये

$$\text{य} = \frac{\pi}{२} - \frac{४}{\pi}\left\{\text{कोज्याय} + \frac{१}{३^२}\text{कोज्या३य} + \frac{१}{५^२}\text{कोज्या५य} + \cdots\right\}$$

यह य के ० और π मान में और इनके बीच के मान में भी सत्य होगा।

यदि यहाँ य $= \frac{\pi}{२} - र$ तो र के $-\frac{\pi}{२}$ और $\frac{\pi}{२}$ मान में और इनके बीच के मान में भी र $= \frac{४}{\pi}$(ज्यार $-\frac{१}{३^२}$ज्या३र $+\frac{१}{५^२}$ ज्या५र $\cdots$) यह ठीक रहेगा।

(५) $इ^{\text{अय}}$ इसको ज्या की श्रेढी में ले आवो।

यहाँ २५६ प्रक्रम का (४) समीकरण लेने से य के ० और π को छोड़ इनके बीच के मान में

$$इ^{\text{अय}} = \frac{२}{\pi}\text{यौ}_{१}^{\infty}\ \frac{\text{न}}{\text{अ}^२+\text{न}^२}(१ - \text{कोज्यान}\,\pi \times इ^{\text{अ}\pi})\ \text{ज्यानय}$$

{ १० वें प्रक्रम का (५) वाँ उदाहरण देखो }

(६) $इ^{\text{अय}}$ को कोटिज्या की श्रेढीमें ले आवो।

यहाँ २५६ प्रक्रम का (३) समीकरण लेने से

$$इ^{\text{अय}} = + \frac{इ^{\text{अ}\pi}-१}{\text{अ}\pi}\,\frac{२\text{अ}}{\pi}\,\text{यौ}_{१}^{\infty}\ \frac{\text{कोज्यान}\pi \times इ^{\text{अ}\pi}-१}{\text{अ}^२+\text{न}^२}\ \text{कोज्यानय}$$

यह य के ० और π मान में और इनके बीच के मान में भी ठीक होगा।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(७) ज्याअय को ज्या की श्रेढी में ले आवो। जहाँ अ < १ है

यहाँ भी २५६ प्रक्रम का (४) समीकरण लेने से

$$ज्याअय = \frac{२}{\pi} ज्याअ\pi \left\{ \frac{ज्याय}{१^२-अ^२} - \frac{२ज्या२य}{२^२-अ^२} + \frac{३ज्या३य}{३^२-अ^२} - \frac{४ज्या४य}{४^२-अ^२} + \cdots \right\}$$

यह य के ० और ० और π के बीच π को छोड़ और सब मानों में ठीक होगा।

(८) कोज्याअय को कोटिज्या की श्रेढी में ले आवो। जहाँ अ < १ यहाँ २५६ प्रक्रम का (३) समीकरण लेने से

$$कोज्याअय = \frac{२}{\pi} ज्याअ\pi \left\{ \frac{१}{२अ} - \frac{अकोज्याय}{अ^२-१} + \frac{अकोज्या२य}{अ^२-२^२} - \cdots \right\}$$

यह य के ० और π मान में और इनके बीच के मान में भी ठीक होगा।

(९) $इ^{अय} - इ^{-अय}$ इस को ज्या की श्रेढी में ले आवो।

यहाँ २५६ प्रक्रम का (४) समीकरण लेने से

$$\int_0^{\pi} (इ^{अश} - इ^{-अश}) ज्यानशताश = - \frac{न(इ^{अ\pi} - इ^{-अ\pi})}{अ^२+न^२} कोज्यान\pi$$

इसलिये

$$इ^{अय} - इ^{-अय}$$

$$= \frac{२}{\pi}(इ^{अ\pi} - इ^{-अ\pi}) \left(\frac{ज्याय}{१^२+अ^२} - \frac{२ज्या२य}{२^२+अ^२} + \frac{३ज्या३य}{३^२+अ^२} - \cdots \right)$$

(१०) $इ^{अ(\pi-य)} + इ^{-अ(\pi-य)}$ इसको कोटिज्या की श्रेढी में ले आवो। यहाँ २५६ प्रक्रम का (३) समीकरण लेने से

$$\int_0^{\pi} \left\{ इ^{अ(\pi-श)} + इ^{-अ(\pi-श)} \right\} कोज्यानशताश = \frac{अ(इ^{अ\pi} - इ^{-अ\pi})}{अ^२+न^२}$$

और $$\int_0^{\pi} \left\{ इ^{अ(\pi-श)} + इ^{-अ(\pi-श)} \right\} ताश = \frac{इ^{अ\pi} - इ^{-अ\pi}}{अ}$$

इसलिये $$\frac{\pi}{२} \frac{इ^{अ(\pi-य)} + इ^{-अ(\pi-य)}}{इ^{अ\pi} - इ^{-अ\pi}} = \frac{१}{२अ^२} + \frac{कोज्याय}{१^२+अ^२} + \frac{कोज्या२य}{२^२+अ^२} + \cdots$$

इस प्रकार से हज़ारों उदाहरण सहज में सिद्ध हो जाते हैं।

इन के चलानयन से और भी नये नये चमत्कार उत्पन्न होते चले जाते हैं।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

जैसे (२) उदाहरण में जो कोटिज्या का मान ज्या की श्रेढी में आया है उस का यदि ताय से गुण कर चलानयन करो तो।

$$\frac{\pi}{४}\text{ज्याय} = \text{स्थिर} - \frac{\text{कोज्या}२य}{१\cdot३} - \frac{\text{कोज्या}४य}{३\cdot५} - \frac{\text{कोज्या}६य}{५\cdot७} - \ldots\ldots$$

इसमें यदि य = ० तो

$$\text{स्थिर} = \frac{१}{१\cdot३} + \frac{१}{३\cdot५} + \frac{१}{५\cdot७} + \ldots\ldots = \frac{१}{२}$$

(चलनकलन के २०वें अध्याय के ४४वें "अभ्यासार्थ" प्रश्न में न = ∞ मान $\frac{१}{१\cdot३}$ जोड़ देने से।

२५८। यदि २५६ प्रक्रम के (३) समीकरण में, जो कि य के ० और द और इन के बीच के सब मान में सत्य है, यदि य का मान द से पार हो तब देखना चाहिये कि दहना पक्ष किस के तुल्य होता है। मानो कि य का मान द और २द के बीच में है और धन है तो यदि य = २ द—य' ऐसा माने जहां य', द से न्यून है तो

$$\text{कोज्या}\ \frac{न\pi य}{द} = \text{कोज्या}\ (२न\pi - \frac{\pi न य'}{द}) = \text{कोज्या}\ \frac{न\pi य'}{द}$$

इस लिये इस स्थिति में दहने पक्ष का मान फ(य') होगा।

फिर मानो कि य, २ द से बड़ा है और २ मद + य' इस के तुल्य है जहां य', २ द से अल्प है तो

$$\text{कोज्या}\frac{न\pi य}{द} = \text{कोज्या}\ \frac{न\pi य'}{द}$$

अर्थात् दहने पक्ष का वही मान हुआ जो कि य के स्थान में य' के रख देने से होता है इस लिये यदि य' ∠ द तो दहने पक्ष का मान फ(य') होगा और यदि य' ⊿ द ∠ २द तो दहने पक्ष का फ(२द–य') यह मान होगा। इसी प्रकार सिद्ध कर सकते हो कि य के ऋण मान में भी वही मान होगा जो कि धनमान में होता है।

इसी तरह यदि य धन और २मद + य' इस के तुल्य हो तो २५६ प्रक्रम के (४) समीकरण का मान फ(य') होगा यदि य' ∠ द और यदि य' ⊿ द तो दहने पक्ष का मान —फ(२द—य') यह होगा। और य के ऋण मान में वेही मान आवेंगे जो कि य के धनमान में आते हैं केवल धन ऋण चिह्न बदल जायगा।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

२५९। २५६ प्रक्रम के (३) और (४) समीकरण में यह कुछ आवश्यकता नहीं कि य का मान ० और द के बीच में लगातार हो किन्तु ० और अ के बीच के य के मान में फ(य) = फ$_१$(य), अ और क के बीच में य के मान में फ(य) = फ$_२$ (य), और क और ग के बीच में य के मान में फ(य) = फ$_३$(य), इसी तरह अन्त में ग और द के बीच में य के मान में फ(य) = फ$_४$(य) ऐसा मान लें तौ भी समीकरण सत्य रहेगा केवल जब य = ० वा अ, वा क, वा ग तब व्यभिचरित होगा उस समय २५६ वें प्रक्रम की युक्ति से वास्तव में दहने पक्ष का क्या रूप होगा इसका ज्ञान सहज में हो जायगा। जैसे २५६ वें प्रक्रम के (३) समीकरण का दहना पक्ष जब य = अ तब $\frac{१}{२}$ { फ$_१$(अ) + फ$_२$ (अ) } यह होगा।

इस लिये यदि य = अ तब फ$_१$(य) = फ$_२$(य) तो (३) समीकरण जब य = अ तब भी सत्य ठहरेगा।

२६०। ज्या और कोटिज्या के रूप में एक श्रेढी ऐसी बनानी है जिसका योग ग तुल्य हो य के ० और अ के बीच के मानों में और वही योग शून्य के तुल्य हो य के अ और द के बीच के मानों में।

यहां २५६ प्रक्रम का (३) समीकरण लेने से

फ(य) = ग, इस लिये फ(श) = ग, श के ० और अ के बीच के मानों में और फिर उसके बाद श के अ और द के बीच के मानों में फ(श) = ० = फ(य)

इस लिये

$$\int_{०}^{द} \text{कोज्या } \frac{नπश}{द} \text{ फ(श)ताश यह}$$

$$ग \int_{०}^{अ} \text{कोज्या} \frac{नπश}{द} \text{ ताश } = \frac{गद}{नπ} \text{ ज्या } \frac{नπअ}{द} \text{ ऐसा होगा।}$$

इस लिये अभीष्ट श्रेढ़ी

$$\frac{गअ}{द} + \frac{२ग}{π} \{ \text{ज्या } \frac{πअ}{द} \text{ कोज्या } \frac{πय}{द} + \frac{१}{२} \text{ ज्या } \frac{२πअ}{द} \text{ कोज्या } \frac{२πय}{द}$$

$$+ \frac{१}{३} \text{ज्या } \frac{३πअ}{द} \text{ कोज्या } \frac{३πय}{द} + \cdots \}$$

इस में जब य = अ तब इसका मान $\frac{ग}{२}$ होगा।

अथवा इसी जगह २५६ प्रक्रम का (४) समीकरण लेने से

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$ग\int_0^{अ} ज्या\frac{नशπ}{द}\,ताश = \frac{गद}{नπ}\left(१-कोज्या\frac{नअπ}{द}\right)$$

इस लिये अभीष्ट श्रेढी

$$\frac{२ग}{π}\left\{उ\,ज्या\frac{πअ}{द}\,ज्या\frac{πय}{द}+\frac{१}{२}\,उ\,ज्या\frac{२πअ}{द}\,ज्या\frac{२πय}{द}\right.$$

$$\left.+\frac{१}{३}\,उ\,ज्या\frac{३πअ}{द}\,ज्या\frac{३πय}{द}+\cdots\right\}\text{ यह होगी}$$

यहां जब य = ० तब यह श्रेढी भी शून्य और जब य = अ तब श्रेढी का मान $\frac{ग}{२}$ होगा।

२६१। एक श्रेढी कोटिज्या के रूप में ऐसी बनावो जिसका योग ज य हो य के ० और $\frac{द}{२}$ के बीच के मान में और जब य, $\frac{द}{२}$ और द के बीच में हो तो वही योग ज (द—य) के तुल्य हो।

यहाँ २५६ प्रक्रम के (३) समीकरण से।

$$\int_0^{द} फ(श)\,कोज्या\frac{नπश}{द}\,ताश$$

$$=\int_0^{\frac{द}{२}} ज\,श\,कोज्या\frac{नπश}{द}\,ताश+\int_{\frac{द}{२}}^{द} ज(द—श)\,कोज्या\left(\frac{नπश}{द}\right)ताश$$

$$=\frac{जद^२}{π}\left\{\frac{१}{२न}ज्या\frac{नπ}{२}+\frac{१}{πन^२}कोज्या\frac{नπ}{२}-\frac{१}{πन^२}\right\}+\frac{जद^२}{नπ}\left(ज्या\,नπ-ज्या\frac{नπ}{२}\right)$$

$$-\frac{जद^२}{π}\left\{\frac{१}{न}ज्या\,नπ-\frac{१}{२न}ज्या\frac{नπ}{२}+\frac{१}{πन^२}कोज्या\,नπ-\frac{कोज्या\,नπ}{πन^२\,२}\right\}$$

$$=\frac{जद^२}{π^२न^२}\left\{२\,कोज्या\frac{नπ}{२}-कोज्या\,नπ-१\right\}$$

यहि यदि न = ४ म + २ ऐसा होगा तो $-\frac{४जद^२}{π^२न^२}$ इसके तुल्य होगा और सर्वत्र शून्य के तुल्य होगा। और

$$\int_0^{द} फ(श)\,ताश = ज\int_0^{\frac{द}{२}} शताश+ज\int_{\frac{द}{२}}^{द}(द-श)ताश=\frac{जद^२}{४}$$

इसलिये अभीष्ट श्रेढी

$$\frac{जद}{४}-\frac{८जद}{π^२}\left\{\frac{१}{२^२}कोज्या\frac{२πय}{द}+\frac{१}{६^२}कोज्या\frac{६πय}{द}+\frac{१}{१०^२}कोज्या\frac{१०πय}{द}+\cdots\right\}$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

इस श्रेढी का मान यदि र रख लें तो य के ० और $\frac{द}{२}$ मान और इनके बीच के मानों में भी र = ज य और य के $\frac{द}{२}$ और द और इनके बीच के मानों में भी र = ज(द−य) यह होगा। यदि य का मान द से बड़ा हो तो २५८ वें प्रक्रम से र का मान फिर फिर यही आवेगा क्योंकि २५८ वें प्रक्रम से यदि य = २ द—य' जहाँ य', द से छोटा है तो दहना पक्ष फ(य') के अर्थात् जहाँ य, द से छोटा है वहाँ जो र का मान है वही यहाँ पर भी हुआ। इस तरह से २५६ वें प्रक्रम के (३) और (४) समीकरण से हजारों प्रकार के नये सिद्धान्त बना सकते हो।

अभ्यास के लिये प्रश्न।

१। सिद्ध करो कि य के — π और π और इनके बीच के मानों में

$$\frac{य^२}{४} = \frac{π^२}{१२} - \text{कोज्याय} + \frac{\text{कोज्या २य}}{२^२} - \frac{\text{कोज्या ३य}}{३^२} + \ldots$$

२। (१) प्रश्न से सिद्ध करो कि

$$\frac{य^३}{१२} - \frac{π^२ य}{१२} = -\text{ज्याय} + \frac{\text{ज्या२ य}}{२^३} - \frac{\text{ज्या३य}}{३^३} + \ldots$$

३। सिद्ध करो कि यदि एक श्रेढी ऐसी बनाई जाय जो य के ० और अ के बीच के मानों में शून्य, य के अ और π — अ के बीच के मानों में अ, और फिर य के π — अ और π के बीच के मानों में π — य के तुल्य हो तो

$$\frac{४}{π}\{\text{ज्याअ ज्याय} + \frac{१}{३^२}\text{ज्या३अज्या३य} + \frac{१}{५^२}\text{ज्या ५अ ज्या ५ य} + \cdots\}$$

२६२। जिस समीकरण में

$$\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}, \frac{\text{ता}^२\text{र}}{\text{ताय}^२}, \frac{\text{ता}^३\text{र}}{\text{ताय}^३}, \ldots\ldots \frac{\text{ता}^न\text{र}}{\text{ताय}^न}$$ क्रम से रहते हैं।

उन्हें क्रम से एक घात, प्रथम सम्बन्ध द्वितीय सम्बन्ध, तृतीय सम्बन्ध,....न सम्बन्ध चलनसमीकरण कहते हैं। एक घात को प्रत्येक सम्बन्ध के साथ मिलाना चाहिये। इसी प्रकार जिसमें $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}$, $\left(\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right)^२$, $\left(\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right)^३$.....$\left(\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right)^न$ ये हों उन्हें एक घात प्रथम सम्बन्ध, द्वितीयघात प्रथम सम्बन्ध, तृतीयघात प्रथम सम्बन्ध, न घात प्रथम सम्बन्ध चलनसमीकरण कहते हैं। और $\left[\frac{\text{ता}^म\text{स}}{\text{ताय}^म}\right]^न$ यह जिसमें हो उसे न घात म सम्बन्ध चलनसमीकरण कहते हैं।

२६३। यदि एक घात प्रथम सम्बन्ध चलनसमीकरण का रूप

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

मा + ना $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}$ = ० ऐसा हो जहाँ मा और ना, य और र के फल हों और फलों में य और र के घात संख्याओं का योग प्रत्येक पद में एक ही हों तो कल्पना करो कि र = यल ∴ $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}$ = ल + य $\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}$। समीकरण में ना का भाग दे दो तो

$$\frac{\text{मा}}{\text{ना}} + \frac{\text{तार}}{\text{ताय}} = 0 \text{ वा } \frac{\text{मा}}{\text{ना}} + \text{ल} + \text{य}\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}} = 0$$

परन्तु $\frac{\text{मा}}{\text{ना}}$, $\frac{\text{र}}{\text{य}}$ वा ल का कोई फल है इसलिये कल्पना करो कि $\frac{\text{मा}}{\text{ना}}$ = फ(ल) इसलिये य $\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}$ = — { ल + फ(ल) }

$$\therefore \frac{\text{ताय}}{\text{य ताल}} = -\frac{१}{\text{ल} + \text{फ}(\text{ल})} \quad \therefore \text{ला}\left(\frac{\text{य}}{\text{ग}}\right) = -\int \frac{\text{ताल}}{\text{ल} + \text{फ}(\text{ल})}$$, जहाँ ग कोई स्थिराङ्क है।

अपने सुभीते के लिये जहाँ कहीं लाघव जान पड़े तहाँ य = रल ऐसा मान कर भी ऊपर की क्रिया कर सकते हो।

(१) उदाहरण

कल्पना करो कि य + र = (य — र) $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}$

यहाँ र = यल मान लो तो $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}$ = ल + य $\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}$

$$\therefore \text{ल} + \text{य}\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}} = \frac{\text{य} + \text{र}}{\text{य} - \text{र}} = \frac{१ + \text{ल}}{१ - \text{ल}} \quad \therefore \text{य}\frac{\text{ताल}}{\text{ताय}} = \frac{१ + \text{ल}^२}{१ - \text{ल}}$$

$$\therefore \frac{\text{ताय}}{\text{यताल}} = \frac{१ - \text{ल}}{१ + \text{ल}^२} = \frac{१}{१ + \text{ल}^२} - \frac{\text{ल}}{१ + \text{ल}^२}$$

इसलिये ला $\left(\frac{\text{य}}{\text{ग}}\right)$ = स्प$^{-१}$ल — $\frac{१}{२}$ ला (१ + ल^२)

वा ला $\left\{\frac{\text{य}}{\text{ग}}(१ + \text{ल}^२)^{\frac{१}{२}}\right\}$ = ला $\frac{\sqrt{(\text{य}^२ + \text{र}^२)}}{\text{ग}}$ = स्प$^{-१}\frac{\text{र}}{\text{य}}$

(२) एक ऐसा वक्र बताओ जिसके भुज कोटि का योग उसके अवान्तर स्पर्श-रेखा के समान हो।

यहाँ चलनकलन से अवान्तर स्पर्शरेखा = र $\frac{\text{ताय}}{\text{तार}}$ = य + र, और य = रल,

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

मान लो $\therefore \frac{\text{ताय}}{\text{तार}} = \text{ल} + \text{र}\frac{\text{ताल}}{\text{तार}} = \frac{\text{य}+\text{र}}{\text{र}} = \text{ल}+१$

$\therefore \frac{\text{तार}}{\text{रताल}} = १ \therefore \text{ला}\left(\frac{\text{र}}{\text{ग}}\right) = \text{ल} = \frac{\text{य}}{\text{र}}$।

२६४। $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} + \text{पार} = \text{बा} \cdots\cdots (१)$ इसमें र का मान जानना है जहाँ पा और बा य के कोई फल हैं।

देखो $\frac{\text{ता}}{\text{ताय}}\left(\text{र इ}^{\int \text{पाताय}}\right) = \frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\text{ इ}^{\int \text{पाताय}} + \text{पार इ}^{\int \text{पाताय}}$

$= \text{इ}^{\int \text{पाताय}}\left(\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} + \text{पार}\right)$

इसलिये (१) को $\text{इ}^{\int \text{पाताय}}$ से गुण देने से

$\text{इ}^{\int \text{पाताय}}\left(\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} + \text{पार}\right) = \frac{\text{ता}}{\text{ताय}}\left(\text{र इ}^{\int \text{पाताय}}\right) = \text{बा इ}^{\int \text{पाताय}}$

इसलिये चलानयन से

$\text{र इ}^{\int \text{पाताय}} = \text{स्थि} + \int \text{बा इ}^{\int \text{पाताय}}\text{ ताय}$

और $\text{र} = \text{स्थि इ}^{-\int \text{पाताय}} + \text{इ}^{-\int \text{पाताय}} \int \text{बा इ}^{\int \text{पाताय}}\text{ ताय}$

(१) उदा० $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} + \text{र} = \text{अय}^{३}$,

यहाँ पा $= १$, $\int \text{पाताय} = \text{य} \quad \therefore \text{ इ}^{\int \text{पाताय}} = \text{इ}^{\text{य}}$ और बा $= \text{अय}^{३}$

$\therefore \text{र} = \text{स्थि इ}^{-\text{य}} + \text{इ}^{-\text{य}} \int \text{अय}^{३}\text{इ}^{\text{य}}\text{ ताय}$

$= \text{स्थिइ}^{-\text{य}} + \text{इ}^{-\text{य}}\text{अ}\{\text{य}^{३}\text{इ}^{\text{य}} - ३\int \text{य}^{२}\text{इ}^{\text{य}}\text{ताय}\}$

$= \text{स्थिइ}^{-\text{य}} + \text{अ}\ (\text{य}^{३} - ३\text{य}^{२} + ६\text{य} - ६)$

(२) उदा० $(१ + \text{य}^{२})\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} - \text{रय} = \text{अ}$, वा $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} - \frac{\text{य}}{१ + \text{य}^{२}}\text{ र} = \frac{\text{अ}}{१ + \text{य}^{२}}$

यहाँ $\text{पा} = -\frac{\text{य}}{१ + \text{य}^{२}}$, $\int \text{पाताय} = \text{ला}\frac{१}{\sqrt{(१+\text{य}^{२})}}$ और $\text{इ}^{\int \text{पाताय}} = \frac{१}{\sqrt{(१+\text{य}^{२})}}$

$\therefore \text{ र}\frac{१}{\sqrt{(१ + \text{य}^{२})}} = \text{अ}\int \frac{\text{ताय}}{\sqrt{(१+\text{य}^{२})}} \times \frac{१}{१+\text{य}^{२}} = \text{अ}\int \frac{\text{ताय}}{(१ + \text{य}^{२})^{\frac{३}{२}}}$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$= \frac{\text{अय}}{\sqrt{(१+\text{य}^२)}} + \text{स्थि}$$

इसलिये $\text{र} = \text{अय} + \text{स्थि}\sqrt{(१+\text{य}^२)}$

२६५। यदि $\text{र}^{\text{म}-१}\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} + \text{पार}^{\text{म}} = \text{वा}\,\text{र}^{\text{न}}$ ऐसा समीकरण हो तो दोनों पक्षों में $\text{र}^{\text{न}}$ का भाग देकर $\text{र}^{\text{म}-\text{न}} = (\text{म}—\text{न})\,\text{ल}$ मान लो तो

$\text{र}^{\text{म}-\text{न}-१}\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} + \text{पार}^{\text{म}-\text{न}} = \text{वा}$

और $\text{र}^{\text{म}-\text{न}-१}\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} = \frac{\text{ताल}}{\text{ताय}}$

$\therefore \frac{\text{ताल}}{\text{ताय}} + (\text{म}—\text{न})\,\text{पाल} = \text{वा}$

यह अब ठीक २६४ वें प्रक्रम के समीकरण ऐसा हो गया।

(१) उदा० $\text{श}\frac{\text{ताश}}{\text{ताचा}} — \frac{\text{चश}^२}{\text{चा}} = — \frac{\text{म}}{\text{चा}^२}$

यहाँ मान लो कि $\text{श}^२ = २\text{ल}$ $\therefore \text{श}\frac{\text{ताश}}{\text{ताचा}} = \frac{\text{ताल}}{\text{ताचा}}$

$\therefore \frac{\text{ताल}}{\text{ताचा}} — \frac{२\text{चल}}{\text{चा}} = — \frac{\text{म}}{\text{चा}^२}$

अब इस में $\text{पा} = — \frac{२\text{च}}{\text{चा}}$ $\therefore \int \text{पाताचा} = — २\,\text{चलाचा} = \text{ला}\,\frac{१}{\text{चा}^{२\text{च}}}$

$\therefore \text{इ}^{\int \text{पाताचा}} = \frac{१}{\text{चा}^{२\text{च}}}$ $\therefore \text{ल}\,\text{चा}^{-२\text{च}} = — \text{म}\int \text{चा}^{-(२\text{च}+२)}\,\text{ताचा}$

$= \text{स्थि} + \frac{\text{मचा}^{-(२\text{च}+१)}}{२\text{च}+१}$ $\therefore \text{ल} = \frac{\text{श}^२}{२} = \text{स्थि}\,\text{चा}^{२\text{च}} + \frac{\text{म}}{(२\text{च}+१)\text{चा}}$

(२) उदा० $\text{यर}^२\,\text{तार} + \text{र}^३\text{ताय} = \frac{\text{अताय}}{\text{य}}$, यहाँ भी

ऊपर की क्रिया करने से

$$\text{र}^३ = \frac{३\text{अ}}{२\text{य}} + \frac{\text{स्थि}}{\text{य}^३}$$

२६६। मा ताय + ना तार = ० यह समीकरण $\int \text{फ}\,(\text{यर}) = \text{ग}$ इसका तात्कालिक चलन सर्वदा नहीं हो सकता क्योंकि सम्भव है कि $\int \text{फ}\,(\text{यर})$ इसके तात्कालिक चलन में जो कि शून्य के तुल्य होगा किसी गुणक का अप-

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

वर्त्तन दे दिया गया हो अथवा कोई स्थिराङ्क का लोप हो गया हो मूल समीकरण के वश से। परन्तु जिस स्थान में इसका पूरा रूप हो अर्थात् गुणक का अपवर्त्तन न दिया गया हो वा स्थिराङ्क का लोप मूल समीकरण के वश से न किया गया हो तो चलनकलन की युक्ति से $\frac{\text{ता}^2\text{स}}{\text{ताय तार}} = \frac{\text{ता}^2\text{स}}{\text{तार ताय}}$ इस नियम से र का मान जान सकते हो क्योंकि यहाँ

मा $= \frac{\text{तास}}{\text{ताय}}$ और ना $= \frac{\text{तास}}{\text{तार}}$। यहाँ दोनों खण्ड तात्कालिक सम्बन्ध है अर्थात् पहले में र को दूसरे में य को स्थिर मान कर सम्बन्ध निकाला गया है।

$$\text{इसलिये स} = \int \text{मा ताय} + \text{फ}_1(\text{र})$$

र के वश से तात्कालिक सम्बन्ध निकालने से

$$\frac{\text{तास}}{\text{तार}} = \frac{\text{ता}\int \text{माताय}}{\text{तार}} + \frac{\text{ताफ}_1(\text{र})}{\text{तार}}$$

परन्तु $\frac{\text{तास}}{\text{तार}} = \text{ना}$ $\therefore$ $\frac{\text{ताफ}_1(\text{र})}{\text{तार}} = \text{ना} - \frac{\text{ता}\int \text{माताय}}{\text{तार}}$

और $\text{फ}_1(\text{र}) = \int (\text{ना} - \frac{\text{ता}\int \text{माताय}}{\text{तार}})\ \text{तार}$

इसलिये स $= \int$ मा ताय $+ \int (\text{ना} - \frac{\text{ता}\int \text{माताय}}{\text{तार}})\ \text{तार} + \text{स्थि}$

(१) उदा० कल्पना करो कि तास $= \frac{२\ \text{ताय}}{\sqrt{(\text{य}^2 - \text{र}^2)}} - \frac{२\ \text{य तार}}{\text{र}\sqrt{(\text{य}^2 - \text{र}^2)}}$

यहाँ मा $= \frac{२}{\sqrt{(\text{य}^2 - \text{र}^2)}}$, ना $= \frac{-२\ \text{य}}{\text{र}\sqrt{(\text{य}^2 - \text{र}^2)}}$

इस लिये $\frac{\text{तामा}}{\text{तार}} = \frac{२\text{र}}{(\text{य}^2 - \text{र}^2)^{\frac{3}{2}}}$। $\frac{\text{ताना}}{\text{ताय}} = \frac{-२}{\text{र}}\left(\frac{-\text{र}^2}{(\text{य}^2 - \text{र}^2)^{\frac{3}{2}}}\right) = \frac{२\text{र}}{(\text{य}^2 - \text{र}^2)^{\frac{3}{2}}}$

$\therefore$ स $= \int$ मा ताय $+ \text{फ}_1(\text{र}) = २\ \text{ला}\ \{\text{य} + \sqrt{(\text{य}^2 - \text{र}^2)}\} + \text{फ}_1(\text{र})$

$$\frac{\text{तास}}{\text{तार}} = \frac{-२\text{र}}{\{\text{य} + \sqrt{(\text{य}^2 - \text{र}^2)}\}\sqrt{(\text{य}^2 - \text{र}^2)}} + \frac{\text{ताफ}_1(\text{र})}{\text{तार}} = \text{ना} = \frac{-२\ \text{य}}{\text{र}\sqrt{(\text{य}^2 - \text{र}^2)}}$$

$$\therefore \frac{\text{ताफ}_1(\text{र})}{\text{तार}} = \frac{२}{\sqrt{(\text{य}^2 - \text{र}^2)}}\left\{\frac{\text{र}}{\text{य} + \sqrt{(\text{य}^2 - \text{र}^2)}} - \frac{\text{य}}{\text{र}}\right\}$$

$$= \frac{-२}{\sqrt{(\text{य}^2 - \text{र}^2)}}\left\{\frac{\text{य}^2 - \text{र}^2 + \text{य}\sqrt{(\text{य}^2 - \text{र}^2)}}{\text{रय} + \text{र}\sqrt{(\text{य}^2 - \text{र}^2)}}\right\} = -\frac{२}{\text{र}}$$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$\therefore$ फ$_१$(र) = स्थि—२ ला र

इसलिये स = ला $\left\{\frac{य+\sqrt{(य^२-र^२)}}{र}\right\}^२$ + स्थि।

जहाँ गुणक से अपवर्त्तन दे दिया गया हो वहाँ पर बड़ी कठिनता पड़ेगी और कोई विधि नहीं है जिससे गुणक का पता लगे, केवल अपने बुद्धि बल से गुणक का पता लगा कर गणित करना चाहिये।

२६७। इस प्रक्रम में चलनसमीकरण सम्बन्धि कुछ उदाहरण दिखाते हैं।

(१) एक ऐसे वक्र का पता लगावो जो दिये हुए समीकरण सम्बन्धि वक्र-परम्परा को काटने से निर्दिष्टकोण तुल्य कोण बनावे।

कल्पना करो कि दिये हुए वक्र का भुज = य और कोटि र और साध्य वक्र का भु = य$_१$ और कोटि र$_१$ है और निर्दिष्ट कोण की स्पर्शरेखा = म है

तो स्प$^{-१}$म = स्प$^{-१}\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}$ — स्प$^{-१}\frac{\text{तार}_१}{\text{ताय}_१}$। $\therefore$ म$=\frac{\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}-\frac{\text{तार}_१}{\text{ताय}_१}}{१+\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\frac{\text{तार}_१}{\text{ताय}_१}}$

सिद्धवक्र के समीकरण पर से $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}$ का मान य, र के फल रूप में अर्थात् फ (य,र) ऐसा सिद्ध हो जायगा और योग विन्दु पर दोनों वक्र के भुज कोटि एक ही होंगे इसलिये य$_१$ के स्थान में य और र$_१$ के स्थान में र को रख सकते हैं इन पर से फिर साध्य वक्र का समीकरण भी व्यक्त हो जायगा। ऊपर के समीकरण को।

म $\{१+$ फ $(य,र)\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\}$ = फ $(य,र)-\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}$ ऐसे लिख सकते हैं जो कि एकघात प्रक्रम सम्बन्धि चलनसमीकरण के ऐसा होगा।

यदि साध्य वक्र सिद्ध वक्रों को काट कर समकोण बनावे तो म = ∞

इसलिये १ + फ $(य,र)\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}$ = ० $\therefore$ $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}=-\frac{१}{\text{फ}(य,र)}$

जैसे उस वक्र को बताओ जो उन परवलयों को काटने से समकोण बनावे जिनमें शिरःस्थान और य अक्ष एक ही है।

कल्पना करो कि परवलय का र^२ = ४अय यह समीकरण है

$\therefore$ फ $(य,र)=\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}=\frac{२अ}{र}=\frac{र}{२य}$

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$\therefore \frac{\text{तार}}{\text{ताय}} = -\frac{२य}{र} \text{ इसलिये } \frac{र^२}{२} = (ग^२ - य^२)$$

यह एक दीर्घवृत्त का समीकरण हुआ जिसका केन्द्र परवलय का शिरःस्थान और वृहद्व्यास य अक्ष पर लम्ब होगा। यहाँ ग का मान अनिश्चित है इसलिये कोई दीर्घवृत्त जिनके व्यासों में $\sqrt{२}$: १ यह सम्बन्ध हो वे सब परवलयों को समकोण पर काटेंगे।

(२) $\left(\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right)^न + प\left(\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right)^न + \text{वा}\left(\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right)^{न-२} + \cdots + \text{वा}_न = ०$ जहाँ पा, वा, इत्यादि य, र के फल हैं इसमें र का मान क्या होगा।

इस न घात प्रथमसम्बन्ध चलनसमीकरण में साधारण बीजगणित से $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}$ का न विध मान आवेगा इसलिये न विध र का मान चलानयन से निकलेगा और इनका घातरूप एक और मान आवेगा।

जैसे यदि $\frac{\text{तार}^२}{\text{ताय}^२} = अ^२ \therefore \frac{\text{तार}}{\text{ताय}} = \pm अ$ इसलिये र = ग ± अय वा र = ग′ — अय ये दोनों दिये समीकरण को ठीक रखेंगे और इनका घात (र — ग — अय) (र — ग′ + अय) = ० यह भी समीकरण को ठीक रखेगा।

इस पर से यह एक उदाहरण बनता है कि उस वक्र को बताओ जिसमें चा = अय + कर हो

$$\text{यहाँ } \frac{\text{ताचा}}{\text{ताय}} = \sqrt{\left\{१ + \left(\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right)^२\right\}} = अ + क\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}$$

इससे सिद्ध है कि $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}$ का मान स्थिर होगा मानो कि $\frac{\text{तार}}{\text{ताय}} = म$

तो र = मय + ग यह एक सरलरेखा का समीकरण है

$$\therefore \frac{र-ग}{य} = म = \frac{\text{तार}}{\text{ताय}} \text{ इसलिये } \sqrt{\left\{१ + \left(\frac{र-ग}{य}\right)^२\right\}} = अ + क\left(\frac{र-ग}{य}\right)$$

यह समीकरण हुआ।

(३) $\frac{\text{ता}^न र}{\text{ताय}^न} = या$ इसमें र का मान क्या होगा जहाँ या, य का कोई फल है।

पहले मानो कि $\frac{\text{ता}^२ र}{\text{ताय}^२} = या \therefore \frac{\text{ता}}{\text{ताय}}\left(\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right) = या \therefore \frac{\text{तार}}{\text{ताय}} = \int \text{यातााय}$

और $र = \int \{\int \text{यातााय}\}$ ताय

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

फिर मान लो कि $\frac{ता^२र}{ताय^२}$ = या, तो, $\frac{ता}{ताय}$ $(\frac{ता^२र}{ताय^२})$ = या $\therefore \frac{ता^२र}{ताय^२} = \int$ याताय

फिर ऊपर के ऐसा दो वार चलानयन करो। यहाँ स्थिराङ्क को छोड़ दिया है।

(४) $\frac{ता^२र}{ताय^२}$ = रा यहाँ (रा, र कोई फल है) र का मान क्या होगा।

मान लो कि $\frac{तार}{ताय}$ = प $\therefore \frac{ता^२र}{ताय^२} = \frac{ताप}{ताय} = \frac{ताप}{तार} \frac{तार}{ताय} = प \frac{ताप}{तार}$

= रा $\therefore \frac{प^२}{२}$ = स्थि + $\int$ रा तार

(५) $\frac{ता^२र}{ताय^२}$ + पा $\frac{तार}{ताय}$ + वार = ० इसमें र का मान क्या होगा।

यहाँ मान लो कि

$$र = इ^{\int शताय} \therefore \frac{तार}{ताय} = श इ^{\int शताय}, \frac{ता^२र}{ताय^२} = (\frac{ताश}{ताय} + श^२) \ इ^{\int शताय}$$

इसलिये $इ^{\int शताय} \left\{ श + पाश + वा + \frac{ताश}{ताय} \right\} = ०$

$\therefore$ $श^२ + पाश + वा + \frac{ताश}{ताय} = ०$ इसलिये यदि पा और वा स्थिराङ्क हों तो सहज में श का और श पर से र का ज्ञान हो जायगा। क्योंकि यदि पा = आ और वा = का तो

$$श^२ + आश + का + \frac{ताश}{ताय} = \frac{ताश}{ताय} + (श - अ_१)(श - क_१) = ०$$

जहाँ $श^२ + आश + का = ०$ इसमें श का, $अ_१$ और $क_१$ मान हैं।

इसमें यदि श = $अ_१$ वा श = $क_१$ तो समीकरण ठीक होता है

इसलिये $र = इ^{\int अ_१ ताय} = इ^{अ_१ य + ग} = ग_१ इ^{अ_१ य}$ वा $र = ग_२ इ^{क_१ य}$ दोनों के योग तुल्य र मानें तो भी समीकरण ठीक होगा इसलिये

$$र = ग_१ इ^{अ_१ य} + ग_२ इ^{क_१ य}$$

$अ^१$ और $क^१$ के सम्भाव्य, असम्भाव्य, और तुल्य होने से इस में कई भेद उत्पन्न होते हैं।

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

(६) नव हाथ ऊँचे खंभे पर एक मोर बैठा था उसने खंभे की जड़ से २७ हाथ दूरी पर एक साँप को बिल की तरफ़ जो कि खंभे की जड़ में थी आते देख उसके ऊपर झपटा। बतावो खंभे की जड़ से कितनी दूरी पर मोर ने साँप को पकड़ा। इस प्रश्न में इतना हम जानते हैं कि प्रतिक्षण में साँप की गति से दूनी मोर की गति थी।



कल्पना करो कि अवि = खंभा = ९ = अ, विस = साँप बिल का अन्तर = २७ = क, सअ = ग, वि बिल, स, पहिले साँप का स्थान। अप गा, वह वक्र है जिस में मोर चला। इस का अय रेखा य अक्ष और अ मूल बिन्दु है। प्रतिक्षण में जब साँपही के सन्मुख मोर चलता है तब स्पष्ट है कि इष्ट स्थान में जहाँ पर साँप होगा वहाँ से वक्र पर जो स्पर्शरेखा होगी उस के स्पर्शबिन्दु पर मोर होगा। मान लो कि इष्ट समय में सर्प का स्थान स१ और वहाँ से वक्र स्पर्शरेखा स१ प। प, उस समय में मोर का स्थान और उसका भुज = अम = य और कोटि = पम = र हैं। मोर गति और साँप गति का सम्बन्ध = इ१ मान रखो तो चलनकलन से।

$$\text{स्प} \angle \text{स}_2 = \frac{\text{तार}}{\text{ताय}}, \text{स}_2\text{म} = \frac{\text{र ताय}}{\text{तार}}, \text{स}_2\text{वि} = \text{अ} - \text{य} + \frac{\text{र ताय}}{\text{तार}},$$

$$\text{विस}_1 = \frac{\text{तार}}{\text{ताय}} (\text{अ} - \text{य}) + \text{र}। \text{ इस सस}_1 = \text{क} - \text{र}(-\text{अ} - \text{य}) \frac{\text{तार}}{\text{ताय}}$$

$$\text{इसलिये अप चाप} = \text{च} = \text{इ} \times \text{सस}_1 = \text{इक} - \text{इ} \{ \text{र} + (\text{अ} - \text{य}) \frac{\text{तार}}{\text{ताय}}$$

इसका य के वश तात्कालिक सम्बन्ध निकालने से

Funding by IKS-MoE

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

$$\frac{\text{ताचा}}{\text{ताय}} = \sqrt{\left\{ १ + \left[\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right]^{२}\right.} = -\text{इ}_{१}(\text{अ}-\text{य})\frac{\text{ता}^{२}\text{र}}{\text{ताय}^{२}} = \text{इ}_{१}(\text{य}-\text{अ})\frac{\text{ता}}{\text{ताय}}\left[\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right]$$

इसलिये

$$\frac{\text{ताय}}{\text{य}-\text{अ}} = \frac{\text{ता}\left(\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right)}{\sqrt{\left\{१+\left(\frac{\text{तार}}{\text{ताय}}\right)^{२}\right\}}} = \frac{-\text{ताय}\,\text{इ}_{२}}{\text{अ}-\text{य}} \quad \text{यदि} \quad \frac{१}{\text{इ}_{१}} = \text{इ}_{२}$$

चलानयन करने से

